# राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक—पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य

( सम्मान्य सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर )

ग्रन्थाङ्क ७८


राघवदास कृत

# भक्तमाल

(चतुरदास कृत टीका सहित)

प्रकाशक

राजस्थान राज्य संस्थापित

**राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान**

जोधपुर ( राजस्थान )

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR.


Jain Educationa International

# राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक—पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य

( सम्मान्य सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर )

ग्रन्थाङ्क ७८

राघवदास कृत

# भक्तमाल

(चतुरदास कृत टीका सहित)

प्र का श क

राजस्थान राज्य संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर ( राजस्थान )

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE, JODHPUR.

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

# राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविध वाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावलि

प्रधान सम्पादक

**पद्मश्री मुनि जिनविजय, पुरातत्त्वाचार्य**

सम्मान्य सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर;
ऑनरेरि मेम्बर ऑफ जर्मन ओरिएण्टल सोसाइटी, जर्मनी;
निवृत्त सम्मान्य नियामक ( ऑनरेरि डायरेक्टर ),
भारतीय विद्याभवन, बम्बई; प्रधान सम्पादक,
सिंघी जैन ग्रन्थमाला, इत्यादि।

**ग्रन्थाङ्क ७८**

**राघवदास कृत**

# भक्तमाल

( चतुरदास कृत टीका सहित )

प्रकाशक

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

**सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान**

**जोधपुर ( राजस्थान )**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राघवदास कृत

# भक्तमाल

( चतुरदास कृत टीका सहित )

सम्पादक

श्री अगरचन्द नाहटा

प्रकाशनकर्त्ता

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

| | | |
|---|---|---|
| विक्रमाब्द २०२१ | भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८८५ | खिस्ताब्द १९६५ |
| प्रथमावृत्ति १००० | | मूल्य रु० ६.७५ |

मुद्रक : जगदीशचन्द्र स्वर्णकार, अजन्ता प्रिण्टर्स, जोधपुर.

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

# BHAKTAMAL
## OF
# RAGHAVADAS

(with Commentary by Chaturdas )

*Edited by*
AGARCHAND NAHATA

*PUBLISHED*
under the orders of the Government of Rajasthan

*BY*

The Director, Rajasthan Oriental Research Institute,
JODHPUR (RAJASTHAN).

V.S. 2021 *Price ; Rs. 6.75* 1965 A.D.

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

# सञ्चालकीय वक्तव्य

भगवद्भक्तों के आदर्श आचरण और त्यागमय जीवन सामान्य जन-जीवन में मार्गदर्शक होते हैं। इस द्वन्द्वात्मक जगत की जटिल परिस्थितियों के झकझोलों में जब जनता के धार्मिक विश्वास डगमगाने लगते हैं, तो तारण-तरण पहुँचवान भक्तों की करुणापरिपूरित अमृतवाणी से ही भवदावदग्ध-जनों को शान्ति एवं कर्तव्यपथ का निदर्शन प्राप्त होता है। ऐसे जगदुद्धारक हरि-भक्त सन्तों के पवित्र चरित्र और महिमा का वर्णन अनेक सतसङ्गी एवं गुरुभक्तों ने विविध रूपों में किया है।

भक्तमाल, भक्त-परिचयी, मुनि-नाम-माला, साधु-वन्दना आदि अनेक प्रकार की रचनाएँ विभिन्न ग्रन्थ-सग्रहों में उपलब्ध होती हैं। ऐसी रचनाओं में महात्मा पयोहारिजी के शिष्य नाभादासजी कृत भक्तमाल प्रसिद्ध है। दादूपंथी, रामस्नेही, निरञ्जनी, राधावल्लभीय, गौडीय और हितहरिवंशीय सम्प्रदायों के भक्तों के परिचय भी पृथक्-पृथक् भक्तमालों में सन्दृब्ध हुए हैं।

दादू सम्प्रदाय के कतिपय भक्तों की परिचायिका चारण कवि ब्रह्मदास कृत भक्तमाल का प्रकाशन प्रतिष्ठान की ओर से 'राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला' के अन्तर्गत ग्रन्थाङ्क ४३ के रूप में किया जा चुका है। दादू सम्प्रदाय का जन्म और विकास राजस्थान में ही हुआ और दादूपंथी भक्तों की वाणी भी अधिकांश में राजस्थानी भाषा में ही निबद्ध है।

हरिदास अपर नाम हापोजी के शिष्य राघवदासजी ने स्वरचित भक्तमाल में अनेक दादूपंथी भक्तों के पावन-चरित्रों का चित्रण किया है। इस भक्तमाल की एक टीका भी एतत् सम्प्रदायी शिष्य कवि चतुरदास द्वारा की गई, जिसमें भक्तों का चरित्र विस्तार से दिया गया है।

कुछ वर्षों पूर्व राजस्थान के सुप्रसिद्ध उत्साही साहित्यान्वेषक श्री अगरचन्दजी नाहटा ने 'राघवदास कृत भक्तमाल चतुरदास कृत टीका सहित' की एक प्रति की प्रतिलिपि हमें दिखाकर इस कृति को प्रतिष्ठान की ओर से प्रकाशित करने का प्रस्ताव किया जो हमने स्वीकार कर लिया और प्राचीन प्रतियों के आधार पर इसका विधिवत् सम्पादन करने के लिये श्री नाहटाजी से अनुरोध किया।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत रचना की दो प्रतियाँ प्रतिष्ठान के जयपुर स्थित शाखा-कार्यालय में स्व० पुरोहित हरिनारायणजी विद्याभूषण-संग्रह में विद्यमान हैं। इनमें से एक प्रति सं० १८६१ की अर्थात् चतुरदासजी कृत टीका के रचनाकाल से साढ़े तीन वर्ष बाद ही की लिखित है। इस प्रति की प्रतिलिपि करवा कर श्री नाहटाजी को भेजी गई और अन्य प्राप्य प्रतियों के पाठान्तरों सहित सम्पादन के लिये उन्हें सूचित किया गया। तदनुसार विद्वान् सम्पादकजी ने भूमिका में उल्लिखित प्रतियों को लेकर पाठान्तर आदि देते हुए प्रेसकॉपी तैयार कराई। समय-समय पर जिन अन्य प्रतियों की हमें सूचना मिली अथवा बाद में प्रतिष्ठान में जो प्रतियाँ प्राप्त हुईं, उनके विषय में भी श्री नाहटाजी को जानकारी दी गई और प्रतियाँ उनके अवलोकन व उपयोग के लिये भेजी गईं।

हमारा विचार है कि यदि ऐसी राजस्थानी रचनाओं का सम्पादन राजस्थान के विभिन्न भागों अथवा विभिन्न भूतपूर्व रियासतों में लिपिकृत प्रतियों के आधार पर किया जाय, तो भाषाशास्त्र के अन्तर्गत ध्वनिभेद और भाषा-विकास सम्बन्धी अनेक गुत्थियों के हल निकलने के अतिरिक्त कितने ही अन्यान्य रोचक तथ्य भी सामने आ जाते हैं और उनसे नए निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। अस्तु, श्री नाहटाजी द्वारा प्रेस-कॉपी तैयार करा लेने तथा प्रेस में मूल ग्रन्थ का बहुत-सा अंश छप जाने के बाद प्रतिष्ठान में राघवदास कृत भक्तमाल (चतुरदास की टीका सहित) की दो और प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं। उनके विवरण इस प्रकार हैं :

(१) प्रतिष्ठान के संग्रहाङ्क २१६७७ पर अंकित प्रति का विवरण :
पत्र सं० ६२ पंक्ति प्रति पृष्ठ=१८
३२×१५.८ सी. एम अक्षर प्रति पंक्ति=४८
प्रतिलिपि संवत् १९०० वि०।

पुष्पिका. इती श्री भक्तमाल टीका सहित राघोदासजी कृत समस्त भक्तन को जथामति बरनन संपूरण समापत: ॥ छपय छंद ॥३४३॥ मनहर छंद ॥१५०॥ हंसाल छंद ॥४॥ साषी ॥६२॥ चौपई ॥२॥ इंदव छंद ॥८८॥ एती राघवदासजी कृत संपूरण ॥५७५॥ चतुरदासजी कृत टीका ॥ इंदव अरु मनहर ॥६५३॥ समस्त मुल टीका कवित को जोड ॥१२५५॥ ग्रथ को प्रमाण श्लोक संख्या हजार ॥४५००॥

संबत अष्टादश शतक ॥ दश नवगुन अधिकाहि ॥
भाद्रमास सित प्रतिपदा ॥ भृगुबासर के मांहि ॥

नग्र अंमारुआ मध्ये ल्यषि असतल भगवानदासजी का ता मध्ये लिषि साध रामदयाल दादूपंथी ॥ समस्त ॥१९००॥ मीति भादवा सुदी ॥१२॥ रांम रं रं रं रं।

इस प्रति में छंद संख्या १,२५५ लिखी है, परन्तु उक्त अंकों को जोड़ने पर १,३०२ आती है। पृष्ठ संख्या, अनुपाततः प्रति पृष्ठ पंक्ति संख्या और प्रतिपंक्ति

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अक्षर संख्या के गुणन से ४,६६८ श्लोक संख्या आती है, परन्तु प्रति में ४,५०० ही लिखी है।

(२) संख्या २८००० पर अंकित प्रति का विवरण :

पत्र सं० १२० पंक्ति प्रति पृष्ठ=१३
माप ३०×१३ सी. एम. अक्षर प्रति पंक्ति=५०
लिपि संवत् १९०४ वि०

पुष्पिका—"इति श्री भक्तमाल की टीका संपूरण समापतः ॥ सुभमस्तु कल्याणरस्तु ॥ लेषकपाठकयो ब्रह्म भवतु ॥ छपै छंद ॥३३३॥ मनहर छंद ॥१४१॥ हंसाल छंद ॥४॥ साषी ॥३८॥ चौपई ॥२॥ इंदव छंद ॥७५॥ राघोदासजी कृत भक्तमाल संपूरण ॥५५३॥ इंदव छंद ॥ चतुरदास कृत टीका सब छं ॥६२१॥ सरबस कबित ॥११८५॥ ग्रंथ की श्लोक संख्या ॥४१०१॥"

यहाँ प्रति में दोहरा हंसपद लगाकर दक्षिण हाशिए पर निम्न दो दोहे सूक्ष्माक्षरों में लिखे हैं :

अष्यर बतीस ग्यन करि, संष्या चार हजार।
तामैं अरथ अनूप है, बकता लह बिचार ॥१॥
मैं मत: सारू आपणी, ग्रन्थ जो लिष्यौ बिचार।
संचर घालै अति घणी, बकता बकसणहार ॥२॥

लिषतं सुभसथान रांमगढ मध्ये ॥ सुकल पक्षे तिथ भादव सुधि पंचमी मंगलवार बार ॥ संबत ॥१९॥४॥ का ॥"

इसके आगे "दादूजी दयाल पाट ग्रीब मसकीन ठाठ" आदि पद्य लिखे हैं, जो पुस्तक के पृ० २७० पर मुद्रित हैं। ये पद्य २१६७७ वाली प्रति में नहीं हैं।

इस प्रति की पुष्पिका में लिखे अनुसार मूल भक्तमाल की छंद संख्या ५५३ है, परन्तु जोड़ने पर ५९३ आती है। इसमें टीका के उल्लिखित ६२१ छंद जोड़ने से योग १,२१४ आता है, परन्तु प्रति में १,१८५ ही लिखे हैं। प्रति में समस्त श्लोक संख्या ४,१०१ ही लिखी है, परन्तु उपर्युक्त प्रकार से पृष्ठ संख्या, प्रतिपृष्ठ पंक्ति संख्या एवं प्रतिपंक्ति अक्षर संख्या का गुणनफल ४,८७५ आता है।

विद्वान् सम्पादक श्री अगरचन्दजी ने प्रस्तुत पुस्तक के सम्पादन में पूरी रुचि लेकर पाठ-शोधन, पाठान्तर, सूचनागर्भित प्रस्तावना और आवश्यक परिशिष्ट आदि का सङ्कलन कर पुस्तक को उपयोगी बनाने का यथाशक्य पूरा प्रयत्न किया है। तदर्थ वे हमारे धन्यवाद के पात्र हैं। जयपुर के दादू-महाविद्यालय के प्राण स्वामी मंगलदासजी महाराज ने भी अतिरिक्त सूचनाएँ व

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट आदि दिये हैं, अतः उन्हें भी धन्यवाद अर्पित करना हमारा कर्तव्य है। इनके अतिरिक्त जिन विभागीय एवं अन्य विद्वानों ने पुस्तक को पूर्ण बनाने में श्री नाहटाजी का हाथ बटाया है, वे भी प्रशंसा के पात्र हैं।

प्रस्तुत प्रकाशन भारत सरकार के शिक्षा-मन्त्रालय की ओर से "आधुनिक भारतीय भाषा-विकास-योजना-राजस्थानी" के अन्तर्गत प्रदत्त आर्थिक सहयोग से किया जा रहा है, तदर्थ भारत सरकार के प्रति हम आभार प्रदर्शित करते हैं।

१५-४-६५
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,
जोधपुर.

**मुनि जिनविजय**
सम्मान्य सञ्चालक

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

# भूमिका

भारत अध्यात्म-प्रधान देश है। यहाँ के मनीषियों ने सब से अधिक महत्त्व धर्म को ही दिया है, क्योंकि मोक्ष की प्राप्ति उसी से होती है और मानव-जन्म का सर्वोच्च अेवं अंतिम ध्येय आत्मोपलब्धि या परमात्म-पद-प्राप्ति का ही है। साध्य की सिद्धि के लिअे साधनों की अनिवार्य आवश्यकता होती है।

भारतीय धर्मों में वैसे तो अनेक साधन प्रणालियों को स्थान दिया गया है, पर उन सब का समावेश ज्ञान, भक्ति और कर्म-योग में कर लिया जाता है। मानवों की रुचि, प्रकृति अेवं योग्यता में विविधता होने के कारण उनके उत्थान के साधनों में भी भिन्नता रहती है। मस्तिष्क-प्रधान व्यक्ति के लिअे ज्ञान-मार्ग अधिक लाभप्रद होता है और हृदय-प्रधान व्यक्ति के लिअे भक्तिमार्ग। योग अेवं कर्म-मार्ग भी अेक सुव्यवस्थित साधन प्रणाली है, क्योंकि जब तक आत्मा का इस शरीर के साथ संबंध है, उसे कुछ न कुछ कर्म करते रहना ही पड़ता है। गीता के अनुसार आसक्ति या फल की आकांक्षारहित कर्म ही कर्म-योग है। पतञ्जलि के योगसूत्र में योगमार्ग के आठ अंग बतलाये गये है, उनमें पहले चार अंग हठयोग के अन्तर्गत आते हैं और पिछले चार अंग राजयोग के माने जाते हैं। वेदान्त, ज्ञान-मार्ग को महत्व देता है, तो भक्ति-संप्रदाय सब से सरल और सीधा मार्ग भक्ति को ही बतलाता है।

जैन धर्म में सम्यक्दर्शन, ज्ञान और चारित्र को मोक्ष-मार्ग बतलाया गया है। सम्यग्दर्शन में श्रद्धा को प्रधानता दी गई है, अतः उसका संबंध भक्तिमार्ग से जोड़ा जा सकता है, कर्म या योग का चारित्र से ज्ञान तो सर्वमान्य है ही, क्योंकि उसके बिना भक्ति किसकी[†] और कैसे की जाय तथा कर्म कौन-सा अच्छा है और कौनसा बुरा—इसका निर्णय नहीं हो सकता।

अपने से अधिक योग्य और सम्पन्न व्यक्ति के प्रति आदर-भाव होना मानव की सहज वृत्ति ही है। महापुरुष या परमात्मा से बढ़कर श्रद्धा या आदर का स्थान और कोई हो नहीं सकता। गुणी व्यक्ति की पूजा या भक्ति करने से गुणों के

[†]भगवान के सगुण व निर्गुण दो भेद करके उसकी उपासना दोनों रूपों में की जाती है। इस रीति से निर्गुणोपासक व सगुणोपासक भक्त कहा जाता है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रति आकर्षण बढ़ता जाता है और इससे अपने गुणों का विकास करने की प्रेरणा और शक्ति प्राप्त होती है। इसलिये ईश्वर या महापुरुष की भक्ति को सभी धर्मों ने महत्वपूर्ण स्थान दिया है। भक्ति कई प्रकार से की जाती है, जिन में से नवधा भक्ति काफी प्रसिद्ध है।

भक्ति के द्वारा भगवान को प्राप्त करना या जैन-दर्शन के अनुसार प्रत्येक आत्मा परमात्म-स्वरूप है, इसलिये परमात्मा के अवलंबन से अपने में छिपे हुये गुणों का विकास कर परमात्मा बन जाना ही भक्ति-मार्ग का इष्ट है।

जिन-जिन व्यक्तियों ने भक्ति के द्वारा अपना विकास किया, वे 'भक्त' कहलाते हैं। ऐसे भक्तों के नाम स्मरण एवं गुणस्तुति के लिये ही 'भक्तमाल' जैसे ग्रंथों की रचनायें हुई हैं—भक्तजनों की जीवनी के विशिष्ट प्रसंगों व चमत्कारों आदि का वर्णन इन ग्रंथों में संक्षेप से किया जाता है, जिससे अन्य व्यक्तियों को भी भक्ति की प्रेरणा मिले और वे भक्त बनें।

महापुरुषों, संत एवं भक्तजनों तथा अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की गुणस्तुति या चरित्र-वर्णनात्मक साहित्य-निर्माण की परंपरा काफी प्राचीन है। वेदों और उपनिषदों में इसके सूत्र पाये जाते हैं। पुराणों तथा रामायण एवं महाभारत में इस परंपरा का उल्लेखनीय विकास देखने को मिलता है। इसके बाद भी समय-समय पर अनेकों व्यक्तियों के चरित एवं स्तुति-काव्य रचे गये। यह उनकी परपंरा आज भी है और आगे भी रहेगी। ऐसी रचनाओं में कुछ तो व्यक्ति-परक होती हैं और कुछ अनेक व्यक्तियों के संबंध में। 'भक्तमाल', जैसा कि नाम से स्पष्ट है, भक्तजनों की नामावली एवं गुणस्तुति की एक माला है। जिस प्रकार माला में अनेक मनके होते हैं, उसी तरह 'भक्तमाल' में अनेकों संतों एवं भक्तों के नाम तथा उनके जीवन-प्रसंगों का संग्रह किया जाता है।

### माला नामान्त पद वाली रचनाओं की परम्परा—

माला द्वारा जप करने की प्रणाली काफी पुरानी है, पर माला नामान्त वाली रचनायें इतनी प्राचीन प्राप्त नहीं होतीं। वैसे करीब बारह सौ वर्षों से प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश भाषा में माला व माल नामान्त वाली शताधिक जैन जयमाल आदि रचनायें[†] प्राप्त होती हैं। संभवत: हिन्दी के कवियों को उन्हीं से अपनी रचनाओं को 'माला या माल' संज्ञा देने की प्रेरणा मिली हो।

[†]देखिये, राजस्थान के दिगम्बर जैन ग्रंथ भण्डारों की सूचियाँ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सतरहवीं शताब्दी के कवि नाभादास ने सर्वप्रथम 'भक्तमाल' नामक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ बनाया। उसके बाद तो उसके अनुकरण में 'भक्तमाल' और अैसी ही अन्य नामों वाली रचनाअें बहुत-सी रचो गयीं और प्रायः प्रत्येक भक्ति और संत संप्रदाय के कवियों ने पौराणिक-भक्तों के नाम अेवं गुणस्तुति के साथ-साथ अपने संप्रदाय के संत अेवं भक्तजनों के नाम तथा चरित्र-संबंधी प्रसंगों का समावेश अपनी रचित भक्तमालों में किया है।

## सन्त एवं भक्तों की परिचइयाँ—

१७ वीं शताब्दी से ही हिन्दी में संतों एवं भक्तों के व्यक्तिगत परिचय को देने वाली 'परिचयी' संज्ञक रचनाअें भी रची जाने लगीं, ऐसी रचनाओं में सर्व प्रथम अनंतदास रचित आठ परिचइयाँ प्राप्त हैं, जो कि सं० १६४५ के लगभग की रचनाअें हैं। इसके बाद तो छोटी व बड़ी शताधिक परिचयी संज्ञक रचनाअें रची गयीं, जिनमें से १५ परिचइयों का आवश्यक विवरण डॉ० त्रिलोकीनारायण दीक्षित ने 'परिचयी-साहित्य' नामक ग्रंथ में प्रकाशित किया है, जो लखनऊ विश्वविद्यालय से सन् १९५७ में प्रकाशित हुआ था। इसके बाद मैंने अैसी रचनाओं की विशेष रूप से खोज की, और करीब ७५ रचनाओं की जानकारी 'राष्ट्रभारती' के जनवरी और सितंबर १९६२ के अंकों में प्रकाशित मेरे दो लेखों में दी जा चुकी हैं।

अब मैं 'भक्तमाल' नामक स्वतंत्र रचनाओं की जानकारी यहाँ संक्षेप में दे देना आवश्यक समझता हूँ।

### भक्तमाल साहित्य की परम्परा—

## नाभादास की भक्तमाल, उसकी टीकायें और प्रकाशित संस्करण

भक्तों के चरित्र-संबंधी हिन्दी-काव्यों में सब से प्राचीन एवं सब से अधिक प्रसिद्ध ग्रंथ नाभादास की 'भक्तमाल' है। इसकी पद्य संख्या, रचना काल, आदि अभी निश्चित नहीं हो पाये, क्योंकि प्राचीनतम[1] प्रतियों के आधार से इस ग्रन्थ का सम्पादन वैज्ञानिक पद्धति से नहीं हो पाया है। कई विद्वानों की राय में मूलतः इसमें १०८ पद्य (छप्पय) थे, जैसे कि माला के १०८ मनके होते हैं। पर उतने पद्यों वाली प्राचीनतम प्रति अभी तक प्राप्त नहीं है। संवत् १७७० की

[1]जहाँ तक मेरी जानकारी है, संवतोल्लेखवाली प्राचीन प्रति सं० १७२४ की लिखित सरस्वती भण्डार उदयपुर में है। वृन्दावन से प्रकाशित भक्तमाल के पृष्ठ ८९९ में सं० १७१३ की अन्य प्रति का उल्लेख किया है, पर वह कहाँ है—इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रति में १९४ पद्य हैं। प्रियादास की टीका में २१४ पद्य छपे हैं। शुक्लजी ने इसकी छन्द-संख्या ३१६ बतलाई है। इससे मालूम होता है कि समय-समय पर अन्य व्यक्तियों द्वारा प्रक्षेप होता रहा है। और इसलिये इसका रचना-काल भी अभी तक निश्चित नहीं हो पाया। साधारणतया इसका रचना-काल संवत् १६४२ से १७०० तक का माना जाता है। पर मूल ग्रन्थ में रचना-काल दिया हुआ नहीं है और इस ग्रन्थ में जिन व्यक्तियों संबंधी पद्य हैं, उनमें से कई व्यक्ति और उनके ग्रन्थ संवत् १६८६ और १७०० के बीच के समय के हैं। इसलिये श्री वासुदेव गोस्वामी ने इसका रचना-काल संवत् १६८६ के बाद का सिद्ध किया है—(देखें, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ६४, अंक ३-४)।

श्री किशोरीलाल गुप्त ने अपने 'भक्तमाल का संयुक्त कृतित्व' नामक लेख में, जो कि ना० प्र० पत्रिका, वर्ष ६३, अंक ३–४ में छपा है, लिखा है कि भक्तमाल अभी जिस रूप में उपलब्ध है, वह एक व्यक्ति की रचना न हो कर ३ व्यक्तियों की रचना है। उन्होंने लिखा है—"भक्तमाल के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि यह ग्रन्थ किसी एक व्यक्ति की रचना न होकर कम-से-कम ३ व्यक्तियों की संयुक्त कृति है। ये ३ व्यक्ति हैं—अग्रदास और उनके शिष्य नारायणदास तथा नाभादास। ……… मेरा ऐसा खयाल है कि नारायणदास के मूल भक्तमाल का परिवर्तन नाभादास ने किया और आज वह जिस रूप में उपलब्ध है, उसे वह रूप देने का श्रेय नाभादास को है। नाभादास ने ग्रन्थ की भूमिका और उपसंहार में कोई परिवर्तन नहीं किया है और भक्तमाल के सभी दोहे नारायणदास की ही रचना हैं। नाभादास ने केवल छप्पयों को ही बढ़ाया है। २४ छप्पय अग्रदास कृत हैं। जिनमें से २ में स्पष्टत: अग्रदास की छाप है। अग्रदास के छप्पय नाभादासजी ने भक्तमाल को वर्तमान रूप देते समय जोड़े। भक्तमाल के ३० से १९९ संख्यक १७० छप्पयों में भक्तों का विवरण है, इनमें से १०८ छप्पय नाराणदास के होने चाहियें और ६२ नाभादास के।" श्री किशोरीलाल गुप्त ने इस संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला है।† स्वामी मंगलदासजी की राय में दादूपन्थी राघोदास ने भक्तमाल की रचना नारायणदास रचित भक्तमाल के आधार से संवत् १७१७ में की है। अत: उसके तुलनात्मक अध्ययन से भी नारायणदास (नाभा) की भक्तमाल के मूल पद्यों का निर्णय करने में सहायता मिल सकती है।

†इस सम्बन्ध में वृन्दावन से प्रकाशित भक्तमाल वाला बृहद् संस्करण भी महत्त्व की सूचनाएँ देता है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

भक्तमाल की निम्नोक्त टीकाओं का उल्लेख विभिन्न ग्रन्थों में देखने में आया है।

१. प्रियादास की टीका 'भक्ति-रस-बोधिनी' सं० १७६९। में रचित सं० १९८८ में वेंकटेश्वर प्रेस से प्रकाशित संस्करण में मूल पद्य २१४ और टीका पद्य ६२४।

२. 'भक्तमाल प्रसंग' वैष्णवदास कृत (सन् १९०१ की खोज रिपोर्ट में संवत् १८२९ में लिखित प्रति) पं० उदयशंकर शास्त्री ने वैष्णवदास की टिप्पणी—'भक्तमाल-बोधिनी' टीका संवत् १७८२ में लिखी गई, लिखा है। उनकी राय में वैष्णवदास दो हो गये हैं।

३. लालदास कृत टीका—इसका रचनाकाल अनूप संस्कृत लायब्रेरी की सूची में संवत् १८६८ छपा है, पर राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान में इसकी तीन प्रतियाँ संवत् १८५६, १८७० और १८९३ की लिखी हुई हैं। इसलिये इसकी रचना संवत् १८५६ के पहले की ही समझनी चाहिये।

४. वैष्णवदास और अग्रनारायणदास कृत रसबोधिनी टीका—सन् १९०४ की खोज रिपोर्ट में इसका रचना संवत् १८४४ दिया गया है।

५. भक्तोवर्शी टीका, लालजीदास—इसका विशेष विवरण नीचे दिया जा रहा है।

भक्तमाल अर्थात् भक्तकल्पद्रुम ले० श्री प्रतापसिंह, सम्पादक-कालीचरण चोंरासिया गौड़, प्रकाशक-तेजकुमार प्रेस बुक डिपो, लखनऊ। सन् १९५२, बारहवीं वार, मूल्य दस रुपये—बडी साइज पृ० ४९३। इस ग्रन्थ में मंगलाचरण के बाद प्रस्तुत ग्रन्थ और इससे पहले की टीकाओं सम्बन्धी निम्नोक्त विवरण दिया गया है।

"छप्पयं छन्द में नाभाजी ने भक्तमाल बनाया। यह माला भक्तजन मणिगण से भरा है। जिसने हृदय में धारण किया तिसने भगवत को पहिचाना, ऐसी यह माला है। श्री प्रियादासजी माध्वसम्प्रदाय के वैष्णव श्री वृन्दावन में रहते थे। उन्होंने कवित्व में इस भक्तमाल की टीका बनाई। उनके पश्चात् लाला लालजीदास ने सन् ११५८ हिजरी में पारसी में प्रियादासजी के पोते वैष्णवदास के मत से तर्जुमा किया व तर्जुमे का नाम 'भक्तोर्वशो' धरा। यह रहने वाले काँधले के थे, लक्ष्मणदास

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नाम था। मथुरा की चकलेदारी में सत्संग प्राप्त हुआ। हितहरिवंशजी की गद्दी के सेवक हुये, लालजीदास नाम मिला। राधावल्लभलालजी के उपासक हुये।

दूसरा तर्जुमा एक और किसी ने किया है नाम याद नहीं है तीसरा तर्जुमा लाला गुमानीलाल कायस्थ रहने वाले रत्थक के, संवत् १६०८ में समाप्त किया। चौथा तर्जुमा लाला तुलसीरामं रामोपासक लाला रामप्रसाद के पुत्र अगरवाले रहनेवाले मोरापुर अम्बाले के इलाके के, कलक्टरी के सरिश्तेदार। उस मूल भक्तमाल और टीका को संवत् १६१३ में बहुत प्रेम व परिश्रम करके शास्त्र के सिद्धान्त के अनुसार बहुत विशेष वाक्यों सहित अति ललित पारसी में उर्दू वाणी लिये हुए तर्जुमा करके चौवीस निष्ठा में रच के समाप्त किया।

संवत् उन्नीस सौ सत्रह १६१७ श्रावण के शुक्ल पक्ष में पड़रौना ग्राम में जो श्यामधाम में मुख्य भगवद्धाम है तहाँ श्री राधाराजवल्लभलालजी ठाकुर हिंडोला भूल रहे थे। उसी समय 'उमेदभारती' नामक सन्यासी रहने वाला ज्वालामुखी के जो कोटकांगड़े के पास है, भक्तमालप्रदीपन नाम पोथी, जो पंजाब देश में अम्बाले शहर के रहने वाले लाला तुलसीराम ने जो पारसी में तर्जुमा करके भक्तमालप्रदीपन नाम ख्यात किया है, तिसको लिये हुये आये। उनके सत्कार व प्रेमभाव से पोथी हम ईश्वरीप्रतापराय को मिली। जब सब अवलोकन कर गये तो ऐसा हर्ष व आनन्द चित्त को प्राप्त हुआ कि वर्णन नहीं हो सकता। साक्षात् भगवत् प्रेरणा करके मनवांछित पदार्थ को प्राप्त कर दिया। व लाला तुलसीराम के प्रेम व परिश्रम की बड़ाई सहस्रों मुख से नहीं हो सकती। कुछ काल उसके श्रवण व अवलोकन का सुख लिया, तब मन में यह अभिलाषा हुई कि इस पोथी को देवनगरी में भाषान्तर अर्थात् तर्जुमा करें कि जो फारसी नहीं पढे हैं उन सब भगवद्भक्तों को आनन्ददायक हो, सो थोड़ा २ लिखते २ तीसरे वर्ष संवत् उन्नीस सौ तेईस १६१३ अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को श्री गुरुस्वामी व भगवद्भक्तों की कृपा से यह भक्तमाल नाम ग्रन्थ सम्पूर्ण व समाप्त हुआ, व चौवीस निष्ठा में सत्रह निष्ठा तक तो ज्यों का त्यों क्रमपूर्वक लिखा गया परन्तु अठारहवीं निष्ठा से भक्तिरस के तारतम्य से क्रम न लगाकर इस ग्रन्थ में लिखा है। प्रथम (१) धर्मनिष्ठा जिसमें सात उपासकों का वर्णन और (२) दूसरी भागवतधर्मप्रचारक निष्ठा तिसमें बीस भक्तों का वर्णन, तीसरी (३) साधुसेवा निष्ठा व सत्संग तिसमें पन्द्रह भक्तों की कथा, चौथी (४) श्रवण महात्म्य निष्ठा में ४ भक्तों की कथा और पाँचवी (५) कीर्तन

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

निष्ठा में १५ भक्तों को कथा है, छठई (६) भेषनिष्ठा तिसमें आठ भक्तों की कथा, सातई (७) गुरुनिष्ठा तिसमें ग्यारह भक्तों की कथा, आठई (८) प्रतिमा व अर्चानिष्ठा तिसमें पन्द्रह भक्तों की कथा, नवई (९) लीला अनुकरण जैसे "रासलीला राम लीला" इत्यादि तिसमें छहों भक्तों की कथा, दसवीं (१०) दया व अहिंसा तिसमें छवों भक्तों की कथा, ग्यारहवीं (११) व्रतनिष्ठा तिसमें दो भक्तों की कथा, बारहवीं (१२) प्रसाद निष्ठा तिसमें चार भक्तों की कथा, तेरहवीं (१३) धामनिष्ठा तिसमें आठ भक्तों की कथा, चौदहवीं (१४) नामनिष्ठा तिसमें पाँच भक्तों की कथा, पन्द्रहवीं (१५) ज्ञान व ध्याननिष्ठा तिसमें बारह भक्तों की कथा, सोलहवीं (१६) वैराग्य व शान्तनिष्ठा तिसमें चौदह भक्तों की कथा, सत्रहवीं (१७) सेवानिष्ठा तिसमें दश भक्तों की कथा, अठारहवीं (१८) दासनिष्ठा तिसमें सोलह भक्तों की कथा, उन्नीसवीं (१९) वात्सल्यनिष्ठा तिसमें नव भक्तों की कथा, बीसवीं (२०) सौहार्दनिष्ठा तिसमें छवों भक्तों की कथा, इक्कीसवीं (२१) शरणागती व आत्म-निवेदन निष्ठा तिसमें दस भक्तों की कथा, बाइसवीं (२२) सख्यभावनिष्ठा तिसमें पाँच भक्तों की कथा, तेइसवीं (२३) शृंगार व माधुर्यनिष्ठा तिसमें बीस भक्तों की कथा, चौबीसवीं (२४) प्रेमनिष्ठा तिसमें सोलह भक्तों की कथा का वर्णन लिखा गया।"

६. बालकराम कृत भक्तदाम-गुणचित्रणी टीका—इसकी एक प्रति उदयपुर के सरस्वती भण्डार में है। ४५८ पत्रों की यह प्रति सं० १९३२ की लिखी हुई है। बालकराम ने टीका के अन्त में अपना परिचय देते हुए लिखा है कि रामानुज की पद्धति में रामानन्द हुये उनके पौत्र-शिष्य श्रीपयहारी की प्रणाली में सन्तदास के शिष्य, खेम के शिष्य प्रहलाददास और मीठारामदास हुये। उनके शिष्य बालकदास ने यह टीका बनाई है। डॉ० मोतीलाल मेनारिया ने इसके संबंध में लिखा है कि "नाभाजी के भक्तमाल की यह एक बहुत बड़ी, सरस और भावपूर्ण टीका है। इसमें दोहा, छप्पय आदि कई प्रकार के छन्दों में वर्णन किया गया है, पर अधिकता चौपाई छन्द की ही है। हिन्दी के भक्त-कवियों के विषय में नाभादास ने, अपने भक्तमाल में जिन-जिन बातों पर प्रकाश डाला है, उनके अलावा भी बहुत-सी नयी बातें इसमें बतलायी गई हैं और इसलिये साहित्यिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होने के साथ-साथ वह संत महात्माओं के इतिहास की दृष्टि से भी परम उपयोगी है। इसका रचनाकाल संवत् ८०७ से ११८२० तक का है। बालकराम की रचना कहने को नाभाजी के भक्तमाल की टीका है, पर वास्तव

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

में इसे एक स्वतन्त्र ग्रन्थ ही समझना चाहिये। यह व्रजभाषा में है, जिस पर राजस्थानी का भी थोड़ा-सा रंग लगा है। कविता बहुत ही सरस और प्रवाहयुक्त है।" इसमें दिये हुये कबीर-चरित्र को मेनारियाजी ने अपने राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज, भाग १ में पूर्ण रूप से उद्धृत कर दिया है। इस ग्रन्थ की अन्य प्रति हिन्दी विद्यापीठ, आगरा के संग्रह में है, उसके अनुसार इसकी रचना सं० १८३३ के फाल्गुन एकादशी सोमवार को हुई है।

७. भक्तरसमाल—ब्रजजीवनदास, रचना सं० १९१४। सन् १९०९ से १९११ की रिपोर्ट में इसका विवरण प्रकाशित हुआ है। पंडित महावीरप्रसाद, गाजीपुर के संग्रह में इसकी प्रति है। विवरण में इसकी श्लोक संख्या ८५० बतलाने से यह बहुत ही संक्षिप्त मालूम देती है।

८. हरिभक्तिप्रकाशिका टीका—खेतड़ी निवासी हरिप्रपन्न रामानुजदास कायस्थ ने इसकी रचना की। जिसे पंडित ज्वालाप्रसाद मिश्र ने विस्तृत करके लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रेस से संवत् १९५६ में प्रकाशित की थी। भूमिका में श्री मिश्रजी ने लिखा है कि "उर्दू, भाषा, संस्कृत, छन्दोबद्ध आदि कई प्रकार की भक्तमाल इस समय मिलती हैं तथा एक इसी भक्तमाल को दोहे–चौपाई में मैंने भी रचना किया है, जो अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है।" संवत् १९५५ मुरादाबाद में मिश्रजी ने इस हरिभक्तिप्रकाशिका टीका को नये रूप से लिखके पूर्ण की। ७७६ पृष्ठों का यह ग्रन्थ अवश्य ही महत्वपूर्ण है।

'हिन्दी पुस्तक-साहित्य' में रामानुजदास कृत हरिभक्तिप्रकाशिका टीका का उल्लेख है।

९. भक्तिसुधास्वादतिलक—इस की रचना अयोध्या निवासी श्री सीतारामशरण भगवानप्रसाद रूपकला ने संवत् १९५० के बाद की है। मूल भक्तमाल व प्रियादास की टीका के साथ इसे संवत् १९५६ में काशी के बलदेवनारायण ने प्रकाशित की। इसका तीसरा संस्करण नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से प्रकाशित हुआ। इसके अन्त में प्रियादास के पौत्र शिष्य वैष्णवदास रचित भक्तमाल महात्म्य भी छपा है। १००० पृष्ठों का यह ग्रन्थ अपना विशेष महत्व रखता है

१०. सखाराम भीक्षेत कृत टीका—'हिंदी में उच्चतर-साहित्य'नामक ग्रन्थ के पृष्ठ ४८० में बम्बई से इसके प्रकाशन का उल्लेख है। इसी ग्रन्थ में तुलसीराम की टीका (?) मंबाउल उलूम प्रेस, मुहाना से प्रकाशित होने का उल्लेख है तथा

Jain Educationa International　For Personal and Private Use Only　www.jainelibrary.org

भक्तमाल के कई संस्करण, (१) नृत्यलाल शील, कलकत्ता, (२) पंजाब कानोमिकल प्रेस, लाहौर, (३) चश्म-ए-नूर प्रेस, अमृतसर का भी उल्लेख है। पर ये संस्करण मेरे देखने में नहीं आये। 'हिन्दी पुस्तक साहित्य' के पृष्ठ ५३ में तुलसीराम तथा हरिबख्स मुंशी की भक्तमाल का भी उल्लेख है।

(११) मलूकदास लिखित भक्तमाल टीका—इसका विवरण सन् १६४१ से १६४३ की खोज रिपोर्ट के पृष्ठ १०५३ में छपा है। ना० प्र० सभा, काशी के पुस्तकालय में संवत् १६६२ की लिखी २६० पत्रों की प्रति है। मलूकदास वैष्णवदास के शिष्य थे और छत्रपुर रियासत में रविसागर के निकट रहते थे।

उक्त खोज रिपोर्ट के पृष्ठ १०५२ में भक्तचरितावली ग्रन्थ का विवरण छपा है जिसमें पौराणिक-चरितों का अभाव है। पर महाराजा बदनसिंह, विजयसिंह, शिवराम भट्ट आदि १६वीं शताब्दी के भक्तों का वर्णन भी है। ग्रन्थ खण्डित है। ग्रन्थ की शैली भक्तमाल के समान प्रौढ न होते हुये भी उत्तम बतलाई गई है।

(१२) जानकीप्रसाद की उर्दू टीका—पं० उदयशंकरजी शास्त्री की सूचनानुसार नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से यह छप चुकी है।

(१३) छप्पयों पर फारसी टीका—पं० उदयशंकरजी शास्त्री के कथनानुसार मन्नूलाल पुस्तकालय, गया में इसकी हस्तलिखित प्रति है।

(१४) संस्कृत भक्तमाला—श्री चंद्रदत्त ने नाभादास की भक्तमाल (एवं टीका) के आधार से संस्कृत-पद्य-बद्ध इस ग्रन्थ को बहुत विस्तार से लिखा है। इसके तीन खण्ड—विष्णु, शिव और शक्ति में से केवल विष्णु खण्ड ही ६,७०० श्लोक परिमित वेंकटेश्वर प्रेस से छपा हुआ हमारे संग्रह में है। श्री बाल गणक कृत और जयपुर नरेश की प्रेरणा से रचित दो अन्य संस्कृत भक्तमाल का उल्लेख वृन्दावन से प्रकाशित भक्तमाल के पृष्ठ ६५७ में है।

(१५) भक्ति-रसायनी व्याख्या—श्री रामकृष्णदेव गर्ग की यह आधुनिक व्याख्या वृन्दावन से सन् १६६० में प्रकाशित हुई है। इसमें भक्तमाल व प्रियादास की टीका भी दी गई है। करीब १००० पृष्ठ का यह ग्रन्थ भी विशेष महत्त्व का है। इसके प्रारम्भ में श्री उदयशंकर शास्त्री ने प्रियादास के बाद उनके पौत्र वैष्णवदास रचित 'भक्ति-उर्वशी' टीका का उल्लेख करते हुये वैष्णवदासजी को मथुरा में किसी सरकारी पद पर होना बतलाया है। तीसरी टीका संवत् १८६८ में रोहतक के निवासी

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

लाला गुमानीराम ने की है। 'वार्तिक-प्रकाश' नामक टीका अयोध्या के महात्मा रसरंगमणि ने बनाई, जो रामोपासक सन्तों में प्रसिद्ध हुई। श्री मार्तण्ड बुआ ने सं० १६३३ में मराठी भाषा में छन्दोबद्ध टीका की, लिखा है।

वृन्दावन से प्रकाशित श्री भक्तमाल के पृष्ठ ६५५ में लिखा है—"मार्तण्ड बुआ कृत 'भक्त-प्रेमामृत' नामक मराठी टीका, जो सं० १६३८ में पूर्ण हुई, सं० १६८४ में चित्रशाला छापाखाना में मुद्रित हुई है। मराठी में महीपति कृत 'भक्त-लीलामृत', महीपति बुआ कृत 'भक्ति-विजय' नामक ग्रन्थ भी उल्लेखनीय हैं। इनमें से 'भक्ति-विजय' में नाभाजी की भक्तमाल को भाषा ग्वालियेरी बतलाई है। 'हिन्दी को मराठी सन्तों की देन' शोध-प्रबन्ध में 'भक्ति-विजय' १७ वीं शताब्दी में रचित बतलाने से यह उल्लेख महत्त्वपूर्ण है।

(१६) बंगला भक्तमाल—लालदास या कृष्णदास बाबाजी रचित। 'हिन्दी और बंगाली वैष्णव कवि' नामक शोध-प्रबन्ध में रत्नकुमारी ने इसका विवरण देते हुये लिखा है—"बंगला के दो कवियों ने भक्तमाल का अनुकरण किया। ये दोनों ही १६ वीं शती के परवर्ती कवि हैं। एक तो लालदास या कृष्णदास बाबाजी रचित ग्रन्थ है, जिसका नाम भी श्री भक्तमाल† ही है। इसमें मूल हिन्दी छप्पय देकर फिर उसका बंगला में भाष्य सा किया गया है। उन सम्पूर्ण भक्तों की नामावली तो 'बंगला भक्तमाल' में नहीं है, जो 'हिन्दी भक्तमाल' में है। थोड़े से मुख्य हिन्दी भाषा-भाषी वैष्णव-भक्तों का परिचय है। दूसरी रचना जगन्नाथदास कृत भक्तचरितामृत है। यह भी भक्तमाल का अवलम्बन लेकर रची गई है।

लालदास बाबा की उक्त भक्तमाल अविनाशचन्द्र मुखोपाध्याय सम्पादित पूर्णचन्द्र शील, कलकत्ता द्वारा बंगाब्द १३५० साल में प्रकाशित हो चुकी है।

(१७) गुरुमुखी भक्तमाल—कीर्त्तिसिंह रचित इस ग्रन्थ का उल्लेख वृन्दावन से प्रकाशित भक्तमाल के पृष्ठ ६५६ में किया गया है।

(१८) अरिल-भक्तमाल—१४२ अरिल छन्दों में रचित इस भक्तमाल की प्रति गोस्वामी गोवर्द्धनलाल, राधारमण का मंदिर त्रिमुहानी, मिर्जापुर में है।

---

† दुर्गादास लाहिड़ी सम्पादित कलकत्ते से (प्रथम संस्करण बंगाब्द १३१२), द्वितीय संस्करण १३२० में प्रकाशित हुआ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

व्रजजीवनदास की (मांझा) भक्तमाल (इश्कमाला) के साथ ही इसका उल्लेख उक्त श्री भक्तमाल ग्रन्थ के पृष्ठ ६५८ में एवं खोज रिपोर्ट में छपा है।

(१९) भक्तमाला-रामरसिकावली—श्री रघुराजसिंह रचित यह महत्त्वपूर्ण और बड़ा ग्रन्थ लक्ष्मी वेंकटेश्वर प्रेस से सं० १९७१ में छपा था। इसकी पृष्ठ संख्या उत्तर-चरित्र के साथ ९८९ है।

(२०) भक्तमाल के अनुकरण में संवत् १८०७ में हँसवा (फतेहपुर) के चन्ददास ने भक्तविहार नामक ग्रन्थ की रचना की।

इस तरह की और भी अनेक रचनायें हैं। जिनमें दुःखहरण की भक्तमाल का उल्लेख 'उत्तर भारत की सन्त परम्परा' और मांझा भक्तमाल का उल्लेख 'खोज विवरण' में पाया जाता है।

(२१) उत्तरार्द्ध भक्तमाल—भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने इसकी रचना की है। 'कल्याण' के भक्त-चरितांक के प्रारम्भ में नाभादास की भक्तमाल के बाद इसे भी दे दिया गया है। गोस्वामी राधाचरण तथा गोपालराय कवि वृन्दावन वाले ने एक भक्तमाल बनाई है। उपरोक्त तीनों रचनायें २० वीं शताब्दी की हैं। इससे स्पष्ट है कि नाभादास की भक्तमाल[1] का अनुकरण आज तक होता रहा है। गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र, बंगाल, आदि प्रदेशों में भी भक्तमाल का बड़ा प्रचार रहा है।

अब विभिन्न सम्प्रदायों की भक्तमालों का संक्षिप्त विवरण दिया जा रहा है।

## दादूपंथी सम्प्रदाय

### १. जग्गाजी रचित भक्तमाल

दादू शिष्य जग्गाजी रचित भक्तमाल, जिसमें केवल भक्तों की नामावली दी है, ६९ चौपाई छन्दों में है। उसकी प्रतिलिपि स्वामी मंगलदासजी ने अपने हाथ से करके मुझे भेजी है। उसमें पुराने भक्तों की नामावली ३२ पद्यों में देने के बाद दादूजी के शिष्य आदि संतों के नाम साढ़े पैंसठ पद्यों तक में ठूंस-ठूंस के भर दिये हैं। यह भक्तमाल प्रस्तुत ग्रन्थ के परिशिष्ट नं० २ में दे दी गई हैं।

### २. चैनजी की भक्तमाल

९१ पद्यों की इस भक्तमाल की प्रतिलिपि भी स्वामी मंगलदासजी ने स्वयं करके भेजी है। इसमें भी संतों एवं भक्तों की नामावली ही दी है। अंतिम

---

[1] भक्तमाल के मूल पद्यों और नये तथ्यों के सम्बन्ध में मेरा एक लेख "सप्त सिन्धु" में शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उपसंहार का पद्य प्राप्त प्रतिलिपि में नहीं है। यह भक्तमाल भी प्रस्तुत ग्रन्थ के परिशिष्ट नं० ३ में दे दी गई है।

**३. राघवदास की भक्तमाल—**

प्रस्तुत दादूपंथी कवियों में राघवदास ने ही सब से बड़ी और महत्त्वपूर्ण भक्तमाल बनाई। नाभादास की भक्तमाल के बाद यही सर्वाधिक उल्लेखनीय रचना है। सं० १७१७ में इसकी रचना हुई है। अब से ४८ वर्ष पूर्व इस रचना का परिचय श्री चन्द्रिकाप्रसाद त्रिपाठी ने सरस्वती पत्रिका के अक्टूबर सन् १९१६ के अंक में प्रकाशित 'दादू-पंथी सम्प्रदाय का हिन्दी-साहित्य' नामक लेख में दिया था। उनका दिया हुआ विवरण इस प्रकार है—

"स्वामी दादूदयाल के सम्प्रदाय में एक सन्त राघवदासजी हो गये हैं। उन्होंने भक्तमाल नाम का एक ग्रन्थ रचा है। उसमें शिवजी, अजामिल, हनुमान्, विभीषण आदि से लेकर जितने भक्त हुए हैं, सब का वृतान्त पद्य में दिया है। इस ग्रन्थ में १७५ भक्तों के चरित्र हैं और निम्नलिखित चार सम्प्रदाय और द्वादश पंथ शामिल हैं—

(१) स्वतन्त्र भक्त ३१।

(२) चार सम्प्रदायी भक्त—(क) रामानुज सम्प्रदाय के १० भक्त। (ख) विष्णुस्वामी सम्प्रदाय के ६ भक्त। (ग) मध्वाचार्य सम्प्रदाय के १५ भक्त। (घ) निम्बादित्य सम्प्रदाय के ६ भक्त।

(३) द्वादस पंथी—(क) षट्दर्शन, सन्यासी, योगी, जङ्गम, जैन, बौद्ध, अन्यान्य। (ख) समुदायी भक्त ४०। (ग) चतुःपन्थी गुरु नानक साहब के पन्थ के, कबीर साहब के पन्थ के, दादूदयाल के पंथ के, निरञ्जन के पंथ के। (घ) माधौकाणी। (ड़) चारण।

इस ब्योरे से विदित हो जावेगा कि भारतवर्ष की सम्पूर्ण सम्प्रदायों से दादूपन्थियों का मेल है।"

**४. चारण ब्रह्मदासजी की भक्तमाल—**

राजस्थानी भाषा में रचित ६ भक्तमालों का समूह राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर से प्रकाशित हो चुका है। ब्रह्मदासजी दादूपंथी साधु थे, उनका समय सं० १८१६ के लगभग का है।†

---

† लघु भक्तमाल के नाम से इसकी १ हस्तलिखित प्रति उदयपुर सरस्वती भण्डार में है, उससे मिलान करने पर कुछ नये पद्य मिलने की सम्भावना है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## रामस्नेही सम्प्रदाय

(१) रामदासजी रचित भक्तमाल १७६ पद्यों की है। जिनमें से १२४ चौपाइयों में अनेक संत एवं भक्तों के नाम दिये गये हैं। यह रचना 'श्री रामस्नेही धर्मप्रकाश' नामक ग्रंथ में सन् १९३१ में प्रकाशित हुई थी। अब पुनः "श्री रामदासजी की वाणी" में भी प्रकाशित हो चुकी है।

२. रामदासजी के शिष्य दयालदासजी ने एक विस्तृत भक्तमाल सं० १८६१ में बनाई है जिसमें सभी प्रचलित पंथों के महात्माओं का निरूपण किया गया है। इस ग्रन्थ का आवश्यक विवरण मैंने अपने अन्य लेख में दिया है।

३. रामस्नेही सम्प्रदाय की रैण शाखा (दरियावजी की) के सुखशारणजी ने भक्तमाल की रचना सं० १९०० में की, जिसका परिमाण १७३५ श्लोकों का है। यह अभी-अभी स्वामी युक्तिरामजी, जोधपुर से प्रकाशित 'श्री सन्तवाणी' ग्रन्थ के पृष्ठ १३९ से २०६ में प्रकाशित हो चुकी है।

## निरञ्जनी सम्प्रदाय

महात्मा प्यारेरामजी ने सं० १८८३ में भक्तमाल की रचना की। इसका विवरण देते हुए स्वामी मंगलदासजी ने अपनी सम्पादित "श्री महाराज हरिदासजी की वाणी" में लिखा है–कि "इस भक्तमाल की रचना मोरिड़ में हुई। प्यारेरामजी ने अपने गुरु की आज्ञा से इसकी रचना की। अवतारों का निरूपण करने के बाद खेमजी, चत्रदासजी, पोकरदासजी, दयालदासजी, सेवादासजी, अमरपुरुषजी व दर्शनदासजी तक का निरूपण किया है। पश्चात अन्य भक्तों का विवेचन किया है। २०४ मनहर कवित्त इस भक्तमाल के हैं, अन्त में ४ दोहे हैं।" इसकी प्रतिलिपि हमारे संग्रह में भी है।

## राधावल्लभ सम्प्रदाय

(१) गोस्वामी हितहरिवंश के शिष्य ध्रुवदासजी ने "भक्तनामावलि" नामक ग्रंथ की रचना की; जिसमें १२३ व्यक्तियों की नामावली दी हुई है। मूल ग्रंथ ११४ पद्यों का है। इसे श्री राधाकृष्णदास ने बहुत अच्छे रूप में टिप्पणी सहित सम्पादित करके सन् १९२८ में प्रकाशित किया, जो नागरी प्रचारिणी सभा, काशी से अब भी प्राप्त है। ध्रुवदासजी की अनेक रचनाओं में से "सभा-मंडली" में

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१६८१ 'वृन्दावनशत' में १६८६ और 'रहसिमंजरी' में १६६८ रचना काल दिया है। इससे उक्त "भक्त-नामावलि" की रचना नाभादास की भक्तमाल के थोड़े वर्षों के बाद ही हुई प्रतीत होती है।

(२) रसिक अनन्यमाल—भगवत मुदित रचित इस ग्रंथ का प्रकाशन वृन्दावन से हो चुका है। इसका सम्पादन श्री ललताप्रसाद पुरोहित ने किया है। इसमें ३४ व्यक्तियों की परिचयी पाई जाती है। इसका रचना काल सं० १७०६ से १७२० के मध्य का बतलाया गया है।

इसकी पूर्ति रूप में उत्तमदासजी ने अनन्य-माल की रचना की।

वल्लभसम्प्रदाय की ८४, २५२ वैष्णवन की वार्ता भी इसी तरह की गद्य रचनाएँ हैं।

## गौड़ीय-सम्प्रदाय

देवकीनन्दन कृत वैष्णव-वन्दना—वैष्णव-वंदना में अनेक वैष्णव-भक्तों की वंदना की गई है। इन व्यक्तियों की जीवनो पर तो विशेष प्रकाश इस रचना से नहीं पड़ता, नाम बहुत से मिल जाते हैं। यही इसका ऐतिहासिक मूल्य है। यह रचना अत्यन्त लोकप्रिय है।

माधवदास कृत वैष्णव-वंदना—इस रचना का प्रचार उस वैष्णव-वंदना की अपेक्षा, जो देवकीनन्दन की रचना है, कम है। बंगीय साहित्य-परिषद् ने शिवचन्द शील द्वारा सम्पादित इस रचना को १३१७ बंगाब्द (१६१० ई०) में प्रकाशित किया है। इसमें श्री चैतन्य, नित्यानंद, अद्वैत, हरिदास, श्रीनिवास, रामचन्द्र कविराज, मुरारिगुप्त, वासुदेव इत्यादि का उल्लेख है।

## रामोपासक-सम्प्रदाय

रसिकप्रकाश-भक्तमाल—इसकी रचना छपरा निवासी शंकरदास के पुत्र एवं अयोध्या के श्री रामचरणजी के शिष्य जीवाराम (जुगलप्रिया) ने संवत् १८६६ में की। इसमें रामोपासक रसिक-भक्तों का इतिवृत्त संग्रह किया गया है। उनके शिष्य जानकीरसिकशरणजी ने सं० १६१६ में रसिक-प्रबोधिनी नामक टीका लिखी। २३५ छप्पय और ५ दोहों के मूल ग्रन्थ पर ६१६ कवित्तों में यह टीका पूर्ण हुई है।

उक्त रसिक-प्रकाश भक्तमाल, लक्ष्मण किला अयोध्या से प्रकाशित हो चुकी है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## हितहरिवंश-सम्प्रदाय

श्री उदयशंकर शास्त्री ने श्री कृष्ण पुस्तकालय विहारीजी के मन्दिर के पास, वृन्दावन से प्रकाशित "केलिमाल" नामक ग्रन्थ की सूचना दी है, जो हितहरिवंश सम्प्रदाय के भक्तों के सम्बन्ध में है तथा आगरा से प्रकाशित (भारतीय-साहित्य वर्ष ७ अंक १ में) भक्त-सुमरणी-प्रकाश, महर्षि शिवव्रतलाल रचित सन्तमाल, ( संत नामक पत्रिका के ३ जिल्दों में प्रकाशित ) और खांडेराव रचित भक्त-विरुदावली ( खंडित रूप में हिन्दी विद्यापीठ आगरा के संग्रह में ) आदि रचनाओं की जानकारी भी दी है, पर ये ग्रन्थ मेरे अवलोकन में नहीं आये।

## जैन-धर्म में भक्तमाल जैसी रचनाओं की परम्परा—

जैन-धर्म म सम्यक् ज्ञान, दर्शन, चारित्र को मोक्ष का मार्ग बतलाया है। सम्यक् दर्शन को सर्वाधिक महत्त्व देने पर भी सम्यक् चारित्र अर्थात् आचार को ही प्रधानता दी गई दिखाई देती है। अतः सम्यक् चारित्र की आराधना करने वाले तीर्थंकरों व मुनियों के प्रति विशेष आदर व्यक्त किया गया है। उनके नाम-स्मरण, गुण-स्तुति और चैत्य-निरूपण सम्बन्धी जैन-साहित्य बहुत विशाल है। नाभादास की भक्तमाल की तरह तीर्थंकरों व मुनियों के नाम स्मरणपूर्वक उनको वन्दना करने वाली रचनायें 'साधु-वन्दना' के नाम से प्राप्त होती हैं। १६ वीं शताब्दी से लेकर २० वीं शताब्दी तक साधु-वन्दना या मुनि-नाममाला जैसी रचनाओं की परम्परा बराबर चली आ रही है। १६ वीं शताब्दी के कवि विनयसमुद्र और पार्श्वचन्द्र की साधु-वन्दना प्राप्त है। १७ वीं शताब्दी के प्रारम्भ के कवि ब्रह्म, विजयदेवसूरि, पुण्यसागर, कुंवरजी, नयविजय, केशवजी, श्रीदेव, समयसुन्दर आदि कवियों की साधु-वन्दना नामक रचनायें प्राप्त हैं। इनमें से समयसुन्दर की रचना सबसे बड़ी है। ५९१ पद्यों की इस साधु-वन्दना की रचना सं० १६९७ अहमदाबाद में हुई है। १८ वीं शताब्दी के कवि यशोविजय और देवचन्द्र तथा १९ वीं शताब्दी के कवि जयमल रचित साधु-वन्दना छप चुकी हैं।

माला या मालिका संज्ञक रचनाओं में खरतर-गच्छीय कवि चारित्रसिंह रचित मुनिमालिका स० १६३६ की रचना है, जो हमारे प्रकाशित 'अभय-रत्नसार' में छप चुकी है। २० वीं शताब्दी के मुनि ज्ञानसुन्दर रचित मुनि-नाममाला भी प्रकाशित हो चुकी है, उसमें करीब ७५० मुनियों के नाम हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार हम देखते हैं कि सन्त एवं भक्तजनों के नामों के संग्रह रूप या उनके चरित को संक्षिप्त या विस्तार से प्रकट करने वाली रचनाओं की परम्परा बहुत लम्बी है। जैन, जैनेतर सभी धर्म-सम्प्रदायों में ऐसी रचनायें बनाई गई हैं। उनमें से बहुत-सी रचनाओं का तो अच्छा प्रचार रहा है। छोटी-छोटी रचनाओं को तो लोग नित्य-पाठ के रूप में पढ़ते रहते हैं। महान् पुरुषों के जीवन से प्रेरणा मिलती रहती है। अतः ऐसी रचनाओं का विशेष महत्त्व है। प्रस्तुत राघवदास की भक्तमाल भी इसी परम्परा की एक विशिष्ट एवं महत्त्वपूर्ण रचना है। उसी के सम्पादन प्रसंग से ऐसी ही अन्य रचनाओं की परम्परा की कुछ जानकारी यहाँ विशेष प्रयत्नपूर्वक देदी गई है।

अब प्रस्तुत संस्करण में प्रकाशित "भक्तमाल" के रचयिता राघवदास व उनकी रचनाओं का स्वामी मंगलदासजी से प्राप्त विवरण दिया जा रहा है।

## राघोदासजी

दादूजी महाराज के प्रमुख बावन शिष्यों में बड़े सुन्दरदासजी व प्रह्लाददासजी का समुचित निरूपण है; जैसा कि भक्तमाल टीकाकार चत्रदासजी ने व स्वयं राघोदासजी ने ५२ शिष्यों के निरूपण प्रसंग में "सुन्दर प्रह्लाददास घाटडे सु छींड मधि" (दे०पृ० २७०) ऐसा उल्लेख किया है। किन्तु जहाँ दादूपन्थ का विवरण है, वहाँ प्रह्लाददासजी का विवरण पोता-शिष्यों में है। स्वयं प्रह्लाददासजी ने अपनी वाणी की रचना में सुन्दरदासजी महाराज को गुरु माना है। इस विवरण से (१) दादूजी, (२) सुन्दरदासजी (बड़े), (३) प्रह्लाददासजी, (४) हरीदासजी (हापौजी), (५) राघोदासजी—यह क्रम है।

राघोदासजी का जन्म सत्रहवीं सदी के उत्तरार्द्ध का होना चाहिये। वे सत्रहवीं सदी के अन्तिम चरण में हरीदासजी के शिष्य हुये हैं। उनकी रचना का काल अट्ठारहवीं सदी है। राघोदासजी ने दादूजी की परम्परा में शिष्यों तथा पोता-शिष्यों का भक्तमाल में वर्णन किया है। इससे सिद्ध होता है कि उनके जीवन-काल में जो प्रशिष्य मौजूद थे, उन्हीं तक का निरूपण भक्तमाल में आया है।

वे किस सम्वत में किस स्थान में उत्पन्न हुये ? यह ज्ञात नहीं होता। प्रह्लाददासजी महाराज घाटडेव में विराजते थे, वहीं उनकी चरणपादुका व छत्री आज भी मौजूद है। यह स्थान पहिले अलवर स्टेट में था, अब वह शायद अलवर

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

जिले में सम्मिलित हो। राजगढ़ से रहले तथा रहले से घाटडे जाया जाता है। अब भी घाटडे में प्रह्लाददासजी महाराज की परम्परा का मान्य स्थान है, जिस परम्परा में इस समय महन्त आशारामजी विद्यमान हैं।

प्रह्लाददासजी के कई शिष्य हुये थे, उन्हीं में प्रमुख थे हरिदासजी महाराज। इन्हीं के अनेकों शिष्यों में अन्यतम शिष्य राघोदासजी हुये हैं। ये पीपावंशी चांगल गोत में उत्पन्न हुये थे। इनके पिता का नाम हरिराज तथा माता का नाम रतनाई था। शायद इनकी बहन का नाम केसीबाई था। इन्हीं की प्रेरणा से इन्होंने शिकार तथा मद्य-मांस का परित्याग किया था, जैसा कि इनने स्वयं उल्लेख किया है :—

**नमो तात हरिराज नमो रतनाई माई।**
**जीव वध मद मांस छुडायो केसीबाई।**
**सत संगति गति ग्यांन ध्यांन धुनि धर्म बतायो।**
**हरीदास परमहंस परष पूरो गुरु पायो॥**
**राघो रज मो पायकैं रामरत उमग्यो हियो।**
**दादूजी के पंथ को तव ही तनक वर्णन कियो॥३५॥**

*चौपाई* **पीपावंशी चांगल गोत। हरि हिरदै कीनौ उद्योत॥**
**भक्तिमाल कृत कलिमल हरणी। आदि अन्त मध्य अनुक्रम वरणी॥**
**साध संगति सति स्वर्ग निसेणी। जन राघव अगतिन गति देणी॥**

उक्त संदर्भ से उपरोक्त विवरण की पुष्टि होती है। राघोदासजी घाटडे से फिर "उदई" ग्राम चले गये थे। वहीं उनका समाधि-स्थान है। राघोदास जी के पश्चात् उनकी परम्परा में महात्मा कुञ्जदासजी सिद्ध पुरुष हुये। करोली नरेश उनमें अत्यन्त श्रद्धा रखते थे। करोली में महाराज कुञ्जदासजी का स्थान आज भी 'कुञ्ज' के नाम से प्रसिद्ध है। कुञ्जदासजी के पश्चात् राघोदासजी की परम्परा का स्थान करोली में ही आ गया। 'उदई' की जमीन आदि सब अब इसी स्थान के अधीन है। वर्तमान में, राघोदासजी की परम्परा का यही स्थान है। महाराज करोली ने एक ग्राम भी कुंजदासजी महाराज को समर्पित किया था, जो राजस्थान के एकीकरण होने से पहिले तक 'कुंज' के महन्तजी के अधिकार में था।

महाराज राघोदासजी अच्छे सुशिक्षित व कवि-गुणों से विभूषित थे—यह उनकी रचना से स्पष्ट है। उन्होंने महाराज प्रह्लाददासजी की प्रेरणा से प्रेरित हो "भक्तमाल" की रचना की थी, जैसा कि टीकाकार चत्रदासजी व्यक्त करते हैं:—

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

*मनहर* अग्र गुरु नाभाजू कुं आज्ञा दिन्ही कृपा करि,
प्रथम ही साषी छपै कीन्ही भक्तमाल है।
तैसे ध्रु प्रह्लादजु विचार कही राघो जु सौं,
करौ सन्त-आवली सु वात यौं रसाल है।
लई मान करी जान घरे आन भक्त सब,
निर्गुण सगुण षट-दरशन विशाल है।
साषी छप्पै मनहर इन्दव अरेल चौपे,
निसानी सवईया छंद जान यौं हंसाल है॥

राघोदासजी ने भक्तमाल की समाप्ति पर कालज्ञापक दोहा भी लिखा है—

*दोहा* सम्वत् सत्रहै सै सत्रहोतरा, शुक्ल पक्ष शनिवार।
तिथि तृतिया अषाढ़ की, राघो कियो उचार॥

सत्रह सै सत्रोहतरे से १७७७ तो स्पष्ट प्रतीत होता है। पुरोहित हरिनारायणजी ने 'सुन्दर ग्रन्थावली' की भूमिका में सत्रह सो सत्रोहतरे को १७७० माना है। मेरी समझ से १७१७ ही अधिक उपयुक्त है, क्योंकि भक्तमाल में प्रशिष्यों तक का ही उल्लेख है। १७७० सम्वत् यदि भक्तमाल की रचना का हो, तो तब तक तो प्रशिष्यों के भो प्रशिष्य हो गये थे। भक्तमाल का रचनाकाल अट्ठारहवीं सदी का प्रथम चरण ही संगतिपरक है।

राघोदासजी ने भक्तमाल से भिन्न वाणी तथा लघु ग्रन्थों की भी रचना की है। उनकी वाणी में साषी, अरिल तथा पद भाग हैं। पद अंगों में १६३७ साषियें हैं। अरिल के १७ अंग हैं, तीन सौ सत्तर अरिल हैं। राग २६ में १७६ पद हैं। लघु ग्रन्थावली में, १ हरिश्चन्द्र सत, २ ध्रुव चरित्र, ३ गुरु-शिष्य सम्वाद, ४ गुरुदत्त रामरज, ५ पन्द्रहा तिथि विचार, ६ सप्तवार, ७ भक्ति जोग, ८ चिन्तामणि ज्ञान निषेध है। १३ अंग कवित्तों के हैं, जिनमें करीब सवा-सौ कवित्त हैं।

भक्तमाल से भिन्न रचनाओं के कुछ उद्धरण नीचे दिये जाते हैं, जिनसे राघोदासजी के रचनाकार के रूप का और भी विशद परिचय प्राप्त होगा :—

## वाणी अंग साषी भाग

साध महिमा अंग

**गगन गिरासी विमल चित, अजर जरावण हार।**
**जन राघो वे सन्त जन, छन्द मुक्ति संसार॥४॥**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पारस रूपी पादुका, चम्बक रूपी बैन।
राघो मुनि मृतक जिये, भागे मिथ्या दैन ॥५॥
मृतक लौचें (?) मुनि भजै, देव करें आराध।
जन राघो जगपति खुसी, भक्ति उजागर साध ॥६॥

अंग विरक्तताई

जे जन आसाजित भये, ता जन कौ जुग दास।
राघो जे आसा सुरत्त, ते करहिं जगत की आस ॥६॥
आसा तृष्णा जिन तजी, जे त्रिभुवन पुजि पीर।
राघो शोभित अति खरे, हरि सुमरण कंठ हीर ॥८॥
इन्द्रीजीत विज्ञान में, हृदै रह्यौ हरि पूरि।
जन राघो रुचि राम सौं, माया निकट न दूरि ॥१२॥

शब्द को अंग

वह पुदगल वह प्राण मन, वह नख नासा नैंन।
हाथ पांव पलटै नहीं, राघो पलटै बैन ॥३॥
शब्दै हुं निपजै साध, शब्द सु सेवग सीझहिं।
राघौ शब्द सु वस्तु, शब्द सु साहिब रीझहिं ॥१०॥
राघो बोलत परखिये, बोल मनुष को मोल।
इक मुख तैं मोती झर्डहिं, इक मुख सेती टोल ॥१७॥

उपदेश को अंग

धर्म बडो घर ऊपरैं, जे करि जाणै कोइ।
राघो जग में जस रहै, हरि दर कष्ट न होइ ॥ ३॥
आसा भंग अतीत की, गृह आये जे होइ।
राघो सुकृत ले गये, अकृत जाइ समोइ ॥१५॥
सत सुकृत दोऊ बडे, सत तैं बडो न कोइ।
राघो सत तप रूप है, सत तैं सब कुछ होइ ॥१८॥
भौ जल सिन्धु अगाध है, बूडत अदत अकाज।
राघौ धन धर्मात्मा, बान्धी धर्म की पाज ॥२०॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## राघोदासजी की वांणी

### कलजुगी को अंग

अरिल कलजुग कठिन कठोर न कसकै पाप सौं।
सुत शैतान्यां करैं अवश मां बाप सौं॥
चेला गुरु सु गुप्त दुरावैं दांम रे।
परि हाँ! राघौ छांडी रीति मिलैं क्यौं राम रे॥ १॥
कलि अपने बल जीति राज अपनो थप्यो।
तिन सौं वैर प्रसिद्ध राम जिन जिन जप्यौ॥
हरिजन हरि की ओट सबल कै आस रे।
परि हाँ! राघो कलि के रोर न आवै पास रे॥ ४॥
कलि केवल हरि नाम रटत रोजी मिलै।
विघ्न दोष दुख द्रुमति होत विग्रह टलै॥
और जुगनि मधि जोग जाप जप तप सरे।
परि हाँ! राघो कलि मधि राम जपत नर निसतरैं॥ ६॥
पाखंड प्रपंच झूठ कपट कलि मैं घनो।
अदेख्यो अहंकार वहौत कहां लग गिनौं॥
परनिन्दा परद्रोह छिद्र पर नित तकै।
परि हाँ! राघो राम विसारि अधम आनहि वकै॥१०॥

### चितावणी को अंग

कोडीधज वाजार वैठते वांणियें।
दुनियादार सराफ जगत मैं जाँणिये॥
हीरा मोती लाल मुहर थैली भरी।
परि हाँ! राघो नाँवैं काम काल वरियाँ तुरी॥ ३॥
कर कछु नेकी नीति बदी बेराह तजि।
परवरदिगार खुदाइ प्रेम परिपूर भजि॥
करि लै खूवी खैर दुनी है पेखनाँ।
परि हाँ! राघौ दोजख भिश्त यहाँ ही देखना॥१२॥
राम विना सब धन्ध अन्ध कछु चेत रे।
तन मन धन सर्वस्व अर्प हरि हेत रे॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

आंन धर्म दिन चारि इरंड कौ मौरनो।
परि हाँ ! राघो किती बुनियाद वांन कौ दौरनो ॥१६॥
यह चहल पहल दिन चारि दुनी को चिलक है।
कनक कामनी रूप कांम की किलक है॥
जन राघो रुचि राग कुरंग उर सर सह्यौ।
परि हाँ ! एसै जग को अग्नि अज्ञानी नर दह्यौ ॥२६॥

न्यायमार्गी अङ्ग

हिन्दू के हद वेद रहै मर्याद मैं।
खंडै न खोटो खाय वस्त नहिं वाद मैं॥
तज असार गहि सार रांम रस पीजिये।
परि हाँ ! राघो जुक्ति विचारि जोग जिग कीजिये ॥४॥
मुसलमान मुस्ताक सरै कै हक चलै।
हाथ न छुवै हराम रहै उजले पलै॥
हक हलाल टुक खुर्दनी जिकर फिकर विसियार।
परि हाँ ! राघो खडा रहीम दर बन्दा है हुशियार ॥५॥

ज्ञान उपदेश को अङ्ग

जैसी संगति करै तिसे फल आखिर पावै।
कहत सयाने साध साषि पुनि आगम गावै॥
जांण पडही मति जगत मैं जाग भागि जिन व्है सतौ।
परि हाँ ! राघो रही रुचि रांम सूं रैण दिवस धरि द्रढ़ मतौ ॥५॥
ग्यानी गुण की रास निर्गुण सौं व्है रहे।
गहै शील सन्तोष कांम क्रोधहि दहे॥
खिझै न रीझै चाह चित्र को पेखणौ।
परि हाँ ! राघो हर्ष न शोक तमासौ देखणौ ॥११॥

धर्म कसौटी को अङ्ग

थलक खूब दिन दोइ सुनो सब लोइ रे।
तन धन अपना नांहि विछोहा होइ रे॥
सत करि सुणवे जोग यहै इतिहास रे।
परि हाँ ! राघो वित उनमान वांटियो गास रे ॥७॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नर तन पाइ उपाइ यहै गुरु बूझिये।
तजि भूतागति भर्म धर्म कछु कीजिये॥
सुजस रहै संसार अगम आदर घणौ।
परि हाँ ! राघौ करैं निहाल इष्ट भज आपणौ ॥५॥
विमुख जान जिन देहु अतिथि गृह वार थे।
टूक गास घटि खाउ स्वकीय अहार थे॥
सत मैं सुं सत बांटि सत्य हरि राखि है।
परि हाँ ! जन राघो धर्मराइ धर्म की साषि है ॥१२॥

पद - राग-रामगिरी

त्राहि त्राहि त्राहि नाथ हाथ गहो दास कौ।
भीर परैं धीर धरो टेकूं विरद तास कौ ॥टेक॥
काम क्रोध लोभ मोह गर्जत बजाये लौह,
भूलि गयो ग्यांन ध्यांन मारैं डर तास कौ ॥१॥
त्रिगुण त्रिदोष भर्म प्रेरिकै करावे कर्म,
काल यौं पसारे गाल करनहार नाश कौ ॥२॥
राघौ यौं पुकारे राम याही डर आठों जाम,
पारैं सो न मारैं हौं तौ पारचौ तेरे गास कौ ॥३॥

राग—टोडी

सकल शिरोमणि नांव जरी।
ज्यौं घसि लावैं त्यौ सुख पावें, घट ही मांहे रहत परी ॥टेक॥
ज्यां सेती मृतक मुख बोल, अमृत गुणां भरी॥
भाखत चिन्त रहे नहिं कबहूँ, आतम होत हरी ॥१॥
पांचो तत्त तीनों गुण तांतू, महौकम गांठ परी॥
खोले सोई सपूत शिरोमणि, पावत बस्त खरी ॥२॥
बैठि इकान्त प्राण जध राखै, निस-दिन साचि धरी॥
राघौ कहै लहैं सोई गुरगमि, सुक्षम सुलभ खरी ॥३॥

राग—आसावरी

हरि परदेश हूँ काहे देऊँ पाती, कोई न मिलै एसा सजन संगाती ॥टेक॥
हा ! हा ! करि करि हौं हरि हारी, कोई न कहै मोहे वात तुम्हारी ॥१॥
आरति अजक बहुत उर मेरे, अहोनिस निस चात्रक ज्यूं टेरे ॥२॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मो उर करंक काठ ज्यूं वीभ्है, का जाणौं हरि का विधि रीभ्है ॥३॥
जन राघो विरहनी विललावे, थाकी रसना रांम कब आवै ॥४॥

राग-नट नारायण

अब तौ आई बनी जिय मेरे !
चित चकचाल काल के डर तैं, कर्म दसौं दिस फेरे ॥टेक॥
त्रिगुणधार पार परमेश्वर, चौथे गुण थैं नेरे ॥
दीनानाथ हाथ दै अबकै, करुणा करि करि टेरे ॥१॥
भयो भैकंप स जौनी सुनि कै, दइया न्याव नवैरे ॥
दाँवणगीर दर्द नहिं समझे, लगे ही रहतु है कैरे ॥२॥
परिहरि पाप परमारथ कर लै, जो कछु हाथि है तेरे ॥
विन जगदीश जक्त मधि जोख्यौ, जैहै जम कै डेरे ॥३॥
तीनों लोक सकल जल थल मधि, बंधे जीव मैं मेरे ॥
राघोदास राम अघमोचन, रट ज्यौं तोहि निवैरे ॥४॥

राग-सारंग

ऐसो राम गरीबनिवाज है !
भक्तवत्सल सरणाई समरथ, सारण जन कै काज है ॥टेक॥
आदि अन्त मधि अखंड अहोनिशि, अनन्त लोक जा कौ राज है।
सुर नर असुर नाग पशु पंछी, देत सबनि जल नाज है ॥१॥
रिधि सिधि भक्ति मुक्ति कौ दाता, पूर्णब्रह्म जहाज है।
निर्बल को बल निर्धन को धन, वहत विरद की लाज है ॥२॥
कर्त्ता पुरुष अनातम आतम, सन्तन मध्य समाज है।
राघौ तन मन करि नौछावर, मिलन महातम आज है ॥३॥

राग मलार

मौज महाप्रभु तेरी हो !
खानांजाद इन्द्र से अधिपति, अष्ट सिधि नव निधि चेरी हो ॥टेक॥
तीन लोक ब्रह्मांड पचीसौं, एक शब्द सर्व साजे।
सुर नर नाग पुरुष मुनिपतनि, रचि रचि रूप निवाजे ॥१॥
सूरति अनन्त सुभाव सुरति अति, शब्द भेद बहु वांणी।
मूर्ख चतुर निर्धन धनवन्त किये, करता पुरुष विनांणी ॥२॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चतुरासि लषि सिरजि चराचर, रिजक सबनि कौ मेलै ।
व्यापक ब्रह्म सकल जल थल मधि, जीव सीव संग खेलै ॥३॥
विधि शंकर सनकादिक नारद, भक्त पारषद संगी ।
त्रिगुण रहित अथकाल कला अति, तारणतिरण त्रिभंगी ॥४॥
चार वेद चहुं जुग जस गावत, पावत पार न कोई ।
राघौदास सुमरि निसवासर, यौं विन मुक्ति न होई ॥५॥

राग-मारू

वचन वसे हिरदै गुरु कै ।
परा परी वायक उन्नायक, कहे हुते धुर कै ॥टेक॥
षट्दल चतुर अष्ट दश द्वादश, षोडस उभै मुहुर कै ।
ग्यांन ध्यांन उनमान आपणै, हरि हरि कहत निधरकै ॥१॥
अमृत भई अचानक अन्तर, अघ मेटे उर के ।
सोई अब साषि राषि मन मांहीं, दास भये वा घर के ॥२॥
राम रमापति सुमर रैण दिन, भ्रम भंजन भव तर के ।
राघौ हाथ गहे उन हित करि, भाग उदै भये नर के ॥३॥

राग-सोरठि

हरि अब अवधि पूगी आव !
काम निकल नहीं तुम विन, राखि बूडत नाव ॥टेक॥
महा विपति विदेश सांई, रहत चिन्ता ताव रे ।
मो अनाथ अतीतनी पर, करो राम पसाव ॥१॥
तरस मेटो आइ मेटौ, विरहनी ऋतु दाव ।
पीव पावन जीव कीजे, परौं तेरे पाव ॥२॥
पपीहरा ज्यौं प्राण टेरे, अखंड एकै लाव ।
दास राघौ करै विनती, सुनि विश्वंभर राव ॥३॥

हरीश्चन्द्र सत

मनहर  विश्वामित्र चले जब हरिश्चन्द्र वेचन को,
अजक अयोध्यापुरी नावं द्रष्टि देखनौ ।
राह मधि राहो कीन्हौ काल व्है कसौटी दई,
अमित अगाध दुख नावै लिखि लेखनौ ॥

| | मूल प० | टीका प० | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| श्री दादू के शिष्यों का वर्णन | ३६१-३६२ | | १८३ |
| गरीबदास, मसकीन, दवाई, (दो) सुन्दरदास, रज्जब, दयालदास, (चार) मोहन । | | | |
| गरीबदासजी का वर्णन | ३६३-३७० | | १८३-१८५ |
| सुन्दरदासजी (बड़ा) का वर्णन | ३७१-३७७ | | १८६-१८७ |
| रज्जबजी का वर्णन | ३७८-३८७ | | १८७-१८६ |
| मोहनदास मेवाड़ा का वर्णन | ३८८-३६० | | १८६ |
| जगजीवनदास का वर्णन | ३६१-३६३ | | १६० |
| बाबा बनवारीदासजी का वर्णन | ३६४-३६६ | | १६१ |
| चतुरभुजजी का वर्णन | ३६७-४०० | | १६२-१६३ |
| प्रागदास विहाणी का वर्णन | ४०१-४०२ | | १६३ |
| जयमलजी (दोनों) का समुदाई वर्णन | ४०३ | | १६३ |
| चौहान जैमलजी का वर्णन | ४०४-४०५ | | १६४ |
| कछवा जैमलजी का वर्णन | ४०६-४०८ | | १६४-१६५ |
| जनगोपालजी का वर्णन | ४०६-४११ | | १६५-१६६ |
| वखनाजी का वर्णन | ४१२-४१४ | | १६६ |
| जग्गाजी का वर्णन | ४१५-४१६ | | १६७ |
| जगन्नाथजी का वर्णन | ४१७-४१८ | | १६७ |
| सुन्दरदासजी बूसर का वर्णन | ४१६-४२७ | | १६८-२०० |
| सुन्दरदासजी बूसर की टीका | | ५४८-५५१ | २००-२०१ |
| वाजिन्द जी का वर्णन | ४२८ | | २०१ |
| दादूजी के सेवकों का वर्णन | | | (परिशिष्ट पद्यांक १०६४) |
| बाइयों का वर्णन | | | ( ,, ,, १०६५) |
| दादूजी के शिष्यों के भजन स्थानों का वर्णन | | | (परिशिष्ट में १०६८-से ११०३) |
| **निरंजनी पंथ वर्णन** | | | |
| निरंजन पंथ नामावली | ४२६ ४३० | | २०२ |
| जगन्नाथजी लपट्या की टीका | | ५५२ | २०२ |
| आनन्ददासजी का वर्णन | ४३१-४३२ | | २०३ |
| श्यामदासजी का वर्णन | ४३३ | | २०३ |


Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

| | मूल प० | टीका प० | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| कान्हड़दासजी का वर्णन | ४३४ | | २०३ |
| पूरणदासजी का मूल | ४३५ | | २०३ |
| हरिदासजी का वर्णन | ४३६ | | २०४ |
| तुलसीदासजी का वर्णन | ४३७ | | २०४ |
| मोहनदासजी का वर्णन | ४३८ | | २०५ |
| रामदासजी ध्यानदासजी का वर्णन | ४३९ | | २०५ |
| खेमदासजी का वर्णन | ४४० | | २०५ |
| नाथ जू का वर्णन | ४४१ | | २०५ |
| जगजीवनजी का वर्णन | ४४२ | | २०५ |
| सोभावती का वर्णन | ४४३ | | २०६ |
| निरंजन पंथ के महन्तों के स्थान | ४४४ | | २०६ |
| चतुर्थ पंथ भक्त वर्णन समाप्त। | | | |
| **पुनः समुदाई भक्त वर्णन** | | | |
| माधो कांणी का वर्णन | ४४५ | | २०६ |
| | (परिशिष्ट में पद्यांक ११२४) | | |
| ततवेताजी का वर्णन | ४४६ | | २०६ |
| दामोदरदास का वर्णन | ४४७ | | २०७ |
| जगन्नाथजी का वर्णन | ४४८ | | २०७ |
| मलूकदासजी का वर्णन | ४४९ | | २०७ |
| मानदास आदि का समुदाई वर्णन | ४५० | | २०७ |
| चारण हरिभक्तों का समुदाई वर्णन | ४५१ | | २०८ |
| करमानंद की टीका | | ५५३ | २०८ |
| कौल्ह अल्लूजी की टीका | | ५५४-५५८ | २०८ |
| नारायणदासजी की टीका | | ५५९ | २०९ |
| पृथ्वीराज का वर्णन | ४५२ | | २०९ |
| पृथ्वीराज की टीका | | ५६०-५६२ | २०९ |
| द्वारिकापति का वर्णन | ४५३ | | २१० |
| द्वारिकापति की टीका | | ५६३ | २१० |
| रतनावती का वर्णन | ४५४ | | २१० |
| रतनावती की टीका | | ५६४-५८० | २११-२१३ |


Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

| | मूल प० | टीका प० | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| मथुरादासजी का वर्णन | ४५५ | | २१३ |
| मथुरादासजी की टीका | | ५८१-५८२ | २१३ |
| नारायणदासजी का वर्णन | ४५५ | | २१४ |
| नारायणदासजी की टीका | | ५८३-५८४ | २१४ |
| छीतस्यांम का समुदाई वर्णन | ४५६ | | २१४ |
| रामरेन आदि का समुदाई वर्णन | ४५७ | | २१४ |
| विदुर वैष्णव की टीका | | ५८५ | २१५ |
| परमानन्द आदि के नाम, स्थान वर्णन | ४५८ | | २१५ |
| कान्हदास का वर्णन | ४५९ | | २१५ |
| भगवानदासजी का वर्णन | ४६० | | २१५ |
| भगवानदासजी की टीका | | ५८६-५८७ | २१६ |
| जसवंत का वर्णन | ४६१ | | २१६ |
| महाजन और हरिदास का वर्णन | ४६२ | | २१६ |
| महाजन और हरिदास की टीका | | ५८८-५८९ | २१६ |
| विष्णुदासजी गोपालदासजी का वर्णन | ४६३ | | २१७ |
| विष्णुदासजी गोपालदासजी की टीका | | ५९०-५९३ | २१७ |
| करमेती बाई का वर्णन | ४६४ | | २१८ |
| करमेती बाई की टीका | | ५९४-६०१ | २१८ |
| खडगसेन का वर्णन | ४६५ | | २१९ |
| खडगसेन की टीका | | ६०२ | २१९ |
| गंग ग्वाल का वर्णन | ४६६ | | २२० |
| गंग ग्वाल की टीका | | ६०३ | २२० |
| लालदास का वर्णन | ४६७ | | २२० |
| माधो ग्वाल का वर्णन | ४६८ | | २२० |
| प्रेमनिधि का वर्णन | ४६९ | | २२१ |
| प्रेमनिधि की टीका | | ६०४-६०९ | २२१ |
| समुदाई वर्णन | ४७० | | २२२ |
| भट्ट आदि के नाम स्थान का वर्णन | ४७१ | | २२२ |
| बाई भक्तों के नाम वर्णन | ४७२ | | २२२ |


Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

| | मूल प० | टीका प० | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| कान्हड़दास का वर्णन | ४७३ | | २२२ |
| केवलरामजी का वर्णन | ४७४ | | २२२ |
| केवलरामजी की टीका | | ६१० | २२३ |
| हरिवंशजी का वर्णन | ४७५ | | २२३ |
| कल्याणजी का वर्णन | ४७६ | | २२३ |
| श्रीरंग ग्रादि का समुदाई वर्णन | ४७७ | | २२४ |
| राजा हरिदासजी का वर्णन | ४७८ | | २२४ |
| राजा हरिदासजी की टीका | | ६११-६१७ | २२४-२२५ |
| कृष्णदासजी का वर्णन | ४७९ | | २२५ |
| कृष्णदासजी की टीका | | ६१८ | २२६ |
| नारांइनदासजी का वर्णन | ४८० | | २२६ |
| नारांइनदासजी की टीका | | ६१९-६२० | २२६ |
| भगवानदासजी का वर्णन | ४८१ | | २२६ |
| भगवानदासजी की टीका | | ६२१ | २२७ |
| नारांइनदास का वर्णन | ४८२ | | २२७ |
| जगतसिंह (मघवानंद) का वर्णन | ४८३ | | २२७ |
| जगतसिंह (मघवानंद) की टीका | | ६२२ | २२७ |
| दीपकंवरी की टीका | | ६२३ | २२७ |
| गिरधर ग्वाल का वर्णन | ४८४ | | २२८ |
| गिरधर ग्वाल की टीका | | ६२४ | २२८ |
| गोपालबाई का वर्णन | ४८५ | | २२८ |
| रामदासजी का वर्णन | ४८६ | | २२८ |
| रामदासजी की टीका | | ६२५-६२६ | २२९ |
| रामरायजी का वर्णन | ४८७ | | २२९ |
| भगवन्तजी का वर्णन | ४८८ | | २२९ |
| भगवन्तजी की टीका | | ६२७-६३० | २२९ |
| मृगबाला ग्रादि का समुदाई वर्णन | ४८९ | | २३० |
| बलजी का वर्णन | (परिशिष्ट में पद्यांक १२४९) | | |
| रामनाम जप की महिमा के उदाहरण | ४९०-४९१ | | २३० |


Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

| | मूल प० टीका प० | पृष्ठ |
|---|---|---|
| खरहंत का वर्णन | (परिशिष्ट पद्यांक १२५१-२) | |
| लालमती की कथा | ४९२ | २३१ |
| कृष्ण पंडित का वर्णन | ४९३ | २३१ |
| उत्तर के द्वादस भक्तों का वर्णन | ४९४ | २३१ |
| राघवानन्द का समुदाई वर्णन | ४९५ | २३२ |
| विश्वासी भक्तों के नाम | ४९६ | २३२ |
| अखै भक्त की कथा | ४९७ | २३२ |
| परमानन्द साह का वर्णन | ४९८ | २३२ |
| बलिदाऊ की कथा | ४९९ | २३३ |
| कान्हाजी का वर्णन | ५०० | २३३ |
| दादूजी पौत्र-शिष्य-नामावली | ५०१ | २३३ |
| फकीरदासजी का वर्णन (मसकीनदास के शिष्य) | ५०२ | २३३ |
| केवलदास (गरीबदास के शिष्य) | ५०३-५०४ | २३४ |
| रज्जबजी के शिष्य | ५०५ | २३४ |
| **गोविन्ददास, खेमदास, हरिदास, छीतर, जगन, दामोदर, केसो, कल्याण, (दो) बनवारी ।** | | |
| खेमदास (रज्जब शिष्य) | ५०६ | २३५ |
| प्रहलाददास वर्णन | ५०७-५०८ | २३५ |
| चैन चतुर का वर्णन | ५०९-५१० | २३५ |
| नारायनदास का वर्णन | ५११ | २३६ |
| चतुरदास का वर्णन (मोहनदास के) | ५१२ | २३६ |
| मोहनदास के शिष्य | ५१३ | २३६ |
| **गोविन्दनिवास, हरिप्रताप, तुलसीदास** | | |
| दामोदरदास का वर्णन (जगजीवन के शिष्य) | ५१४ | २३७ |
| नारायनदास का वर्णन (घडसी के शिष्य) | ५१५ | २३७ |
| गोविन्ददासजी का वर्णन | ५१६ | २३७ |
| परमानन्द का वर्णन (बनवारीदास के शिष्य) | ५१७-५१८ | २३८ |
| विहाणी प्रागदास शिष्य वर्णन | ५१९ | २३८ |
| बलराम का वर्णन | ५२० | २३८ |


Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

| | मूल प० | टीका प० | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| वेणीदास का वर्णन (माखू के शिष्य) | ५२१ | | २३८ |
| बूसर सुन्दरदास के शिष्य | ५२२ | | २३९ |
| दयालदास, श्यामदास, दामोदरदास, निरमल, निराइनदास । | | | |
| नारांइनदास (सुन्दर के शिष्य) | ५२३ | | २३९ |
| बालकराम | ५२४ | | २३९ |
| चतुरदास, भीखदास | ५२५ | | २४० |
| दासजी नाती | ५२६ | | २४० |
| नृसिंहदास अमर | ५२७ | | २४० |
| हरिदासजी | ५२८ | | २४० |
| (हापोजी, प्रहलादजी के शिष्य राघोदास के गुरु) | | | २४० |
| प्रहलादजो के शिष्यों का वर्णन | ५२९ | | २४० |
| (राघोदास के बाबा व काका गुरु) | | | |
| हापाजी के शिष्य | ५३०-५३१ | | २४१ |
| (राघोजी के गुरु भ्राताओं का वर्णन) | | | |
| भक्तवत्सल को उदाहरण | ५३२-५३८ | | २४१-२४३ |
| (भगवान की भक्तवत्सलता भक्तों पर) | | | |
| उपसंहार | ५३९-५५५ | | २४३-२४६ |
| टीका का उपसंहार | | ६३१-६३६ | २४६-२४८ |
| प्रति लेखन पुष्टिकरण | | | २४८ |
| परिशिष्ट नं० १ (परिवर्द्धित संस्करण का अतिरिक्त पाठ) | | | २४९-२७४ |
| परिशिष्ट नं० २ (दादूपन्थी सम्प्रदाय की प्राचीन व संक्षिप्त भक्तमाल) दादूजी शिष्य जगाजी रचित, पद्य ६९ | | | २७५-२७९ |
| परिशिष्ट नं० ३ (चैनजी रचित भक्तमाल; पद्य ९१) | | | २८०-२८६ |



Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राघवदासजी द्वारा

## ग्रन्थ-समर्पण

मगन महोदधि है भरयौ, जन पूजत डरपै।
वह गंभीर गहरौ भरयौ, यह तुछ जल अरपै।
रती यक किरची कंचन की, ले मेरहि परसै।
देखत निजर न ठाहरै, कंचनमय दरसै।
जैसे सुरतर कौं धजा, रचि पचि अरपै नंक नर।
त्यूं रघवा इत पूजिक है, उत हरिजन त्रिय-ताप-हर॥

---

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

# राघवदास कृत भक्तमाल

## चतुरदास कृत टीका सहित

### टीका-कर्त्ता को मंगलाचरण

*साख (दोहा)* गुर गनेस जन सारदा, हरि कवि सबहिन पूजि।
भक्तमाल टीका करूं[1], मेटहु दिल की दूजि ॥

इंदव छंद
पैल निरंजन देव प्रणांमहि, दूसर दादुदयाल मनांऊं।
सुन्दर कौं सिर ऊपरि धारि रु, नेह निरांइणदास लगांऊं।
रांम दया करिहैं सुख संपति, मैं सु संतोष जु सिष्य कहांऊं।
राघवदास दयागुर आइस, इंदव छंद सटीक बनांऊं ॥१

### टीका : सरूप-वर्णन

कावि बनावत आनंददाइक, जो सुनिहैं सु खुसी मन मांहीं।
माधुरता अति अक्षर जोड़न, आइ सुनैं सु घने हरखांहीं।
जोड़ सराहत जे अपने[2] कवि, ताहिं सबै कहि सो कछु नांहों।
ह्वै उर भाव र ग्यांन भगत्तन, राघव मो[3] तन टीक करांहीं ॥२

### भक्ति-सरूप वर्णन

भावत भगति तियां अब संतनि, तास सरूप सुनौं नर लोई।
नांव सुनीर नवन्य नहावन, वेस विवेक बन्यौ बप वोई।
भूषन भाव चुरा चित चेतन, सौंध संतोष सु अंग समोई।
अंजन आनंद पांन[4] सचौपन, सेज सदा सतसंगति सोई ॥३

### भक्ति पंच रस-वर्णन

पांच भगत्य कहे रस संतन, सो बिसतार भलीं बिधि गाये।
१बाछलि २दास्य ३सखापन ४सांत रु और ५सिंगार सरूप दिखाये।
टिप्पण[5] को उर स्वाद लहौ जब, बैठि बिचार करौ मन भाये।
रोम उठै न बहै द्रिग तैं जल, अैंसिनु प्रेम समुद्र बुड़ाये ॥४

---

**१. करौं। २. अपनी। ३. सो। ४. आनन्दयान। ५. टप्पण।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

फूल भये रस पंचम रगन, थाकद्र[1] यह दाम बनाई।
राघव मालनि लै करि सांम्हनि, सुन्दर देखि हरि मन भाई।
डारि लई गरि प्रीति घणी करि, काढ़त नांहि न[2] अैंन सुहाई।
भार भयो बहु भक्तन की छबि, जानत हैं इन पांइन आई ॥५

### सतसंग-प्रभाव

पौधि भगत्य बिघंन सबाकर, भोत बिचार सु बारि लगाई।
साध समागिम पाइ वहै जल, प्रौढ भयौ अति डार वधाई।
थांवल संत रिदौ बिसतीरन, जीव जिये दुख ताप नसाई।
छेरनि को डर जाहि हुतौ बहु, ज्यौरि बढ्यौ मतगैंद झुलाई ॥६

### राघवदासजी को वर्णन

संत सरूप जथारथ गाइउ, कीन्ह कवित्त मनूं यह हीरा।
साध अपार कहे गुन ग्रंथन, थोरहु आंकन में सुख सीरा।
संत सभा सुनिहै मन लाइ र, हंस पिवै पय छाड़ि र नीरा।
राघवदास रसाल बिसाल सु, संत सबै चलि आवत कीरा ॥७

### श्री भक्तमाल-सरूप-वर्णन

दीरघदास पढै निसवासुर, पाप हरै जग जाप करावै।
जानि हरी सनमांन करै जन, प्रीत धरै जग रीति मिटावै।
कौंन अराधि सकै उन भक्तन, ठीक न ठाक मनों भय आवै।
माल गरै तिलकादिक भाल सु, माल भगत्त बिनां रुलि जावै ॥८
संत हरी गुर सौं जन सौं मुख, टेक गही वह भक्त सही है।
रूप भगत्य सुनौं चित लाइ र, नांव लये द्रिग धार बही है।
भक्तन प्रीति बिचार तवै हरि, झूठि उठांवन कृष्ण कही है।
लै गुर की गुरताइ दिखावत, श्री पयहारि निहारि मही है ॥९

---

**१. थाकन्दे गूथा। २. ताहि न।**

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

## मूल : मंगलाचरण-वर्णन

दोहा छंद
नमो परम गुर सुद्ध कर, तिमर अग्यांन मिटाइ।
आदि अजन्मां पुरुष कौं, किंहि विधि नर दरसाइ ॥१
नरपद सुरपद इंद्रपद, पुनि हि मोक्षपद मूर।
सदगुर सो द्रिब द्रिष्टि द्यौ, अन्तर भासै नूर ॥२
(अब) कहत परमगुरु प्रष्ण[1] ह्वै, दयौ परमधन दाखि।
भक्त भक्ति भगवंत गुर, राघव अै उर राखि ॥३
प्रथम प्रणम्य गुर-पादुका, सब संतन सिर नाइ।
इष्ट अटल परमातमां, परमेसुर कृत गाइ ॥४
बिष्णु बिरंचि सिव सेस जपि, जती सती सिद्धिसैण।
बाणी गणपति कविन कौं, चवैं चतुर विग-बैंण ॥५
अब अरज भक्त भगवंत सौं, गरज करौ गम होइ।
हरि गुर हरि के आदि भृति, जन राघव सुमरै सोंइ ॥६
व्यापिक ब्रह्मण्ड पच्चीस मधि, सुरग मृति पाताल।
भक्तन हित प्रभु प्रगट ह्वै, राघव राम दयाल ॥७
सत त्रेता द्वापर कलू, ये अनादि जुग च्यारि।
राघव जे रत रांम सूं, संत महंत उर धारि ॥८
भक्त भक्ति भगवंत गुर, अै मम मस्तक मौर।
राघव इनसौं बिमुख ह्वै, तिनकूं कतहु न ठौर ॥९
भक्त भक्ति भगवंत गुर, ये उर मधि उपवासि।
राघव रीझै रांमजी, जांहि बिघन-क्रम नासि ॥१०
भक्त बड़े भगवंत सम, हरि हरिजन नहीं भेद।
अरस परस जन जगत गुर, राघव बरणत बेद ॥११
हरि गुर आज्ञा पाइकैं, उद्यम कीनों ऐह।
जन राघौ रांमहि रुचै, संतन कौ जस प्रेह ॥१२
भक्तमाल भगवंत कौं, प्यारी लगे प्रतक्ष।
राघव सो रटि राति दिन, गुरन बताई लक्ष ॥१३

---

१. प्रसन्न।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

समद समाइ न पेट में, को सिर धरै सुमेर।
अैसो बकता कौन है, अनुक्रम बरणैं लेर ॥१४
गुर दादू गुर परमगुर, सिष पोता परजंत।
आगैं पीछै बरनतैं, मति कोई दूषौ संत ॥१५
हूं कछू समझत हूं नहीं, महल मिसली की बात।
जगतपिता सम जपत हूँ, हरि हरिजन गुरु तात ॥१६

छपै छंद　गुर उर मधि उपगार करत, कछू तथा न राषी।
अब[1] लक्षन अब कृपा[2] सकल, भिन भिन करि भाषी।
रती एक रज (मो) आपि, काच तै कंचन कीनौं।
जत सत ज्ञांन बिबेक, धर्म धीरज दत दीन्हौं।
श्री गुर धुर तारण-तिरण, हरण बिघन त्रिय ताप सुव।
(अब) राघव के रक्षपाल तुम, बिकट बेर मधि बाप जुव ॥१

नीसाणी छपै　दिनकर कौ जो दीवो, जिती ले जोति दिखावै।
सिसि कौं सीरक सींक भरे, सनमुख सिर नावै।
बाणी गणपति कौं ज, गुणी ह्वै[3] अक्षर चढावै।
भजन भक्ति जग जोग कृत सिव सेस मनावै।
श्रोत्र बृति सनकादिक, मुनि नारद ज्यूं गावै।
राघव रीति बड़ेन की, का पै बनि आवै ॥२
मगन महोदधि है भर्‌यौ, जन पूजत डरपै।
वह[4] गंभीर गहरौ भर्‌यौ, यह तुछ जल अरपै।
रती यक किरची कंचन की, ले मेरहि परसै।
देखत निजर न ठाहरै, कंचनमय दरसै।
जैसे सुरतर कौं धजा, रचि पचि अरपै नैंक नर।
त्यं रघवा इत पूजिक है, उत हरिजन त्रिय ताप हर ॥३
गुर गौबिंद प्रणांम करि, तबहि गम तौकौं होइ है।
च्यार्‌यौं जुग के संत, मगन माला[5] ज्यौं पोइ है।
नग रूपी निज संत, पोइ प्रगट करि बांणी।
गगन मगन गलतांन, हेरि हिरदा मधि आंणी।

---

१. अब। २. कृपा। ३. ह्वै। ४. वहै। ५. माया।

Jain Educationa International　For Personal and Private Use Only　www.jainelibrary.org

मंगल रूपी मांड महि, हरि हरिजन तारन तिरन।
भृत्य करत विरदावली, जन राघव भरिण भव दुख हरन ॥४
नमो नमो कवि ईस, भये जेते सत त्रेता।
द्वापर कलिजुग आदि, तिरन तारन ततबेता।
नमो स्रुति समृति, नमौ सास्त्र पुरांनन।
नमो सकल बकताब, नमो जे सुनत सुकांनन।
मैं गम बिन ग्रंथ आरंभियो, कविजन करिहैं हासि।
अब सिलहारे कौं को गिनै, जन राघव ताकै[1] रासि ॥५
ॐ चतुर निगम षट सास्त्रह,गीता अरु बिसिष्ट बोधय।
बालमीक कृत व्यास कृत, जपैं जो करहि निरोधय।
प्रथम आदि नवनाथ, भरगहु चतुरासी सिधय।
सहस अठ्यासी रिष, सुमरि पुनरपि कवि बिधिय।
सिध साधिक सुरनर असुर, अब मुनि सकल महंत।
अब अब अरज अवधारिज्यौ, जन राघवदास कहंत ॥६

मनहर छंद
अंगीकार आप अविनासी जाकौं करत है,
सोई अति जांन परवीन परसिधि है।
सोई अति चेतन चतुर चहुं चक्र मधि,
बांरणीं को बिनांरणी बिस्तार जैसैं दधि है।
जोई अति कोमल कुलीन है कृतज्ञ बिज्ञ,
रिद्धि सिद्धि भगति मुगती जाकैं मध्य है।
राघौ कहै रांमजी के भाव सौं भगत भरिण,
बात तेरी जैहै बरणी बांरणी तेरी बृधि है ॥७
मया दया करिहैं देवादिदेव दीनबंधु,
तब कछु ह्वै है बुधि बांरणी की बिमलता।
जैसी शसि कातिग में श्रवता अमि असंखि,
निखरि कै होत नीकी नीर की नृमलता।
रजनी कौ तिमर तनक मधि दूरि होत,
दीसै बित बस्त भाव दीपक ह्वै जलता।

१. जिनकैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राघौ कहै जाकी बांणी सुणि गुणि होत सुधि,
नीति के बिचारे बिन धर्म नांहीं पलता ॥८

*कुंडलीया छंद* मया दया करि मांन दे, अंत्रजांमी आप।
सोई कबि कोबिद सिरै, जपै अजपाजाप।
जपे अजपाजाप, पाप-त्रिय-ताप न व्यापै।
आसा जीत अतीत, भजन सूं कबहुं न धापैं।
त्रिपति ज्ञांन विज्ञांन सूं, श्रव नख-सख धुनि होई।
जन राघौ रटि सोई रांम जन, यों भक्तमाल उर पोई ॥९

अब राघव नमो निरंजन, मेटहु अंग अंधेर कौं।
नमो विष्णु-विधि सिवहि, सेस सनकादिक नारद।
नमो पारषद भक्त, नमो गणपति गुण शारद।
स्वांभू मनु कासिव, दक्ष दधीचहि बन्दन।
क्रदम अथरवा धर्म, करन सो क्रम निकंदन।
नमो सुराधिपति सूर ससि, नमो सुबरण कुबेर कौं।
अब राघव नमो निरंजन, मेटहु अंग अंधेर कौं ॥१०

*मनहर छंद* नमो नमो नमो निराकार करतार जपि,
विष्णु विरंचि सिव सेस सीस नाई हूँ।
द्वादस भक्त नमो दस षट पारषद,
नमो नव नाथ जु चौरासी सिध गाइ हूँ।
देव सर्व रिष सर्व निरखी नक्षत्र श्रव,
जती षट सती सप्त बीस हूं मनाई हूँ।
तत्व कौंन वीस त्रयलोक मध्य जे प्रसिधि,
रघवा रटत प्रतक्ष कब पाई हूँ ॥११

नमो बिस्वभरन बिसंभर बिधाता दाता,
विष्णु जु बैकुण्ठनाथ मेरौ बल तेरौ है।
लक्ष्मी चरणसेव बाहण गरुड़देव,
आयुध चकर कर तीनों लोक डेरौ है।
द्वादस भक्त संग दस षट पारषद,
भगतबछल बृद भीर परे नेरौ है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राघौ कहै सबद सपरस रूप गंध,
दूरि कीजे दीनबंधु ये तौ दोष मेरौ है ॥१२
नमो बिधि बिबधि प्रकार के रचनहार,
आदि ततवेता तुम तात त्रिहूँ लोक के।
जप गुर तप गुर जोग जज्ञ व्रत गुर,
आगम निगम पति जांण सब थोक के।
नर पुजि सुर पुजि नागहूँ असुर पुजि,
परम पवित्र परिहारि सर्व सोक के।
ऊपजे कवल मधि नाभि करतार की सूं,
राघो कहै मांनियो महोला मम थोक के ॥१३
अरक अहार सिणगार भसमी को भर,
असो हर निडर निसंक भोला चक्कवै।
पूरक पवन प्राण-वायु को निरोध करै,
जपति अजपा हरि रहे थिर थक्कवै।
गौरी अरधंग संग कीयो है अनंग भंग,
कालहू सूं जीत्यो जंग पूरा जोगी पक्कवै।
राघौ कहे जगै न[1] जगतपति सेती ध्यांन,
अडिग अडोल अति लागी पूरी जक्कवै ॥१४
आदि अनभूत तू अलेख हैं अद्वीत गुन,
नमो निराकार करतार भनै सेस है।
हारे न हजार मुख रांम कहै राति दिन,
धारें धर सीस जगदीशजी के पेस है।
दुगण हजार हरि नांव निति नवतम,
रटत अखंड व्रत भगत नरेस है।
राघो कहै फनिपति असौ अन्य न अति,
केवल भजन बिन आंनन प्रवेश है ॥१५

छपै छंद चतुरबीस अवतार जो, जन राघो के उर बसौ ॥टे०
कछ मछ बाराह, नमो नरस्यंघ बांवन बलि।
रघुवर फरसाधरन, सुजस पिवत्र[2] कृष्ण कलि।

१. छुट नहीं। २. पित्र।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**व्यास कलंकी बुद्ध मनुंतर, पृथु हरि हंसा।**
**हयग्रीव जज्ञ रिषभ धनुन्तर, ध्रुव बरदंसा।**
**दत्त कपिल सनकादि मुनि, नर नारांइन सुमरि सो।**
**चतुरबीस अवतार जो, जन राघो कै उर बसौ ॥१६**

टीका

इंदव छंद
कूरम ह्वै गिर मन्दर धारि, मथ्यौ सब देव दयन्त समुद्रा।
मींन भये सतिबर्त सु अंजलि, लै परलै दिषराइहु क्षुद्रा।
सूकर काढ़ि[1] मही जल मांहि रु, मारि ह्निनाक्षस थापि र दुद्रा।
सिंघ सरूप प्रलाद उधारन, द्वैत हिरणांकुस फारन उद्रा ॥१०
बावन रूप छले बलिराजन, इन्द्रहि राज दियो इकतारा।
मात पिता दुखदाइक जो, प्रसरांम खित्री न रख्यौ जग सारा।
रांम भये दसरत्थ तणै वर, रांवन कुंभकरन्न बिडारा।
कृष्ण जरासुव कंस हने मुरि, साल्वहि मारि भगत्त उधारा ॥११
बुद्ध छुड़ाइ जज्ञादिक जीवन, जैंन दया ध्रम कौं बिसतारा।
रूप कलंकि जबै धरिहैं हरि, भूप करैं अपराध अपारा।
ब्यास पुरांनन वेद सुधारन भारत आदि बिदांत उचारा।
दोहि धरा अब बांटि दई रिधि, गांव पुरादिक प्रिथु सुधारा ॥१२
ग्राह गह्यौ गज कूं जल भींतरि, रांम कह्यौ हरि बेग उधारयौ।
हंस सरूप धरयौ अज कारनि, प्रष्ण करी सुत हेत बिचारयौ।
रूप मनुंतर धारि चवद्दह, इंद्र सुरेसहु कारिज सारयौ।
जज्ञ भये मनु राखन मंजुल, आदि र अंति जगें बिस्तारयौ ॥१३
ब्रह्महि ज्ञांन दिखांइ सबै जग, देव रिषम्भ सरीर जरायो।
बेद हरे मधुकैटक दांनव, सों हयग्रीव हन्यौ श्रुति ल्यायो।
बालक आरन भक्ति करी अति, धू बर दे हरि राज करायो।
रोग र भोग भरयौ दुख सूँ जग, होइ धनुंतर बैद स आयो ॥१४
आतमग्यांन उदित्त कियो जिन, सो बद्रिनाथ या खंड[2] के स्वांमी।
ज्ञान कह्यौ गुर को जदुराजहि, आनंद में दत अंतरजांमी।

---

**१. काढ़ि। २. या पाखंड।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मात मुकति करी उपदेसि र, सांखि सुनाइ कपिल्ल सो नांमी।
च्यारि सरूप धरे सनकादिक, ऐक दिसा इकही लछि प्रांमी ॥१५
जो अवतार सबै सुखदाइक, जीव उधारन कौं क्रम कीला।
तास सरूप लगै मन आपन, जासहि पाइ परै मति ढीला।
ध्यान करे सब प्रापति है निति, रंकन ज्यौं वित ल्यांवन हीला।
च्यारि रु बीस करौ बकसीस, सुदेवन ईस कही यह लीला ॥१६

मूल छपै

**अवतारन के अंघ्रि द्वै, इते चहन नित प्रति बसै ॥ टे०**
**ध्वजा संख षटकौंण, जंबु फल चक्र पदम जव।**
**बज्र अम्बर अंकुश, धेन पद धनुष सुबासव।**
**सुधा-कुम्भ सुस्त्यक, मंछ बिंदु तृय कौंणा।**
**अरध-चन्द्र अठ-कौंण, पुरष उरध-रेखा होणां।**
**राघव साध सधारणा, चरनन मैं अतिसै लसै।**
**अवतारन के अंघ्रि द्वै, इते[1] चिहंनि निति प्रति बसै ॥१७**

टीका

इंदव छंद साध सहाइन कारन पाइंन, रांम चिहंन्न सदाहि बसाये।
मंन मतंग स हाथि न आवत, अंकुस यौं उर ध्यांन कराये।
सीत सतावत है जड़ता नर, अम्बर ध्यांन धरे मिटि जाये।
फोरन पाप पहारन बज्रहि, भक्ति समुद्र कवल्ल बुडाये ॥१८
जौ जग मैं जन देत बहौ गुन, जो चित सौं निति प्रीति लगावै।
होत सभीत कुचाल कलू करि, ध्यांन धुजा निरभै पद पावै।
गो-पद ह्वै भव-सागर नागर, नैंन लगे हरि त्रास मिटावै।
माइक जाल कुचाल अकालन, संख सहाइ करै मन लावै ॥१९
कांम निसाचर मारन चक्रहि, स्वस्तियक मंगलचार निमत्ता।
च्यारि फलैं करि है निति प्रापति, जंबु फलैं धरि है सुभ चित्ता।
कुम्भ सुधा हरिभक्ति भरयौ रस, पांन करै पुट नैंननि नित्ता[2]।
भक्ति बढ़ांवन ताप घटांवन, चन्द्र धरयौ अछ जांनि सु बित्ता ॥२०

---

१. ह्वै। २. निमित्ता।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सांप बिषै बपु मांहि रहे बसि, साध डसै न उपाइ करे हैं।
अष्टउ कौंण त्रिकौंण पुनैं षट, जीव जिवावन जंत्र खरे हैं।
मींन रु बिन्दु बसीक्रन यौ पद, रांम धरे जन प्रांन हरे हैं।
सागर पार उतारन कौं जन, ऊरध-रेख सु-सेत धरे हैं ।।२१

इन्द्र-धनुष धर्‍यौ पद मैं हरि, रांवन आदिक मांन निवार्‍यौ।
मांनुष रूप बसेष सुनौ पद, सुन्दर स्यांम जु हेत बिचार्‍यौ।
जो मन शुद्ध करै सुभ क्रमन, या जन ज्यौं रखि हौं सु उचार्‍यौ।
जो बुधिवंत सदा सुख सम्पति, मैं गुन गाइ यहै पन पार्‍यौ ।।२२

मूल-छपै

**कवला कपिल बिरंच, सेस सिव श्रब सुखकारी।**
**भगि भीषम प्रहलाद, सुमरि सनकादिक च्यारी।**
**व्यास जनक नारद मुनी, धरम परम निरनैं कीयो।**
**अजामेल कौं मारतैं, जमदूतन कौं दंड दीयो।**
**द्वादश भक्तन की कथा, श्री सुकमुनि प्रीक्षत सूं कही।**
**जन राघो सुनि रुचि बढी, नृप की बुधि निश्चल भई ॥१८**

*मनहर छंद*

**मीन बरा कमठ नृस्यंघ बलि बांवन जू,**
**छल करि आय देवकाज कौं सवारे हैं।**
**रांम रघुबीर कृष्ण बुध कलंकी धीर व्यास,**
**पृथु हरि हंस खीर नीर निखारे हैं।**
**मनुंत्र जग्य रिषभ धनुंत्र हयग्रीव,**
**बद्रीपति दत्त जद गुर-ज्ञांनतैं उवारे हैं।**
**ध्रुव बरदांन सनकादि: कपिल ज्ञांन,**
**जन राघो भगवांन भक्तकाज रखवारे हैं ॥१६**

**केते नर नारद नैं नांव सूं नृमल कीये,**
**दक्ष-सुत लीन भये बीन सुर सुनि कैं।**
**नरपति उलटि पलटि देखौ नारि भयो,**
**तहां रिष श्राप भयो भूरि भागि[1] उनि कैं।**
**असुर की नारि सुर साहि वंदि तैं छुड़ाइ,**
**तहां प्रहलादजी प्रगट भये मुनि कैं।**

१. भांगि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राघौ धनि ध्रू से देखो अटल अकास तपे,
नारद निराट नग नांव देत चुनि कैं ॥२०

आदि अंति मध्य बड़े द्वाद भक्त रत तहां,
सत्य स्वांभू-मनु अखंड अजपा जपै।
जाके सुत उभये उद्यौत ससि सूर सम,
नाती ध्रूव अटल अकास अजहूँ तपै।
दिव्य तन, दिव्य मन, दिव्य दृष्टि, दिव्य पन,
अन्य भगत भ[ग]वंतजी ही कौं थपै।
राघो पायो अजर अमर पद छाड़ी हद,
अरस परस अबिनासी संग सो दिपै ॥२१

सनका संनदन सनातन संत कुमार,
करत तुम्हार त्रियलोक मधि ज्ञांन कौं।
बालक बिराजमान सोभैं सनकादिक अैसै,
प्रात मुख सेस कथा सुनत नित्यांन कौं।
मन बच क्रम मधि बासुर बसेख करि,
धारत बिचार सार स्यंभूजी के ध्यांन कौं।
राघो सुनि साझ काल बिष्णुजी के बैन बाल,
रहै छक छहूं स्रुति श्रुति बृति पांन कौं ॥२२

नमो रिष क्रदम देहूति जननी कूं ढोक,
तारिक तृलोक जिन जायो है कपिल मुनि।
कांम जि क्रोध जित लोभ जि मोह जित,
तपोधन जोग बित माता उपदेसी उनि।
सील कौ कलपवृक्ष हरत विषै की तप,
ब्रह्म की मूरति आप अंतरि अखंड धुनि।
राघो उनमत प्रमंतत मिलि येक भये,
तावत उत्म कृत कीन्हे यौं मुनिंद्र पुनि ॥२३

भगतन हित भागवत बित कृत कीन्हौं,
ब्यासजी बसेख खीर नीर निरवारयौ है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

ब्यास प्रति सुक मुनि आदि अंति पढि गुनी,
　　प्रथम सुनाइ नृप प्रीक्षत उधारयौ है।
सूत कौं सकंद बार दयो बर ताही बार,
　　श्रोता सौनकादि सो सदैव पन पारयौ है।
राघो कहै सार है संघार करै पापन कौ,
　　आपन कौं उत्यम सुने तें फल च्यारयौं[1] है ॥२४

गगन मगन महा गंगेव गंगासौं भयो,
　　देखि सुत सांतन प्रवीन परवारयौ है।
धींवर की कन्या मांगि जिगत प्रणायो जिन,
　　प्रथम प्रमार्थो पिता कै काज आयौ है।
ब्याह तज्यौ, बल तज्यौ, राज तज्यौ, रोस तज्यौ,
　　धनि धनि जननी गंगेव जिनि जायौ है।
राघो कहै सील कौ सुमेर है गंगेव गुर,
　　काछ-बाछ निःकलंक मोक्ष पद पायौ है ॥२५

धनि धरमराइ कह्यौ आय मत मूरख सौं,
　　मारेंगें कपूत मम दूत संधि तोरिकैं।
मन बच क्रम कछु धर्म करि धीरज सूं,
　　रांम रांम रांम गुन गाइ सुंति डोरिकै।
कांम क्रोध लोभ मोह मारिकैं[2] निसंक होह,
　　साहिब सौं सांनकूल राखि चित चौरिकै।
राघो कहै रवि-सुत मेटियो कर्म-जुत,
　　रांमजी मिलावो वरदाता बंदि छोरिकै ॥२६

तनके दिवांन तिहूं लोक के वाकानवीस,
　　चित्ररगुपतर नमो कागदी करतार के।
बीनती करत हूं बिलग जिनि मांनौ मेरौ,
　　छेक यो अध्रमक्रम आंक अहंकार के।
लिखियो अरज असतूति अति बार बार,
　　बाइक बनाई कहौ प्रभुजी सूं प्यार के।

१. उचारयौं हैं। २. मोरि कै।

Jain Educationa International　For Personal and Private Use Only　www.jainelibrary.org

**राघो कहै अंतिकाल कीजियो मदति हाल,**
**बांचियो अंकूर अति उत्म लिलार के ॥२७**
**नमो लक्ष लक्षमी पलोटे प्रभुजी के पग,**
**राति दिन येक टग भक्तन की आदि है।**
**रहै डर सहत कहत नमो नमो देव,**
**अलख अभेव तब देत ताकौं दादि है।**
**जत बिन; सत बिन, दया बिन, दत्त बिन,**
**जीवन जनम जगदीस बिन बादि है।**
**राघो कहै रांमजी के निकटि रहत निति,**
**आदि माया ऊँकार सहज समाधि है ॥२८**

### सिव जू की टीका

इंदव छंद
द्वादस भक्त कथा सु पुरांनन, है सुखदैंन बिबिद्धिन गायें।
संकर बात घने नहि जांनत, सो सुनि कैं उर भाव समाये।
सीत बियोगि फिरै बन रांम, सती सिव कौं इम बैंन सुनांयें।
ईसुर येह करौं इन पारिख, पालत अंग वसेहि बनाये ।।२२
सीय सरूप बना इन फेरउ, रांम निहारि नहीं मनि आई।
आइ कही सिव सूं जिम की तिम, आंच लगी खिजिकैं समझाई।
रूप धरयौ मम स्वांमिन कौ सठि, त्याग करयौ तन सोच न माई।
भाव भरे सिव ग्रंथ धरे जन, बात सु प्यारनि रीझि क गाई ।।२३
जात चले मग देखि उभै धर, सीस नवावत भक्ति पियारी।
पूछत गोरि प्रंनांम कियो किस, दीसत कोउ न येह उचारी।
बीति हजार गये ब्रखहु दस, भक्त भयो इक होत तयारी[१]।
भाव भयौ परभाव सुन्यौ जन, पारबती लगि यो रग भारी ।।२४

### अजामेल को टीका

मात पिता सुत नाम धरयौं, अजामेल स साच भयो तजि नारी।
पांन करै मद दूरि भई सुधि, गारि दयो तन वाहि निहारी।
हासिन मैं पठये जन दुष्टन, आइ रहे सुभ पौरि सवारी।
संत रिझाइ लये करि सेवन, नांम नरांइन बालक पारी ।।२५

---

**१. बयारी=रखि पण मैं मंढी मैं अस्त्री राखी। पीछै ब्राह्मण भयो। वन मैं गयो। फूला मैं वेस्यां मेली।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

आइ गयो जब काल महाबल, मोह जंजाल परयौ जम आये।
नांम नरांइन पुत्र लयो उरि, आरतिवत स बैंन सुनाये।
देव सुन्यौ सुर दौरि परे, जमदूतन कूं हरि धर्म्म बताये।
हारि गये तब ताड़ि दये, भ्रम नैं भट आपन हूं समझाये ॥२६

मूल-छपै

**राघो रांम मिलांवहि, अंतिकालि परमारथी ॥**
**नन्द सुनन्द सुप्रबल बल, कुमुद कुमुदाइक भारी।**
**चंड प्रचंड जै बिजै, बिराजै भलैं सु द्वारी।**
**बिष्वकसेन सुसेन, सील सुसील सुनीता।**
**भद्र सुभद्र गुणज्ञ, गाइये प्रम[1] पुनीता।**
**येते षोड़स पारषद, भक्त भजन के सारथी।**
**राघव रांम मिलांवही, अंतकालि परमारथी ॥२६**

टीका

इंदव छन्द
सोरह पारषदै मुखि जांनहु, सेवक भाव सु ये रिधि जोरी।
श्रीपति कूं करि है निति प्रीनन, ध्यांन धरै जन पारत[2] कोरी।
आप दिवाइ बनाइ कही हरि, आइस पांन अमी जिम घोरी।
दोष सुभाव गह्यौ उर अन्तर, रीति भली सुधरी बुध बोरी ॥२७

मूल-छपै

**बिष्णु बल्लभ की चरण रज, निस दिन प्रारथना करूं ॥**
**लक्ष्मी बिहंग सुनन्द, आदि षोडष रुचि हरि पग।**
**सुग्रीव हनुमांन जांबवत, बिभीषन स्यौरी खग।**
**सुदांमा बिद्र आक्रूर[3], ध्रूव अंबरीष सु ऊधौ।**
**चित्रकेत चंद्रहास ग्रह, गज कीयो सूधौ।**
**द्रुपद-सुता कौं खार वैं, राघव सब कौ उर धरूं।**
**बिष्णु बल्लभ की चरण रज, निस दिन प्रारथनां करूं ॥३०**

टीका-हनुमांन जू की

इंदव छंद
सागर सार उधार किये नग, माल बिभीषन भेट करी है।
सो वह ले करि ईस निसाचर, आइ सियाबर पाइ[4] धरी है।

---

१. प्रेम। २. पालत। ३. अक्रूर। ४. आग।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चाहि सभा मनि देखि हनूं गरि, डारि दई चित चौंकि परी है।
रांम बिना मनि फोरि दिखावत, काटि तुचा यह नांम हरी है ॥२८

## बिभीषन जू को टीका

इंदव छंद
भक्ति बिभीषन कौंन कहै जन, जाइ कहीस सुनौं चित लाई।
चालत ज्याझि अटक्कि परी, बिचि मानुष येक दयोल बहाई।
जाइ लग्यौ तटि राक्षस गोदन, ले करि दौरि गये जित राई।
देखि र कूदि परचौ सु ठरचौ जल, आजहि रांम मिले मनु भाई ॥२९
ता छिन रीझि दई बहु दैंतन, आसन पैं पधराइ निहारै।
आनन अंबुज चाहि प्रफुल्लत, आप खड़ौ[1] कर दंड सहारै।
होत प्रसन्न न मांहि डरै अति, धाम रहौ मम राइ उचारै।
पार करौ सुख सार यही बड़, दे रतनांदिक सिंध उतारै ॥३०
नांम लिख्यौ सिर रांम सिरोमनि, पार करै सति-भाव उचारै[2]।
ठौर वही नर रूप भयो फिर, ज्याज हु आइ गई सु किनारै।
जानि लयो वह पूछत है सब, बात कही यन लेहु बिचारै।
कूदि परचौ जल देखि कुबुद्धिन, जाइ चल्यौ हरि नाम उधारै ॥३१

## सवरी जू को टीका

आरनि मैं सवरी भजि है हरि, संतन सेव करचौ निति चावै।
जांनि तिया तन नूंन किया कुल, या हित तैं किन हूं न लखावै।
रैंनि रहै तुछ माग वुहारत, आश्रम मैं लकरी धरि जावै।
गोपि रहै रिष जांनत नांहि न, प्रात उठै सब आश्चर्ज पावै ॥३२
मातंग ईंधन बोझ निहारत, चोर यहां जन कौंन सु आयो।
चोरत है निति दीसत नांहि न, येक दिनां पकरौ मन भायौ।
चौकस रैंनि करी सब सिष्यन, आवत ही पकरी सिर नायौ।
देखत ही द्रिग नीर चल्यौ रिष, बैंनन सूँ कछू जात कहायो ॥३३
नैंन मिले न गिनै तन छोत न, सोच न सोत परी न निकारै।
भक्ति प्रभाव भलै रिष जांनत, कोटिक ब्राह्मन या परिवारै।
राखि लई रिष आश्रम मैं उन, क्रोध भरे सब पांति निवारै।
आवत रांम करौ तुम द्रसन-मैं प्रलोकउ जात सवारै ॥३४

---

१. पड़ौ। २. उवारै।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

दीरघ सोग बियोग भयौ गुर, रांम मिलाप सरीरहि राखै।
घाट बुहारत न्हांवन को निति[1], बेर लगी रिष आवत पाखै।
लागि गयौ तन क्रौध करयौ बहु, न्हांन गयो सिवरी पग नाखै।
रक्त भयो जल मांहि लटै लट, गौतम सोच भयौ सब भाखै ।।३५

ल्यावत बेर वसेर लगी हरि, चाखि धरै फल रांमहि मीठे।
मारग नैंन बिछाइ रहै रघुराई चले कब आइसि ईंठे।
देखत भाग घणे दिन बीतत, दूरि गये दुख आवत दीठे।
नूंन सरीरहि जांनि छिपि किहि, बूझत आपन स्यौंरि कईं ठे ।।३६

बूझत बूझत आइ रहे जित, रांम सनेह भरे तित स्यौंरीं।
आश्रम मैं तब जांनि लये हरि, अंग नवावत लावत त्यौरी।
आप उठाइ मिले भरि अंकन, नैंन ढरै जल प्रेम पग्यौ री।
बेरन खाइ सराहत भोजन, और कहूं न सवादि लग्यौ री ।।३७

सोच करै रिष आश्रम मैं सब, नीर बिगार सह्यौ नहि जावै।
आवत राम सुने बन मारग, जाइ बसै उन भेद सुनावै।
आज बिराज रहे सिवरी-गृह, मांन मरयौ सुनिकै दुख पावैं।
जांइ परे पग तोइ करौ सुछ, पाव गहौ भिलनी सुध भावैं ।।३८

जटायु को टीका

रांवन सीतहि जात हरें खग, राज सुन्यौ सुर दौरत आयौ।
राड़ि करी तन वारि हरी परी, प्रांन रखें प्रभु देखन भायो।
आइ र गोद लयो द्रिग नीरन, सींचत बात कही रजरायो।
मांन करयौ दसरत्थ समां जल-दांन दयो पुनि धांम पठायो ।।३९

और कौ गोद धरैं अखियां जु भरैं, हरि छांह करैं मुख धोइ निहारैं।
पूंछत पक्ष न लक्ष न हैं छत, वा इक चुंगल चौंच सुधारैं।
मोचत आंसुन सोचत रांम, सह्यौ दुख मो-हित गीध बिचारैं।
आपन हाथन श्रीरघुनांथ, जटायु की धूरि जटांन सु झारैं ।।४०

मूल

*राघो जू कौ*  **ऐसें जगदीस जन कारनें जरायौ मुनि,**
*मनहर*  **ईश्रज बढायौ उनि आय अंबरीष को।**

---

१. निसि।

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

**कोप्यौ मुनि काल-रूप बरत न छाड़ै भूप,**
**कष्ट सह्यौ तन निज धारयौ भ्रम ईष कौ।**
**जन परि कोपत[भु]जुलाह ल चिराक्यौ चक्र,**
**आंनि कै परयौ है बक्र आगि उद भीष कौ।**
**राघो दुरबासा दुख पायो अति क्रोध करि,**
**फेरयो तिहूं लोक हरि मांन मारयौ तीष कौ ॥३९**

टीका

इंदव छंद
कौंन करै अमरीष बरोबरि, भक्त इसौ उर और न आसा।
संतन पैं कछु सीख सुनी नहि, खैंचि चलात जटा दुरबासा।
काल-सरूप उपाइ लई, पठई जन पैं वह धीर हुलासा।
चक्र रिषाइ र राख करि रिष, भीर परी डरिकैं अब न्हासा ॥४१
जावत लोकन लोकन मैं मम, जारत चक्र सहाइ करौ जू।
संकर वै अज इंद्र कहै यम, बांनि बुरी उर बेद धरौ जू।
जाइ परयौ परमेसुर पाई, कहै अकुलाइ सु ताप हरौ जू।
भक्त अधीन मनूं गुन तीनन, भक्त-बछल्ल बिड़द्द खरौ जू ॥४२
संतन कौ अपराध करौ तुम, जात सह्यौ किम भौ अति प्यारे।
बांम धनादिक त्याग करै सुत, मोहि भजै दिन राति बिचारे।
साच कहौं उन साधु बिनां रिष, औरन सौं दुख जाइ न टारे।
बेगहि जा अमरीष कनै मम, भक्त दयाल करै जु सुखारे ॥४३
होइ निरास चल्यो नृप पास, उदास भयौ पग जाइ गहे हैं।
भूप लजात करै सनमांनहु, चक्र[1] दिसा ढरि बैंन कहे हैं।
भक्त न चाहत और पदारथ, ब्राह्मन राखहुं कष्ट सहे हैं।
ब्याकुल देखि सहाइक संतन, आइ गई मनि तेज रहे हैं ॥४४
भूप-सुता अमरीष सुने जन, चाव भयो उनहीं बर कीजै।
मात पिता न कही दिल लासिक, पत्ति कीयो उर को लिखी दीजै।
कागद ब्राह्मन दै पठ्यो कर, लैं नृप बांचिति याहि न धीजै।
जाइ कहै उन जोइ घनी वत, बोल सुहाइंन भक्ति भनीजै ॥४५

१. चत्र।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

भूप-सुताहि कहै दुज नाटत, पौंन समांन गयो अर आयो।
फेरि पठावत जांनत पैलहि, भक्त बड़ौ बिषिया न लुभायो।
जाइ कह्यौ मन भक्ति रिझावत, मांनि लयो पति और न भायो।
मोहि न आदरि है मन बाचक, प्रांन तजौं कहि कैं समझायो ।।४६

ब्राह्मन जाइ कह्यो सुनि ब्याकुल, खग्ग दयो नृप फेर फिरावो।
ब्याहु भयो न उछाह समावत, देखि छिबी अमरीक सुभावो।
नौतम मंदिर जाइ उतारहु, चाहि जिको वह हीन वड़ावो।
पूरब भक्ति हुती हमरं तुछ, या करि भाव बध्यौ र मिलावौ ।।४७

सेस निसापति मंदिर मैं लुकि, मांजत पातर दैंत वुहारी।
लेपन धोवन दीपक जोवन, प्रेम सनेह लग्यौ अति भारी।
भूपति देखि निमेख न लागत, कौंन चुरावत सेव हमारी।
तीन दिनां मधि जांनि कही उन, जो मनि मूरति ल्यौ सिर धारी ।।४८

मांनि लई मनु मंत्र दयो यह, भोर भये सिर सेवन ल्याई।
बस्तर औ पहराइ अभूषन, देखि रहै द्रिग नीर बहाई।
राग र भोग करै अतिभांवन, भक्ति बधी पुर मैं सब छाई।
भूपति कांनि परी चलि आवत, देखन कौं बुधि हूं अकुलाई ।।४९

पाव धरैं हरवैं हरवैं कब, देखत मैं उन भाग भरी कौं।
चालि गये अलि ठीक नहां कछू, गाइ रही द्रिग लाइ झरी कौं।
बीन बजावत लाल रिझावत, त्यूं अति-भावत धन्य घरी कौं।
दूरी रह्यौ नहिं जात गयो ढ़िग, देखि उठी गुर-राज हरी कौं ।।५०

बीन बजाइ र गाइ वही बिधि, कांन परैं सुनि ह्वै मन राजी।
भीजि रही सु कही नहि आवत, चित्त चुभ्यौ मधुरै सुर बाजी।
फेरि अलापि र तांन उचारत, ध्यान मई मति लै हरि साजी।
भूपति प्रेम मगन्न रह्यौ निसि, भौर भई सब और कहाजी ।।५१

बात सुनी तिय और न ब्याकुल, कौन समां उन भूपति मोह्यो।
आपन हूं निति सेव करैं पति, मत्ति हरै बिरथा तन खोयो।
भूप सुनी मन मांहि खुसी अति, चौंप लगी पुर धांमनि जोयो।
चाव बढ़ै दिन-ही-दिन नौतम, भाव तिया गुन यौं सुख होयो ।।५२

Jain Educationa International　　For Personal and Private Use Only　　www.jainelibrary.org

ध्रूवजी का मूल

ध्रूव की जननी धुव सूंज कहै, सुत रांम बिनां नर-नारि न वोपैं।
रोज तजौ हरि नाम भजौ, खल की बृति त्यागि कहा अब कोपैं।
धुव के मन मैं बन की उपनी अब, ज्ञांनी सोई जो अज्ञांन कौ लोपैं।
राघो मिले रिष नारद से गुर, बोल बढ्यो हरि आंवैंगे तोपैं ॥३२

सुदामाजी का मूल

*मनहर छंद :* पतनी प्रमोधत है पति कौं बिपति मधि,
कंत जिन लेहु अन्त कह्यौ मेरौ कीजिये।
आपां हैं नृबल निरधार निरधन अति,
झौंपरा पैं नांहीं फूसभ मनमैं भीजिये।
कहत सुदांमां सुनि बावरी उघारै अंग,
मो पैं कछू नांहीं भेट कैसैंक मिलीजये।
राघो रौरि चावल कवल-नैंन काजै कन,
लूघरे की बांधी गांठि जाहु दिज दीजिये ।।३३
चले हैं सुदांमां दिज द्रुबल दुवारिका कौं,
जाके छुये बेर कोऊ खात नैं खलक मैं।
आगैं भेटे कृष्णजी कृपाल करुणा-निधांन,
लेकै भरि मूठी आप आरोगे हलक मैं।
सदन सुदांमां कै जु अष्ट-सिधि नव-निधि,
इंद्र हु कुबेर सम कीयो है पलक मैं।
राघो गयो उलटिउ सास लेत बारूं-बार,
देखि दुख भूलो मणि-माया की झलक मैं ।।३४

सुदामाजी की टीका

*इंदव छंद* आपन धांम कनंक-मई लखि, मांनत कृष्ण पुरी चलि आई।
नीकरि लैंन गईं तिरिया तिहि, मांहि चलौ तब मित्र बनाई।
ध्यांन वहै हरि माधुरता तन, दे हरखै नव प्रीत बधाई।
चाह नहीं उर भोगन की वहै, चाल चलै तन कौं निरबाई ।।५३

बिदुरजी की टीका

न्हावत अंग पखारि बिदुतिय, कृष्ण जु आइर बोल सुनायो।
प्रेम भयो मद पीवत लाज न, दौरि वही बिधि द्वार चितायो।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नांखि दयो पट पीत लयो करि, आइ गयी सुधि बेस वनायो।
बैठि खंवावत केरन छीलक, आइ खिज्यौ पति यौं दुख पायो ।।५४
आप लग्यौ फलसार खवावन, चैंन भयौ तिय कौं समझाई।
कृष्ण कहै यह स्वाद लगै मम, प्रेम मिल्यौ वह हौं सरसाई।
नारि कही जरि जाहु यहैं कर, छयौंत खवाइ महा पछिताई।
हेत बखांनि करचौ उन दंपति, जांनत सो हरि भक्ति कराई ।।५५

## चंदरहास को टीका

भूपति कै सुत चंदरहास जु, खोसि लियो पुर औरस ल्याई।
धृष्टि वुधी घरि आप रहै सुत, बालन मैं निति केलि कराई।
बिप्रन कौ सम दाइ भयौ जित, जाइ कुमारन धूंम मचाई।
बोलि उठे दिज ह्वै कवर बर, बालन यौं सुनि लाज न माई ।।५६
सोच परचौ अति येह बिचारत, होइ इसौ पति मोर सुता कौ।
प्रांन बिनां करिये उर मैं यह, नीच वुलाइ लये सउ ताको।
आरनि चालि गये छबि देखि र, जो निजरौ हम सोचिहु ताकौ।
मारत हैं अब कौंन सहाइक, बाहन मैं कर नैंन जु ताकौ ।।५७
मांनि लई यक गोल कपोलन, काटिरु[1] सेव करी अति नीकी।
होइ गयो हरि रूप ततत्पर, जोरि लये कर वाहि कही की।
आइ दया मुर्छाइ परे धर, भक्ति भई क्रम दाट न पीकी।
काटि लई छटई अगुरी उन, जाइ दई दुखदाइक जी की ।।५८
देस रहै लघु भूप सबै सुख, पुत्र बिनां दुख पावत भारी।
आरनि आइर देखत बालक, छांह करै खग सी रखवारी।
दौरि उठाइ लयो सु गयो पुर, मांनत मोद घणी श्रियवारी।
होत घणे दिन जांनि लयो मन, राज दयो इन भक्ति पियारी ।।५९
देसपती कछु भूप न पावत, फौज दई र दिवांन पठायो।
आंनि मिल्यौ वह जांनि लयो उन, मारन कौं इक फैंम उपायो।
कागद हाथि दयो सुत दीजिये, बात करौ वह मोहि खनायो।
पासि गयो पुर बाग बिराज र, सेव करी फिर सैंन करायो ।।६०

---

१. काठिरु।

साथि सहेलिन आवत बागहि, होइ जुदी छबि देखित रीझी।
कागद पाघ लयो झुकि बांचत, देन लिख्यौ बिष तातहि खीजी।
नाम हुतौ बिषया द्रिग काजल, लैं बिषया करि कैं रस-भीजी।
आंनि मिली फिर आलिन मैं मद, लालन ध्यांन गई गृह धीजी ॥६१

चंदरहास गयो पठ्यो जित, देखि मदन गलै स लगायो।
कागद हाथि दयो उन बांचत, बिप्र बुलाइ र ब्याह करायो।
रीति करी नृप जीति लिये धन, देत गयो निठि चाव न मायो।
आइ पिता सुनि मींच भई किन, बींदहि देखि घणों दुख पायो ॥६२

बैठि इकांत कही सुत बात, करी अति भ्रांत सु पत्र दिखायौ।
बांचत आपहि कौं धिरकारत, रांड सुता परि मारन भायौ।
नींच बुलाइ कही मढ़ जा करि, आवत ता नर मारि सुहायौ।
चंदरहास करौ तुम पूजन, है कुल-मात सदा चलि आयौ ॥६३

पूजन जात कहै नृप पुत्रन, मैं उन राजहि दे बन जांऊं।
ल्याव बुलाइ मदंन भलौ दिन, जाइ महूरति फेरि न पांऊं।
बेगि गयो चलि जाइ लयौ मग, देत पठाइ म सेव करांऊं।
पैठत बद्ध करचौ इन भूपति, राज दयो अब मैं न रहाऊं ॥६४

आइ कहीस मदंन मुवो मढ़, कांपि उठ्यौ र झरी द्रिग लागी।
देखि परचौ सिर पाथर फोरत, मृतु भई समझचौ न अभागी।
चंदरहास चले मढ़ पासहु, मातहि अंग चढ़ावत रागी।
मात कहै तव मैं अरि मारत, ह्वै सरजीव उठे बड़ भागी ॥६५

राज करै इम भक्त किये सब, पासि रहै तिन क्यूं र बखांनौं।
नांम उचारत धांमन धांमन, कांम न और सु सेव न मांनौं।
मोह न लोभ न कांम न क्रोध न, है मद नांहि न नैंन नसांनौं।
आदिर अंति कथा उर भावत, प्रात प्रढ़ै[1] फल जै मन जांनौं ॥६६

## समुदाई टीका

नांम कुखार अपत्ति सुमैत्रिय, राघवदास बखांन करचौ है।
कृष्ण कही मम भक्त बिदूर जु, दे उपदेसहि भाव भरचौ है।
प्रेम-धुजा चित्रकेत पुरांनन, दूसर देह पलट्टि बरचौ है।
ध्रू अकरूर बड़े पृय उधव, पत्रन पत्रन नांम धरचौ है ॥६७

---

१. पढ़ै=पुत्री।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

### कुंती की टीका

प्रीति न देखत हूं पिरथा बिन, भूत र देव बिपत्ति न मागै।
चाहत है मुख लाल हि देखन, होहु दयाल कि द्यौ बन बागै।
ब्याकुल देखि भरी प्रभु आंखिन, फेरि लये धन प्रांन सु जागै।
अंतर ध्यान भये सुनि कांनन, ता छिन हीं मछ ज्यूं तन त्यागै ॥६८

### द्रोपति की टीका

द्रोपति बात कहै दख कौंनस, खैंचत अंबर ढेर[1] भयो है।
द्वारिक बासि कह्यौ सु हुतौ ढ़िग, स्वैपुर जाइ र आइ रह्यौ है।
श्राप दिवांवन भेजि द्रुबासहि, जात युधिष्टर सीस नयौ है।
धोइ चंरी तिय आइ कही नृप, सोच भयो कत कृष्ण गयो है ॥६९
भाव वती सुनि बाकि भयो मन, कृष्ण पधारि करचौं मन कांमं।
भूख लगी कछू देहु कहै हरि, सोच हिये अन है नहि धांमं।
पूरण ह्वै जग मांहि रह्यौ पगि, नांहि छिपाइ कहै इम स्यांमं।
साकहि पात लयौ जल सूं सब, धापि तिलोक दुर्बासहु नांमं ॥७०

### मूल छप्पै

**नांरांइन तैं बिद्धि भयौ, बिध तैं स्वांभू-मनु।**
**स्वांभू-मन कै प्रेय बरत, तास कै अगनीधर गन।**
**अगनीधर कैं नाभि, जिनैं रिझयौ करतारा।**
**तास पछोपै प्रगट, रिषभदेव सु अवतारा।**
**रिषभदेव के सत सुवन, जन राघो दीरघ भरत पखि।**
**दसक्षत भुज भये नव जोगेसुर, अवर इक्यासी राज-रिष ॥३५**
**तन मन धन अपि हरि मिले, जन राघो येते राज-रिष।**
**उतांनपात पृयबरत, अंग मुचकंद प्रचेता।**
**जोगेसुर मिथलेस पृथु, प्रक्षित उधरेता।**
**हरिजस्वा हरि-बिस्व रघु, गुरण जनक सुधन्वा।**
**भागीरथ हरिचंद सगर, सति बरत सुमन्वा।**
**प्राचीन ब्रही इष्वाक रघु, रुकमांगद कुरगाधि सुचि।**
**भरथ सुरथ सुमती रिभु, अैल अमूरति रंग रुचि ॥३६**

---

१. टेर।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सतधन्वा बबस्व नघुष, उतंग भूरद बल।
जदु जजाति सरभंग पूर, दीयो जोबन बल[1]।
गै दिलीप अंबरीष मोर-धुज सिवर पंड धुव।
चंद्रहास अरुरंत, मांनधाता चकवै भुव।
संजै समीक निम भारद्वाज, बालमीक चित्रकेत दक्ष।
तन मन धन अर्पि हरि मिले, जन राघो येते राज-रिष ॥३७

आदि सक्ति ॐ नमो नमो, लक्ष उमां ब्रह्मांणी।
नमो तिपुर कन्यां सु, नमो पतिबरता रांणी।
सति रूपा देहूति, सुनीति सुमित्रा अहल्या।
कौसल्या तारा चूड़ाला, कहिये पहल्या।
सीतां कुंतां जयंती बृंदा, सत्यभांमां द्रोपती।
अदति जसोधा देवकी, अब धर्म सरिवोपती।
मंदवरि त्रिजट मंदालसा, सची अनसुया अंजनीं।
जन राघो रांमहि मिली, पतिबरता पतिरंजनीं ॥३८

मनहर छंद

ॐ कारे आदिनांथ उदैनांथ उत्पति,
ऊमांपति सिंभू सत्य तन मन जित है।
संतनांथ बिरंचि संतोषनांथ बिष्णजी,
जगंनांथ गणपति गिरा को दाता नित है।
अचल अचंभनाथ मगन मिछंद्रनांथ,
गोरख अनंत-ज्ञांन मूरति सु बित है।
राघो रक्षपाल नऊं नाथ रटि राति दिन,
जिनको अजीत अबिनासी मधि चित है ॥३९

प्रेयव्रत प्रगट पसारौ तज्यौ प्रथम ही,
बृकत बैरागी भयो मोक्ष पद कारणै।
ताकौ बिधि बिबिधि सुनायौ मत-मात्तंग ज्यूं,
लेहु सुत राज परकाज तोहि सारणै।
मन बिन जीते न मिटत्त मनसा के भोग,
ह्वै है अगै रोग सोई क्यू न अब टारणै।

---
१. दल।

येकादस अर्बद कीयो है राति दिन राज,
रांम न बिसारयौ छिन राघो ताकौवारणं ॥४०
नमो भर्थ चक्रबृती जिन कीये नवखंड,
अष्ट-खंड भ्रातन कै ऐक खंड आप कौ।
सोऊ पुनि पुत्रन कौं दे गयो नरेस देस,
गलका कै तटि जाइ कीन्हौं ब्रत बाप कौ।
निमत क्रम पाइ मंजन करत मुनि,
मृगी ग्रभ टारयौ डरि स्यंघ की अताप कौ।
राघो कहै जदपि जंजाल तजि लीन्हौं जोग,
मृग छूंनां छूंवत ही भंग भयो जाप कौ ॥४१
गौंडवारणौं देस तहां देबिका दिपत ऐक,
छठै मास मांगै बलि माणस के सीस की।
रिषसुते खेतखलै खिज भुज ताके चर,
पकरि लै आये उन पेसि कीयो ईस की।
भूप रीझ्यौ देखि रूप तुष्ट ह्वै कराई युष्ट[1],
अष्टमी कौं अर्पे मुनि जालपा नै रीस की।
राघो देवि देखि रिष नृपति कौ कीनौं नास,
अैसे मुनि मारौं[2] तौं हू चोरि जगदीस की ॥४२
देबी देखि साहिस स हंस बेर की स्तूति,
तुम्ह रिष इहां इन मूरखन आने हौ।
तुम्ह भर्थ चक्रबरती हुते चहूं चक मधि,
पुनि मृगराज भये तहां हम जांने हौ।
अब दिज देह पाइ जड़-भर्थ जोगेसुर,
जीवन मुक्ति मुनि मोक्ष पद माने हौ।
राघौ रिष ऐक रस मात भई ताकै बसि,
धनि रिष तेरौ मौंन रिझे न रिसाने हौ ॥४३
मृग मधि श्रुति रही मृग गयो मृगन मैं,
मृग मृग करत ही मृति भई मुनि की।

१. पुष्ठ। २. मोरौं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तातैं मुनि मृगी-पेट आइ कें जनम लीयो,
दस ब्रष मृग रह्यौ मांहै बृति धुनि की।
तीसरै जनम निज नेष्टीक बिप्र भयो,
देह तें निसंक नहीं संक पाप पुनि की।
राघो रघु नृपति सूं बोले मुनि मौनि तजि,
जांन्यौं जड़ भर्थ अर्थ मोक्ष भई उनि की ॥४४

जनकजी की टीका : [मूल]

मनहर छंद
करम-हरण कबि बरतमान भूत भव्य,
आये नव जोगेसुर जीवन जनक कै।
नाहरी के दूध सम नृबृती धरम धार,
छीजै न लगार राखि पातर कनक कै।
राज तजि, मोहं तजि,सुद्ध होइ हरि नांमं भजि,
कंचन ह्वै छुयें लोह पारस तनक कै।
राघो रह्यौ थकित थिराऊ धुनि ध्यांन लगि,
कीट गही मीट मारचौ भृंगी की भुंनक कै ॥४५
माया माधि मुकति बहतरि जनक भये,
चित्र के से दीप रहे धारचौ धर्म समता।
सुख-दुख रहत गहत सतसंग सार,
तजे हैं बिकार न काहू सूं मोह ममता।
असैं नग जनम जतन सेती जीति गयो,
बंदगी में बिघन न पारी कहूँ कमता।
श्रवन मनन मन बच क्रम धर्म करि,
राघो असैं राज में रिझायौ रांम रमता ॥४६

छपै
भृगु मरीच बासिष्ट, पुलस्त पुलह क्रतु अंगिरा।
अगस्त चिवन सौंनक, सहंस अठ्यासी सगरा।
गौतम ग्रग सौभरी रिचिक-सृगी समिक गुर।
बुगदालिम जमदगनि, जवलि परबत पारासुर।
बिस्वामित्र माडीफ कन्व, बांमदेव सुख ब्यास पखि।
दुरबासा अत्रे अस्ति. देवल राघो ब्रह्मरिष ॥४७

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

धरमपाल रक्षपाल, नमो द्रिगपाल बखांणौं।
नमो सूर सापुरस, नमो कबि चतुर सुजांणौं।
नमो सती सरबज्ञ, नमो धाता धर्म-धारी।
नमो इंद्रजल भोमि, नमो आत्म उपगारी।
नमो जनत जननी सक्ति, भक्ति भक्त भगवंत जै।
नमो जती जोगेसुरां, राघो दासन-दास है ॥४८

नमो सुबरण कुबेर, नमो धर्मराइ मन्वंतर।
चित्रगुप्त गणपति, नमो बाणी महामंतर।
नमो सप्तरिष अनंत रिष, नमो त्रिभवन तत-बेता।
बालखल्य रिष अष्ट, वसु नृप नवखंड जेता।
बिप्र बेद गंगा गऊ, सुमरि सकल सुक्रत सिलो।
राघो जीवन-मुक्ति मत, सब दरसन सूं मिलि चलौ ॥४९

*मनहर छंद*

नमो इंद्र नरचंद सकल सुरपति सत्य जल,
करि सींचौ थल बिपति निवारणा।
जीव की जीवनि चतुरासी लक्ष लगी तोहि,
पीव पीव टेरै जीव लेत निति वारणां।
सची के नाइक मैंना उरबसी रंभा के कंत,
लीजियें न अंत नव-खंड निस तारणां।
राघो गज ऐरापति कामधेन कलपबृक्ष,
अष्ट-सिधि नव-निधि रहै जाकै द्वारणां ॥५०

नमो दिव्य देवता कुबेर कुलि आज्ञाकारी,
अब गति नांथ अबिनासी कौ भंडारी है।
मायाधारी मूरति अनंत कोटि रबि-छबि,
साहिब की साहिबी सकति अति धारी है।
रिधि सिधि अरब खरब जग जांनें श्रव,
हरि जी हजूरि राखि सौंपी ताहि सारी है।
राघो येती सहित रहत रत रांम जी सौं,
धनि सो धनाढ़ि नृप सोभै अति भारी है ॥५१

नमो बरण देवता बनाइ कहूं कहां लग,
तेरैं पग पूजत पताल नाग नागणी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नवसै निवासी नदी तेरी जीभ जग मध्य,
सप्त साइर उर गावै बाग बागणी।
तेरौ बल ब्रह्मण्ड पचीस लग पूरै जल,
अकल अजोत प्रलै काल पौढ़ौ है धणी।
काली गहूली बीनती कछूक बनि आई मो पैं,
राघो कही सुलप तुम्हारी सोभा है घणी ॥५२

कसिब सुवन तेरे ऊगन[1] ये तो प्रताप,
रजनी के पाप गुर जाप सुनि सटके।
जल सुचि दांन असनांन षट-क्रम धर्म्म,
खोलत कपाट भांण भूप अब घटके।
मुदित सकल बन गऊ उठि लगी तिन,
रांम जन रांम कांम पाठ पूजा अटके।
भगति करत भगवंतजी की भासकर,
राघो रटि सुमरिये भाव ये सुभटके ॥५३

छपै बड़ी कला करतार, कीयो ससि सूं अब थोकं।
रजनी मंडन रतन, सुधा सरवंत[2] अब लोकं।
सीतल मिष्ट मयंक, चराचर मैं संचार है।
रस गोरस अन सकल, चंद सरजीवत करि है।
राघो रुचि रांम हि रटै, ससि ब्रह्मण्ड-प्यंड मधि मुदित।
पूरणवासी प्रष्ण अति, बित घटियां बाको उदित ॥५४

मनहर छंद अपरस उतम उतंग जाकै सोभै अति,
बृंचि की सुता बखांणौं बागी ब्रह्मचारणी।
सरस्वती सरल जु सलाघा कीये प्रष्ण ह्वै,
जब ही आराधै कोऊ ह्वै है काज कारणी।
कोमल कुमारजा है न्यारी निकलंक कन्या,
अतुल सकति सु सुफल तत-धारणी।
राघो कहै रुति सूं रहैत तन तेजपुंज,
प्रसन-बदन हरि हित पैज पारणी ॥५५

---

१. ऊगन येता। २. सुधा सरवत।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम आदेस है गनेस गवरी के सुत,
जाचै जाहि बंदीजन बिद्या कौ निधांन है।
चतुर निगम नव द्वादस पुरांन पढ़ै,
जांनैं दस च्यारि छह जेतौ गुनगांन है।
लक्षन बतीस जगदीस के सहस्र-नांम,
पाठ करै आठौं जांम ईश्वज आसांन है।
राघो कहै बीनऊं बिनाइक बिद्या के गुर,
मांनै नर-नारि-सुर जांनन कौ जांन है ॥५६

छपै लक्ष लक्षमनां कुमार, रांम के कांमहि लाइक।
हेटि हेटि हनुमंत, प्रणम्य रघुपति के पाइक।
गरुड़ अतुल-बल बरणि, बिष्ण बिधनां कौ बाहन।
कत्र स्यांम सिव सुवन, मदन-जित मन अवगाहन।
ब्यास पुत्र सुखदेव जपि, गोरख ज्ञांन गिरापती।
राति दिवस रत रांम सौं, राघो येते षट जती ॥५७

मनहर छंद गरुड़ गोपालजी कौ आग्याकारी आठौं जांम,
सारे हैं अनंत कांम असौ स्वांमी कारजी।
पल मैं सकल ब्रह्मण्ड खंड आवै फिरि,
बैठत बैकुंठ-नाथ चलत अपारजी।
तीन्यूं गुन जीति गही नीति जु नृवर्ति पद,
छाड़े विषै भोग रोग साध्यौ जोग सारजी।
खगपति अति भजनीक है रहत दृढ़,
राघो कहै राति दिन रटत रंकारजी ॥५८

इंदव छंद जाजली मांन महास्यंभू कौ सुत, देखौ मतौ कत्र स्यांम जती कौ।
नारी जिती जननी करि देखत, रूप सबै प्यंड पारबती कौ।
सील गह्यौ मनसा मन जीति कैं, भोग न भावत जोग है नीकौ।
राघो लगी धुनि ध्यांन टरै नहीं, जाप जपै हरि प्रांनपति कौ ॥५९
कसि देख्यौ महा कस क्यौं न कहूं, सुख कैं मुख नैंकन भेद दुनी कौ।
भ्रुग की पतिनी सजि कैं उतनी, चलि आई जहां बन-बास मुनी कौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कीये लावन-रूप रिझावन कौं, सुख कै सुख बाइक है जननी कौं।
आगि कौं लागि कहा करै मांछर, राघौ कहै सत सूर अनी कौ ॥६०

मनहर छंद
द्वादस अबद राख्यौ सबद पिता कौ पण,
लखि सम लक्षमन दास रांमचन्द्र कौ।
फल जेते फूल पात राखे है हजूरि तात,
आप न भक्षण कीन्हौं आप सेती अंद्र कौ।
रांवन पलटि भेख सीया हरि लै गयौ,
सु बिपुन मैं निपुन निवारयौ दुख-बंध कौ।
राघौ कहै पदम अठारै कपि रहे जपि,
तहां लक्षमन सिर छेदयौ दसकंध कौ ॥६१

इंदव छंद
रांम के कांम सरे सब ही, जब ही हनुमंत लीयो हसि बीरो।
लंक प्रजारि सीया कौ संदेस, ले आइ दई रघुनाथ हि धीरौ।
रांम चढ़े जिहि जांम हनूं संगि, जाइ परे दल सागर तीरौ।
राघौ कहै जंग जीति रमापति, लंक बिभीषण कौं दई थीरौ ॥६२
हा हा हनूं कीयो कांम घनौं, रजनी बिचि सैल समूह ले आयौ।
मग दैत कीये छल छंद जिते, सुत ते सब जीति कें आतुर धायो।
मुरछें लक्ष बीर से धीर धरा धनि, सेवग प्रात ही भ्रात जिवायो।
राघो कहै रघुनाथ कै साथ, सदा हनुमंत कीयो मन भायो ॥६३
इंद ज्यौं जिंद की जीवनि गोरख, ग्यांन घटा बरख्यौं घट धारी।
नृप निन्याणवै कोड़ि कीये सिध, आतम और अनंतन तारी।
बिचरै तिहूं लोक नहीं कहूं रोक हो, माया कहा बपुरी पचिहारी।
स्वाद न सप्रस यौं रह्यौ अप्रस, राघो कहै मनसा मनजारी ॥६४

मनहर छंद
चले हैं अजोध्या छाड़ि रामजी पिता कै काज,
भरथ न कीन्हौं राज राखी सिर पावरी।
धृग यह राज तज्यौ नाज रघुनाथ काज,
काहे कौं बिछोहे भ्रात मात मेरी बावरी।
आसन अवनि खनि नीवैं सैंन कीनौं जिन,
रोवत बिवोग मनि रहै तन तावरी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राघो कहै भरत अरथ गृह भूलि गयौ,
मेरो कछू नांही बस रजा रांम-रावरी ॥६५

छपै　राघो रिझ ये रांमजी, भलौ गह्यौं मत मुक्ति कौ ॥
बांणासुर प्रह्लाद कहूं, बलि मय पुनि त्वाष्टर ।
असुर भाव कौं त्यागि, भज्यौ सों निस-दिन नरहर ।
रांम उपासिक तीन, और रांवण सम ईहै ।
लंका लेकै रांम, बिभीषन कौं जु दई है ।
कीयो मंदौवरी त्रियजटी, मांन महात्म भक्ति कौ ।
राघो रिझ ये रांम जी, भलो गह्यो मत मुक्ति कौ ॥६६
अथग विमल जल स्यंघ, पावक हूं टिकैं न धरणी ।
तब संगी तजि गये सकल, सुत सबही धरणी ।
बरष सहंस युध कीयो, लीयो तब खैंचि मांहि जल ।
गज कायर ह्वै रह्यौ, गयौ मन कौ सब छल बल ।
बल बीत्यौ डूबण लग्यौ, जीति लीयौ जब निपट अरि ।
राघो रटत रंकार कै, ततक्षन बिमुचायो सु हरि ॥६७

अरिल छपै　दया धर्म चित राखि, संत कौं पोषिये ।
दुरबल दुखी अनाथ, तास कौं तोषिये ।
करि लीजै इहि बेर, भजन भगवंत कौं ।
पीछें कछु न होइ, बुरौ दिन अंत कौ ।
जा दिन देह बल घटै, भजन बल राखि है ।
जन राघो गज गीध, अजामिल साखि है ॥६८
गनिका गहबर पाप कीये, अबिहत अति औंड़े ।
पर-पुरषन सूं भोग, रिझाये पापी भौंड़े ।
हाड़ चांम अर अंत, मुत्र भिष्टा जिन मांही ।
गीड रींट रत मास, बदन तें लाल चुचांहीं ।
अंत-काल सुकृत हृदय, रटि रांम सनातन मैं भई ।
राघो प्रगट प्रलोक कौं, चढ़ि बिमांन गनिका गई ॥६६
उधो बिद्र अक्रूर भये, मोक्षारथ मैत्रे ।
गंधारी धृतराष्टर, सजै सारथि हं त्रे ।

Jain Educationa International　　For Personal and Private Use Only　　www.jainelibrary.org

सु रतिदेव बहुलास, आस मन की सब पूरी।
मित्र सुदामां जानि कीयौ, सब ही दुख दूरी।
सोक समद तैं काढ़ि कैं, कीये महाजन मुक्ति रे।
राघो सूके काठ सब, होत अबै सतसंग हरे ॥७०

नमो सूत बक्तास नमो, रिष सहंस अठ्यासी।
सुणी भागौत पुरांण भक्ति, उर मांहि उपासी।
चटिड़ा द्वादस कोड़ि, रांम सुमर्त कुलि उधरे।
जन प्रहलाद प्रसाद, पाय संगति सौं सुधरे।
साध सती अरु सूरिवां, हीरा खड़ गरू बाज।
राघो अंस दधीच कौ, कीयो तिहूं-पुर राज ॥७१
जन राघो रांम अ रीझ है, परि रीझत है सर्बस दीयें ॥

उछ बृति जु सिवर सुदरसन, हरिचंद सत गहि।
स्यार सेठ बलत्री[1] ईषण, जित रंतदेव लहि।
करन बल्य मोहमरद, मोरध्वज सेद बेद बन।
परबत कुंडल धृत बार, मुखी च्यारि मुक्ति भन।
ब्याधि कपोत कपोती कपिला, जल-तटांग उपगार जल।
तुलाधार इक सुता साह की, भोज बिक्रमांजीत बीरबल।
ये बड़ सती सताई सौं, जपि उधरे उत्म कृत कीये।
जन राघो रांम अ रीझ है, परि रीझत है सर्बस दीये ॥७२

मोहमरद की टीका [मूल]

अरिल छपै
रिष नारद बैकुंठ, गये हरि पास है।
प्रष्न करी नहीं मोह, इसौ कोइ दास है।
मोहमरद भणि भूप, रूप रांणी सिरै।
ताके सुत की घरणि, बरणि बकता तिरै।
नारद सौं निरवेद, बिष्णजी विधि कही।
राघो भेद न भ्रांति, भगत भगवंत सही ॥७३

इंदव छंद
ध्यांन धरयौ जन कौ जगदीसु र, ताही समैं रिष नारद आयौ।
तारि छुटी तबहि लगे बूझन, काहि भजौ हरि को मन भायौ।

१. बलह।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नाथ कही जन हाथी बिकानौं, सो मोहमरद बसेष सुनायो।
राघो कीयो रिष नारद नै छल, स्यंघ पैं साध कौ पुत्र मरायौ ॥७४

*हंसाल छंद*
नृप-कुमार मार दरबार नारद गये,
दास राघो कही सोग-बांणी।
रावलड़ा भवन सूं गवन करि छोकरी,
कलस ले कूवा कू चली पांणी।
देखि रिष दौरि करि जोरि पांइन परी,
रिष तहां कुवर की मृति ठांणी।
देव-दासी कहै कौंन काकौ सगो,
नापिका नांव संजोग जांणीं ॥७५
चले रिष अगम नौं आंणि रांणी मिली,
पुत्र के मृत की कही गाथा।
अहं जांनौं नहीं कहां सुत अवतरयौ,
कहां अब देह तजि गयो नाथा।
कौंन की बसत कहौ सोग काकौं करूं,
लेख की वात अलेख हाथा।
दास राघो कही स्वांन दिज की कथा,
रहे रिष ठगे से धूंणि माथा ॥७६
नृप के कुंवर की नारि नारद मिली,
कही रिष अजि पति मूवो तेरौ।
कुलबधू कही करतार की बसत है,
कौंन की नारि पति कौंन केरौ।
अब सलता प्रसंग द्वार द्वै मिलि चले,
दई गति बीछुरे कहा बस मेरौ।
दास राघौ कहै देवजी लेहु कछू,
अदुखी दुखत है प्राण तेरौ ॥७७

*इंदव छंद*
रिष नारद आप कही नृप सौं, सुत तेरौ सिकार मैं स्यंघ नैं मारयौ।
भूप कही भगवंत रजा रिण, सनबंधी आंणी बस्यौं र सिधारयौ।
देव सुनौं दृष्टांत कहौं सुत, बैसि कुंभार हीयो धुनि हारयौ।
राघो कहै इतनीं सुनि कें रिष, आयो प्रकास कुटंब सूं तारयौ ॥७८

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मोरधुज की टीका [मूल]

मनहर मोरधुज तांमरधुज हंसधुज सिखरधुज,
नीलधुज ध्रमधुज रतिधुज गनि है।
ताकी रांणीं मगन मंदालसा मुकति भई,
वैसे सुत च्यारि कोई जननी न जनि है।
हरिचंद सत त्रियलोक मैं सराहियत,
संग रुहितास मदनावती जु धांन है।
सिवर कपोत बलि[1] रंतदेव उछ[2] बृति,
राघो जाके भूरि भाग जोयां[3] जस भनि है ॥७९

छपै इम मन बच क्रम रत राम सौं, जन राघौ कथत कबीस ॥टे०
दीरघ सुध सुबाहु गरक, आसन जित गादी।
जाकै सत्रु न कोई, सत्रु मरदन सतवादी।
अति बिगि बिमत्र बिक्रांत, जुगति जोगी उर्धरेता।
अलरक अग है अजीत, सूर सर्बज्ञ ततबेता।
मात सुमगन मंदालसा, तात है तत्वनवीस।
इम मन बच क्रम रत रांम सूं, जन राघो कथत कबीस ॥८०
हरि हृदै जिनकै रहै, तिन पद पराग चाहूं सदा ॥टे०
प्रेय-ब्रत जोगेसुर पृथु, श्रुतिदेव अंग पुनि।
परचेता मुचकंद सूत, सौनक प्रीक्षत मुनि।
[4]सत्यरूपा [5]त्रियसुता[6], मंदालस ध्रुव की माता।
जगपतनी बृज-बधू, कृष्ण बसि कीये बिख्याता।
नरनारी हरि भक्त जो, मैं नांहीं बिसरत कदा।
हरि हृदै जिनकै रहै, तिन पद पराग चाहूं सदा ॥८१

टीका

इंदव छंद जा जन की पद रेंन अभूषन, अंग करौं हरि हैं उर जाकै।
स्वाद निपुन्न महाकबि आदि, कहै श्रुति देव बड़ौ धर्म ताकै।
संत लयें घरि जात भये हरि, फेरत चादरि प्रेम सु वाकै।
साधन कौं परनांम न आदर, आप कही हम सूं बड़ पाकै ॥७१

---

१. कपोत छलि। २. उच्छा। ३. जाया। ४. देवहु। ५. त्रय। ६. आकूती।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मूल

छपै चरन-कवल मकरंद कौं, जनमांतर मांगत रहौं ॥टे०
सति-बरत सगर मिथलेस, भरथ हरिचंद रघुगण।
प्राचीन ब्रह्मी इष्वाक भगीरथ, सिवर सुदरसण।
बालमीक दधीच बींझावलि, सुरथ सुधन्वा।
रुकमांगद रिभु अैल, अमूरति बैबस-मन्वा।
सिषर ताम्रधुज मोरधुज, अलरक की महिमां कहौं।
चरन-कवल मकरंद कौं, जनमांतर जाचत रहूं ॥८२

टीका

इंदव छंद धार न देह नहीं अपसोचहु, साधन की पद रेंन सुहावै।
सत्यब्रतादि कथा जग जांनत, द्वै बलमीक कथा मन भावै।
भीलन साथि भये रिष भीलहि, रांम-चरित्र अड़ब्ब बनावै।
गावत ताहि सबै सुर नागर, कांन सुनेंत हियो भरि आवै ॥७२

दूजा बालमीक की टीका [मूल]

मनहर छंद पांडुन की भक्ति जिहाज रूप कीनी जग,
बिप्रन द्वादस कोड़ि ज्यों[1]ये निति नेम सौं।
कनक के थार रु कटोरी झारी कनक की,
भोजन छपन-भोग बीस दीन्हौं हेम सौं।
राजा करै टहल-महल बर बाई बोर[2],
बड़े बड़े ब्रह्मरिष वेद पढ़ै प्रेम सौं।
राघो कहै जन बिन ज्यां ये जज्ञ पूरौ नांहि,
साध बिन कैसै संख बाजै सुख-क्षेम सौं ॥८३

हंसाल छंद पंड-सुत पंच कर जोड़ि कही कृष्ण सूं,
देव संदेह मम करौ दूरौ।
बिप्र दस कोड़ि रिष-राइ राजा घणां,
जीमियां तऊ जज्ञ रह्यौ ऊरौ।
जब कृष्ण कृपाल ह्वै कही जिम की तिम,
भक्त भगवंत बिन ह्वै न पूरौ।

---

१. ज्यांये। २. चोर छड़े वोर।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

रांम भजनीक राघो कहै सुपचतन,
बालमीक जीमतां बजहि तूरौ[1] ॥८४

*मनहर छंद*

गये हैं सकल बल डारि कुल राज तेज,
स्वांमीजी पधारौ मम काज आजि जांनि कैं।
हंस ज्यूं हस्त बिग बस्त रूपी आयो द्वारि,
भोजन-छपन भरि थार धरचौ आंनि कैं।
अब अंन तीवन र घृत दधि दूध भात,
अपि अविनासीजी कौं ऐक कीये सांनि कै।
राघो कहै रांम धनि राखत है जन पन,
पांचौं ग्रास पंच बेर बाज्यौ संख तांनि कैं ॥८५
भूधर कहैत तोहि भांजि डारौ भाठिन सौं,
जन कै जीमत कन बाज्यौ क्यूं न पातकी।
देवजी दयाल ह्वै जे मेरौ कछू नांहीं दोष,
द्रौपदी कूं आई भिन अंति देखि जातिकी।
बाजतौ असंखि बेर भाव मैं परचौ है फेर,
नारि न निहारि देख्यौ साध सील सातकी।
राघो कहै संख नें सुधारि कही साहिब सूं,
मो कौं कित ठौर है जु आज्ञा मेरौं तातकी ॥८६

करन की टीका [मूल]

बासुर की आदि भयें रजनी कौ अंत जबै,
पढ़त जाचिग अब पहर करन कौ।
सवा भार कंचन क्रिया सूं देतौ निति प्रति,
जासूं होत प्रतिपाल द्रुबल बिप्रन कौ।
अरजन कौ रथ अवटायो जिन अहूठ पेंड,
जामैं बैठे कृष्ण देव नाइक नरन कौ।
राघो कहै रवि-सुत दाग्यौ हरि हाथन पें,
साधिगौ अबस दे कैं मांमलौ मरन कौ ॥८७

---

१. छजहि सूरौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

बलि बीभांवली की टीका [मूल]

इंदव छंद
भाग वड़े बलि कै ग्रहै बांवन, ग्रावत ही कीयौ सबद उचारा।
राज गऊ धन धांम कन्यां ग्रसु, देव करौ इनकौं ग्रंगीकारा।
भाव सौं भूंमि दे पैंड ग्रहूंठिक, ता मधि ह्वै बिश्रांम हमारा।
राघो त्रिलोक त्रिपैंड कीये जिन, ग्राप ग्रमांप बढ्यौ करतारा ॥८८

मनहर छंद
बांध्यौ राजा बलि कसि इंद्र सौं कीन्ही बिहसि,
रांमजी कहत हसि ग्रर्ध-पैंड ग्राप दे।
बोले बलि बींझावली धांन प्रभु कीन्ही भली,
मन की पजोई रली लीजै पैंड माप दे।
जै जै जगदीस कीन्हौं ग्रापनौं बतायौ चीन्हौ,
मेरौ निज रूप भूप रहगो ग्रनाप दे।
बलि कै दरबार प्रतिहार प्रभू प्रांननांथ,
राघो जोरे हाथ यौं जग्यासी ठाढौ जाप दे ॥८९

हरिचंद की टीका [मूल]

लोकपाल सारे कुलि देवता तेतीस कोड़ि,
ठाढ़े कर जोरि ह्वै कैं कही करतार सूं।
हरिचंद कौ देखि सत हल-चल हमारौ मत,
कीजीये इलाज प्रभु ग्राज याही बार सूं।
तब हरि कृपा करी सबं की दिलासा धरी,
नारद बुलाइ लीये बूझे है बिचार सूं।
राघो कही रांमजी नें रिष पिषि पृथी परि,
हरिचंद कसौ बिस्वामित्र ग्रहंकार सूं ॥९०
राघो रिष बीयो रोइ मोहि तौ कठिन दोइ,
यत तुम साहिब उत हूं दास रावरौ।
तब बोलै बिष्णजी बिसाल नैंन नाराइन,
रिष मेरौ कीयो देखि हूं तौ नांहि बावरौ।
भगतबछल मेरौ बिड़द गावै साध बेद,
संत मोहि प्यारे ग्रैसैं मात पिता डावरौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राघो कहि रांम हरिचंद नहीं हारै धर्म,
भेड़न कौ भैं न मांनै स्यंघ कौ ज्यूं छावरौ ॥६१[†]

टीका [मूल]

मनहर छंद
चाले वेग रिष बिस्वामित्र बैठे वन आइ,
सूर भयो सूर-देव बाग खोदि डारयौ है।
माली जाइ कही हरिचंद चढ़ि आयौ तब,
सूर भग्यौ गैल लग्यौ कहै अब मारयौ है।
दीखबे सौं रह्यौ रिष देखि बैठि गयो सीस,
नाइ करि कह्यौ मम चलौ यौं उचारयौ है।
संकलप लेहु सर्व राज हम देहु तीन,
लाख फिरि येहु दये सत नहीं हारयौ है ॥६२
खोसि लीयो घोरा आप नृप कौं पयादौ कीयौ,
कांटा धूप लगै लोग सुनि और ल्याइये।
सर्ब ही हमारे ये तौ ल्यावो तीन लाख हारो,
भूप रुहितास रांनी कासीपुरी आइये।
सीस घास लीयें ठाढ़े बेस्यां कही नारि देहु,
नकटी बखानी कीस नांक काटि जाइये।
अगनि सुश्रमां रिष रांनी रुहितास लीये,
दीये ड्योढ़ लाख हीयौ फटै बिछुराइये ॥६३
मांगत रुपईया डेढ़ लाख रिष राजा पासि,
बचन कौं तजौ अजौं नहीं बेगि दीजिये।
अब देंऊं झफड़ा सु डौम आयो ताही छिन,
अहट सभारौ हां जू तौ तौ गिनि लीजिये।
रांनी रुहितास करै अगनि सुश्रमां सेव,
इंधन वुहारी लेय जल ल्याइ भीजिये।
सुत ल्यावै फल-फूल पूजन करन रिष,
येक दिनां चढ्यौ द्रुम अह काटि खीजिये ॥६४
वालां कही माता सूं सरप डस्यौ रुहितास,
रोवत गई है संग सुत जहां परचौ है।

[†]टिप्पणी : सम्वत् १८८६ की प्रति में इसके बाद के ६ मनहर छंद नहीं हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

देखि छाती फटी लै उठाइ आई मरहट,
लकरी बरै[1] न मेह अखै नहीं जरयौ है।
धूंवां लखि आयो हरिचंद मांगै भूंमि-भाड़ो,
दयो फारि चीर आधौ तब लेकै टरयौ है।
गंगा मैं बहाइ आइ आश्रम मैं रात ढ़िग,
चील हार ल्याइ रांनी गरै मांझ धरयौ है ॥६५
कासी के राजा-चर देख्यौ हार गर-मांझ,
भार धर बार-बार ल्याये भूप पास ही।
जावो मरहट कही काटौ सिर सट फेरि,
चलै नहीं बट झट-पट करौ नास ही।
सुनौं इक गाथ असि देहु टैल वाकै हाथ,
छेदैं मम माथ दई नाथ लेर बास ही।
बिरम्हा बिसन सिव गह्यौ कर मांगि बर,
उर नहीं चाहि कलि करो मति त्रास ही ॥६६
देवतांन कीयो छल सूर भयो देव भल,
मैं हूं बिस्वामित्र रिष बैठो बन मांहि जो।
अगनि सुश्रमां अज झंपड़ा सो जमराज,
सक्ति भई बेस्यां पुनि कट्यौ नांक ताहि जो।
सुरपति श्रप जांनौं चील हूं रंभा कौं मानौं,
कासी-नृप देव बानौं सर्ब ही कौ आहि जो।
गंगा जू उलटी बहि रुहितास आयो सही,
राज दयो महीराजा रांनी मुक्ति जाहि जो ॥६७

छपै जै जयंती-सुत जगतगुर, राघो दंडवत निति नमो ॥टे०
कबि हरि हरि-रत अंतरीक्ष, नहीं प्रभु सूं अंतर।
चमस प्रवुध परबीण, करहि धुनि ध्यांन निरंतर।
कर भांजन पिपलाइन, द्रुमल रहै राति दिवस रत।
आग्निहोत्र अखंड नृषि, नवन कोइक मत।
नव जोगेसुर नांव भणि, मिटैं सरम संकट समो।
जै जयंती-सुत जगतगुर, राघो दंडवत निति नमो ॥६८

१ बैर।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नमो पंड-सुत पंच, नमो परचंड पर-काजी।
अति क्षत्री अति साध, कृष्ण जिन सूं अति राजी।
नमो जुधिष्टर भूप रूप, धर्म सति के नाती।
नमो भींवभड़ पवन-सुत, पाप कर्मन की काती।
नमो धनंजय धनुष धर, सत्रुन सर सज्या-धरण।
नमो नकुल सहदेव कौं, जन राघों रोगन हरण ॥९९

रिष नारद नै निरभै कीये, प्राचीन बृह के पुत्र दस ॥टे०
कुवरन कौं कैलास, बताई निश्चल ठौरा।
महादेव मन जीत रहै, संग सीतल-गौरां।
बक्ता मगन महेस राज-रिष सनमुख श्रोता।
भक्ति-ग्यांन अतिहास, सार तत निरनै होता।
यौं चकेता प्रसिधि भये, जन राघो पीवत रांम-रस।
रिष नारद नै निरभै कीये, प्राचीन बृहे के पुत्र दस ॥१००

अदृष्ट-चक्र इनके चले, रटि राघो षट चक्कवै ॥टे०
प्रथम बेगि धर्म जेठा, द्वतीय बलिवंत[1] बलि बहरी।
धुंध मारबि सियार, जास रजधांनी गहरी।
मांनधाता अति बढचौं, प्रसिधि महा भयो प्रूरवा।
अजैपाल अब तपै, धारि उर भलैं गुरदवा[2]।
उदै अस्त लौं राज घरि, करते न्याव हरि हक्कवै।
अदृष्ट-चक्र इनके चले, रटि राघो षट चक्कवै ॥१०१

इंदव छंद काक-भुसंड र मारकंडे मुनि, जागिबलक कृपा क्रम जीते।
सेस संभु बुगदालिम लोमच, ध्यांन समाधिहि मैं जुग बीते।
खडांग दिलीप अजौं अजपाल, रिषभदेव अरिहंत उदोते।
राघो कहै चकवै षट ये[3] दस, रांम परांगमुख ते गये रीते ॥१०२

समुदाई टीका

इंद्र अगन्नि गये सत देखन, स्यौर दयो तन काटि र मासं[4]।
सुरथं सुधन्वा सुदोष कियो दिज, संख लिखत्त भयो बपु नासं।

---

१ छलिवंत। २ गुरदेवा। ३ षोडस। ४ हस ध्रु पुत्र।

देह[1] दधीच दई सुरपत्तिहि, भर्त सु भागवतं प्रकासं।
बिप्र सुदर्सन है इतहासहि, देत तिया जन और न दासं ॥७३

### रुक्मांगद की टीका

बाग पहौपन छाइ रह्यौ सुभ, देवतिया वहै लैनहि आंहीं।
बैंगन कंटक पाव लग्यौ इक, बैठि रही सुनि कैं नृप जांहीं।
बात कहौ श्रुरगलोक पठाइत, ग्यारसि वास दयें सुख पांहीं।
ग्राम न जानत होत कहा व्रत, काल्हि रही इकठी कबि नांही ॥७४
डौंड फिरें इक लौंड़ि बनिक्क हु, मारि हुतो अन खाइ न जागी।
भूपति कै ढ़िग ल्याइ दयो व्रत, बैठि बिमांन सुरग्गहि भागी।
देखि प्रभाव हि भूप बिचारत, या दिन अन भखै स अभागी।
यौं नर-नारि करै व्रत जावक, जाइ पुरी सुरगापुर लागी ॥७५
ग्यारसिं को व्रत सत्य कर्यौ नृप, बात सुनौं इक तास सुता की।
लेन पिता पुर आइ सुयंबर, मांगत अंन खुध्या अति पाकी।
देत नहीं हरि बासु र जांनत, आजि मरै गति ह्वै भल यांकी।
प्रांन तजे उन बेगि मिले प्रभु, भाषि कही पन रीति तिया की ॥७६

### मोरधुज की टीका

रोग भयो अभ अर्जन कै, अति कृष्ण जु जांनि दयो रस भारी।
है मम भक्त सु तोहि दिखावत, बालक बृद्ध भये ब्रह्मचारी।
जाइ पहौंचत मोरधुजं गृह, बेगि कहौ नृप बात हमारी।
जाइ कही अब सेव करूं हरि, बैठ हुयौं सुनि आगि प्रजारी ॥७७
ऊठि चले रिस खाइ गहे पद, जाइ कही नृप दौरत आये।
आप दया करि चाहि फलावत, आजि भलौ दिन ये फल पाये।
मोहि कहो स करौं अवही वह, बैंन रसाल पिऊं द्रिग धाये।
रोस गयो सुनि मोद भयो उर, पारिख लैन सु बैंन सुनाये ॥७८
देन सुने म करौ जु कर्यौ हम, जो तुम भावत सो मम भाई।
स्यंघ मिल्यौ इन बालक खावत, मोहि भखौ कहियौ सुखदाई।
क्यूं करि छोड़उ भूपति को तन, आध मिलै मम बात जनाई।
बोलि उठि तिय मैं अरधंगनि, पुत्र कहै मम द्यौं सुधि आई ॥७९

---

१ सेह।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

बात सुनौं नृप गात तिया सुत, चोरहि भोरहि नांहि न भाखे।
सीस करौत धरचौ सु चिरचौ मुख, नीर ढरचौ द्रिग भीर न चाखै।
छोड़ि चले गहि पाव कहै इम, रोवत है बिन कांमहि नांखै।
नैंन लये भरि रूप धरचौ हरि, दूरि करचौ दुख है अभिलाखै ॥८०
द्यौंस कहा अति मोहि रिझाइहु, रीझि दिये बिन मोउ रसालं।
लेहु चह्यौ बर साटि न चूकत, सूकत है मुख देखि बिहालं।
भूप कहै तुम दीन-दयाल, करै कछु नूंन लखौ सु बिसालं।
देहु यहै बर मांगि सिताब, करौ मति पारिष यौं कलिकालं ॥८१

## अलरक की टीका

†मैं अलरक्क सु बात बखानत, ग्यांन दयें नहि जाइ बिषै है।
जन्महि आइ मंदालस कैं तन, सो ग्रभ वासहि नांहि पिषै है।
पीव कहे लघु छोड़ि गई बन काढ़ि[1] लयो नृप त्रास दिषै है।
छाप उपाड़ि र बांचि सिलोकन, दौरि गयो दत देव नखै है ॥८२

## रंतदेव की टीका

देवसु रंतकुले दुसकंतहु,‡ बृत्य अकासहि धारि लई है।
खात नहीं बिन दीन अभ्यागत, वास करै यह बात नई है।
ह्वै अठचालिस द्यौस मिली रिधि, ब्राह्मन शुद्र सुपाक दई है।
रांम बिचारी चहूं जनमैं हरि, देन लगे दुख देहु कही है ॥८३

[मूल]

छपै **जन राघो निज नवधा भक्ति, करत मिटै जामरा मरण ॥६०**
**श्रवरा परीक्षत तरचौ सबद-धुनि सुख मुनि गावै।**
**चरण प्लौट लक्ष आदि, अब गतिहि रिझावै।**

---

†संगः सर्वात्मनां त्याज्यौ, यदि त्यक्तुं न शक्यते।
स एव सत्सु कर्त्तव्यः, संतः संसारभैषजं ॥१
कामः सर्वात्मना हेयो, यदि हातुं ना शक्यते।
स कर्तव्यो मुमुक्षाय, सैव तस्याभिभैषजं ॥२
‡सकूली मीता माग कन्या।

---

१. काटि।

**भजन सुदिढ़ प्रह्लाद, सु पलक[1] सुत बंदनकारी।**
**दासातन हनुमंत, सखा पारथ पग धारी।**
**पृथु अर्चा बलिप्पंड ब्रह्मंड, अबस दे गयौ हरिचरण।**
**जन राघो निज नवधा भक्ति, करत मिटै जामण मरण ॥१०३[†]**

गोह भीलां कौ राजा स्त्रिंगबेर[2] (पुर) की टीका

गोह किरातन कौ पति रांमहि, आइ मिल्यौ बनबास सुन्यौ है।
राज करौ यह मौ सुख द्यौ प्रभु, साज तज्यौ पितु बैन सुन्यौ है।
दीरघ दुख्ख बिछोह बहै दृग, लोहु चल्यौ फिर सीस धुन्यौ है।
आंख न खोलत रांम बिनां मुख, और न देखत प्रेम पुन्यौ है ॥८४
संबत चौदह बीति गये हरि, आय कहै चर रांमहि देखौ।
मांनत नांहि न रांम कहां अब, नाथ मिले कहि मोहि परेखौ।
अंग पिछांनि लये पहिचांनि, जिये मनु जांनि नहीं सुख लेखौ।
प्रीति क रीति कही नहिं जात, हिये अकुलात सु प्रेम बसेषौ ॥८५

प्रहलादजी कौ मूल

मनहर छंद
**धनि प्रहलाद कीन्हौं बाद बिधनां कै काज,**
**जाहु तन आज मैं न छाडूं टेक रांम की।**
**अगनि तपायौ तन जिय मांहीं एक पन,**
**हरि बिन जाहु जरि देही कौंन काम की।**
**देख्यौ कसि जल-थल ऊबर्यौ भजन बल,**
**रटत अखंड सरनाई सत्य स्यांम की।**
**असुर का कसर नृस्यंघ कौ सरूप धर्यौ,**
**राघो कहै जीत्यौ जन बांह बर यांम की ॥६८**

[टीका]

इंदव छंद
संकर आदि डरे न इसी रिसि, पासि न जावत श्री हु डरी है।
भेज दयो प्रहलाद प्रभु ढिग, जाइ पगौं परनाम करी है।

१ अक्रूर। २. श्रिंगबेरपु।

[†]यहां संख्या में ६ का फरक पड़ने का कारण अन्य प्रति में ९२ से ९७ तक के मनहर छंदों का न होना है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गोद उठाइ दयो सिर पैं कर, देखि दया उर येह धरी है।
दूरि करौ दुख या जग कौ सब, मौ अब द्यौ तव माय[1] बुरी है ॥८६

अक्रूरजी की टीका

अक्रूर चले मथुरा पुर तैं, द्रिग नीर बहै हरि कौं कब देखौं।
सौंण मनावत देखन भावत, लोटत है लखि चिन्ह बसेखौं।
बंदन भक्ति प्रबीन महा सुख, देव कही यह जीवन भेखौं।
राम रु कृष्ण मिले सु फले मन, स्वारथ लाख जनंमहि लेखौं ॥८७

प्रीक्षत की टीका

प्रीक्षत पीवत श्रुति कथामृत, बाढत है निति कोटि पियासा।
जोगिन कै उर ध्यांन न आवत, सो हरि देखि मया[2] ग्रभवासा।
भूप कहै सुखदेव सुनौं यह, चित्त कथा नहीं तक्षक त्रासा।
पारिष ल्यौ मम बुद्धि रही पगि, जाहु जबै थमि होत उदासा ॥८८

सुकदेवजी की टीका

होत जनंम चले भजि आरन, ब्यास पिता हि सभाष न दीयौ।
कान परे सुस-लोक दसंमहि, बुद्धि हरी सुनि भागुत लीयौ।
जोगुन रूप करम्म करे हरि, भूप सभा कहिनैं भय हीयौ।
बूझत संत उन्हैं करि उत्तर, वांचित है सु जबैं भर कीयौ ॥८९

मूल

छपै **हरि बिमुखन दंड देत है, जन राघो पाइक[3] रांम के॥**
**नमो नव-गृह देव, आदि अनुचर हरिजी के।**
**पीड़त आज्ञा पाई, रांम अनुग्र तैं नीके।**
**नमो बृहस्पति बुद्ध, नमो शनि सोम सहाइक।**
**नमो भासकर सुकर, नमो मंगल बरदाइक।**
**नमो राहु धड़-केत, सिर आज्ञाकारी स्यांम के।**
**हरि बिमुखन दंड देत है, जन राघो पाइक रांम के ॥९९**

---

१ माया। २. उत्तरा। ३. पाई।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

भगवत आज्ञा मैं रहै, ये नक्षत्र अष्टाबीस ॥
अस्वनी, भरनी, कृतका, रोहणी, मृगसर, आद्रा।
पुनरबसु, अरु पुक्ष, असलेखा, मघा, सु साद्रा।
पुरबा-उतरा-फालगुनी, पुनि, हस्त, सु चित्रा।
स्वात, बिसाषा, अनुराधा, जेष्टा अतिमित्रा।
मूल, पूरबाषाड र उतराषाड, अभींच हद।
श्रवन, धनिष्टा, सतबिषा, पूरबा-भाद्रपद।
उतरा-भाद्रपद, रेवती, सर्व राघो सुमरै ईस।
भगवत आज्ञा मैं रहैं, ये नक्षत्र अष्टाबीस ॥१००

जन राघो रचनां रांम की, ते ते प्रणउं पंक्ष गुर ॥टे०
गरुड़ासण गोविंद, अरक कैं अरग[1]-सारथी।
हंस दसा[2] सारस, हेत हमाइ प्रारथी।
चाहण उत्म चकोर, सूवा संगि हरि हरि करि है।
मोर कंठ-कोकिला, पीव पीव चात्रिक ठरि है।
काक-भुसंड रटि गीध, निधि जलतटांग उपगार उर।
जन राघव रचनां रांम की, ये ते प्रणऊं पंक्ष गुर ॥१०१

रांम कृपा राघो कहै, इतने पसुपती ग्रवा ॥टे०
कांमदुघा नंदनी, कांमनां पूरण करि हैं।
कपिला बड़ी कृपाल, सुरह[3] लांगुल सिर ढरि है।
ऐरापति गज इन्द्र, नंदीसुर सिव को बांहन।
गौरी-बाहन स्यंघ, रांम बिमुखन डरपावन।
मृग चंद बाहन भलौ, आदित कै उत्चीश्रवा।
रांम कृपा राघौ कहैं, इतने पसुपती ग्रवा ॥१०२

ये अष्टादस पुरांण, जे जगत मांहि तारण तिरण ॥टे०
बिष्ण, भागवत, मींन, बराह, कूरम, बांवन धर।
सिव, सकंद, लिंग, पदम, भवक्ष, बैबरत कथाबर।
ब्रह्म, नारदी, अगनि, गरुड़, मारकंड, ब्रह्मंडा।
धरम थापि अधरम मारि, करि है सतखंडा।

---
१. अरुण। २. दरसा। ३. सरह।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मन बच क्रम राघो कहै, प्रेम सहित सुणि है करण।
ये अष्टादस पुरांण, जे जगत मांहि तारण तिरण॥१०३
ये अष्टादस समृति भली, तिन सुनत नसै अज्ञांन॥टे०
बैष्णवी, मनुसमृति†, आत्री, जांमी, हारतिक‡।
आंग्री, जागिबलकि, सांनी, श्री-नांमी, सांमृतक।
कात्याइन, गौतमी, बसिष्टी, दाखी, सांखिल।
आसतापि, सुरगुरी, परासुर, कृत मुनि बहुफल।
आसा पासि उदारमति, हरत परत साधन सधनांन[1]।
ये अष्टादस समृति भली, तिन सुनत नसै अज्ञांन॥१०४
रांम सचिव नांम ही लीये, अनन्य भक्ति कौं पाइ है॥टे०
सुमंत पुनि जैयंत सृष्ट, बिजई र सुचिर मति।
राष्ट्रबरधन चतुर, सुराष्ट्र मैं बुधि अति गति।
असोकबरज सुख-क्षेम, सदा रघुपति मन भाइक।
परम धरम-पालक, प्रजा कौं सबं सुखदाइक।
राघो असे प्रसन कर, सेवति मन बच काइ है।
रांम सचिव नांम हि लीये, अनन्य भक्ति कौं पाइ है॥१०५
पद्म अठारह जूथपाल, तिनके सुमरूं नांम॥
सुग्रीव, बालि, अंगद, केसरी बच्छ हनुमांनां।
उलका, दधिमुख, दुब्यंद, बहुत पौरष जंबुबांनां।
सुभट सुषेण, मयंद, नींल, नल, कुंमद, दरीमुख।
गंधमादन, गवाक्ष, पणस, सरभांग व हरिरुख।
भीर परें भाजै नहीं, रुघनन्दन कै कांम।
पद्म अठारह जूथपाल, तिनके सुमरूं नांम॥१०६
*नाग अष्ट-कुल सुचित ह्वै, राति-दिवस हरि कौ भजै॥
इलापत्र, मुखसहंस, अनंतकीरति निति गावै।
संकु, पद्म, बासुकी, हृदै मै तालो लावै।

---

१. स ध्यांन।

---

†स्वामूभर।
‡जम।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

असु कमल हरि अजित, कदे आइस न निवारै।
तक्षक, करकोटक, सीस परि सेवा धारै।
जन राघो रत रांम सौं, मन की आसा सब तजैं।
नाग अष्टकुल सुचित ह्वै, राति-दिवस हरि कौं भजैं ॥१०७
परजन्नि बृद्ध बृज गोप कै, नव पुत्र नंद कौं आदि दे॥
सुठि सुनंद, अभिनन्द, पुनैं उपनंद सु चातुर।
धरानन्द, ध्रुवनंद, धरम सत-गुन के पातुर।
धर्मां, कर्मांनंद, करम काटन अभिनंदन।
गो-बछन के बृन्द, गोपिका हरि रंग-रंगन।
कुल-मध्य कृष्ण जू अवतरे, राघव नमत सुरादि दे।
परजन्नि बृद्ध बृज गोप कै, नव पुत्र नंद कौं आदि दे ॥१०८
बृज के नर-नारी भक्त, लघु दीरघ सब जांचि हूं॥
नंद, जसोदा, कृष्ण, धरा, ध्रूनंद, कीरति दा।
मधु-मंगल, बृक्षभांन-कुंवरि सहचरि बिहरत दा।
श्रीदांमां पुनि भोज, सुबल, अरजुन, सुबाहु गन।
ग्वाल-बृंद बहुतांनि, स्यांम कौं संग रमांवन[†]।
राघो मन बच काय करि, घोष निवासनि राचि हूं।
बृज के नर-नारी भगत, लघु दीरघ सब जाचि हूं ॥१०९
बन-धांम संगि श्री कृष्ण कै, अनुग सुचित रहबो करै ॥टे०
चंद्रहास, मधुबरत रु, रत्तक, पत्रक जेते।
मधुकंठो, सुबिसाल, रसाल, सुपत्री तेते।
प्रेमकंद, संदांनि, सारदा, बकुल कुसलकर।
पयद सुद्ध मकरंद, प्रीति सूं सेवत गिरधर।
राघो समयो देखि करि, चतुर इच्छत आगैं धरै।
बन-धांम संग श्री कृष्ण कै, अनुग सुचित रहबो करै ॥११०
सपत-दीप सातूं समुद्र, भक्त तिते सिर-मौर ॥टे०
जंबू खार-समंद पलक्ष, चहूं फेर ईष रस।
सालमिली सर मधु, सुनौं कुस घृत देव बस।

---

[†]राधा।

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

क्रौंच पासि सर दुग्ध, साक दधि को नृमलसर।
पहुकर सागर सुधा, पार सोहै कंचन-धर।
परबत लोका-लोक मैं, बिटवोक चहुवोर।
सपत-दीप सातूं समुद्र, भक्त तिते सिर-मौर ॥१११

जंबुदीप नवखंड के, सेवक सेब्यन कूं भजूं ॥टे०
बीच इलाब्रत राज, सेस सिव अनुग सु जांनय।
भद्रा हयग्रीव भद्रश्रव, हरिबर नृस्यंघ प्रहलादय।
किं पुरसुरांम हनुमंत, भरथ नारांइन नारद।
केतमाल श्री कांम रभिक, मछ्र मनुहु बिसारद।
हिरन्यषंड कच्छ अरजु मां, कुरु बराह पृथी सजूं।
जंबुदीप नवखंड के, सेवक सेबिन कौं भजूं ॥११२

राघो ततक्षण तीहि सभा, हरि फेरचो नारद गुनी ॥
राति-दिवस उनमन रहै, हरि ही कूं देखै।
टगा-टगी धुनि ध्यांन, पलक नहीं लगै निमेखै।
जिनकी उलटी चाल, काल-जित कूरम अंगी।
भर्म कर्म सूं रहत सदा, अबगति के संगी।
स्वेतदीप मधि सत-पुरष, सदा नृबर्त निश्चल मुनी।
राघो ततक्षण तीहिं सभा, हरि फेरचौ नारद गुनी ॥११३

टीका

इंदव छंद रूप उपासिक स्वेतहि[1] बासिक, नारद देखन कौं चलि आये।
नैंन निहारत मो मति पागत, सैंन करी हरि जाहु फिराये।
कुंठ गये दुख पाइ कही हरि, साथ लये फिरिकै वतलाये।
ताल पिख्यौ खग ध्यांन रह्यौ लगि, बूझत है रिष रांम जनाये ॥६०
संबत्सहंस बदीत भये उर, भाव फल्यौ न नहीं जल पीवै।
स्वाद लगै वह खावत पीवत, नांव बिनां पल येक न जीवैं।
पाइ दयो जल नांखि दयो उन, फेरि करचौ उसही भरि लीवै।
देखि खुले चक्षुदे परदक्षण, भाव भयो खग सेव सु कीवै ॥६१
दीप चलौ अब भाव भलौ उन, जाइ रु देखत वै प्रभु गावै।
आवत हौ जन आरति ह्वै गइ, प्रांन तजे रु तिया फिर आवै।

---

१. स्वेतह।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

वाहि कह्यौ समयौ न परी घर, स्वास गये चलिया मन भावै।
यौं सुत आदिक आइ परे सब, देखि सचौपन फेरि जिवावै ॥६२

च्यारि सप्रदा बिगति बरनन : मूल

छपै ये च्यारि महंत चकवै रचे, जन राघो सब कौं प्रेह ॥टे०
मध्वाचारय मूल, कलपतर कला-बिथारी।
बिष्णुस्वांमी बिस्व-पोष, अमृतरस सर यो भारी।
रांमांनुज निह कांम, रांम पद पारस परसे।
नीबादित निधि नृषि, चतुर चिंतामणि दरसे।
बिधि बिधि सुत सिव सक्ति सौं, भक्ति उद्यापी येह।
यह च्यारि महंत चकवै रचे, जन राघो सब कौं प्रेह ॥११४
राघो रटि गुण होत गमि, भक्ति काज भूपरि भली ॥टे०
इम सिव बिरंचि लक्ष्मी सनकादिक, येते सब के परम गुर।
अब इनके सिष सो भक्ती पुंज भणि,कलिमल काटण धर्मधुर।
महादेव को बिष्णु-स्वांमि-मत,पुनि बिरंचि को मध्वाचारिय।
नींबादित कै सनकादिक मत, रांमांनुज कै रमाजु आरिज।
पधति प्रणाली प्रणम्य इम, सुध संप्रदा यौं चली।
राघो रटि गुण होत गमि, भक्ति काज भू-परि भली ॥११५

अथ रांमांनुज संप्रदा बरनन

महाबिष्णु तैं बिष्णु, बिष्णु कै लक्ष अरधंगी।
चरण पलोटैं निति, सदा सर्वदा रहै संगी।
ता सिष बिष्वकसेन, सपुन भव[1] भक्ति चलाई।
सठकोप पुनि वोपदेव, हरि सूं ल्यौ लाई।
मंगलमुनि श्रीनाथ सुठ, पुंडरीकाक्ष धर्म की धुजा।
रांम-मिश्र[2] अरु परांकुस, जांमुन-मुनि रांमांनुजा ॥११६
इम रमा पधति परताप, रहणि रांमानुज पाई।
रांम-रीति परतीति, सबनि कौं नीति दिठाई।
उपजे सिष सिरदार, बहुतरि भये उजागर।
ज्ञांन-गिर के पुंज, सील सुमरण के सागर।

१. भुव। २. विश्र।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**रांमांनुज निज तत[1] कथ्यौ, नृगुण त्रिवृति निरबांन पद।**
**जन राघो रत रांम सूं, ज्यौं दत संगति मुक्ति जद ॥११७**

टीका

मत- रांम अनुज्जु सु है लखमन्नहि, तास सरूप यहै उर आई।
गयंद मंत्र दयो गुर अंतर राखन, जाप करें हरि दीन्ह दिखाई।
छंद आइ दया सबही प्रभु पावहि, गोपुर पैं चढ़ि टेरि सुनाई।
जागि परे तिन सीखि लयो वह, भैंतरि मुक्ति भये सिधि पाई ॥९३
जात भये जगनाथहि देखन, जांन असोच पुजारि उठाये।
साथि हजारन लै सिष सेवत, पूजन विंजन भाव दिखाये।
श्री जगनाथ कहै वह भावत, प्रीति खुसी सब और बहाये।
बात न मांनत वैसहि ठांनत, आगम और निंगम सुनाये ॥९४
जब्बर संतहि जोर न चालत, सौक कही फिर खेल पिखायौ।
बांहन सूं कहि जाइ धरौ इन, ले सब कौं धरि द्राविड़ आयौ।
आंखि खुली जब देसहि देखत, गोपि मतौ प्रभु कौ किन पायौ।
पूजन[2] वैहि करै अजहूं निति, रीझत भावहि और न भायौ ॥९५

मूल

छपै **संत च्यारि द्रिगपाल, चहुं भोमि भक्ति चांपें भलैं॥**
**श्रुति-धांमां श्रुति-वेद, पराजित पहुकर जांनूं।**
**श्रुति-प्रज्ञा श्रुति-उदधि, ऋषभ गज बावन मांनूं।**
**रांमांनुज गुर-भ्रात, प्रगट आनंद के दाता।**
**सनकादिक सम ज्ञांन, संक्र संघिता सु राता।**
**वुधि उदार इंद्रा पधित, सत्रु चलायें ना चलैं।**
**संत च्यारि द्रिगपाल चहुं, भोमि भक्ति चांपें भलैं ॥११८**
**रामानुज जा-मात की, बात सुनत हरि भक्ति ह्वै ॥१२०**
**संत रूप सब कोइ, चल्यौ पांणीं मैं आवै।**
**दग्ध कीयौ ज्यूं भ्रात, कुटंब दल देइ बुलावै।**
**भू-सुर करी गलांनि, सुरग सुर लीये बुलाई।**
**देखे जीमत सबनि, जात नहीं दिई दिखाई।**

---

१. नितन। २. मूजन।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**लालाचार्य लक्ष मगन, राघो जांनें पंथ द्वै ।**
**रामानुज जा-मात की, बात सुनत हरि भक्ति ह्वै ॥११६**

टीका

मत रांम अनुज्जह धीपति की सब, बात सुनौ जब बंधव मांनैं ।
गयंद चौगुन प्रीति करी कुल बंधव, रीति बनैं न नहीं घटि जांनैं ।
छंद साध सरूप बह्यौ सब आवत, ल्याइ घरां सु बनाइ बिमांनैं ।
लै तटि जात बजावत गावत, दागत रोवत यौ सुख मांनैं । ९६
न्यौतत बिप्र महौच्छव मैं, उनमांनि लियौ फिरि आवत नांहीं ।
ह्वै इक ठौर कहै सब कोहु त, बोलि उठे सब ह्यौ सब आंहीं ।
जीमत ना हम जाति न जांनत, मत्त भलौं घरि आंनि रु दांहीं ।
पंचन की सुनि बातहि सोचत, पूछन कौं गुर पैं चलि जांहीं ॥९७
रांम अनुज्जहि ढोक दई मम, बिप्र न जीमत बात जनाई ।
आप कही परभाव न जांनत, जांनत है सुर पावत आई ।
देखत ही सुर आइ गये ढिग, पंचन कौं भुज च्यारि दिखाई ।
जीमन द्यौ इन स्वास न काढहु, हांसि करा जब ये फिरि जाई ॥९८
देवन देखि प्रणांम करी परि, आज दया करि मो बड़ कींन्हौं ।
भोजन पाइ गये नभ मारग, बिप्रन मैं किनहूं नहि चींन्हौं ।
पाइ प्रसाद सराहत है सुर, साधुन को पर भावहि भींन्हौं ।
जात भयो अभिमांन गये घरि, लाज न ये किणका चुनि[1] लींन्हौं ॥९९
पाइ परैं बिनतीहु करैं मन, दीन धरै हम चूक हि छांडौ ।
संत कहै तुमरौ उपगार, उधार भयो मम बाद न मांडौ ।
भक्ति धरौ उर दास करौ हम, है चित मैं मति हांसि न भांडौ ।
दे उपदेस किये सब कौ सिष, गाड़ि दई ममता खिण खांडौ ॥१००

[मूल]

छपै **जन राघो राखे रांमजी, जन के पग जल तैं अधर ॥टेक**
**इक श्रीसंप्रदा महंत, सिषन सुरसुरी दिढाई ।**
**इकही कहिये कांत, पाव जिन बोरै जाई ।**
**पृथी प्रकर्मा देहुं, आप यहु आरंभ कीन्हौं ।**
**षट-ब्रष लौं अटि खोजि, आय उन दर्सन दीन्हौं ।**

१. चुगि ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**सिष पट तारयौ सुर धुनी, गुर मंजन करत टेरयौ मधर।**
**जन राघो राखे रांमजी, जन के पग जल तैं अधर ॥१२०**

टीका

इंदव छंद
संत रहैं बहु देव धुनि तटि, है गुर-भक्त जुदौ न रहावै।
जात गुरु परदक्षरा देवन, मो मति छाड़हु गंग बतावै।
कूप करै सब न्हांवन धोवन, गंग गुरू मनि ध्यांन करावै।
दे परदक्षरा आत भये जन, पाइ सबै दुख साध सुनावै ॥१०१
जांनि चले सिष लै करि गंगहि, धारहि पैठि अंगोछ मंगायौ।
सोच करै नहि पाव धरै जब, गंगहि बोलि उपाइ बतायौ।
अंबुज-पत्रनि पाव धरे, अधरे चलि जाइ तबैं पकरायौ।
भीर हुती तटि बाहरि आवत, पाइ परे सबही गुन गायौ ॥१०२

[मूल]

छपै
**इम रांमांनुज के पाटि, पटंतर देवाचारिय।**
**देवाचारिय कै दिप्यौ, हंस हरियानंद आरिय।**
**हरियानंद करि हेत, राघवानंद निवाजे।**
**ताकै रांमांनंद महंत, महिपुर मैं बाजे।**
**अब राघौ रांमांनंद कै है, अनंतानंद सिष बड़ौ।**
**येकादस सिष और है, आदिपधित अनुक्रम पढ़ौ ॥१२१**
**इम रांमांनंद प्रताप तैं, इतनें दिग द्वादस महंत ॥टे०**
**अनंतानंद, कबीर, सुखानंद, सुख मैं भूलै।**
**सुमरि सुरसुरानंद, रांम, रैदास न भूलै।**
**धना, सेन, पद्मावति, पीपा पुनि नरहरदासा।**
**भावानंद, सुरसुरी, कीयौ हरि घर मैं बासां।**
**परमार्थ कौं अवतरे, राघो मिलि रांम रहंत।**
**इम रामांनंद प्रताप तैं, इतने दिग द्वादस महंत ॥१२२**

घनाक्षरी छंद
**रांमांनंद रांम कांम सावधांन आठौ जांम,**
**कायागढ़ करि तमाम जीत्यौ मन घेरि कै।**
**जाति-पांति ऊंच-नीच मेटिकैं अकाल-मीच,**
**सार बस्त सार गहि लीन्हौं हरि हेरि कैं।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

ऊपजे सपूत सिष द्वादस दुनी मैं दीप,
चंदन सूं चंदन कपूर जैसें केरि के।
राघो कहै पंथ पाज थापिकैं भगत राज,
पूरौ गुर पूरौ साज सिर तपै सुमेर कै ॥१२३
स्वांमी रांमांनंदजी के आनंद के कंद सिष,
तहां दस दीरघ अनंतानंद पाट कौ।
मन बच क्रम धर्म धारचौ सेवा जाप[1] पन,
कांम क्रोध जीत्यौ मन नृमल निराट कौ।
बड़ेन की रीति अति प्रीति परमेसुर सूं,
गुरु ज्यौं पहूंच्यौ धुर ज्ञांनी वाही घाट कौ।
राघो कहै राति दिन रांम न बिसारचौ छिन,
तारिक त्रिलोक-मधि बरण बिराट कौ ॥१२४

कबीरजी कौ मूल

छपै अथाह थाह पांऊं नहीं, क्यौं जस कहूं कबीर कौ॥
श्रीरांमांनंद कौ सिष, जाति जग कहै जुलाहौ।
कासी करि बिसरांम, लीयो हरि भक्ति सु लाहौ।
हिंदू तुरक प्रमोधि, कीये अज्ञांनी तै ज्ञांनीं।
सबद रमैंणी साखि, सत्य सगलां करि मांनी।
प्रमांनंद प्रभु कारनैं, सुख सब तज्यौ सरीर कौ।
अथाह थाह पांऊं नहीं, क्यौं जस कहूं कबीर कौ ॥१२५

मनहर छंद भरम करम तजि प्रसे गुर रांमांनंद,
उपज्यौ आनंद क्रम जग्यौ यौं कबीर कौं।
कांम क्रोध लोभ मोह मारिकैं बजायो लोह,
सूर-वीर समर्थ भरोसौ तेग तीर कौ।
साखी सबदी ग्रंथ रमैंणी पद प्रगट है,
सोहै सबंही कंठि हार जैसै हीर कौ।
राघो कहै रांम जपि जगत उधारचो जिन,
माया-मधि मोक्ष भयो मोती जैसे नीर कौ ॥१२६

---

१. पूजा।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

टीका

इंदव छंद
मांनि अकासहि बोल भये सिष, जाइ परे मग न्हांवन जावै।
लागत ठौकर रांम कह्यौ सिर, हाथ धरयौ इतनौं यह चावै।
भक्ति करै गुर-भाव धरै जन, पूछत है उन नावं बतावै।
स्वांमि सुनि[1] तब बेगि बुलावत, सिष्य करयौ कब[2] भांति बतावै ।।१०३
पाव लग्यौ जब रांम कह्यौ तुम, मंत्र वही तिस बेदहि गावै।
खोलि मिले पट मांनि सचौ मत, भक्ति करौ तत यौं समझावै।
जाइ वुनै दुवटी हि भजै हरि, येक करै घर कांम चलावै।
बेचत आइ मगी अध फारत, द्यौं सब ही सबलै मन भावै ।।१०४
मात तिया सुत भूख मरै घरि, आप लुके कहूं धांम न धांनें।
सोच परयौ प्रभु भक्ति करै जन, खांड गहूं घृत बाल-दि आंनें।
तीनि दिनां जब बीति गये उन, केसव नांखि दई घर जांनें।
मात कहै पकरै दरबारहि, लेत नहीं सुत येक न मांनें ।।१०५
च्यारि गये जन ढूंढि र ल्यावत, आइ सुनी हरि जांनत पीरा।
बैठि बिचारत आप बिसंभर, न्यौंति जिमावत संतन भीरा।
छोड़ि दयौ बुनबौ प्रभु गावत, बिप्रन क्रोध करयौ तजि धीरा।
पाइ बिभो निति सुद्र जिमावत, जांनत मैं हम कौंन कबीरा ।।१०६
जात रहौ कित जांउ कहौ किम, रांम भजौं अब बाट न मारी।
मांन करयौ उन मोड़न कौ, अपमांन करयौ हम देत जिवारी।
जात बजार लगै अब हाथि र, हौ तुम ह्यांहि उपाधि निवारी।
ल्याइ हरी रिधि दै सब बिप्रन, होत खुसी जन कीरति कारी ।।१०७
रूप करयौ हरि बांह्मन कौ तुम, जाहु कबीरहि बांटत भाई।
भूख मरै मति ढ़ील करै जिन, जात घरां सिर देत अढाई।
धांम गये जब देखि खुसी मन, नौतम खेल दिखावत राई।
लै गनिका सब देखत कीड़त, भीर मिटांवन हासि कराई ।।१०८
साध दुखी लखि साख तहां संत, फेरि बिबेक करयौ कछु औरै।
जात सभा नृप मांन करयौ न, तबैं इक ख्याल करै जल ढौरै।
पूछत भूपति कारन कौंनस, पंड[3] जरयौं जगनांथहि ठौरै।
भूपति मांनस भेजि दयौ उन, आइ कही सब सांचहि चौरै ।।१०९

---

१. मुनि। २. कच्छ। ३. पंडा।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

भूप कहै त्रिय सौं हुइ साचहि, सोच भयो उर पाव गहीजै।
चालि परे सिर घास भरौटहि, डारि कुल्हारी गरै दोउ धीजै।
लाजहि डारिब जारहि मारग, कीन्ह बुरी हम यौं बपु छीजै।
देखि कबीर गये चलि नीरहि, बोझ उतारि कहा इम कीजै ॥११०
ब्राह्मन देखि प्रताप उठे जरि, स्याह सिकंदर आइ किनारै।
मात कबीरहि साथि लई सब, गांव दुखावत जाइ पुकारे।
बेग बुलावत कौंन कबीर स, द्यौं लटकाइस खूंट हमारे।
ल्याइ खड़ा करि बात कहै सब, स्याह सलांम करौ हरि प्यारे ॥१११
सांकल बांधि रु गंग बहावत, देखि खड़े कहि चेटक आवै।
लाकड़ मेल्हि रु आगि लगावत, दीपत देह सु हेम लजावै।
भूंमि दये खनि नांहि रहे छिन, ऊपरि आइ र गोबिंद गावैं।
चालत नांहि उपाइ रहे थकि, हैं उर मांहि अ ग्यांन न आबै ॥११२

मूल

**दास कबीर सधीर धर्म्म के, मांनौ सुमेर सहंस्रक रोपे।**
**हींदू तुरक संन्यासी रु ब्राह्मण, स्याह सिकंदर आदि दे कोपे।**
**झुकायो गयंद मयंद महाबलि, स्यंघ सरूप सभा बिचि चोपे[1]।**
**राघो कला प्रबला बढ़ी बेहद, पैज रही हद के दंद लोपे ॥१२७**

[टीका]

देखि डरचौ पतिस्याह प्रतापहि, आइ रह्यौ पगि लोग न ये हैं।
राखि हमैं हरि तै मति मारिहि, ल्यौ धन गांवहि मान भये हैं।
भावत रांम न और कांम, रहैं हम आंम न दांम लये हैं।
धांम पधारत फौज फते करि, संत मिले ससनेह छये हैं ॥११३
हारि बुलाइ र ब्राह्मन च्यारहि, मुंड मुंडाइ र साध बनाये।
गांवहि नांवहि बूझि महंत न, नांम कबीर सु लेर बुलाये।
संतन आवत आप लुके कित, रांम उतारि चहू दिसि आये।
रूप कबीर बनाइ बहुतक, आप गये मिलि साध रिझाये ॥११४
बेस बनाइ बधू सुर आवत, देखि अडिग्ग चली नहीं लागी।
विष्णु पधारि दयो जन मांनहि, मांगि सबै कुछ द्यौं बड़ भागी।

---

१. बोपे।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

फेरि कह्यौ मम धांम चलौ अब, जौर भजौत रहौ बुधि पागी।
फूल मंगाइ मगैहर सोइ र, भक्ति दिपा इम ले बपु सागी ॥११५

मूल

दास कबी र की तेग तिहूं पुरु, है धुर धाक पुकारत माया।
कांम र क्रोध से जोध जुगति सूं, मारि मरद नैं गरद्द मिलाया।
रांमहि रांम रट्यौ न घट्यौ पन, त्यागि तिरग्गुण नृगुण गाया।
ज्ञांन-गदा अबदा उर आयुध, राघो कहै भुव भार मिटाया ॥१२८
दास कबीर धर्म की सीर, तिहूं पुर पीर गंभीर गंभीरौ।
जरणां जल रूप अनूप घरणी, सु बणी कलि क्रांति ज्यूं हेम मैं हीरौ।
बिधनां बिधि सूं रधि दै रिझयौ, दिज कौं सब दोवटी दै पर पीरौ[1]।
राघो कहै सब लोक[2] के धोक देहि,अैसौ तप्यौ कलि-कालि कबीरौ ॥१२९

घनाक्षरी छंद
अजर जराइ कैं बजाइ कै बिग्यांन तेग,
कलि मैं कबीर असे धीर भये धर्म के।
मार्यौ मन-मदन सो सदन सरीर सुख,
काटे माया मोह फंध बंधन भरम के।
निडर निसंक राव रंक सम तुल्य जाकै,
सुभ न असुभ मांनै भै न काल क्रम के।
जीति लीयौ जनम जिहांन मैं न छाड़ि देह,
राघो कहै रांम मिलि कीन्हें कांम मर्म के ॥१३०

छप्पै
रैदास नृमल बांणी करी, संसै ग्रंथ बिदार नैं॥
आगम निगम सुंण[3], सबद सब मिलत उचारन।
पैं पांणी भिन्नता, संत हंसा साधारण।
गुर-गोबिंद परसाद, मुकति याही पुजांहीं।
ब्राह्मन क्षत्री चकित, काटि उप नयन बतांही।
अष्ट मदादिक त्यागि, या चरन रैंन सिर धार नैं।
रैदास नृमल बांणी करी, संसै ग्रंथ बिदार नैं ॥१३१

---

१. दीरौ। २. लोके धोक देहि। ३. पुरांण।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

टीका

इंदव छंद
रांमहि नंद सुसिष्ष भलौइ क, ब्रह्म सु चारिहु चूंनहि ल्यावै।
बैस्य कहै इक चूंन हमारहु, ल्यौ तुम बीस-कबार[1] सुनावै।
मेह भयो तब बापहि ल्यावत, भोग धरयौ हरि ध्यांन न आवै।
रे किम ल्यावत बूझि मगावत, ढेढ बिसाहत श्राप चलावै ॥११६
नींच भयो सिसु खीर न पीवत, या दिसु पूरब बात रहाई।
अंबर बैंन सुन्यौं रमनंदहि, दंड भयो मनि यौं चलि जाई।
देखत पाइ परे पित-मातहि, सीस धरयौ कर पाप नसाई।
बोबन पीवत यौं पन जीवत, ईसुर जांनत फेरि भुलाई ॥११७
साधहि सेव लगे रयदास जु, मात-पिता स जुदा करि दीया।
संपति ठांव दिया न हुता बहु, याहु तिया पति नांव न लीया।
जूतिन गांठि निबाह करै तन, और उपांनत संतन कीया।
सालगरांमहि छांनि छवावत, आप सवा हरि बांटहि धीया ॥११८
पावत कष्ट गनैं न भजै हरि, संत सरूप धरे प्रभु आये।
भोजन पांन कराइ रिझावत, लेहू करौं सुख पारस ल्याये।
पाथरढीं मन सु नहि कांम, भजैं इक रांम बहौ समझाये।
हेम दिखाइ दयो घसि रांपि न, हाथि दयो धरि छांनि पिखाये ॥११९
मास तियौं दस बीति गये हरि, पूछत है जन पारस रीतं।
ल्यौ वहि ठौर समोड़ र चौरस, द्यौ किहि और स पावत भीतं।
लै फिर जात सुनौं नव बात, महौरहु पांच दई निति धीतं।
पूजन हुं करते भय मांनत, राति कही प्रभु राखत जीतं ॥१२०
आय समांनि चणावत मंदिर, साधन राखि भली बिधि चीन्हीं।
तांनि बितांनहू ठौरन ठौरन, भाव भगति सु कीरति कीन्ही।
राग र भोग करै बिधि बिद्धिन, ब्राह्मन बैर धरै बुधि दीन्हीं।
आप सिखावत बिप्रन कौं हरि, नीच तिया महलाइत भीन्हीं ॥१२१
प्रेम सहेत करै निति पूजन, यौं रयदास छिप्यौहि लड़ावै।
तौहु सिलावत भूपति कौं दिज, होइ सभा मुखि गारि सुनावै।
दाम बुलाइ कहै नृप जोर न, न्याव करै हरि गैल छुड़ावै।
राखि सिंघासन दोउन कै बिचि, तेउ बड़े जिन पै प्रभु आवै ॥१२२

---
१. कबीर।

मूल

**दास रैदास की पैज रही निबही, सर्ब लोक सिरै मधि कासी।**
**बिप्रन बाद कियो यह जांनिकै, सूद्र क्यूं सालिगराम उपासी।**
**टेक यहै बटवा बिचि राखहु, जाहिकै प्रीति है ताहिक ग्रासी।**
**राघो कहै गये दास रयदास पैं[1], प्रीति खुसी हरि जाति न जासी॥१३२**

टीका

गढ़ चितोर हि भूप तिया सिषि, आइ हुई उस नाम भुझाली[2]।
साथि कई द्विज देखि उठे दझि, भूपति पैं स सभा मिलि चाली।
भांति उहीं धरि है बिचि ठाकुर, पाठ करै द्विज है सब खाली।
गावत है पद हौ अघ-मोचन, आइ लगे उर प्रीति सु पाली॥१२३
देसि गई फिरि कागज भेजत, आइ दया करि पावन कीजै।
आप चितौर गये धन वारत, ब्राह्मन आवत पांहूं जिमीजै।
जीमन कौंज लगे जबहि दिज, दोइन मैं रयदास लखीजै।
आंम्हनि सांम्हनि पेषि भये सिष, काटि र कंध जनेउ दिखीजै॥१२४

पीपाजी कौ मूल

छपै **[पीपै सिंघ प्रमोधियो, जगत बात बिख्यात है॥]**
**देबी द्वादस बरष, सेय करि मांगत मुक्ति।**
**सक्ति साच कहि दई, लाइ मन करि हरि-भक्ति।**
**श्रीरांमांनंद गुर धारि, करचौ अति भजन अनूपं।**
**परचा पद परसिधि, धरे उर संत सरूपं।**
**परस पछौपैं सरस पुनि, जन राघो आक्षात है।**
**पीपै स्यंघ प्रमोधियो, जगत बात बिख्यात है॥१३३**

इंदव छंद **देवी दयाल भई दत दैंन कौं, मांगि जितो मन भावत पीपा।**
**जन के मुख तें यह जाब भयो, मोहि मोक्ष करौ जननी सत दीपा।**
**दीन भई दुरगा मुख भाखत, मोक्ष र मोहि नहीं छल छीपा।**
**राघो कहै गछि ग्यांन कै मारग, रांम भजौ रामानंद समीपा॥१३४**
**दक्षिन देस नरेस बडै कुल, रांम कै कांम कौं रावत पीपा।**
**रज कौ रज मां प्रगट्यौ अज मां, अजबंस की छाप कौ अंस उदीपा।**
**कांम कलेस प्रवेस न पाखंड, सीतार है दिन राति समीपा।**
**राघो कहै भजनीक भलौ भड़, नांव की तेग सूं नौखंड जीपा॥१३५**

---
१. कं। २. सुझाली।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

टीका

मत- भूप गयो गढ़ गागुन कौ, पुनि सेवत देबिहि रग लग्यौ है।
गयंद चक्र हुतौ पुर संत पंधारत, चूंन दयो हरि भोग पग्यौ है।
सैन करयौ रजनी सुपनै महि, भूप पछारत रोइ भग्यौ है।
आपन कौं न सुहात फिरयौ मन, देबि परी पगि भाग जग्यौ है ।।१२५
जांनत है सब स्यांन भई नृप, जात बनारसि स्वांमिहि पासा।
जांन लग्यौ सुगुरू ढिग अंदर, द्वार सु रक्षक बर्जत तासा।
जाइ कही प्रभू भूपति आवत, मा इक कांम न आप उदासा।
बेग लुटावत कूप परौ अब, जात परन्नहि देत हुलासा ।।१२६
दास करयौ कर सीस धरयौ उर, नांव भरयौ कहि जाहु उहांहीं।
साधनि सेवत दे धन धांमहि, कीरति आइ कहै हम आंहीं।
आइस पाइस आवत स्वै पुर, वैहि करी जन प्रीति करांहीं।
कागद भेजत बोल करौ सति, चालिस संत सुसंगि चलांहीं ।।१२७
साथि कबीर रदास हि यादिक, सैर कनै सुखपालहि ल्यायौ।
लागि पगां सब कौं परनांमहि, मांहि पधारत माल लुटायौ।
सेव करि निति मेव मिठाइन[१], राग करे गुण जीभ न मायो।
देखि भगति मगंन भये सब, बैठि रह्यौ कहि साथिहि ध्यायो ।।१२८
साथि चली त्रिय द्वादस बर्जत, मांनत नांहि घणी डर पावै।
फारत कंबल ज्यौ[२] गलि मेखलि, भूषन दूरि करौं मन भावै।
आंम्हन सांम्हन देखत भांमनि, रोय चली इक सीत रहावै।
नांखिहु याहि तबै वहु डारत, नागि भई गुर कंठि लगावै ।।१२९

मूल

मनहर **ऐसौ सूर-बीर न सरीर संक मांनैं नैक,**
छंद **पीपौजी प्रचंड नवखंड मध्य गाइये।**
**सीताजी सदन तजि मदन कौ मारयौ मांन,**
**नगन ह्वै नांची त्रिहूं लोक मैं सराहिये।**
**छाड़ि दीन्हां भोग भछि स्वांमी संगि चली गछि,**
**कांमरी कमरि सिर मांगी भिक्षा पाइये।**

---

१. निठाइन। २. ल्यौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

रघवा रतीक प्रसि पीपोजी पारस अंग,
उधरे हैं ताकै संगि अनंत बताइये ॥१३६

टीका

इंदव छंद आप दया करि द्यौ अब काहुक, मैं न रखौं इन साच कही है।
सौंह कढावत साथि लई जब, चालत ही दिज पात मही है।
भैंर लयौ उन ज्याइ पठावत, चालि सबै हरि धांम लही है।
कोउ दिनां रहि मांगत आइस, सागर डांकि परे सु गही है ॥१३०
लैंन पठाइ दये हरि स्वै जन, देखि पुरी फिरि कृष्ण मिले हैं।
कंचन म्हैलन म्हैलन क्रीड़त, सात दिनां सुख पाइ भले हैं।
देव कहै जइये अब बाहरि, मांन तनै हरि रूप झिले हैं।
डूबि रह्यौ जन ह्वै अपकीरति, ब्याकुल ह्वै डर मांनि चले हैं ॥१३१
साथि भये नवड़ावन कौं हरि, प्रेम बधे जन बाहरि आये।
लेत पिछांनि सबै इक आचर्य, अंबर भीजत देह सुकाये।
छाप दई जग पातग काटहु, ऊठि चलौ कहि सीत जनाये।
मारग चालत तुर्क मिल्यौ इक, खोसि लई तिय रांम छुड़ाये ॥१३२
जाहु अबौं घर नारिहि कौं डर, रांम न जांनहु यौं उठि बोली।
पारख लेत सुहै हरि हेत, सुनी निहचै तब अतर खोली।
मारग दूसर जात मिल्यौ हरि, दे उपदेस मिटावत रौली।
सेष सज्या हरि देखि धनेर हि, बांस हरे करि चींधड़ छौली ॥१३३
भक्तन देखि कहै तिरिया, पति नै घर मैं कछू प्रीति कराई।
बेस उतारि रु बेचि लयो अन, पाक करौ तिय देत छिपाई।
भोग लगाइ रु जीमन बैठत, ल्यौ तुम दंपति पीछै रहाई।
जौ तुम पावत तौ हम पावत, सीत गई वत नग्गन सु पाई ॥१३४
बेस कहां तुम यौंहि रहै हम, संतन सेव करै इम बाई।
आवत साध अनंद अगाधहि, देह रहौ किम बात न भाई।
फारि दियो पट बांधि कह्यौ कटि, हाथहु खैंचत बाहरि आई।
भक्त यहै हम भक्त कहावत, होइ इनौं पहि स्वांमि सुनाई ॥१३५
बारमुखी बणि ल्याइ धरैं धन, चालि गई जित नाजहि ढ़ेरी।
आवत लोग नखै द्रिग रोग रु, चाहत भोग कटाक्षहि फेरि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

को तु बता इम पातरि ग्राहि, यहै भरवा सुनतें परि बेरी।
रोक रु नाज दयो सब साज[1], सु चींधड़ देतहि जात निबेरी ।।१३६
ढोडहि ग्रावत भूखन धावत, दांमहि पावत जाव नहांनें।
भूंमि गड्यौ चरवा लखि म्हौरन राति कही त्रिय बात सु वांनें।
चोर सुनी धन पासि गये, खनि देखि भुजंग हतै उन प्रांनै।
डारि दई गनि कैं सु लई सत-सात र बीस तुला पच गांनें ।।१३७
ग्रावत द्वारि जिमावत है जिनि, साधन दे दल बेगि खवायौ।
तीन दिनां महि सर्ब लुटावत, सूरज भूप तबै सुनि धायौ।
दर्सन देखि भयौ ग्रति पर्सन, देहु दक्षा हम सौ हम भायौ।
जो मन ग्रावत सोउ करौ ग्रब, ल्याइ धरौ सब रांणिन ल्यायौ ।।१३८
पारख ले करि नांव दये फिर, नारि दई परदा मत कीजै।
माल दयो[2] कुछ राखत संत न, मांन नहीं नृप रांम भजिजै।
भ्रात बरे सुनि सूरज के, परताप बड़ौ जन जाइ न खीजे।
बैल बिसाहु न नाइक ग्रावत, हासि करी जनकै बहु लीजे ।।१३६
नाइक जाइ धरे रुपया तुम, द्यौष यला सब गांव रहावै।
छोड़ि गयौ लखि साध बुलावत, जोमत ग्रावत ल्यौ मन भावै।
भक्तन देखत भक्ति भई उर, ग्रंबर ल्याइ रु ग्राप उढ़ावै।
बाज चढ़े सर न्हांन बड़े छड़ि, बांधि लयौ रपि चालत ग्रावै ।।१४०
ग्राप गयो[3] घरि साध पधारत, नाज नहीं कहुँ जा(इ) करि ल्यांऊं।
बसि बिषी त्रिय देखि लुभावत, ल्यौ सबही तुम रैंनि रहांऊं।
जीमत ग्राइ गये बिधि बूझत, बात कही सति मैं निसि जांऊं।
ग्रंग बनाइ चली बरषै घन, कंध चढ़ाइ लई पहुचांऊं ।।१४१
ऊपरि भेजि दई तरि बैठत, सूकि पगां जननी किम ग्राई।
कंध चढाइ रु ल्यावत स्वांमिन, है सु कहां तरि लागत पाई।
कांम करौ न डरौ मन मैं तुम, दे कर माल स मोलि लिवाई।
बोल न ग्रावत नीर बहै द्रिग, जांनि भयो सुध भक्ति दिढ़ाई ।।१४२
बात गई यह भूपति पैं द्विज, ह्वै यकठे बिप्रीति कहाई।
प्रीति घटी नृप की बुधि नूंन स, जांनत नैं यह भक्ति बधाई।

---

१. साच। २. दया। ३. गये।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञांनहि देवन स्वांमि चले किन, जाइ कही अब सेव कराई।
जीन करावत मोचिन कै घरि, आइ परचौ पगि यौं सुनताई ॥१४३
बांझ तिया इक रूपवती गृह, मांगत स्वांमि न ल्यौं मन नांहीं।
ल्यांन चल्यौ गुर स्यंघ बन्यौ लखि, होत खड़ौ डर दोइ पखांहीं।
स्यंघ मिट्यौ पुनि बाल भयो तिय, देखि प्रभावहि सीस नवांहीं।
आप खिजे वह भाव कहां, तव दास करौ अब ठेठ निबांहीं ॥१४४
दे उपदेस कियो सुध भूपति, नेम लयो फिरि धांम गयो है।
नांम भगत्त तिया निसि मांगत, लेहु कही भजि है न पयौ है।
लार भगी दिन होत चली नहि, धांमन धांमन देखि नयो है।
मात चलौ तव धांम धरौं फिरि, कांम मिट्यौ गुर-भाव भयो है ॥१४५
च्यारि बिषी नर स्वांग लयो धरि, मांगत सीतहि बेगिहि लीजे।
अंग बनाइ रही घरि येकल, आवत, आकुल जाहु रमीजे।
जातहि स्यंधनि खावन आवत, खात नहीं प्रभु भेष धरीजे।
रोस करै तुम भाव निहारहु, मांनिहु ये सिष रांम भनीजे ॥१४६
संतन कौं दल लेरु पुवावत, गूजरि मांगत तेर दुगांनीं।
आवत भेटहि आजि सबै तव, पीपहि साच स बात बखांनी।
माल चढ़ावत आइ महाजन, है सत च्यारि हुवो प्रवांनी।
देत न लेत दयो समझाइ, बुलाइ मिलाइ जिमाइ सिहांनी ॥१४७
ब्राह्मन कै घर चक्र भवांनिहि, पीपहि न्यौतत संत सुजांनी।
रांमहि भोग लगाइ र पावत, ल्याव सबै बिधि थोर स आंनी।
भोग लगी रिधि ईस्वर कै सब, भूख मरौ द्विज रोस भवांनीं।
वै किन मारत जोर न चालत, छोड़ि दई हरि भक्ति करांनी ॥१४८
तेलनि रूपवती इक देखि र, स्वांमि कहै करि रांम उचारा।
जाइ धणी मरि रांम कहै जरि, बोलत क्यूं न भगत्त बिचारा।
तौ जबही करि जात धणी मरि, होत सती तब रांम संभारा।
स्वांमि कहै अबलै निस-बासुर, तौ रजिवावत ल्यौं रजि वारा ॥१४९
भूपति भैंसि दई बन मैं चरि, आपहि आइ रहै घर मांहीं।
दोंहि बिलोइ र साधन पावत, छाछि रहै फिरि राब रधांहीं।
चोरि लई उन जांन दई फिरि, पाड़ि न ल्यौ वह सोचि रहांहीं।
हौ तुम कौन स पीप कहै मुहि, देत भये अर पाइ परांहीं ॥१५०

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

गांव गये जित भेट भई बहु, म्हौर दई भरि गोहन गाडी।
चौरन खोसि लये स चले जब, दौरि कही तुम म्हौर न छाडी।
पाइन ये पहुचाइ दये फिर, सिष्य भये दय भैंसि रु पाडी।
ल्यात घरां जन सीत खिजै उन, आवत है सब संतन आड़ी ॥१५१
पांचहि गांवन तैं दल आवत, मांनि लये जन जाइ रिझाये।
गांवहु ते सिष दोइक डेरनि, देखि लगी पगि आनन्द पाये।
आप तज्यौ तंन जारि दये उन, होइ उदास चली हरि ध्याये।
दूसर गांव मिलेस तज्यौ तन, पांच जगां जरते दिखराये ॥१५२
वैबपुरी चलि टोडहु आवत, देखि सियाबर नैंन सिराये।
बात सुनौं बनियां रिधि लेवत, सात सतौ रुपयाह बताये।
कागद हाथि दयो अरु खीजत, लोग बंचावत आंक नसायें।
सोच भयो बनियां मुख सूकत, आवत भेट दये सु लिखाये ॥१५३
स्वांमि कहै सिय त्यागि करौ गृह, ठीक यहै मन मैं सु करीजै।
ह्वै नृबिति जहां तह बैठि रु, मांग भिक्षा हरि ध्यांन धरीजै।
छोड़ि चले घर संपति ही बहु, तीन दिना मह लूटि परीजै।
जाइ रहे इक ऊजड़ गांवही, आइ सन्यास जमाति भरीजै ॥१५४
ब्राह्मन येक हत्या डर आवत, स्वांमिन सूं सब बात कही है।
गंगहि न्हाइ र पाक जिमावत, ब्राह्मन तौ मम लेत नहीं हैं।
सामगरी इत ल्याव जिमावहि, दूरि करें तव पाप सही है।
बिप्र र साध सन्यास खुवावत, पांति भई फिरिजैस लही है ॥१५५
सूरज कौं अवसेर भई नर, भेजि बुलावत स्वांमि पधारे।
भेट करी बहु संपति आदिक, आप महौछव गांव सिधारे।
पीछहि साथ सिया ढ़िग आवत, देहु हमैं धन धीह वधारे।
दे दइ संपति थी घर मैं सब, होत खुसी मनि भौतल धारे ॥१५६
कागद आवत श्री रंग कौ ढ़िग, जात भये दिवसा जन द्वारा।
बैठि लख्यौ मन ध्यांन करै हरि, भावहि रूप चढ़ावत हारा।
कांन रह्यौ चित आंन बह्यौ तब, पीप कह्यौ मन ल्याव सिंगारा।
पूजन छाड़ि सिताबहि आवत, पूछत को तुम नांम उचारा ॥१५७

१. रथा।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नांव बतावत ज्ञांन सुनावत, श्रीरंग बोलत बाग चलीजे।
जात भये जन बाजन ले करि, जाइर ल्यावत संत पतीजे।
राखि घरां सब बात बखांनत, स्वांमि कही चलि ताल रहीजे।
लेतां[1] करि उन आतक डेरनि, रूपवती लखि सिष्य करीजे ॥१५८
भाव भरचौ उर नांव धरचौ उभ, तीरथ जा करि टोडहि आई।
पांचक डारहु बांसन ल्यावत, चौर छरी नटि हासि कराई।
बोझ खरा जल पीव न जातस, हाथ अठार बधे रहराई[1]।
ब्रांह्मन पंथ पुकार रह्यौ तब, पूछत स्वांमिन क्या दुख भाई ॥१५९
धीह कवारि नहीं घर मैं धन, आप कहै चलि तोहि दिवांऊं।
भद्र कराइर भेष बनावत, बोलिय ना नृप पासि पुजाऊं।
ले करि जात भये जन म्हैलन, पूजि इन्है सुनि भेद बताऊं।
ये हमरे गुर कै सम जानहु, भेट करी बहु चालि नड़ाऊं ॥१६०
रैनि उछोहुत द्वारवती महि, लागि चिराक बितांन बरै है।
भूपति पासि हुते जन देखि र, लेत बुझाइ सु हाथ मरै है।
मांनत नांहि कहै सब लोगन, स्वांमिन देखि अचंभ करै है।
मांनस भेजि र ठीक मंगावत, आइ कही सति पाइ परै है ॥१६१
ब्राह्मन आइ कही यक स्वांमिन, अंन उपावन बैल दिवैये।
तेलक छोकर-पांवन ल्यावत, बैल दयो द्विज जाइ उपैये।
बालक रोवत धांम गयो पित, सूरजसेनहि जाइ कहैये।
भूप पठावत जाहु उनौं पहि, आइ परचौ पगि है घरि जैये ॥१६२
काल परचौ सत पन्द्रह बीसक, द्वन्द मच्यौ मरि है सब लोई।
स्वांमिन कैसु दया मन मैं अति, देत सदा अ्रत आवत कोई।
पात भयो धन भूमि गड़्यौ बह, देत लुटाइ न राखत सोई।
कांन सुने जितने परचे कहि, पीपहि के गुन पार न होई ॥१६३

## धनांजी कौ मूल

छपै **[संतन कै मुख नांखि कैं, धनैं खेत गोहूं लुणे ॥]**
**बीज बांहणैं लग्यौ, साध भूखे चलि आये।**
**मगन भयो मनमांहि, सबै गोहूं बरताये।**

---
[1]रासरुक।

**मात पिता तैं डरत, रिकत ऊंमरा कढाये।**
**भक्त भाव सौं भजे, और तैं बधे सवाये।**
**राघो अति अचिरज भयो, बिन बाहें निपजे सुणे।**
**संतन कैं मुखि बाहि कैं, धनैं खेत गोहूं लुणे ॥१३७**

*मनहर छंद*
**गाड़ौ भरयौ बीज बीचि संतन कौं बांटि दयौ,**
**असैं रह्यौ ध्यांन तिहूं लोक धनां जाट कौ।**
**पारौसी कै खेत कौ करार कीन्हौं हारिन सूं,**
**हाथ मारि लयो जन कौल कीयो काट कौ।**
**गेहूं लगे ठौर[1] कछू वोरन कौं नांहीं और,**
**ऊंमरा कठाये डर मांन्यौ राज हाट कौ।**
**राघो कहै खेत हरि हेत अति नीपज्यौ जु,**
**दिन दिन बढ़त प्रवाह पुनि ठाठ कौ ॥१३८**

[टीका]

*मत-गयंद छंद*
खेत कथा कहि दी सब राघव, फेरि सुनौं इक पैल भई है।
बैसनु ब्राह्मन सेव करी घरि, देखि ठरयौ मन मांगि लई है।
गोल असंम उठाइ दयो वह, लेत भयो अति बुद्धि दई है।
भोग लगावत आड करावत, गास न खावत चित नई है ॥१६४
पाइ परै विनतीह करै तजि, भूख मरै अड़ि कैं जु पुवायो।
रोटि न ल्यावत नित्य जिमावत, जोरहि[2] पावत यौं मन लायो।
कोउ खुवावत वाहि रिझावत, गाइ चरावत यौं प्रभु भायो।
आइ फिरौं द्विज देखत नैं कछु, बात कही सब रांम दिखायो ॥१६५
गाइ चरावत देखि खुसी द्विज, भाव भयो जल नैंन ढरै हैं।
धांम सिधारि सु रांम रिझावत, आय हुवा जिम रीति करै है।
रीझि कही हरि जाहु धनां गुर, रांमहि नंद करौ सु सिरै है।
जाइ भये सिष कंठ लगावत, कांम करै घरि ध्यांन धरै है ॥१६६

सैनजी कौ मूल

*छपै*
**[जगत मांहि यह प्रगट है, सैन सरम राखी हरी ॥९०]**
**सुणि घरि आये संत, भक्त इक बड़ौ हजांमी।**
**टहल करी मन लाइ, जांनि कैं अंतर-जांमी।**

---
**१. गौर। २. डोरहि।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

लीये रछौंड़ी काच, भूप पैं प्रभु पधारे।
मरदन कीयो तेल, राइ बहौं भये सुखारे।
सैंन देखि नृप सिष भयो, आज मुक्ति मेरी करी।
जगत मांहि यह प्रकट है, सैंन सर्म राखी हरी ॥१३९

इंदव छंद एक समैं जन सैंन कैं संत, पधारे हु ते उन प्रीति लगाई।
मंजन बेर भई नृप टेरत, आपन आइ भये तहां नाई।
सैंन सुन्यौ समझो[1] जब बीतिगौ, राजा के रांमजी दाबिगौ पाई।
राघो कहै अपनै जन की, महिमां हरि आपन आप बधाई ॥१४०

टीका

सैंन भगत्त सु बांधू रहै गढ, नांपिक जाति रु संतन सेवै।
नेमहि साधि चल्यौ नृप न्हांवन, आवन साध फिरचौ मन देवै।
सेव करै जन नांहि डरै हरि, भूप नहावत पाइन भेवै।
सैंन चल्यौ फिरि जाइ मिल्यौ नृप, जांनि अचंभ कहा यह टेवै ॥१६७
भूप कही फिर क्यूं करि आवन, ढील भई घरि संत पधारे।
मैं अब आवत भूप लग्यौ पगि, आप कृपा मम रांम सिधारे।
सिष्ष भयो उर भाव लयो अर, प्रेम छयो सब पित्र उधारे।
रीति वहि अजहूं सुत नांतिन, और कुटंब करचौ निरधारे ॥१६८

मूल

छपै यम रसन[2] रांम रस पीवतैं, सही सुखानंद निसतरचौ ॥
गौड़ी राग गंभीर, हेत सूं हरि जस गायै।
गगन मगन गलतांन, नृषि नृभै पद पायै।
निज तन[3] निगम रसाल, चाखि रस चित दै चोखो।
चौथौ फर फारीक, गहत कछू रहत न धोखो।
जन राघो तर तृभवन-धणी, सर्ब-घट-ब्यापक बिसतरचौ।
यम रसन रांम रस पीवतैं, सही सुखानंद निसतरचौ ॥१४१
यौं रांमांनंद प्रताप तैं, जन राघो भेटे रांम कौं ॥
बड़ौ बित ब्रिद भक्ति-कंद भावानंद पायौ।
यौं अखंड निज जाप, अहौ-निसि हरि हरि गायौ।

---

१. समवो। २. रसिक। ३. तत।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

त्रिबिधि ताप तन दूरि, जीव जे आये चरणां।
तारिक मंत्र सुनाइ, मिटायो जामण-मरणां।
सुख पायो संसौ मिट्यौ, पूजि परम गुर-धांम कौं।
यौं रांमांनंद प्रताप तैं, जन राघो भेटे रांम कौं ॥१४२

सुर सुरानंद साचै मतै, महा-प्रसाद सब मांनियौं ॥टे०
चले जात मघ मध्य, जीमिये बरा बाकछल।
पीछैं पाये सिषन, देखि स्वांमी की सुभ चल।
वासूं आपन कह्यौ, बवन करि नांखि अभागे।
उन फिरी कीयो ढ़ेर, जिसे खाये थे आगे।
सुपति सुरसुरी ऊगले, पुसप पतासे जांनियौं।
सुर सुरानंद साचै मतै, महा-प्रसाद करि मांनियौं ॥१४३

इंदव छंद
साचै मतै सुर सुरानंद नांव ले, काहूं सौं मांन गुमांन न जाकै।
दोजगी दुष्ट दुसील इसे परि, क्षोभ भरे जिव छिद्र न ताकै।
वै निरदोष निरपक्ष निरमल, ताहू सौं खेचर खेचरी हाकै।
राघो कहै भर भीर परें, प्रगटे परमेसुर बोचि सभा कै ॥१४४

छपै
यौं निधून नर-हरियानंद की, वा माता सूं महिमां भई ॥
लगी झरन की झींक नंद कै नहीं बरीतौ।
हुतौ द्रुगा कौ द्वार सहर मैं सदन बदीतौ।
राघों रूतौ महंत मात की छाति उपारी।
तब कीयो भवांनी कौल भक्त ग्रह लकरी डारी।
इक पारौसी हरि बिमुख सत कै भोरै बूडौ।
कूटे जाइ कपाट जाल पाप करयौ जूड़ौ।
आप बदलै की बेठ गहि, निति साकत कै सिरि दई।
यौं निधून नरहरियानंद की, वा माता सूं महिमां भई ॥१४५

यौं नारि सुर-सुरानंद की, प्रभु राखी प्रहलाद ज्यूं ॥टे०
ध्यांन करत धर्महीन, असुर जब भये सकांमी।
स्यंघ रूप कौं धारि, उद्यत भये अंतरजांमी।
धरि धरि पटके दुष्ट, नष्ट दांतन उर फारे।
कछू जीवत गये भाजि, महापापी संघारे।

Jain Educationa International                For Personal and Private Use Only                www.jainelibrary.org

राघो संम्रथ रांम धनि, भक्त-बछल ब्रिद कहत यूं।
यौं नारि सुरसुरानंद की, प्रभु राखी प्रहलाद ज्यूं ॥१४६

मनहर छंद
यह हित रजखांनि मिली आंनि हित जांनि करि,
स्वांमी रांमांनंद गुर सिष पदमावती।
मन कौ उतारयौ मांन उरमी उद्यम आंन,
बिसरै न रांम रांम रहै गुन गावती।
गुर कौ सबद उर ध्रम कौ बसायो पुर,
ज्ञांन-ध्यांन सील सत और वृति जावती।
राघो कहि कासी मधि हाथी जीयो हाथ देत,
प्रसिधि प्रवीन भई आपौ न जनावती ॥१४७

छपै
जन राघो रटि रांमहि मिले, ये दाता आनंद-कंद के ॥टे०
कर्मचंद क्रमगलित जोग जोगानंद पायो।
पैहांरी परसिधि समझि सारी हरि गायो।
मगन मनोर्थ अल्ह भयो श्रीरंग रांम रत।
कीयो गयेस प्रवेस मैह[1] मन दीयौ परमेतत।
येते आठौं अटल सिष, स्वांमी अनंतानंद के।
जन राघो रांमहि मिले, ये दाता आनंद-कंद के ॥१४८
धनि अब गति अचिरज भयो[2], यौं अंब नवायो अल्ह कौं ॥
उपबन उत्तम[3] सुथांन, फूल फल ता मधि भारी।
तहां महंत भयो मगन, समझि सेवा बिसतारी।
भवतबिता कै भाइ, असुर अज गैबी आये।
उन लीन्ही छांह छुड़ाइ, संत मुनि मारि उठाये।
तब राघो रांमहि रिषि भई, वै सठ समझाये कलह कौं।
धनि अब गति अचिरज कीयौ, यौं अंब नवायो अल्ह कौं ॥१४९

टीका

मत-गयंद
जाइ चले इक बाग निहारत, अल्ह भई मन पूजन कीजे।
आंब रह्यौ पचि मालिहि जाचत, लेहु कही अब[4] डार नईंजे।
जाइ कही नृप सौंज हुई जिम, प्रीति भई सुनि पाव गहीजे।
आइ परचौ पगि आजि भलौ दिन, सीस दयो कर रांम भजीजे ॥१६९

१. मेहा। २. कियौ। ३. तमसथांन। ४. तब।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## श्री रंगजी की टीका

श्रीरंग नांम सरावग जांम, हुतौ दिवसा तिन बात बखांनौं।
चाकर ह्वै जम-धांम गयो उत[1], दूत भयो इन आइ लखांनौं।
नाइक नैं लय जात स देखहु, सींग बड़्यौ पसु मारि दिखांनौं।
रांम भजें बिन ह्वै जग यौं गति, भक्त भयौ सिर अनंत रखांनौं ॥१७०
पुत्र दिखावत भूत सरूपहि, सूकत जात सु बूझिक सूतौ।
मारन ध्यावत रैंनि उठे जन, माक्ष करौ मम भौत बिगूतौ।
होत सुनार तिया पर सूं रत, भूत हुवो तव पाव पहूंतौ।
रांमहि नांम सुनाइ करयौ सुध, आप कही फिरि होइ न भूतौ ॥१७१

## पैहारीजी कौ मूल

छपै निरबेद दिपायौ कृष्णदास, अनत जिकैं पीयौ दुगध ॥६०
बड़े तेज के पुंज, रांम बल कांम संघारे।
चरणांबुज आत-पत्र, राव राजा सिरि धारे।
जाकौं दक्षा दई, तास तलि कर नहीं कीयो।
सरणैं आयो कोइ, ताहि नृभै पद दीयो।
बंस दाहिमैं रवि प्रगट, साध खुलैं मुदि है मुगध।
निरबेद दिपायौ कृष्णदास, अनत जिकैं पीयौ दुगध ॥१५०
कृष्णदास कलि-कालि मैं, दधीच ज्यूं दूजें करी ॥
स्यंघ सरिण यौं जांनि, काटि तन मांस खुवायौ।
भई पहुँन गति भली, जगत जस भयो सवायो।
महा अपर बैराग, बांम कंचन तैं न्यारे।
हरि अंघ्री सुठ गंध, लेत अह-निस मतवारे।
गाला-रिष आश्रम बिदत, रीति सनातन उर धरी।
कृष्णदास कलि-काल मैं, दधीच ज्यूं दूजें करी ॥१५१

इंदव छंद ज्ञांन अनंत दयो अनतानंद, यौं प्रगट्यौ कृष्णदास पैहारी।
जोग उपास्यौ जुगति सूं तेजसी, अंतरवृति अक्ष्यंचनधारी।
जाकै धरयौ कर सीस कृपा करि, तास की भेट भोंटी न निहारी।
राघो बड़ी रहणी मिल्यौ रांम कौं, मोक्ष कौ पंथ निकाय कैं भारी ॥१५२

---

१. उन।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**काटि सरीर दयो भक्ष स्यंघ कौं, पैज रही कृष्णदास की भारी।**
**प्यंड ब्रह्मण्ड स्थावर जंगम है, अब मैं बिस्व रूप बिहारी।**
**संतन कौ अवस्स दयो जिन, ज्यौं तन सौंपत नाह कौं नारी।**
**राघो रह्यौ गलतै गलतांन ह्वै, रांम अखंड रट्यौ इक तारी ॥१५३**

टीका

जा सिर हाथ दयो न लयो कछु, राज दयो उन भूप कलू कौ।
डूंगर ब्यौर मिले सुत मातहि, दे हरि पूजन संत सलू कौ।
थार जले बिपरी सु लई सुत, भोग बिनां दुख पात हलू कौ।
मारन कौं तरवारि लई जन, वोट लई धन देत मलू कौ ॥१७२
भूपति पुत्र भगत्त भयो भल, संत सलाधि नहीं जन ऐसौ।
साध तिया ग्रभ दे जुग पातलि, बालक है गुर आप कहै सौ।
भेष धरचां इक जूतनि बेचत, भूप कहा कर जोरि हरै सौ।
त्याग करौ जग होइ बुरौ धन, देर रिझावत पाइ परौ सौ ॥१७३

मूल

छपै **पैहारी गुर धारि उर, सिष इते भये पार सब ॥**
**अग्र कील्ह अरु चरण, नराइण पुदमनाभ बर।**
**केवल पुनि गोपाल, सूरज पुरषा पृथु तिपुर।**
सब्द हुवो जयकार सभा मधि, भूप पर्यौ पगि भाव सवायौ।
दुष्ट गये मुरझाइ नये नहि, रांम दया बिन पंथ न पायौ ।।३००
ब्राह्मन हेरत डोल भलौ बर, पायौ नहिं नरसीहु बतायौ।
बूझत आई सु पुत्र दिखावत, देत तिलक्कहि देखि लुभायौ।
नांहि बरोबरि हौ सब सौं बर, बेगि गयो द्विज नांव जनायौ।
सीस धुनै सुनि ता लकुटा भनि, बोरि सुता फिर जाहु कहायौ ।।३०१
ढारहु काटि अगूठहि कौं, जब जाइ कहूं कर कौं कमलायौ।
भाग सुता लखि बैठि रहे. कहि ब्याहन आवत दें बहुरायौ।
देत लगंन सु ब्राह्मन भेजत, जाई दयौ कर लैर डरायौ।
ताल बजावत च्यारि रहे दिन, सोच नहीं मन सावल आयौ ।।३०२
ह्वै पकवांन बजैहु निसांन, सुनै नहि कांन-स उच्छव भारी।
मांडत है मुख कृष्ण बधू रुख, चौढ़ि तुरी निसि गात सु नारी।
ह्वै जिवनार अपार भये नर, मोट न बांधत बिप्र बिचारी।
हाथिन घोरन ऊंटन हूं रथ, वैस किसोर जनै तपधारी ।।३०३
कृष्ण कहै नरसी चलिये तुम, आवत हूं नभ मारग मांनौं।
आपहि जांनहु मैं उर आंनहु, ह्वै सुख फैंटहि ताल रखांनौं।

---

१. आंगिर।

Jain Educationa International　　　For Personal and Private Use Only　　　www.jainelibrary.org

लेइ उठाइस बोझ सबै, हरि जाइ रहे समधी पुर जांनौं।
भेजत है नर आइ र देखत, फौज किसी यम पूछि बखांनौं ॥३०४
येह जनैत मनौं नरसी जन-नैंन रसी नरसी इन ध्यावै।
आंनि कहु[1] यहु बुद्धि गई वह, साच कहैं हमहीं डहकावै।
ये तहि आत सगाइ करी द्विज, मात नहि तनि बात सुनावै।
तो धन सौ इक फूस सरै नहि, देखहु ता लकुटा परभावै ॥३०५
देखन कौं चलि जात बरातहि, मांन मरयौ द्विज सूं कहि राखौ।
पाइ परै किरपा करि है जब, जाइ परे हम चूकहि नांखौ।
भक्ति[2] मिले उठि कृष्ण मिलावत, सौंपि सुता इन बीनति भाखौ।
भेजि दई लखमी उतहू हरि, आत भये परणाइ र पाखौ ॥३०६

**इति श्री विष्णुस्वांमि संप्रदा**

अथ माध्वाचारिज संप्रदा : [मूल]

छपै **रघवा प्रणवत रांमजी, मम दोषो नहीं दीयते ॥टे०**
**आदि बृक्ष बिधि नमो, निगम नृमल रस छाते।**
**मध्वाचारय मधुर पीवत, अमृत रस माते।**
**तास पथित भू प्रगट, संत अरु महंत निसतरे।**
**हरि पूजैं हरि भजैं, तिनहि संग बहुत निसतरे।**
**मैं बपुरौ बरनौं कहा, जांणीं जाइ न जीय ते।**
**रघवा प्रणवत रांमजी, मम दोषो नही दीयते ॥२१७**
**ये पांच महंत परसिध भये, ज्ञांनी गौड़ बंगाल मधि ॥**
**नित्यानंद श्रीकृष्ण-चैतन्य, भजि लाहो लीयो।**
**रूप सनातन रांम रटत, उमग्यौ अति हीयौ।**
**जीउ-गुसांई खीर-नीर, निति निरनौं कीयौ।**
**जै जै जै त्रिलोक ध्यांन, ध्रुव ज्यूं नहीं बीयौ।**
**राघो रीति बड़ेन की, सब जांनैं बोलै न बधि।**
**ये पांच महंत परसिध भये, ज्ञांनी गौड़ बंगाल मधि ॥२१८**

---

१. कहि यह। २. भक्त।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उभै भ्रात कलिजुग प्रगट, भक्ति सथापन कारनै ॥ट०
नित्यानंद बलिभद्र, कृष्णचैतन्य कृष्णघन।
कीयो दूरि अधर्म्म, धरम बर थप्यौ भजन-पन।
प्रेम रसांइन मत बड़े, जन अंघ्री सेवत।
जो नर लेवैं नांव, ताहि उत्म गति देवत।
पूरब गौड़ बंगाल के, तारे जन औतार नैं।
उभै भ्रात कलिजुग प्रगट, भक्ति सथापन कारनें ॥२१९

नित्यानन्द महाप्रभु की टीका

*मत्त-* आप सदा मदमत्त रहे. बलिदेव चहै पुनि प्रेम मताई।
*गयंद* वै निति आनन्द रूप धरयौ प्रभु, आइ भरी तऊ है चित चाई।
*छंद* भार भयौ न सभार सरीर हु, पारख तौं महि राखि धराई।
कैत हु तें सुनि कांन धरे जन, होइ गई मतवारि सभाई ॥३०७

श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु की टीका

गोपिन की रति देखि थके हरि, या तन मैं क्यम आत ललाई।
गौर तनी सब और रही बनि, रंग खुल्यौ बन अंग न माई।
कृष्ण सरीरहि लालप आवत, जांनत हूं फिरि यौं मनि आई।
पुत्र यसोमति होत सची सुत, गौर भये गन मांझ नचाई ॥३०८
प्रेम हुवै कब हेम डरौ तन, अंग खुलैं कबहूं बधि जावै।
और नई अस वा पिचकारनि, लाल प्रियाजु ग भाव समावै।
ईस्वरता परमांन करौ, जगनाथ हु छेतर देखन[1] आवै।
च्यारि भुजा षट बाहु दिखावत, बात अनूपम ग्रंथहु गावै ॥३०९
चैतनि स्यांम सु नांम भयौ जुग[1], ख्यात महंत जु देह धरी है।
गौंड जितौ नर भक्ति न जांनत, प्रेम समुद्र बुड़ाय हरी है।
संत सिरोमनि होत भये सब, तारन कौं जग बात खरी है।
कोड़ि अजामिल वारत दुष्टन, भक्ति मगन करे भुभरी है ॥३१०

---

१. जग।

---

[1]टि. रोहणी कुंड।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मूल

छपै श्री रूप[1] सनातन तज्ञ दुहु, बिषै स्वाद कीयो बवन ॥
पूरब गौड़ बंगाल, तहां कौ सूबौ होई।
बिभौ भूप परमांन, खजांनां असु गज जोई।
मिथा सब सुख मांनि, चालि बृन्दाबन आये।
प्रापति मैं संतोष कुंज, करवां मन भाये।
संत तोष राघो रिदै, भक्ति करी राधा-रवन।
श्रीरूप सनातन तज्ञ दुहु, बिषै स्वाद कीयो बवन ॥२२०

टीका

पांच तुकां निरबेद निरूपण, जांनि करचौ मन मांहि डरे हैं।
येक रही तुक मांझ निरंतर, लाख कबित्त अरत्थ धरे हैं।
स्यांम प्रिया रस बात कही बड़, जीव सु नाथ छपैहि करे हैं।
है अनुराग कहा बरनूं गति, जास दया करि प्रेम भरे हैं ॥३११
भू बृज की बन की बड़िता जन, जांनत नांहि न देत दिखाई।
रीति उपासन की सु पुरांनहु, कै अनुसार सिंगार लखाई।
आइस पाइ सु स्यांम प्रभू करि, आइ लगे सु गुपेस्वर भाई।
ग्रंथ करे तिनकी इक बात, सुनै पुलकै अखियां झर लाई ॥३१२
रूप रहै नद-गांव सनातन, आतहु खीर सु भोग लगांवै।
आत प्रिया सुखदाइक बालक, रूप लियें सब सौंज धरांवै।
पाइस पावत नैंन धुलावत, पूछि जितावत सो पछितांवें।
फेरि करौ जिन बात धरौं मन, चाल चलौ निज आंखि भरांवें ॥३१३
रूप गुनांगुन गांन सुनैं, अकुलांन तिते उन मूरछ आई।
आप बड़े धरि धीर रहे न, सरीर सुधी इम बात दिखाई।
श्री करणपूर गुसांई गये ढिग, स्वास लग्यौ तन कै सुधि पाई।
आगि छुये छिलका हुय जात, सप्रेम नयो यह कौंन सगाई ॥३१४
गोबिंदचंद जु आइ निसा, सुपनैं महि भेद सबैहि जनायो।
मैं जु रहौं खिरका बिचि गोइक[1], सांझ र भोरहु दूध सिचायौ।

---

१. गारक।

---

[1]शिव कृष्ण चैतन कौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

रूप अनूंप प्रगट्ट करयौ छबि, को बरणै थकि जात लखायौ।
सागर गागर मांहि न मावत, नागर कौं भजि पार न आयौ ।।३१५
पांवन पैज रहैत सनातन, तीन दिनां पय ल्यात पियारौ[1]।
सांवर रूप किसोर रहौं कत, भ्रातहु च्यारि पिताहि बिचारौ।
ग्रांमहि बूझत पातक हूं नहि, देखि चहूं दिसि नैंन भरारौ।
आइ मिलै अबकै कबहूं फिरि, जान न द्यौ सिर लाल पगारौ ।।३१६
सांपनि रूप मिखा द्रिग देखि र, जांनि सनातन काबि[2] बिचारौ।
झूलत फूलत है द्रुम डारनि, सो सर तीर हलांन निहारौ।
आइ र भ्रातक दे परदक्षण, आप डरै सिर लै पग धारौ।
भ्रात उभै सु अपार चिरित्रनि, पेखि जगे जग[3] बात उचारौ ।।३१७

मूल

छपै श्रीजीव गुसांई अध्व बड़, श्री रूप सनातन भजन जल ।।टे०
प्रेम पालि परपक्क, आंन बिधि फूटै नांहीं।
जुगल-रूप सूं प्रीति, बसत बृन्दाबन मांहीं।
अखंड अक्षर मन लग्यौ, कलम पुस्तक कर राजै।
सास्त्र बेद पुरांन सार, उर मधो बिराजै।
राघो रसिक उपासना, संसा काटन अति सबल।
श्रीजीव गुसांई अध्व बड़, श्री रूप सनातन भजन जल ।।२२१

टीका

ग्रंथ रचे बहु ग्रंथनि छेदक, आत जितौ धन लै जल डारै।
सेव करैं जन पात्र न दीसत, मैं जु करो कटु कोप उचारै।
गौरव संत बढ़ाई सिखावत, बोलत मिष्ट निसा-दिन सारै।
कौंन करै निरबेद निरूपण, भक्ति चरित्र करे सु अपारै ।।३१८

मूल

छपै गोबिंद इष्ट सिर भक्त भूप, मधुर बचन श्रीनांथ भट ।।टे०
श्रुति संमृत सास्त्र पुरांण, भारथ ही खोलै।
अब ग्रंथन को सार, आप पारा ज्यूं जोलै।

---

१. लखायो। २. काछि। ३. जन्न।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पूरब जा जिम कह्यौ, आदि श्री रूप सनातन।
नारांइन भट जीव, हीव धारचौ सोही पन।
गोपाल[1] अपति कुल नाग कै, दास भाव प्रेमां अघट।
गोंबिद इष्ट सिर भक्त भूप, मधुर बचन श्रीनांथ भट ॥२२२
श्री नारांइन भट प्रभु, बृज-बल्लभ बल्लभ लगैं ॥टे०
नांचन गांवन सरस, रास मंडल रस बरखैं।
ललितादिकन बिहार, देखि दंपति मन हरखैं।
महिमां बहु बृज भई, देस उधारक जीय की।
उच्छव प्रचुर प्रमाण, चाहि इक है प्रिया पीय की।
राघव संत समाज मैं, प्रेम मगन निस-दिन जगै।
श्री नारांइण भट प्रभु, बृज-बल्लभ बल्लभ लगै ॥२२३
भट्ट नरांइन बृज धरा, गुह्य धांम प्रगट करे ॥
इष्ट येक श्रीकृष्ण. और उर मैं नहीं आवत।
भजन अमृत कौ अबध, संत जन सरस लड़ावत।
स्वांमि बिलास हुलास, आंन सूं रहत रसज्ञ-जन।
पक्ष सु मारत बोध, तांन कौं करै निखंडन।
तहं तहं प्रभु लीला करी, जो जो तीरथ उर धरे।
भट्ट नरांइन बृज धरा, गुह्य धांम प्रगट करे ॥२२४

## टीका

इंदव छंद
भट्ट नरांइन ब्रजु परांइन, ग्रांमहु आत करे व्रत ध्यावै।
आप कहै इत है अमुकौ प्रभु, कुंड र धांम प्रतक्ष दिखावै।
जागिहि जागि बिलास बतावत, जीत भये रिस की सुख पावै।
बेगि चल्यौ मथुरात कहैं जन, गांव उचे त्रिय सोत लखावै ॥३१६

## मूल

छपै
मध्वाचारिज मधुपुरी, हुतो कवलाकर भट भयौ ॥
अति पंडित परबीन, भागवत कंठ बसेखैं।
पैंतालीस हजार हृदै, दिज दीपक देखैं।

---

१. गोयल।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अंतर गति की प्रीति, प्रभुजी प्रगट पिछानी।
दोऊ भुजन ह्वै चक्र, बात सर्ब ही जग जांनी।
राघो अति रुचि स्यांम सूं, भक्त भांवनां सूं नयौ।
मध्वाचारिज मधुपुरी, दुती कवलाकर भट भयौ ॥२२५

सपतदीप नवखंड मैं, भक्त जक्त की नांव॥
मथुरा सदन सुथांन, पुरी पूरण श्रुति गावैं।
सुकृत बिनां सथांन बसै, कोई मुक्ति न पावैं।
संत सुकिरती बरणि, काल-क्रम जिन तैं डरपै।
तन मन धन सरबंस, साध साहिब कौं अरपै।
राघौ रटवै रांमजी, जहां जहां धारै पाव।
सपतदीप नवखंड मैं, भक्त जक्त की नांव ॥२२६

ब्यास द्विती माधौ प्रगट, सर्ब कौ भलौ बिचारियौ ॥टे०
श्रुति समृति पौरांण, अगम भारथ मथि लीयौ।
ग्रंथ सबै पुनि देखि, अरथ रस भाषा कीयौ।
गाई लीला जैति, कृतम जै जै उचरचौ।
श्रवनां सुनि करि कंठ, जीव जग निरभै बिचरचौ।
निरबेद अवधि सिर जगंनाथ, रस करुणा उर धारियौ।
ब्यास द्विती माधौ प्रगट, सर्ब कौ भलौ बिचारियौ ॥२२७

इंदव छंद
सारहु मैं ततसार सिरोतर, लीन्हौं महा मथि माधौ गुसांई।
लीला र जैति जपै दुख दूरि ह्वै, काज सरै महामंत्र की नांई[1]।
भैरव भूत पिरेतर पाखंड, ब्याधि टरै बपु तैं सब बाईं।
राघो कहै निति नेम निरंतर, असैं मिले हुरि सेवग सांई ॥२२८[†]

टीका

माधवदास तिया तन त्यागत, यौं दिज जांनि मिथ्या बिवहारा।
पुत्र बड़ौ हुइ जाइ तजौ गृह, और भई दिखई करतारा।

---

१ छांईं।

---

[†]प्रति लेखक ने इसे टीकाकार का पद्य मानकर ३२० की संख्या देदी है, पर 'राघो' की छाप होने से मूल ग्रन्थकार का ही है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

छाड़ि दयौ गृह पालत है वह, मांनत हूं कर तास गवारा।
आइ परे जगनाथ पुरी तटि, धीरज भूखन प्यास बिचारा ।।३२१
तीन दिनांस भये न नही खुत, लीन रहै हरि सोच परचौ है।
सैंन सु भोग पठात भये, कवलाकर हाथ क थार धरचौ है।
बैठि कुटी मधि पीठ दई मग, दांमनि सी दमकी न फिरचौ है।
देखि प्रसाद बड़े मन मोदत, मांनत भाग सुपात्र परचौ है ।।३२२
खोलि किवार निहारत थारन, सोच परचौ उत ढूंढत पायौ।
बांधि र बेत दई सु लई प्रभु, जांनत पीठि चिहंन दिखायौ।
आप कही हम देत लयौ इन, पाव गहे अपराध खिमायो।
बात बिख्यात नमावत कीरति, साध लजावत सील बतायौ ।।३२३
रूप निहारत सुद्धि बिसारत, मंदिर मैं रह जात न जांनें।
सीत लग्यौ जन कांपि उठे हरि, देसि कला तउ हैं दुख भांनें।
बेग लगे तटि सिंध गये चलि, चाहत नीर तबै प्रभु आंनें।
जांनि लये हरि दूरि करौ दुख, ईस्वरता तुम खोवत क्यांनें ।।३२४
नाथ कही सब कांम करौं तव, देत मिटाइ बिथा यह भारी।
भोग रहें तन फेरि धरौ नहि, मेटत हूं प्रभुता हम हारी।
बात वहै सति गांस सुनौं इक, साधन कूं न हसै सु बिचारी।
देखत ही दुख दूरि गयौ सब, नौंतम भक्ति कथा बिसतारी ।।३२५
कीरति देखि अभंगहि मांगत, खीजि तिया रु चलावत पोता।
देण लयौ गुण सो कर धोवत[1], बाति बनाइ करी दिव जोता।
मंदिर मांहि उजास भयो, तम नास गयौ उर देखत नौता।
साध दयाल निहाल करै, दुख देत उनैं सुख सेवत होता ।।३२६
पंडित जीतत आत भयो वत, बात करौ हम सौं नहीं हारौ।
हारि लिखि पुनि बांचि बनारस, माधव जीतत खुवार जमारौ।
आय कही फिरि माधव सौं अब, हारि गधै चढ़ितौ पतियारौ।
बांधि उपानत कांनन हूं, जगनांथह राय खराहि चढारौ ।।३२७
गावत है बृज की रचनां, गिर नील सवै चलि नैंन निहारैं।
चालि परे इक गांव तिया जन, ल्यावत भोजन चाव पियारैं।

१. धावत ।

बैठि प्रसाद करैं सु भरै द्रिग, है किम बात कहौ जु उचारैं।
सांवर बाल भुराइ चलावत, मात न जीवत देह बिसारैं।।३२८
गांव चले अनि भक्त महाजन, ही मनमैं बिनतीहु करी है।
जात भये घर वौ जु गयौ, अनि भाव भरी तिय पाइ परी है।
म्हंत रहै इक बूझत आसन, नाटि गयौ मन मांहि डरी है।
ल्यौ परसाद सु दूधहि पीवत, माधव नांव सु आस भरी है।।३२९
आप गये तब आत महाजन नाम सुन्यौ पुनि म्हंत भगत्ता।
जाइ परे पगि आप मिले भिलि, हौ धनि दंपति धांम सपत्ता।
म्हंत कहै अपराध करयौ हम, सेव करौ हरि संत महत्ता।
आत मिलाप बनें सुधरौ मन, जात बृंदाबन है प्रभु सत्ता।।३३०
देखि बृंदाबन मोद भयो मन, जात बिहारी चनां कु छपाये।
ल्यौं परसाद कही प्रतिहार, गये जमना तटि भोग लगाये।
भोजन कौं अरपात भये जन, पाप नहीं हरि वैं हि बताये।
बूझत आप जनाइ दयो फिरि, ल्याइ कह्यौ रस हास गहाये।।३३१
देखन कौं बृज जात भये दुरि, खेम भखै निसि क्रम दिखाये।
जैत गये सुनिबे हरियानहु, गोबर पाथि निलागिर धाये।
आइ घरां सुत मात मिले, मग मैं सुपनां कहि बैसि मिलाये।
या बिधि भांति अनेक चरित्रहु, कांन परे हम गाइ सुनाये।।३३२

## मूल

छपै **रघुनाथ गुसांई की रहणि, श्रीजगनाथ कैं मनि बसी॥**
**स्यंघ पौरि सत सूर, रहै गरुड़ासन ठाढ़ौ।**
**अति धीरज अति ध्यांन, आहि अति पण कौ गाढ़ौ।**
**सीत समैं सकलात, जगतपति आंनि उढ़ाई।**
**अब कूं अचिरज भयौ, महंत की मांनि बढ़ाई।**
**ज्यूं जननी सुत सुचि करै, जन राघौ रीति करी इसी।**
**रघुनाथ गुसांई की रहणि, श्रीजगनाथ कै मनि बसी॥२२८**

## टीका

संपति सूं घर पागि रह्यौ उन, त्यागि निलाचल बास करयौ है।
बाप पठावत है धनकूं, नहि लेत महाप्रभु पास परयौ है।

मंदिर द्वार सुरूप निहारत, सीत लगें सिकलात डरचौ है।
सोचहु रीति प्रमांन उहै जिम, माधवदास उधार धरचौ है ॥३३३
चैतनिकृष्ण सु आइस पाइ र, आइ बृंदाबन कुंड बसे हैं।
रूप चहंनि कहै न सकै तन, भाव सरूप करचौ जु लसे हैं।
चांवर दूध खवाय मनौमय, नारि लये रस बेंद हसे हैं।
संतन की महिमां न सकौं कहि, देहु वहै गति भक्त रसे हैं ॥३३४

मूल

छपै बृधमांन गंग लंगहर जन, राघो नारद ज्यूं नचे ॥
पीवत रस भागवत भक्ति, भू परि बिसतारी।
परमारथ के पुंज, उभै भ्राता ब्रह्मचारी।
संतन सूं लैंलीन, दीन देखें कछू दीजै।
रांम रांम रांमेति, राति दिन सुमरन कीजै।
भट भीखम सुत सांतकी, भक्ति काज भू पर रचे।
बृद्धमांन गंग लंगहर, जन राघो नारद ज्यूं नचे ॥२२९
मिश्र गदाधर ग्यांन पक्ष, जिन भ्रम बिध्वंसे भीव ज्यूं ॥
बसत बृंदाबन बास, भजत हरि सुख कौ आलै।
करै हंस ज्यूं अंस, खीर नीरहि निरवालै।
पीवत रस भागौत अनि न निज धरम दिढ़ायौ।
आन धर्म सब त्यागि, गर्भ[1] गहि अधर उड़ायौ।
राघो धरनि धमाल की, धरचौ निगम मत नीव ज्यूं।
मिश्र गदाधर ग्यांन पक्ष, जिन भ्रम बिध्वंसे भींव ज्यूं ॥२३०

टीका

इंदव छंद स्यांम रंगी रंग जीव सुंन्यौं पद, साध उभै लिखि पत्र पठायौ।
रैंगि बिनां चढियो रंग क्यौं करि, प्रेम-मढ्यौ उरका उत आयौ।
कूप तहां पुर कैं ढ़िग बैठक, पूछत हे उन नांव बतायौ।
कौंन जगां बसिहौ जु बृंदाबन, धांम सुन्यौं मुरछा गिर पायौ ॥३३५
कोउ कह्यौ भट येह गदाधर, बेगि उठे पतियांहि जिवाये।
हाथि दयौ उरका सिर लावत, बांचि र चालि बृंदाबन आये।
जीउ मिले द्रिग तें जल ढारत, बेह गई सुधिवै फिर गाये।
ग्रंथ पढ़े सब स्यांम कबादिब[2], प्रेम उमंग न अंग सु छाये ॥३३६

---

१. भरम। २. कथादिब।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नांव कल्यांन हुतौ रजपून सू, आत कथा सुनिबे मन लाग्यौ।
गांव नजीकहि धौरहरा उन, भोग तजे तिय कौं दुख पाग्यौ।
सील लिवाय दयौ भट मो पति, ख्वार करौं इन कांमहि जाग्यौ।
मांगत ही जुवती अभवंनहु, बीस दये रुपये कहि राग्यौ।।३३७
भट्ट गदाधर की हु कथा कहि, है तुमरी किरपा सुधि लीजै।
लोभ करचौ मन भंग गई वत, यौंहि कही मम काज करीजै।
आप कहै तव ध्यान करौं निति, दोष नहीं हम मांगत दीजै।
श्रोतन कै दुख होत भयो सुनि, झूठ कही इन मार नखीजै।।३३८
भूमि फठै बरि जांहि कहै सिष, नीर बहै द्रिग बुद्धि गई है।
वल्लभदास प्रकास भयौ दुख, राम सुनी स बुलाइ लई है।
साच कहौ तन आंच करैं बहु, मार डरी सब कैंत भई है।
मारन कौं जु कल्यांन गयौ तिय, भट्ट कही मम सीख दई है।।३३९
देस महंत कथा महि आवत, पासि पठात[1] सबै जन भीजै।
आंसु न आंवहि सोच मुचे[2] जल, लावत लाल मिरच्चि[3] हु खोजै।
साध लखे भटजूहि जनावत, ऊठि गये सब ले मिलि रीझै।
चाहि इसी उर होइ जबै मम, रोइ भरें द्रिग प्रेम सु धीजे।।३४०
चोर धस्यौ घर संपति बांधत, जोर करै नहीं ऊठत भारी।
आइ उठाई दई सु लई लखि, नांम सुन्यौ हम भूलि बिचारी।
लै धन जाहु उजास करै रवि, आत गुनी दस तेरि जिवारी।
सीस उतारि बिचार करौ यह, कैंत भयौ सिष बात निवारी।।३४१
सेव करै प्रभु की निज हाथनि, भक्ति प्रतीति पुरांनहु गाई।
देत हुते चवका सिख ले धन, आवत ही भृति सैंन जनाई।
हाथ पखारि बिराजहु आसन, चाव उही खिजिकैं समझाई।
हेत हरो परि आस तजी जग, प्रेम गये पग रीति दिखाई।।३४२

मूल

छपै **श्री बृन्दावन कौ मधुर रस, इन सबहिन मिलि चाखियौ ।।**
**१भट गोपाल २भूभृति, प्रभु मैं सरबस देखैं।**
**बानेसुरो ३जगनाथ, बिपुल ४बीठल रस रेखैं।**

---

**१. बठात। २. डुबैं। ३. मिच्चि।**

**५रिषीकेस ६भगवान, ७महामुनि ८मधु ९श्रीरंगा।**
**१०घमंडी ११जुगलकिसोर, १२जीव १३भूगरभ उतंगा।**
**१४कृष्णदास १५पंडित उभै, हरि-सेवा ब्रत राखियो।**
**श्री बृन्दाबन कौ मधुर रस, इन सबहिन मिलि चाखियौ ॥२३१**

गोपाल भट की टीका

भट्ट गुपाल बसें उर लाल, लसें प्रिय पीव बिख्यात सरूपा।
भोग धरैं अर राग करै, अनुराग पगे जग बात अनूपा।
स्वाद लयौ बन माधुरता जिन, सीत चख्यौ सु भये रस रूपा।
औगुन त्यागत जीवन के गुन, लेत भले जन मैं बड़ भूपा ॥३४३

अली भगवान की टीका

रांमहि पूजि अली भगवांन, बृंदाबन आइ र और भई है।
रास बिलास निहारि बिहारिहि, प्यास बढ़ी रसरासि नई है।
चाहि सु रास बिहारीहि पूजन, बात सुनी गुर रीति गई है।
आत भये बन जाइ परे पग, ईस तुमैं सिर कैसु दई है ॥३४४

बीठल बिपुल की टीका

बीठलदास बरे हरिदास जु, दाह उठी गुर कै स बिवोगा।
रास समाज बिराज बड़े जन, बोलि लये सुनि आवत जोगा।
देखि बिहार जुगल्लकिसोरहु, गांन र तांन सुने मन सोगा।
जाइ मिले उस[1] भाव धरयौ तन, और गये सब देखत लोगा ॥३४५

लोकनाथ गुसांई की टीका

कृष्ण जु चैतनि के भृति उत्तम, लोकहु नाथ सबै सुखदाई।
कृष्ण प्रिया सु बिहार रहै मन, ज्यं जल मीन निसा दिन जाई।
भागवत रस गांन सु प्रांन हि, गावत है तिन सूं मितराई।
माग चलै पगि लागि रसिक्कनि, नेह सु रीति दया तजि ताई ॥३४६

गुसांई मधु की टीका

श्री मधु आइ बृंदाबन में इन, नैननि सौं कब देखहु रूपं।
हेरत हे बन कुंज लता द्रुम, भूख न प्यास गिणैं नहि धूपं।

१. उन।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

काटत ही जमुना स किरारनि, बंसिबडं तटि देखि अनूपं।
दौरि लगे पगि र[1] आप भये जड़, है अजहूं गोपिनाथ सरूपं ॥३४७

कृष्णदास ब्रह्मचारी की टीका

मोहन कांम सरूप सनातन, सीस धरे भल पूजन कीजै।
कृष्ण सुदास मनुं ब्रह्मचारिहु, भट्ट नरांइन सिष्य जु भीजै।
चारु सिगार करैहु निहारत, चेत गहि नहि यौं मन दीजै।
राग रु भोग बखांन करूं किम, है अजहूं उन देखि र जीजै ॥३४८

कृष्णदास पंडित को टीका

गोविंद देव सरूप सिरोमनि, पंडित कृष्ण सुदास प्रमांनौ।
सेवन सूं अनुराग सु अंगनि, पागि रही मति है मन जानौं।
प्रीत करै हरि भक्तन सौं बहु, दे परसाद सुपद्धित मांनौं।
रीति सु तै प्रतीति बिनी तिहु, चाल चलै वहि और न आनौं ॥३४८

भूग्रभ गुसांई की टीका

भूग्रभ जू बसिकै रु बृंदाबन, कुंजन कौ सुख गोबिंद लोयो।
है बिरकतहि रूप सुमाधुर, स्वाद लयो मिलि भक्तन जीयो।
मांनसि भोग लगाइ निहारत, तवै हि जुगल्ल सरूप सु पीयो।
बुद्धि समांन बखांन करचौ बहु, रंग भरचौ रस जांनि र कीयौ ॥३४९

मूल

**छपै राघो रिसिक मुरारि धनि, अति प्रमोध पूरब कीयौ ॥**
**राजा खल खंडंत दक्षत, करि करम छुड़ाया।**
**भाव भगति पन थप्यौ, भरम गहि अधर उड़ाया।**
**तन मन धन सर्बस, अरपि साधन कौं दीजै।**
**मनिख जनम फल येह, देह धरि लाहा लीजं।**
**करहि कीरतन रैनि दिन, प्रेम प्रीति उमगै हीयौ।**
**राघो रसिक मुरारि धनि, अति प्रमोध पूरब कीयौ ॥२३२**

टीका

इंदव संतन सेव बिचारि करै विधि, पार न पावत कौंन मुरारी।
छंद साधन के चरणांमृत के घरि, माट भरे रहि पूजन धारी।

१. गरि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

आवत दास तिनें सुख दे अति, जीभ कहै न सकै सुबिचारी।
उत्सव यौं गुर कौ सु करै दिन, मानि र द्वादस राखत न्यारी ॥३५०
साधन कौ चरणांमृत ल्यावहु, भावहि जांनन दास पठायौ।
आंनि कह्यौ सब सन्तन खोरन, पांन करयौ वह स्वाद न आयौ।
भक्ता सभा सबही न चखावत, जांनत नैंकि न छोड़ि सु आयौ।
बूझि कह्यौ तन कोढ रह्यौ फिर, ल्याय दयौ पिय कै सुख पायौ ॥३५१
राजसभा सु बिराज कहै जन, वैह बिवेक कहै न प्रभाऊ।
भोजन साध करै इकठे बहु, दूर[1] रसौट हु द्यौ नहीं भाऊ।
पातरि डारि दई ब गुसांई, पगारि दई सुनि देखत दाऊ।
सीतल यौ नहि देत भये मुख, दूरि करयौ भृति सेवन चाऊ ॥३५२
बाग समाज चले जन देखनहू, का दुरावत सोच परयौ है।
साधन मान चहै तन घुंमर, बैठि कहो कित ल्याव धरयौ है।
जाइ सुनावत दास तमाखहु, पासि क्रिनैं सुनि आंनि करयौ है।
झूठहि खैंचि र साच दिखावत, पाइ लये मन दोष हरयौ है ॥३५३
संतन सेवन गांव दयो किन, भूपति दुष्ट उतारि लयौ है।
स्यांमहि नंद बिचारि करयौ जब, दास मुरारिहि पत्र दयौ है।
जा बिधि होइ सु ता विधि आवहु, आवत बेगिअ चैंन लयौ है।
प्रिष्टि करी परनाम निबेदन, भोजन में चलि प्रेम भयौ है ॥३५४
आइस सौ अचवन्न लयौ उन, दुष्टन में मुखि तापहि आये।
माग मिले सचिवै सिष बोलत, प्रात पधारहु नीच बताये।
कांम करै हम सौ समझावत, आत नहीं मन नेह डराये।
चित करौ जिन धीर धरौ उर, भूप कही दिन तीन लगाये ॥३५५
आत भये गुर ल्याव कह्यौ बर, देत करामति येह सुनाई।
जाहु अभू उन मांनष देखहि, जोर चले गज धूम मचाई।
भाजिक हार गये नहि देखत, बोलि कही सु गिरा सुध भाई।
कृष्ण हि कृष्ण कहौ तभ छाड़ हु, पेम सन्यौं सुनि देह नवाई ॥३५६
नीर बहै द्रिग होत न धीरज, आप दया करि भक्ति हु दीन्ही।
दास गुपाल गरे धरि माल, सुनावत नांव सु यौं बुधि कीन्ही।

१. दूसर सोटउ।

भूप लख्यौ परभाव परचौ पग, दुष्टपणौ तजि यौं मति भींनीं।
नौतम गांव दयौ उन केतक, भाग फल्यौ मम आजहि चीन्ही ॥३५७
भक्त भयौ गज संतन सेवत, देखि प्रनांम करैं जननी कैं।
ल्यावत गौनि उठाइ र बार न, नाइक जाइ पुकारत पोकैं।
आवत उच्छत्र सीतहि पांवन, आप दुयैं कहि निंद कही कै।
छोड़ि दई गति भक्तन सूं मति, संग समूह रहै सुख जीकैं ॥३५८
संग रहै जन पांच सतंछय, जाइ जहां नर ल्यावत सीधा।
बात भई दसहूं दिसि कौं यह, सूरज चाहि न आवत गीधा।
संत गयौ इक आंनि दयौ गहि, नीर न पीवत सीतहि बीधा।
बीति गये दिन तीन र च्यारिहु, गंग गये तर्न त्यागन कीधा ॥३५९

मूल

छपै जकरी जन गोपाल की, जगत मांहि पर्बत भई ॥
नरहड़ सहर न्यावजि[1] देस, वागड़ बर कीयौ।
नवधा भक्ति बखांनि, येक दासत्व बर्त लीयौ।
बक्ता बड़ भागौत, साध परखत मैं सोहै।
छेदक संसय ग्रन्थि, भक्ति बल सब कौं मोहै।
संत दया उर निति चहै, भावत स्यांमां स्यांम ई।
जकरी जन गोपाल की, जगत मांहि परबर्त भई ॥२३३
कृष्णदास की चरचरी[2], सकल जगत मैं बिसतरी ॥
चालक कीयौ चरित, कोप वासव कौ नीकौ।
पंचाध्याई पाठ प्रगट, प्यारौ प्रिया पीकौ।
केलि रुकमनी कृष्ण, कहो भोजन सघराई[3]।
परबतधरकी छाप, कबि मैं जहां तहां लाई।
जाडौ संग्या पाइ कें, जग की सब जड़ता हरी।
कृष्णदास की चरचरी, सकल जगत मैं बिसतरी ॥२३४
संतदास की सेव हरि, आइ निवाई पाइ है ॥
बिमलानंद प्रबोध, बंस उपज्यौ धर्म सींवां।
प्रभु जन जांनि समांन, दोइ बल गाये ग्रींवां।

१. निवाज। २. टी. राग। ३. सुघुराई।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सूर सट्टसि कहि, काव्य मरम कोऊ नहीं पायौ।
रहसि भक्ति गुन रूप, जनम कर्मादिक भायौ।
छपन भोग पद राग तें, पृथु नांई दुलराई है।
संत दास की सेव हरि, आइ निवाई पाई है ॥२३५

टीका

इंदव बास निवाइ सु गांव हरो मन, भोग छतीस प्रकार लगाये।
छंद प्रीति सची जग मांहि दिखावत, सेव भलैं जगनाथजु पाये।
भूपहि रैंनि कह्यौ जन नांम स, संतहि कै घर जेंवत भाये।
भक्ति अधीन प्रबोन महाजन, लाल रंगील जहां तहां गाये ॥३६०

मूल

छपै सूर मदनमोहन की, नांम शृंखला अति मिली॥
स्यांमां स्याम उपास, गोपि रस ही कौ रसिया।
राग रंग गुन टेर हुतौ, अगिलौ बृज बसिया।
बरन्यौं मुक्षि सिंगार, सबद मैं अठ रस नांहीं।
मुखि निकसत ही चल्यौ, गयौ द्वारावती मांहीं।
जुमला अर्जुन द्रुमन ज्यूं, अजसुत की आग्या पिली।
सूर मदनमोहन की, नांम शृंखला अति मिली ॥२३६

मूल

मनहर मदनमोहन सूरदास पासि राख्यौ हरि आप,
छंद थाप्यौ नांम धरि ताकौ जस गाइये।
जैसें मिसरी मैं बंस बिकत महंगे मोल,
रांम होत रांम बोले जो पैं भेद पाइये॥
जैसें कृत कागद मैं उतम श्लोक होत,
ताहि सुनि देखि सनमुख सिर नाइये।
राघो कहै राज मधि रांम जस गायौ नीकें,
धनि करतार कबि छाप न छिपाइये ॥२३७

टीका

नाम सु सूर खुले द्रिग कंजहु, रंग भिले पिय जीय ज्यवाये।
मांमिल आप संडील लख्यौ, गुर बीस गुने दमरा पुरि लाये।

खांहि पुवा सु मदंन-गुपाल जु, प्रेम पग्यौ छकरा पहुचाये।
रैंनि पहुंचत स्यांम कही अब, भोग करौ उठिके फिरि पाये ।।३६१
लै पद गावत भक्ति दिखावत, संतन की पनही रखवारौ।
सीख लयौ किनि पारख चाहत, खोलि गयो दर राखि संभारौ।
बैठि रह्यौ जब हाथि उठावत, आस भई सिधि मैं हु बिचारौ।
मांहि गुसांई बुलात न जावत, सेवन सौंपि गये जन सारौ ।।३६२
संपति संतन कौं सुखुवाय र, नांहि डरे जु निसंक रहे हैं।
लैंन खजानहि आत भगे निसि, पाथर घालि सिंदूख गये हैं।
मेलिह रुका धन साध गटक्कहु, यौं सटके हम आप कहे हैं।
भूपति खौलि सिदूषहि देखत, कागद बांचि खुसी स भये हैं ।।३६३
लैंन पठायहु मोहि रिझायहु भक्त लिख्यौ बन में तन डारचौ।
टोडर फेरि कही धन खोवत, बांधि र ल्यावहु मूढ़ हकारचौ।
ल्यांत हजूर कही नृप दूरिहि, सौंपत दुष्टन कष्ट न धारचौ।
साखि लिखी अकबैर पिकी भल, जाहु वही धन तो परि वारचौ ।।३६४

साखि

इक तम अंधियारौ करै, सुन्नि दई पुनि ताहि।
दश तम तैं रक्षा करौ, दिनमनि अकबर साहि ?

आइ बृंदाबन माधुर मैं मन, सब्द कह्यौ सुनि सो रस रासै।
जा दिन तैं उचरचौ मुख तैं सत जोजन जात बढ़ी जग प्यासैं।
सो र दिजै द्विज म्हैल चहै लहु, चैल[1] पहैल जुगल्ल प्रकासै।
मोहन जू सिर इष्ट महा प्रभु, आश्चर्य नांहि दया अनयासै ।।३६५

मूल

छपै **संसार सलित निसतारनैं, नवका ये जन जांनियौं ॥**
**१तिलोचन २हरिनाभ, ३धीर ४आधारू ५सोभा।**
**६सींवां ७सधनां ८आसाधर, ९डूंगर गुण गोभा।**
**१०कासीस्वर अवधूत, ११नीरद्यौ १२राज १३पदारथ।**
**१४ऊदां १५सोभू १६पदम, १७कृष्ण किंकर पर्रवारथ।**

---

१. कैल।

**१८बिमलानंद राघौ कहै, १९रांमदास परमांनियौ।**
**संसार सलित निसतारनैं, नवका ये जन जानियौं ॥२३८**

सधनांजी की टीका

इंदव छंद
है सधनां सु कसाई बनी अति, हेम कसोटी भली कस आई।
जीव हतै न करै कुलचारहि, बेचत मांस हरी मति लाई।
सालिगरांम न जांनत तोलत, संत भरै द्रिग सेन कराई।
राति कही धरि आव वही[1] मम, गांन[2] सुनौं उर रीझ्य[3] सचाई ॥३६६
आइ दये अपराध करयौ हम, सेव करी हरि कौं नहीं भाई।
रीझि रहे तुमपैं सु करौ मन, नैंन भरे सुनि सुद्धि गमाई।
धारि लये उर छोड़ि दयौ सब, श्री जगनाथ चलैं उपजाई।
संग चल्यौ इक संग भये जन, देखि सुगात स दूरि रहाई ॥३६७
मांगन गांव गये सु तिया इक, रूपहि देखि र रीझि परी है।
राखि लये परसाद करांवन, सोइ रहे निस आइ खरी है।
संग करौ गर काटि न होवत, कंठ कट्यौ पति तौ न डरी है।
पागि कही अब कांम नहीं मम, रोइ उठी इन नारि हरी है ॥३६८
आंमिल बूझत याहि हत्यौ हम, सोच परयौ कर काटिहि डारयौ।
हाथ कटें उठि पंथ चले हरि, पूरब पाप लख्यौ उर धारयौ।
श्री जगनाथ पठी सुखपालहि, लै सधनांन चढौ[4] सु बिचारयौ।
नींठि चढ़े प्रभु पासि गये, सुपनां सम त्रास मिटी पन पारयौ ॥३६९

कासीस्वर अवधूत की टीका

कासिस्वरै अवधूत बरै करि, प्रीति निलाचल मांहि बसे हैं।
कृष्ण जु चैतनि आयस पाय र, आय बृंदावन देखि लसे हैं।
सेव लही प्रभु गोविंद देवहि, चाहत है मुख जीव नसे हैं।
नित्य लड़ावत प्रेम बुड़ावत, पारहि पावत कौंन असे हैं ॥३७०

मूल

छपै **भक्त भागवत धर्मरत, इते सन्यासी सर्ब सिरै ॥**
**१रांमचन्द्र कासुष्ट, दमोदर तीरथ गाई।**
**२चितसुख टीकाकरी, भक्ति प्रधांन बताई।**

---

१. उही। २. ग्यांन। ३. रीझि। ४. चढं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

३नरसिंघ आरन चन्द्रोदय, हरिभक्ति बखांनी।
४माधौ ५मदसूदन-सरस्वती गीता गांनी।
६जगदानन्द ७प्रबोधानन्द, रांमभद्र भव-जल तिरै।
भगत भागवत धर्मरत, इते सन्यासी सर्ब सिरै ॥२३९

प्रबोधानन्दजी की टीका

इंदव श्री परबोध अनन्द बड़े जन, चैतनिजू अति होत पियारे।
छंद कृष्ण प्रिया निज केलि सु कुंजन, कैत भये र करे द्रिग तारे।
बास बृंदावन ले परकासत, दे सुख भर्म र कर्म निवारे।
ताहि सुने सुनि कोटि हजारन, रंग छयो बन पैं[1] तन वारे ॥३७१

मूल

छपै भागवत अध्वके रतन, जे बिष्णुपुरी संग्रह कीया॥
भक्ति धर्म कहि मुखि, आन धर्म गवन बताया।
कहां पीतर कहां हेम, निषक परिकस जब आया।
सुमन प्रेम फल संग, बेलि हरि कृपा दिखाई।
सकल ग्रंथ करि मथन, रतनआवली बनाई।
राघो तेरह बिचन मैं, द्वादस स्कंद दिखावीया।
भागवत अध्वके रतन, जे बिष्णुपुरी संग्रह कीया॥२४०

बिष्णपुरीजी की टीका

इंदव होत निलाचल मांहि महाप्रभु, चौं दिसि भक्तन भीर छई है।
छंद बिष्णपुरी कहि बास बनारस, हो न मुकत्तिहु चाहि भई है।
पत्र लिख्यौ प्रभु माल अमोलिक, दे पठवौ मम प्रीति नई है।
भागवतं मथि काढ रतन्नहि, दांम दई पठि मुक्ति दई है ॥३७२

मूल

छपै ये मुक्ति भये माठा-पती, जन राघो जपि रांमजी॥
१वालकृष्ण २बड़भरथ, ३गोविन्दो ४सोठौ केसौ।
५मुकन्द ६खेम ७हरिनांथ ८भीम, हरि घरि परवेसौ।
९...गदास १०गजपत्य ११देवाजू १२गोपीनाथहि।
१३गजगोपाल जंजाल तज्यौ, १४ खेता हरि साथहि।

---

१. मैं

श्रीजगन्नाथ रणछो[illegible] [illegible]टि, नर-नारांइण धांमजी।
ये मुक्ति भये माठा-पती, जन राघो जपि रांमजी ॥२४१

श्री प्रतापरुद्र गजपति जु की टीका

इंदव रुद्रप्रताप कह्यौ गजपत्तिहि, भक्ति लई प्रभु तौहु न देखै।
छंद कोटि उपाइ करे लस न्यासहु, हौ अकुलात किहूं मम पेखै।
नृत्य करै जगनाथ रथै मुख, पाय परयौ नृप भाग बसेखै।
लाय लयौ उर प्रेम बुड़े सर, भात्र भयौ दुख देत निमेखै ॥३७३

॥ इति श्री मध्वाचार्य संप्रदा ॥

मूल

छपै श्री १नाराइण तें २हंस, तिनें ३सनकादिक बोधे॥
उनकै ४नारद-रिषी, ५निवासाचार्य सोधे।
६विष्णाचार्य ७परसोतमां, ८बिलास ९संरूपा।
१०माधव के ११बलिभद्र, १२कदमां १३स्यांम अनूपा।
पुनि १४गोपाल १५कृपाचार्य, १६देवाचारिय भन।
१७सुन्दरभट के १८वांवनभट, जिनकै १९ब्रह्मभट गन।
२०पद्माकर जग पद्मवत, २१श्रवनभट कौ जग श्रवस।
२२नींबादित आदित समां, राघो ये द्वादस दस ॥२४२

छपै जन राघो रत रांम सूं, यौं हरिजन दीनदयाल है॥
यम १सनक २सनंदन सुमरि, ३सनातन ४सनतकुमारा।
नींबादित बड़ महंत, सु तौ उनका मत धारा।
सुरति बिरति हरि भज्यौं, करी नीकी बिधि सेवा।
इष्ट येक गोपाल, बड़ौ देवन कौ देवा।
संप्रदाइ बिधि सुतन की, सत[1] महंत द्रिगपाल हैं।
जन राघो रत रांम सूं, यौं हरिजन दीनदयाल है ॥२४३

टीका

इंदव नांम निबारक ख्यात भयौ यम, ग्राम जती यकता दल दीयौ।
छंद भोजन बेर लगी[2] निसि आवत, जीमत नें पद बेद सु लीयौ।

१. संत। २. लली।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

आंगन नीव दिखावत सूरज, पाय चुके निस आंवन कीयौ।
देखि प्रभाव भयौ जग भावहु, नांव परचौ सुनिकैं जन जीयौ ।।३७४

मूल

छपै नीबादित कै पाटि महंत, १भूरीभट भारी।
भूरीभट घट परसि, कला २माधौभट धारी ॥
३स्यांम ४राम ५गोपाल, बहुरि ६बलिभद्र भद्रकर।
७गोपीनाथ ८कैसौ जु, तास कै ९गंगल भटवर।
१०कसमीरी केसव जासकै, ११श्रीभट भयीयौ।
श्रीभट कै १२हरिब्यास, देबी कौ मन हरि लईयौ।
१३गुपाल १४सोभू १५परसरांम, जन बोहिथ रिषीकेस।
राघो दीरघ सिष इते, अर सेवग सर्ब देस ॥२४४
कसमीरी करता कीयौ, श्री केसौभट सोभा सरस ॥
मनुखां मांही मुख्य ताप, त्रिय पाप नसावन।
कर परसी हरि भक्ति, बिमुख मारग द्रुमटा वन।
परचो प्रचुर दिखाय[1], तुरक मधुपुरी हराये।
काजी दीये कढ़ाइ, मारि जमनां डरवाये।
यह कथा सगला[2] जग मैं प्रगट, ह्वै पुनीत वाकै दरस।
कसमीरी करता कीयौ, श्री केसौभट सोभा सरस ॥२४५

केसौभटजी की टीका

इंदव पंडित जीति करीस बिजै दिग, हारि गये सब भीत उपाई।
छंद है सुखपाल चढै द्युर बाजहु, आत भये नदियां पुर भाई।
ब्राह्मन संक महाप्रभु लेखत, जावत देव धुनी सुखदाई।
आजि गये ढ़िग है नृमता मुखि, नैंक सुनैं जग कीरति छाई ।।३७५
बालन मांहि पढौ र गढ़ौ बड़, पूछि कहूंस[3] सुभावहि रीझे।
गंग सरूप कहीं जु लहौ द्रिग, सौंक शलौक करे सुनि भीजे।
कंठि करयौ इक पाठ सुनावत, देहु लगाइ दया अब कीजे।
मांनि अचंभ कही किम सीखिहु, आप मयात यहै सुन लीजे ।।३७६

१. बिलास। २. सकल। ३. पूछि कहूं से।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

खोलि कह्यौ इस दूषन भूषन, मांनि कही दुख दोष कहां हैं।
काबि प्रबन्ध रहै कित लेसहु, आयस द्यौसु दिखाइ जहां हैं।
भाखि बतावत औगुन सौगुन, धांम गये कहि आत पहां हैं।
सारद ध्यांन कर्‌यौ तब आवत, जोति करी जग बाल बहां हैं ॥३७७
सारद बोलि कही वह ईसुर, मांन कितौ उन सूं बतरांऊं।
ईस मिले तब होत सुखी सुनि, आत महाप्रभु कै चलि पांऊं।
आपस मैं अरिदासि करी जुग, भक्ति करौ अब नांहि हरांऊं।
धारि लई उर भीरहु छाड़त, होत नई इक ह्वां फिर जांऊ ॥३७८
भट्ट सुनी बिसरां तजि[1] वनहि, द्वार परे इक जंत्र धर्‌यौ हैं।
तास तरै निकसै नर भूलि र, जाइ गहै खतना हु कर्‌यौ है।
साथि स हंस लये सिष आवत, तुर्कन को पट जोर हर्‌यौ है।
आमिल सौं कहि सो नति[2] नांहि न, देखि दये जल क्रोध भर्‌यौ है ॥३७९

मूल

छपै प्रगट्यौ परमात्म परस हरि, भक्ति करन श्रीभट सुभट ॥
संतन कौं सुख-करन, हरन संदेह मधुर सुर।
सुन्दर भाव सुसील, देखि परसन्न प्रेम उर।
संग्रथ कबि उदार हेत, निति भजन करावत।
उदै भयौ ससि[3] सुजस, तास तम ताप नसावत।
सिर राखे राधारवन, दूरि कीये दुबध्या कपट।
प्रगट्यौ परमात्म परसि हरि, भक्ति करन श्रीभट सुभट ॥२४६
श्रीभट गुर परसाद तैं, दुरगा कूं दक्षत करी ॥
धर चर की सिख भई, खेचरी अदभूत मांनें।
कथा सकल विख्यात, साध सर्ब महिमा जांनें।
संतन के समूह, सदा ही साथि रहावै।
ज्यौं जोगेसुर बीचि, जनक सोभा अति पावै।
हरि ब्यास तेजस्वि जांनि कै, परिजा सर्व पांवन परी।
श्रीभट गुर परसाद तैं, दुरगा कौ दक्षत करी ॥२४७

१. तहि। २. नसि। ३. समि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## हरि ब्यासजी की टीका

इंदव छंद
हौ चट थावल गांव उपैंबन, राग भयौ इत पाक बनांवैं।
मंढ द्रुगाव कराकिनि मारिहु, देखि गलांनि भई नहि पावैं।
भूख सही निसि मात हुई बसि, देह धरी नइ आइ लखांवैं।
भोग करौ हरि कौंन करै परि, माफ करौ कर सीस धरांवैं ॥३८०
सिष करी र बरी नगरो झट, जाप करयौ सिरदार बड़े हैं।
बैठि कही उर दास भई हरि, ब्यास परौ पग मारि गड़े हैं।
भृत्य भये सब पाय नये तन, पाप गये भव पार कढे हैं।
द्यौस रहे बहु आइ सु पच्चहि, है सरधा हरि भक्ति बढे हैं ॥३८१

## मूल

छपै
**अजमेरा के आदिनी, श्री परसरांम पांवन कीया ॥**
**मलियागिर ढिग बहु बृक्ष, बात सूं चंदन कीनां।**
**है हरि नांव मसाल, अंधेरा अघ हरि लीन्हां।**
**भक्ति नारदी भजन, कथा सुनतें मन राजो।**
**श्रीभट पुनि हरिब्यास, कृपा संत संगति साजी।**
**भगवंत नांम औषदि पिवाय, रोग दोष गत करि दीया।**
**अजमेरा के आदिनी, श्री परसरांम पांवन कीया ॥२४८**

## मूल

इंदव छंद
**करुणां जरणां सत सील दया, प्रसरांम यौं रांम रजा[1] मैं रह्यौ।**
**कहणी रहणीं सरसो परसौं, निश्चै दिन-राति यौं रांम कह्यौ।**
**ममता तजि कैं समता संग लै, भ्रम छाड़ि सबै दृढ़ ग्यांन गह्यौ।**
**लीन्हौ महा मथि नांव नृम्मल, राघो तज्यौ कृत काज मह्यौ ॥२४९**

## टीका

इंदव छंद
राज महंत गयौ इक देखन, वोलि कह्यौ यह साखि बिचारौ।
ऊठि चले नग जात पबै जुग[2], बैठि गुफा हरि नांव उचारौ।
नाइक आइ चढ़ावत संपति, और दई सुखपाल निंहारौ।
आइ परयौ पगि भाव न जांनत, भाव भयौ इन कौनहि सारौ ॥३८८

१. रजो। २. जुम।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सोभूरांमजी कौ—मूल

मनहर छंद

मिलत कमाल प्रतिपाल भये पायो भेद,
पल में सकल सांसौ मेट्यौ सोभूरांम कौ।
रोम रोम लागी धुनि यौं भयौ थकित मुनि,
ऐसौ प्यालौ दयौ उन ऐंन ग्रांठौं जांम कौ।
गगन मगन चित पायौ हैं बिग्यांन बित,
ऐसैं भयौ निपट करतार जी के कांम कौ।
राघो कहै ऐसे रंग लागि गयौ जाकै ग्रंग,
ह्वै गयौ पटल दूरि चक्षन सूं चांम कौ ॥२५०

छपै

चतरौ नागौ निस दिवस, भक्ति करत पन पेम सौं ॥
मथुरा मंडल ग्रटन, भक्त धांमन कै दरसन।
दे तन धन घर बांम, कीये गुरदेवहि परसन।
मिष्ट-वचन सुठ सील, संत महंतन कौं सेवत।
उत्म धर्म ग्राराध, जुक्ति करि हरि गुन लेवत।
महिमां साध सबै करै, मगन भयो निति नेम सौं।
चतुरौ नागौ निसि दिवस, भक्ति करत पन प्रेम सौं ॥२५१

इंदव छंद

बृजभूमि सूं नेह रमै निहचै, चतरौ नग रूप ग्रनूप है नागौ।
सनकादिक भाव चुकै नहि दाव भक्ति की नांव रहै चढ़ियौं सुख स्यंध समागौ।
हरि सार ग्रपार जपै रसनां दिन-राति ग्रखंड रहै लिव लागौ।
राघो कहै घर ग्रादि गह्यौ जिनि, छाड्यौ नहीं ग्रति ही बड़भागौ ॥२५२

टीका

इंदव छंद

ग्रेह पधार रहें गुरदेवहि, सेव करै ग्रति साच दिखावै।
रूपवती तिय टैल लगावत, स्वांमि कहै स करौ हु सिखावै।
देखि सनेह र भोग लख्यौ निति, देत बधू घर संपति भावै।
धांम चढाय प्रणाम करी सुख, पाय चले बृजकूं उर चावै ॥३८३
गोबिंदचंद प्रभात नवै पुनि, केसव भोग समै नंद ग्रांमैं।
गोवरधन्न प्रियादह ह्वै करि, ग्रात बृंदावन चातुर जांमैं।
पांवन कुण्ड रहे दिन तींन स, भूख सही पय ल्यावत स्यांमैं।
मांगत है जल पात नहि पल, राति कही यह मैं करि कांमैं ॥३८४

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

काम नहीं जल दूध पिवौ भल, ल्यौ बृज मैं प्रभु आइस दीनी।
ये बृज के जन लेव न देत न, तौ बरजै नहि यौं सुनि लीन्ही।
ल्यावत धांमन धांमन सौं फिरि, स्यांम कही परितीतहु चीन्हीं।
जाइ छिपावत हेरहि ल्यावत, बात सबै जन की रसभींनीं ॥३८५

मूल

छपै सोभा सोभूरांम का, आतां की सुनि यौं सबै॥
माधौदास महंत, भक्ति जग सक्ति दिखाई।
आइस सूं संबादि, अग्नि पैं चदरि मगाई।
संतदास सुठ सील, साच सुमरण कौ सागर।
साध सेव करि निपुन, कर्म भ्रम छेके कागर।
भगवत भजन बधांवनै, आलस नांहि कीयौ कबै।
सोभा सोभूरांम का, आतां की सुनियौं सबै ॥२५२
आत्मांरांम कन्ह र दयाल, बूड़े बिपुल बिराजही॥
रहत सहनता गहर, मिहर गुन सुभ के आगर।
अडिग भजन गोपाल, धारि दुजकुल मैं नागर।
संत प्रभू में सकल मांनि, उर प्रीति हुलासै।
बसतर भोजन पांन, मांन दे सब आस्वासै।
सिष सुठ सोभूरांम का[1], आप बन्या पुनि पाजही।
आत्मांरांम कन्ह र दयाल, बूड़े बिपुल बिराजहीं ॥२५३
बृंदावन बसि बसि कीयौ जिन, जिन जन मन आपणौं॥
सोई सर्ब संत बखांणि, आंणि अंतरगत मन कौं।
सम दम सोधि सरीर, गिरा पूछहु गुरजन कौं।
आचारिज मुनि मिश्र, भटहु हरिबंस व्यास भणि।
गंगल गदाधर चत्रभुज, अवर संतन सर्बस गिणि।
राघो रटि बिरकत गृही, उर हरि भक्ति उथापणौं।
बृंदाबन बसि बसि कीयो जिन, जिन जन मन आपणौं ॥२५४
यौं भक्ति सीर सकृत कौउ, जांनत हित-हरिबंस की॥
राखत चरण प्रधान, आप श्रीराधाजी के।
स्यांमा स्यांम व्यहार, कुंज मध साधे[2] नीके।

1. कौं। 2. सोघे।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सेवत महाप्रसाद, सदा ब्रत तप नहीं मांनें।
बिधि निषेध भ्रम सकल, छाड़ि उत्तम धर्म ठांनें।
राघो ब्यास बिचित्र सुत करनो पालत हंस की।
भक्ति सीर सकृत कोउ, जांनत हितहरिबंस की ॥२५५

टीका हरिबंसजी की

इंदव छंद
आत भये तजि धांम भजे जुग, बिप्र भलै हरि आइस दीनी।
तेरि सुता जुग दै हरिबंसहि, नांम कहौ मम बंस अधीनी।
संतन सेव बनै इनकै घर, दुष्ट न ह्वै गति यौं सुनि लीनो।
मांनि गह्यौ ग्रह आप लह्यौ सुख, जाइ कही किम सो रस भींनीं ।।३८६
लाल कही मम पूजन धारहु, कुंज बिलास कहौं रस नीकौ।
सो बिसतारत नैन लख्यौ सुख, बाम लयौ पक्षि जीवनि जी कौ।
गांन[1] करै रसपांन बरै उर, ध्यांन धरै सु सदा प्रिया पी कौ।
है गुन बौत सरूप कहै किम, मोद लहै मन और नहीं कौ ।।३८७
रीति लहै हितजू कि बड़ौ पट, कृष्ण पछैरू कहै मुखि राधा।
भाव विकट्ट सुभाव न होवत, आप दया करि देत अराधा।
दूरि करे बिधि और निषेधहि, दंपति है उर कै उह साधा।
दैंन सबै सुख दास चरित्रहु, जांनत है उनकै नहि बाधा ।।३८८

मूल

छपै
यौं नांव न बिसरै नैंक हूं, हरिबंस गुसांईं हरि ह्रिदै ॥
ता सुत ब्यास बिचित्र, बड़ौ परमारथ कीन्हौ।
भरम करम सूं रहत, भक्ति कौ स्वारथ लीन्हौं।
पद गावत पापी हसे, करमिष्टी छिरके कांन।
नांम कबीर रैदास कौं, ब्यास दीयौ तहां मांन।
जन राघो कारनि रांम कै, जन पन तजै न अपनौ श्रिदै।
यौं नांव न बिसरै नैंक हूं, हरिबंस गुसांईं हरि ह्रिदै ॥२५६
ब्यास गुसांईं विमल चित, बांनां सूं अतिसै बिनै ॥
चौबीसौं अवतार, अधिक करि साध बिसेखे।
सपतदीप मधि संत, तिते सर्ब गुर करि लेखे।

१. ग्यांन।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

बन्यौं महत-समाज, तहां नृषि नौं गुन तोरयौ।
नूंपर गुह्यौ[1] निसंक, कांन्ह कै चरन चहोरयौ।
इम राघो रीति बड़ेन की, पन कैं तांईं दें श्रिनं।
ब्यास गुसांईं बिमलचित, बांनां सूं अतिसै बिनं ॥२५७

टीका ब्यास जू गुसांईं को

इंदव छंद आत भये ग्रह छाड़ि बृन्दाबन, हेत इसौ रन त्यागत खीजै।
भूप चलावत आप न भावत, सेव किसोरहु मैं मन भीजै।
पाग जरीन रहै सिर चीकन, बांधन द्यौ नांहि आप बधीजै।
कुंज गये उठि आत भई सुधि, मंजु रह्यौ बंधि क्यूं मम रीझै ॥३८९
साधन साथि प्रसाद करैं जन, घालत है सु तिया परबीनी।
पै बरताइ थरैं निज भारत, कोप करयौ पति पोषत चीनी।
दूरि करी तब रोइ मरी दिन, तीनहु भूख सही तन खीनी।
कंत सबै भरि दंड अबै सब, भूख न देरि करो जु[2] अधीनी ॥३९०
ब्याह सुताहि उछाह करयौ, पकवांन सबै बर आप कराये।
संतन यादि करे मति लावत, भाव सहेतहु भोग लगाये।
आत भये जन बेगि बुलावत, मोटन बांधि र कुंज पठाये।
बंसि दई द्विज भक्ति करौ चिरि, यां धरि संपट साध बंसाये ॥३९१
रास रच्यौ सरदैं पिय प्यारि ये, रंग बढ्यौ किम जात सुनायौ।
प्यारि लई गति दांमनि-सी दुति, ह्वै चकचौंधि रु मंडल छायौ।
नूपर टूटि गिरयौ[3] मन सोचत, तोरि जनेऊ करयौ उहि भायौ।
कंत सबैं यह कांम सु आवत, बोझ सह्यौ निति सो फल पायौ ॥३९२
भक्तन इष्ट सुन्यौं इक म्हंतहु, आवत पारख कौं जन भीरा।
भूख जनांवत ब्यास सुनावत, आप सुनी झट ल्यावत धीरा।
मांनत नांहि धरी मन संकहु, पात उठे मनु होवत पीरा।
पातरि लेवत सीत दयौ मम, और भजो पग ले द्रिग नीरा ॥३९३
तीन भये सुत बांटित है बित, पूजन येकन धन्न धरयौ है।
छाप रु स्यांम धरी बिंदनी इक, रीति निहारि र सौच परयौ है।
येक किसोर लये इक नै बसु, दास किसोर तिलक्कु करयौ है।
छाप दई हरिदास सु रास करयौ है, ललितादिक चित्त हरयौ है ॥३९४

---

१. गुह। २. सु। ३. गिह्यौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मूल

छप्पै दास गदाधर गिरधरन, गाये ग्यांनी बिसद गिर॥
लाल बिहारी स्यांम, सुमरि निसबासुर राजी।
पूजा प्रेम पियास, भक्ति सुख सागर सांजी।
संतन सेती हेत, देत तन मन धन सरबस।
उर अंतर अति गूझ, बदन बरनत निरमल जस।
इकतार ऐक हरि-भक्ति कौ, और नवावत नांहि सिर।
दास गदाधर गिरधरन, गाये ग्यांनी बिसद गिर॥२५८

गदाधरदासजी की टीका

इंदव बाग बुरहानपुरैं ढिग बैठिक, त्यागि घरैं हरि सूं अनुरागे।
छंद जात नहीं पुर लोग निहौरत, मांनि लयौ सुख और न पागे।
मेह भयौ तन भीजि गये कफ, स्यांम कहैन स आय न लागे।
साहि कही प्रभु ल्याव उन्है इत, मन्दिर दे करवाय सभागे॥३६५
ल्यावत नींठि कही हरि आइस, मन्दिर ऊँच कराय उदारै।
लाल बिहारिहु स्यांम सथापन, रूप मनौहर आप निहारै।
संतन सेवत प्रीति लगाय र, अंन न राखत पांन सवारै।
सामगरी कुछि राखि रसोयहु, आत भये जन ज्यांय पियारै॥३६६
दास कहै प्रभु लोग[1] रख्यौ कछु, काढ़ करौ परभातिहि आवै।
संत जिमाइ दये करि भोजन, पाय सुखी सब वै जस गावै।
भूख लगी हरि जांम गई मुरि, कोप करै हम गैल छुटावै।
आय धरे सत दो रुपया किन, लै सिरि मारि कही गुर तावै॥३६७
साह डरयौ मति मो परि कोपत, भक्त खुसी करि बात जनाई।
होइ मगन्न जितौ ध्यन लागत, देत भयौ जन प्रीति बधाई।
जात भये मथुरा दिन रै करि, पीत रसै बृज माधुरताई।
लाल लड़ावत साध रिझावत, गाय कहे गुन बुधि लगाई॥३६८

मूल

छपै यौं हूवो हरिबंस प्रताप तैं, चहु दिसि परगट चतुरभुज॥
भिन भिन भक्ति प्रताप, भक्तबछल जस गायौ।

१. भोग।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**खीर नीर निखारि, सुगम करि अब कौं पायौ।**
**अनन्य धर्म के कबित, अैंन अमृत के प्याले।**
**मुरलीधर की छाप, छिपै नहीं अबत चाले।**
**जन राघव बल भजन के, गौंड देस कियौ धर्म-धुज।**
**यौं हूवो हरिबंस प्रताप तें, चहुं दिसि परगट चतुरभुज ॥२५६**

टीका

इंद्व छंद गौंडहु देस भगत्ति नही अणु, माणस मारि र मात चढावै।
जाइ जहां[1] उन मंत्र सुनावत, दे सुपनौं सब गांव जगावै।
धाय करौ तुम चतुरभुजैं गुर, नां करिहौ मरिहौ पुर आवैं।
सिष्ष किये धरि स्वांग जिये उन, पाव लिये बहुतें सुख पावै ॥३९९
भोग लगावत साध लड़ावत, भागवतं कहि भक्ति बधावै।
लैं धन चोर चल्यौ उन संगहि, आत धनी जन मैं छिपि जावै।
दक्षत दूसर जोनि भई सुनि, स्वांमिन पैं डरि कांन फुकावै।
आंनि गह्यौ कहि मैं न लयौ अब, हाथि दई दिबि नांहीं जरावै ॥४००
भूपति झूठ लखी कहि मारहु, संतन आय कलंक दयौ है।
मारन जात भये न सकै सहि, नीर बहै द्रिग कैंत लयौ है।
भूप कहै तुम साच तजौ जिन[2], स्वांमिन कौ परताप भयौ है।
राज सुनी महिमां सु हुवो सिष, पेम-सन्यौ उर भीजि गयौ है ॥४०१
खेत पक्यौ लखि साध सु तोरत, सूकि मुखै रखवार पुकारे।
नांव कह्यौ सुनियौ सु हमारहि, आप सुनी जब होत सुखारे।
लै परसाद गये जन सांम्हन, मो अपनाइ र आज उधारे।
धांम सु भोजन भांतिन भांतिन, ज्यांत भये चरचा सु उचारे ॥४०२

मूल

छपै **लग्यौं[3] लटेरा लटिकि कैं, केसौ केवल रांम सौं॥**
**कबित सवैईया गीत, भाखि भगवंत रिझायौ।**
**सुरसुरानन्द परताप, आप हरि हिरदै आयौ।**
**जथा-जोगि जस गाय, लोक परलोक सुधारयौ।**
**परसरांम-सुत सरस, सकल घट ब्रह्म बिचारयौ।**

---
१. तहां। २. जन। ३. लगौं, लग्यौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राति दिवस राघौ कहै, धरम न चूकौ धांम सूं।
लग्यौ लटेरा लटिकि कैं, केसौ केवल रांम सूं ॥२६०

गोपी कलि मनु अवतरी, प्रमानंद भयौ प्रेम पर॥
बालि अवसथा तीन, गोपि गुण परगट गाये।
नहीं अचम्भा कोइ, आदि को सखा सुहाये।
राति दिवस सब रोम उठै, जल बहै द्रिगन तैं।
कृष्ण सोभि तन गलित गिरा, गद-गद सुमगन तैं।
संग्या सारंगी कह्यौ[1], सुनत कांन आवे सकर।
गोपि कलि मनु अवतरी, प्रमांनंद भयो प्रेम पर ॥२६१

मनहर छंद

प्रेम कौ प्रवाह सुण[2] सागर गिरा कौ पुंज,
चोज कौं चतुर प्रमांनंद प्रबीन है।
गावत गुनांनबाद गोंबिद गोपाल हरि,
रांम नांम हिरदै धरि भयौ लिवलीन है।
बीनती बिकट नट नृति करै राति-दिन,
नाचत निराट दीनांनाथ आगैं दीन है।
राघौ कहै बिरहै मिलाप सूं मिलाप कीन्हौं,
बिधनां सूं बेध्यौ प्रांन जैसे जल मींन है ॥२६२

छपै

सुणत सूर की काबि कबि, सिर धुनै र धनि धनि करै॥
रांमांइण भागवत, भक्ति दसधा सुणि सारी।
परसताव को पुंज, चोज चुणि काढ़ी न्यारी।
सकल पराकृत संसकृत, सिंध सम मथ्यौ सवायौ।
करूणां प्रेम बिवोग, आदि अनुक्रम सौं गायौ।
बालमीक-कृत ब्यास-कृत, जन राघो पद पटतर धरै।
सुनत सूर की काबि कबि, सिर धुनै र धनि धनि करै ॥२६३

इंदव छंद

सागर सूर भई सलिता बुधि, बोध निरोध लीयो जिन पांणी।
प्रेम कौ प्रेम बढ्यौ उर अन्तर, यौं[3] उभली मुख ह्वै अति बाणी।
जैसें सुण्यौ समयौ तहां तैसौई, सोई निबाह कीयौ जहां जांणी।
राघो कहै सुरसति बर बारि ज्यूं, यौं सर्ब चोज सबद मैं आंणी ॥२६४

---

१. कहै। २. गुण। ३. सौं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

छपै
बिलमंगल राघो कहै, स्यांम कृपा को परबिदत ॥
उक्ति जुक्ति पुनि चोज, कबित कीये करूणांमृत ।
संत जनन आधार उर, जहां रावल सुभ कृत ।
प्रभु कर स्वैकर देई, छाय धरि कैं छुटवाये ।
सबल गिणौंगौं तबैं, जबैं हिरदा तैं जाये ।
चितामनि उपदेस करि, गुर सोमगिरी धारे सदित ।
बिलमंगल राघो कहै, स्यांम कृपा को परबिदत ॥२६५

टीका

इंदव छंद
ब्राह्मन बुद्ध रहै कृसनां-तटि, पाइ चितामनि बुद्धि बही है ।
लाज तजी हिय राज भयौ उस, रैंनि दिनैं उत जात सही है ।
तात कनागत साधि रह्यौ चित, सेस रहैं दिन चालत ही है ।
नीर चढ्यौ सलिता निसि नाव न, हेत घणौ दुःख पाइ कही है ॥४०३
तार परा नहि देह रहै परि, मित्र मिलै यह बात भली है ।
जकि परचौ कछू नांहि डर्‌यौ मन, बाहि कर्‌यौ कित आत[1] चली है ।
पार न पावत डूबत जावत, आतमड़ा चढि नांवड़ली है ।
जाइ लग्यौ तटि पाय चल्यौ झटि, पाट जड़े लखि आँखि खुली है ॥४०४
सांप लटक्कि रह्यौ लखि लाव सूं, मूंठिनि सू छति जाइ चढ्यौ जू ।
ऊपर के[2] पट लागि रहे फिरि, कूदि पर्‌यौ अत मांहि गड़्यौ जू ।
जागि उठी करि दीपक देखत, है बिलमंगल नांहि पड़्यौ जू ।
नीर नहावत चीर उठावत, हा किम आवत तोइ बढ्यौ जू ॥४०५
नाव पठावत लाव झुलावत, सो मन मैं हम जांनि लई है ।
चालि दिखाइ भई कछु स्यांनिहि, देखि भवंगम आहि दई है ।
ज्यूं मन मांस र चांम लग्यौ मम, यौं हरि लाइ सयांनपई है ।
प्रात भयें हम तौ भजि हैं प्रभु, तो मन की अब तू जनई है ॥४०६
नैंन खुले हरि रूपहि चाहत, रंग उमंग सु अंग न मावै ।
बीन बजावत स्यांम रिझावत, कोटि बिषै सुख चित्त न आवै ।
बीति गई निसि ओउ भये रसि, मारग आपन आपन जावै ।
सोमगिरी अभिरांम करे गुर, कौंन कहै उपमां उर भावै ॥ ४०७

---

१. आंन । २. को ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

येक बरस्स रहे रस-सागर, लीन भये सु सिलोक पढे हैं।
जात बृंदाबन देखन कूं मन, मारग मैं इक ठौर रढे हैं।
सोर सुन्यौ बड़ आप गये सर, न्हात तिया लखि नैंन गड़े हैं।
ऊठि चली वह लार लगे यह, खैर धसी घर द्वार खड़े है ॥४०८
आत भयो पति देखि बड़े जन, क्यूं र खड़े तिरिया सु जनाई।
आप कही घर पांवन कीजिय, लै चरणांमृत यौं मन आई।
मांहि गये मन आरति मेटन, गांवन रीति जु देत चिताई।
अंग बनाइ कही तिय सुं पति, संत रिझाइ हरी सुखदाई ॥४०९
अंग बनाइ चली कर थारहु, ऊँच अटा जित है अनुरागी।
झंझन जाइ खरी कर जोरि रु, देखत ही मति नूंन दु भागी।
सूइ मंगावत वैं फिरि ल्यावत, फेरि[1] दई अखियां यह लागी।
आंनि कही पति सूँ सब बातन, जाइ परचौ पगि सो बड़भागी ॥४१०
पाप करचौ हम संत दुखावत, हौ तुम संत हमैं अपराधी।
ब्याज रहौ हम सेव करैं तुम, सेव करी सबहो बिधि साधी।
ऊठि चले द्विग भूत छुड़ाइ र, खेम भयौ उर आंखि न लाधी।
जाइ बसे बनि भूख लगी पनि, आप जिमावत जांनि अराधी ॥४११
हाथ गहाइ चले तर कै तरि, जोर छुड़ात न छोड़त नीकौ।
जोर करै नहि वोउ हरै कर, लेत छुड़ाइ न छूटत ही कौ।
यौं करि आइ लयौ सु बृंदाबन, पीतर सौं जग लागत फीकौ।
लाल बिहारिहु आइ मिले, मुरली बजई यह भावत जी कौ ॥४११
नैंन खुले रवि ऊगत अंबुज, देखि सरूपहि चाहि भई है।
बंसि सुनि रस मिष्ट सुरें मद, कांन भरचौ मुख भास लई है।
जांनि प्रताप चितामनि कौ मन, जैति[2] चिंतामनि आदि दई है।
गृंथ करचौ करुणांमृत पंथज, जुगल्ल कह्यौ रसरासि-मई है ॥४१२
लाल मिले बन मांहि सुनी चलि, आत चिंतामनि हेत जनायौ।
मांन दयो उठि दूध रु भातहि, देत भयो हरि ताहि पठायौ।
लेत नहीं तुम कौं पठयौ प्रभु, नांथ हमैं कर दे तब भायौ।
पात नहीं जुग देखत कौतुग, स्यांम जबें इक ओर खिनायौ[3] ॥४१३

**इति नींबादति संप्रदा संपूरण**

---

**१. फौरि। २. जौति। ३. सिनायौ।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## अथ षट-दरसन बरनन

### प्रथम सन्यासी बरनन

छपै यम दत्तात्रे मत धारि उर, संक्राचार्य अति दिये ॥
तिनकै सिष भये चतुर, सरूपा पद्माचारय।
निरा टोटका सुमरि, गाइ पुनि[1] उदरा आरय।
इनतै है दस नांम, तीरथ आश्रम बन आरन।
सागर परबत गिरी, सरस्वती भारथ कारन।
पुरी जती अर जोति गरिण, जन राघव कतहु न छिपे।
दत्तात्रे मत धारि उर, संक्राचार्य अति दिये ॥२६६

इंद्व छंद मोह न द्रोह मम्मत न माया रम्मत सुभाया,
जु असे भये दत्त-देव दिगंबर।
अजोनी असंग नहीं तन भंगन,
प्रांन तरंग जु सोभत है तप तेज कौ संवर।
लीयो तत छांरिग महाजन जांरिग,
धाये परवांरिग जु धारे पचीस गुरू धर अंबर।
राघो कहै जद आइ मिले जदि,
यौं बदि छाड़ि है ग्यांन कयंबर ॥२६७

छपै उतम धर्म सथापनैं, संक्राचारय परगटे ॥
पाखंडी अनीसुरी, अरू जैंन कुतरकी।
बोधमती उद-सृंखली, बिमुखी नर नरकी।
अमरादिक सर्व जीति[2] कैं, सति-मारग लाये।
ईस्वर कौ औतार जांनि हरि जन हरखाये।
राघो भक्ति उदै किररिग, अग्यांनी तम भ्रम घटे।
उतम धरम सथापनैं, संक्राचारय परगटे ॥२६८

इंद्व छंद रुद्र को रूप अनूप महा जनम्यौं, गुजरात मैं संकराचारिय।
दत्त सूं मिल्लि कैं मत्त ले इत्त नौं, नृप प्रमोधि कीये कुलि आरय।
जैंन सौं जीते हैं बैंन बिजै भइ, रांम भगत्ति थपी बिसतारय।
राघो कहै तत तारिग मंत्र सूं, दूरि कीयौ सब कौ भ्रम भारय ॥२६९

---

1. युति उदरी। २. जातिकैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

टीका संकराचार्य जू की

रांम समुख्य किये विमुखी नर, लै जग मैं प्रभुता बिसतारी।
जैंन-जती सब फंलि रहे जग, हाथि न आवत बात बिचारी।
देह तजी नृप कै तन पैंसत, ग्रंथ दयौ करि मोह निवारी।
सिष्यन सूं कही देह अवेसहि, देखि सुंनावहु आत तयारी ।।४१४
जांनि अवेसहि सिख्य गये महि, मोहमुदग्गर ग्रंथ उचारचौ।
कांन परचौ तन त्यागि बरे निज, दास नये अपनौ पन पारचौ।
जीति जती नृप पैं चढ़ि जावत, बैठि कनै च जमायक डारचौ।
नीर चढ्यौ वहु नाव दिखावत, बेगि चढ़ौ नहीं बूड़त धारचौ ।।४१५
संकर कैत चढाइ जती इन, भूप चढ़ात गिरे स मरे हैं।
पाइ परचौ नृप होत खुसी मन, जौउ कहे भ्रम सोउ धरे हैं।
भक्ति सथापि र ग्रांन प्रकासत, तदै निरबेद हि भाव भरे हैं।
रीति भली करि साध लही उर, हेत हरी गुन रूप करे हैं ।।४१६

मूल

छपै **उतकष्ट-धर्म्म भागवत मैं, श्रीधर नै बरनन करचौ ॥**
**अज्ञांनी तृय कांड मिले, सब कोई भाखै।**
**ज्ञांनी अर करमिष्ट, अरथ को अनरथ दाखै।**
**राखो भक्ति प्रधांन, करी टीका बिसतीरन।**
**अगम निगम अबिरूद्ध, बहुरि भारत की सीरन।**
**किरपा परमांनंद की, माधोजी ऊपरि धरचौ।**
**उतकष्ट-धरम भागवत मैं, श्रीधर नै वरनन करचौ ॥२७०**

श्रीधरजू की टीका

इंदव पंडित ब्आज रहे सु बड़े बड़, भागवतं करि टिप्पण रीजै।
छंद होत बिचार पुरी हु बनारस, जो सबकै मन भाइ लिखीजै।
तो परमांन करै बिद्र माधव, बात भली धरि मंदिर दीजे।
जाइ धरे हरि हाथन सूं करि, दै सरबोपर चालत धीजे ।।४१७

मूल

छपै **ये भक्त भागवत धरम रत, इते सन्यासी सर्व सिरं ॥**
**रांमचंद्रिका सुष्ट, १दमोदर तीरथ गाई।**
**२चितसुख टीका करी, भक्ति प्रधांन दिखाई।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

३नरस्यंघ आरन चंद्रोदय, हरि भक्ति वखांनी।
४माधव ५मदसूदन-सरस्वती गीता गांनी।
६जगदानंद ७प्रबोधानंद, ८रांमभद्र भवजल तिरै।
ये भक्त भागवत धरम रत, इते सन्यासी सब सिरै ॥२७१
ये सरल सिरोमनि सुधर्मी, इते सन्यासी भक्ति पखि ॥
माधौ मोह् बबेक कीयो, भिन भिन करि न्यारौ।
मधुसूदनसरस्वती, मांनं मद तज्यौ पसारौ।
प्रबोधानन्द रत ब्रह्म, रामभद्र रांम रच्यौ है।
जगदानंद जगदीस भजि, जे जनम मरणादि बच्यौ है।
श्रीधर बिष्णपुरी बिचित्र, जन राघौ अन तजि दुगध भखि।
ये सरल सिरोमनि सुधरमी, इते सन्यासी भगति पखि ॥२७२
इन मन वच क्रम राघौ कहै, परगट परमातम भजे ॥
१नृस्यंघभारती ग्यांन, ध्यांन धुंनि भलौ विचारी।
२मुकंदभारथी भक्ति करी, बड़ परचाधारी।
है ३सुमेरगिर साच, सील मैं वाह्रवांनी[1]।
४प्रमानंद गिर गिरा, सपूर्ण पूरौ ग्यांनी।
५रामाश्रम जग-जोति ६वन, मन जीत्यो माया लजे।
इन मन वच क्रम राघौ कहै, परगट परमातम भजे ॥२७३

॥ इति सन्यासी दरसन ॥

## अथ जोगी दरसन

मनहर छंद

ॐकारे आदिनाथ उदैनाथ उतपति,
ऊंमांपति स्यंभू सति तन मन जित है।
संतनाथ बिरंचि संतोषनाथ बिष्णुजी,
जगंनाथ गणपति गिरा कौ दाता नित है।
अचल अचंभेनाथ मगन मछिंद्रनाथ,
गोरख अनंत ग्यांन मूरति सु बित है।
राघो रक्षपाल नऊं नाथ रटि राति दिन,
जिनकौ अजीत अबिनासी मधि चित है ॥२७४

1. बारहवांनी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

छपै छंद अब १आदिनाथ २मछिंद्र (नाथ), ३गोरख ४चरपट्[1] नाथय।
५धर्मनाथ ६बुद्धिनाथ, ७सिद्धजी कंथड़ ८साथय।
९बिदनाथ १चौरंग, २जलंध्री ३सतीकणेरी।
४भडंग ५मींडकीपाव, ६धूँधलीमल धर फेरी।
७घोड़ाचोली ८बाल्नगुदाई, सबकौं नाऊं माथ।
पहल कबित सिध अष्ट है, प्रथम जांनि नव नाथ ॥२७५
१चूणकर २नेतीनाथ, ३बिप्र ४हाली ५हरताली।
६बालनाथ ७औघड़, ८आई ९नरवै कौं न्हाली।
१०सुरतिनाथ ११भरथरी, १२गोपीचंद १३आजू १४बाजू।
१५कान्हिपाव १६अजैपाल, कियो सब काजू।
१७सिधगरीब १८देवलबैराग, १९चत्रनाथ २०प्रथीनाथ अब।
२१सुकलहंस २२रावल २३पगल, राघव के सिरताज सब ॥२७६
महादेव मन जीत तैं, नाथ मछिंदर अवतरे ॥
अष्टांग जोग अधपत्ति, प्रथम जम-नियमन साधे।
आसन प्राणांयांम प्रत्याहार, धारणा ध्यांन समाधि।
षष्टचक्र वेधिया, अष्ट कुंभक सौ कीया।
मुद्रा दसम लगाइ, बंध त्रिय ता मधि दीया।
भक्ति सहित हठजोग करि, जन राघौ यौं निसतरे।
महादेव मन जीत तैं, नाथ मछिंदर अवतरे ॥२७७
यम जोग जलंध्री को सिरै, गुफा कूप करि मांनियौ ॥
दक्षा लेणै काज, मात गोपीचंद मेल्यौ।
गुर कही बिप्र जै साखि, समझि बिन कूपहि ठेल्यौ।
उहां ही लगी समाधि, अलख अभिअंतर ध्यायो।
सपत धात फूतला भसम करि बाहरे आयौ।
जन राघौ गोपीचन्द कौं, अमर कीयो सिख रांनियौ।
यम जोग जलध्री कौ सिरै, गुफा कूप करि मांनियौं ॥२७८
संसार अध्व निसतारनै, करनधार गोरख-जती ॥
भूप भरथरी आदि, कोड़ि तेती तीउ धारा।
सबद श्रवण जा धरचौ, प्रजा का अंत न पारा।

१. चरपट।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

परमारथ कै काज, आप ग्यारह बर बीका।
सिध कीये पाषांण, तीर गोदार नदी का।
नाद बजाये बिद्रपुर, परचा दीया बरकती।
ससार अबध निसतारनै, करनधार गोरख-जती ॥२७९

इंदव छंद
इंद ज्यूं जिद की जीवनि गोरख ग्यांन-घटा वरख्यौ घट धारी।
नृप निन्याणवै कोड़ि कीये सिध, आतम[1] और अनंतन तारी।
बिचरैं तिहुंलोक नहीं कहूं रोक हो, माया कहा बपुरी पचिहारी।
स्वादन सप्रस यौं रह्यौ अपरस, राघो कहै मनसा मन जारी ॥२८०

छपै छंद
धर्म सील सत राख तें, चौरंगी कारिज सरे॥
अदभुत रूप निहारि, दौर कर मांई पकरचौ।
दांवण लीयो फारि, जोरि करि बाहरि निकरचौ।
रांणी करी पुकार, पुत्र अच्छचा ही जाया।
राजा मन पछिताइ, हाथ पग दूरि कराया।
राघो प्रगटे परमगुर, कर पद ज्यूं के त्यूं करे।
धर्म सील सत राख तें, चौरंगी कारिज सरे ॥२८१
धुनि ध्यांन सहित मल धूंधली, पुर पट्टण परबत रहे॥
आप पासि इक सिष, सु तौ अति आग्याकारी।
भिक्षा मांगन काज, फिरत सो नगरी सारी।
करैं मसकरी लोग, खेचरी भीख न पावै।
माथै लकरी ढोइ, बेचि रोटी करि ल्यावै।
राघो चांदी बूझि सिर, पट्टण सब दट्टण कहे।
धुनि ध्यांन सहित मल धुंधली, पुर पट्टण प्रबत रहे ॥२८२
भोगराज भ्रम जांनिकैं, भक्ति करि है भरथरी॥
तर तीबर-बैराग, त्रिलोकी त्रिणकर लेखी।
गरक भजन कै मांहि, ग्यान सम आत्म देखी।
कंचन आधारित तिजारैं रहि करि कीया।
सूली देणै लग्यां, हरचा अंकूर सु लीया।
गुर गोरख किरपा करी, अमर जहाँ लौ धरत री।
भोगराज भ्रम जांनि कैं, भक्ति करी है भरथरी ॥२८३

---

१. आतमां।

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

इंदव छंद
भर भार तज्यौ भ्रथरी सगरौ, अगरौ पिछरौ बनहीं कछु सांसौ।
गह्यौ अनुराग दुती न सभाग जु, क्षीन सरीर स लोही न मासौ।
मनसा मन जीति करी हरि प्रीति,बैराग की रीति सु मांगि भिक्षा करही कीयौ कांसौ
राघो कहै गुर गोरख सुं मिलि, यौं कीयों माया मोह कौ नासौ ॥२८४

छपै
गोपीचंद मा ग्यान सूं, त्यागौ देस बंगाल ॥
रांणी सोला-सत्त, बहुरि बारा-सै कंन्या।
हय गय नर कुल बंध, जात कापै सो गंन्या।
हीरा कंचन लाल, जड़ित मांणिक अर मोती।
सिंघासहनं हर्म्यादि दिपत, बोलत धुनि सोती।
पाव जलंध्री परस तैं, राघो जांनि जंजाल।
गोपीचंद मा ग्यांन सूं, त्यागौ देस बंगाल ॥२८५

मनहर छंद
मात देखि गात अश्रु पात उर फाटि रोइ,
सूरति सहारी न परत गोपीचंद को।
आकुत करत जल बूंद परी पीठ परि,
मात आई रोवती निजरि वा नरचंद[1] की।
हाइ हाइ करत हजूरि गयौ हाथ जोरि,
कौंन चूक मात मेरी बात कहौ ज्यंद की।
बात यह तात तेरौ गात असौ हो तौ सुनि,
राघो कहै रांम बिन देही भई गंद्र की ॥२८६

छपै छंद
चरपट कै चरचा रहै, येक निरंजन नाथ की ॥
अलख आदि अनादि भजत, सौ सुख के[2] आलै।
कांम क्रोध अर लोभ, मोह दुबध्या निरवालै।
जत सत ग्यांन बबेक, जोग समाधि परांइन।
कुंभक अष्ट ही साधि, भिदिया षट-चकरांइन।
गुर गोरख सिर धारिकैं, सभा सुधारी साध की।
चरपट कै चरचा रहै, येक निरंजन नाथ की ॥२८७

इंदव छंद
ग्यांन कौ पुंज मिल्यौ गुर गोरख, यौ प्रिथीनाथ त्रिलोकी तिरे हैं।
अैंड अकब्बर सूं भइ आगरैं, दे अजमत्ति यौं साहि डरे हैं।

---
१. निरंद की। २. को।

सोत सिरैं भभक्यौ ब्रह्म-वांणी कौ, ग्रंथ सिधांत अनेक करे हैं।
राऔ कहै रत राति द्यौ राम सौं, संगति और घणे उधरे हैं ॥२८८

इति जोगी दरसण

अथ जंगम दरसन

छपै छंद
यम जंगम दरसन गोपगुर, तिन संग्या बरनन करूं ॥
सदानंद खुस्याल, लिग सिधपाल देवरूं।
जल का तूंबा दूध कीया, यह जांनि भेवरू।
सील मूल गंग लिग, सील के भये कन्ह रे।
मूलहु के देवरू लिगावति लिग चिन्ह रे।
गंगहु के भाठो, स नखा नारी मठ बांध्यौ।
गोदावरि बद्रिका, बोखी जोसी आराध्यौ।
लिंगेसुर कांमेसुरा, राघो सबकूं उर धरूं।
यम जंगम दरसन गोपिगुर, तिन संग्या बरनन करूं ॥२८९

इति जंगम दरसन

अथ समदाई बरनन

छपै छंद
प्रेम मुक्ष कलिजुग बिषै, संत सकल यह जांन है ॥
ब्यास ज्यानकी-हरन, नृपति कैं श्रवन सुनायौ।
चढ्यो बीजल[1] खड़ग, उदधि कैं माहि चलायौ।
लीला[2] मनहर होइ, हिरनाकुस काढ्यौ।
दूजैं दसरथ भयौ रांम, चलतैं उर फाट्यौ।
बाम स्यांम सुनियें बंधेता, छिन दीये प्रांन है।
प्रेम मुक्ष कलिजुग बिषै, साध सकल यह जांन है ॥२९०

टीका-भक्तदास भूप नांम कुल सेष[3] कौ

इंदव छंद
प्रेम बड़ौ कलि साखि कहै जन, वैहु असाध सु भक्ति न भावै।
ब्राह्मनां कैं दुख पुत्र पठायत, केसु दयो बिन जांनि घुमावै ॥४१८

---

१. बाज लै। २. लीला में नरहरि। ३. सेखर।

---

[1]भूप हुतौ इक रांम ततप्पर, रांम सुनै गुन है उर भावै।
ब्यास बडो दै ताहर नौ नृप, नांहि कहै उन जाणि सु भावै ॥

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

काढि लयो खग मारन ऊठत, सागर बाज दयो सुभ्र वेसा।
रावन मारि बिहाल करौं खल, सीत ही ल्याइ धरौ द्रग पेंसा।
रांम र ज्यांनकि आय मिले कहि, नीचहि मारि पठ्यौ दिवि देसा।
सोच गयो सुनि खेम भयो मनि, रूप निहारन फेरि निवेसा[1] ॥४१९

## लीला अनुकरन तथा रनवंतबाई की टीका

इंदव छंद नीलचलं सु भयो अनुकरन हु, ह्वै नरस्यंघ हिनांकुस मारयौ।
दोष कहै जन कैत अवेसहि, सौ दसरत्थ करयौ पन पारयौ।
बांम हुंती इक स्यांम लगी मति, आप सुन्यौ न कह्यौ सुत धारयौ।
दांम जसोमति वांधि दये सुनि, प्रांन तज्यौ मनु ऊपरि वारयौ ॥४२०

**छपै छंद प्रसाद अवगि इक भूप नैं, सू हस्त काटि पठयो चरन ॥८०**
**टेर सुनी सिलपिले, प्रीति लगी प्रभूजी आयो।**
**संत रखे दिन च्यारि, मात सुत कूं बिष पायो।**
**क मा केरौ खीच लयौ, हरि आइ सवारे।**
**साह श्रीधर बचे, धनुष धर दै रखबारे।**
**रघवा जै जै जगत गुर, भक्तबछल असरन-सरनं।**
**प्रसाद अवगि इक भूपनैं, सू हस्त काटि पठयो चरन ॥२९१**

## पुरषोतमपुरबासी राजा की टीका

इंदव छंद जाजि[2] अवज्ञ सु भूप प्रसाद हि, हाथ कटावत यौं जू भई है।
चौपरि खेलत हौ हरि भुक्तहु[3], दै जन लै कर बांम छई है[4]।
जात रिसाइ र लै परसादहि, भूप गयो गृह देखि नई है।
पात नहीं अन काटि डरौ इन, पंडित बोलि र बूझि लई है ॥४२१
हाथ सु काटत कौंन अबै मम, पूछत है सचिवै दुख को जू।
भूत डरावत मोहि झरोखन, दै कर सौर करै निसि सो जू।
मैं ढिग सोवत आपन गोवत, पांनिहि दूरि करौ न डरो जू।
भूप कहै भल चौकस राखत, ऊंघ तज[5] नृप काढ़ि करो जू ॥४२२
काटि डरयौ कर सो पछितावत, भूप कही वृत यौंह बिगारी।
भेज दये जगनाथ पुजारिन, हाथहि ल्याइ बुवो गुलक्यारी।

---

**१. जिवेसा। २. जानि। ३. भक्तिहु। ४. हुई है। ५. बिजा।**

दौरि गये नृप सांम्हन आवत, पांनि भयौ फिरि भौ सुख भारी।
दोनुं प्रसाद भयौ कर को चढि, है निति रांम सुगंध पियारी ।।४२३

## श्री करमाबाई की टीका

ही करमां इक बांम भली, खिचरी बिन रीतिहि भोग लगावै।
भौजन श्री जगनाथ करै निति, भोग जिते तिन मैं वह भावै।
संत गयौ इक सोच करै लखि, स्वास भरै र अचार सिखावै।
साधत बेर लगी पट खोलत, खीच ग्यौ[1] मुख हाथ दिखावै ।।४२४
साच कहौ प्रभु यौं कत पावत, चित्त भमैं हम देखि नई है।
है करमां मम खीच जिमावत, ह्वै[2] निति जावत प्रीति लई है।
साध गयौ सु अचार सिखायहु, मो मत और न जांनि भई है।
नाथ कहै जन सूं वहि साधहु, जाइ कही फिरि मांनि गई है ।।४२५

## सिलपिल्ले प्रभु को भक्त उभैबाई—तिनकौ टीका

सिल्लपिले जुग बांम भगत्ति सु, भूप सुता इक है जमिदारै।
सेव करै गुर बै ढिग बैठत, पूजन द्यौ हम कौं[3] सुकुमारै।
टूक दये सिल नांव कह्यौ वह, हेत लगात करै भव पारै।
सेव करै अनुराग बढ्यौ अति, रीति भली यहैं जग सारै ।।४२६
पूरब बात कही मिलवां जुग, रीति अबै सुनि लेहु जुदी है।
भ्रात उभै जमिदार सुता उन, बैर लुट्यौ पुर आइ मुदी है।
पूजन जात भयो दुख पावत, खात नहीं कुछ जाई गुदी है।
सै समझावत वाहि न भावत, जा करि ल्यावहु आत सुदी है ।।४२७
गांव गई वह भ्रात बड़ौ जित, हौत सभा मधि बात जनाई।
लै अपने इक ठौर बिराजत, बोलि सु आवत प्रीति बसाई।
लाल भये दग फाटत है उर, पीर पुकार कही तन जाई।
आइ लगे उर दूरि गयो दुख, लै घर आवत अंग न माई ।।४२८
बात सुनौं नृप भक्ति सुता अब, नांहि बिषै रति पूजन लागी।
साखत कै घर ब्याहि दई उह, लेनहि आवत या प्रभु रागी।
संगि दई करि रंगि छई हरि, नांहि सखि ढिग पै लहु त्यागी।
आत कनैं पति चाहत है रति, बोलि कही जु बिथा मम पागी ।।४२९

---

१. लग्यौ। २. ह्वां। ३. कं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

दैं हम कौं कहि कौन बिथा उहि, बेगि इलाज करै सुख कीजै।
चाहत हौ सुख भक्ति करो मुख, भक्ति बिनां मम देह न छीजै।
क्रोध भयो मन मांहि बिचारि, पिटारिहु मैं कछ दूरि करीजै।
वैह करी मुसि नोर धरी तन, आगि बरी मन मैं बहु खोजै ॥४३०
त्यागो दयौ जल अंनु खुसी हुंन, चाहत खुसी नहि ह्वै सब लीयौ।
आइ लयो पुर बात कही धुर, क्षीन लख्यौ तन क्यूं हठ कीयौ।
सास कहैं सब नांहि चहैं अब, बात सुहात न कंपत हीयौ।
कैस करै तब पाइ परैं कहि, ल्याइ धरैं बह ह्वै तब जोयौ ॥४३१
आत भये उहि ठौर परी लखि, नीर बहै द्रग ऊंच पुकारी।
स्यांम सुन्यौ गुर भक्तन कै बसि, आइ लगै उर सैत पिटारी।
सास धणी जन देखि भये खुसि, वादि गए दिन आपन धारी।
भक्त करे सब सेवत संतन, भाग बड़े घर मैं अस नारी ॥४३२

भक्तन हित सुत विष दीयौ, येहु उभै बाई

संतन कै हित झैर दयो सुत, बांम उभै यह बात जितावै।
भक्त भलौ नृप आन घणे जन, आइ रहे इक म्हंत सुभावैं।
ऊठत है निति जांन न दे नृप, बीति गयो व्रष भोर खिनांवैं।
टूटत आस लख्यौ तन छूटत, बूझत है तिय बात जनांवैं ॥४३३
भूप न जीवहि झैर दयो सुत, साध सुं तंतर क्यूं करि राखैं।
भौर भयें विन रोई उठी तिय, रावल के जन संतन भाखैं।
खौलि दयी कटि मांहि गये झटि, बाल पिख्यौ बप नीलक दाखैं।
बूझत भूपति या कहि साचहि, चालत हे हमरै अभिलाखैं ॥४३४
रोइ उठें सुनि महंत न बोलत, भक्तिहु की कछु रीति नियारी।
जाति न पाति विचार कहा रस, सागर लीन भये सुखकारी।
गाय हरी गुन साखि कही जन, बाल जिवाई र ठौर सुधारी।
सीख दई सब साधन कौं र, हियें वह सो जन प्रीति पियारी ॥४३५
दूसर बात सुनौं मन लाइ र, जीवत्त लौं सतसंग करीजै।
भूप सुता हरि-भक्त[1] दई घर, साख तकै जन नांव न लीजै।
सीत पल्यौं तन रूपहि ले द्रग, जीभ चर्णामृत स्वादहि भीजै।
सौ अकुलाइ रह्यौ नहि जाइ, वसाइ नहीं सुत कौं विष दीजै ॥४३६

१. भक्ति।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

साध पधारि रहे पुर मैं तब, चेरि कही सुत कौं बिष दीयौ।
छूटि गयो तन रोइ उठी पन, आइ परे सब फाटत हीयौ।
जीवन को सु उपाइ कहै तिय, जोबन[1] आत पिता मम कीयौ।
सो करि हैं घरि संतन ल्यावहु, संत किसे सखि नांम सु लीयौ ॥४३७

संगि लये सब कै न सिखांबत, देखि परौ धर पाव गहीजै।
रीत करी वह नीर बहै द्रग, धांम पधारि रु पावन कीजै।
साध चले चलि चेरि जनावत, पौरि रही दुरि देखि र रीझै।
बात कही हरवै मम पित्रउ, जांनत हौ वह रीति सधीजै ॥४३८

साध मगन्न भये पन देखि र, होत उही नृप तैं जु कही है।
जांनि लयो सिसु देत भई बिसु, ज्याय दयौ सुख भौत लही है।
साखत पाय परे सबही लखि, सिष्य करे अर सेब कही है।
भूप तिया पति राखि दई जुग, साखि सबै जन मांनि मही है ॥४३९

मूल

छपै छंद

†बलभबाई हरि सरणि, देखो ज्यन्य कैसी करी ॥
नृपत्य दीनी आइ, साध कोइ रहण न पावै।
लुकि दुरि पूजै कोइ, तास कै हाथ कटावै।
दैऊं न असैं काढ़ि, बित वाको स्व लीजै।
दुरे दसों-दसि भक्त, कहौ अब कैसै कीजै।
जन राघो वाई तबै, तन मन की संका धरी।
बलभबाई हरि सरणि, देखो जन कैसी करी ॥१

साध न आवै नगर मै, तब बाई अन-जल तज्या ॥
दिन भयेउ भेरु च्यारि, तबै सुसरै सुधि पाई।
कही बहु अन खाई, पुनि तीरथ करि जाई।
चरणांमृत लौ सीत, प्रकंमा देखाऊं।
तबही रि कीयौं बिचार, बिड़द मेरा लजवाऊं।
जन राघो हरि संत ह्वै, बलभ कै मो जन भज्या।
साध न आवै नग्र मै, तब बाई अन-जल तज्या ॥२

१. जोबनि।

†यहाँ से लेकर मूल छपै नं० २९२ के बीच के इतने पद्य नं० '१' और '२' प्रति में नहीं हैं।

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

दूहा कर कटे अरु धन लुट्यौ, छूटे सहरु को बास।
बलभबाई यौं कहै, राम तुम्हारी आस ॥१

छपै कर काटत सारे भये, जगन राघो अचिरज कथा ॥
सुत मांग्यौ जब नीर, तबै सरवर दिस्य धाई।
कर मुँहेड़ा दिसि कीयो, हाथ ज्यूं के त्यूं भाई।
पड्यौ नग्र मैं सोर, बृतांत नृपतिही सुनायो।
राजा नागे पाई, दोरि चरनौं सि[र]नायो।
महमां भगत भगवंत की, नर-नारी नांवैं माथा।
कर काटत सारे भये, जन राघौ अचरज कथा ॥३

प्रभु प्रष्ण ह्वै भक्त मन, गोपि मतौ को जांनि है ॥टे०
श्रीरंगनाथ को धांम बनैं सौ करै उपावं।
भयो सेव राजा इंद, रबि हित सिर कटवावं।
बधिक भेष धरि चले, हंस या बिधि करि आवैं।
पति बांनां की रखौ, समझि दोऊ बंधवावैं।
पुत्र हत्यो जन जांनिकैं, पुत्री दे बहु मांनि है।
प्रभु प्रष्ण ह्वै भक्त मन, गोपि मतौ कौ जांनि है ॥२६२

## मांमां भानेज की टीका

गोपि मतौ अति मांम भानेजहु, ताष दयौ हरि कौं चित धारौ।
दौउ चले घर तैं बन मैं इक, मूरति देवल रैत निहारै।
रंग सुनाथ बिराजत दक्षन, धांम बनांवहि कांम निवारौ।
वै धन कौं फिरि हैं नहि पावत, हेरि थके सुनि यौ सुबिचारौ ॥४४०
देवल जैंन सु मूरति पारस, आरस नैं श्रुति तून बतायौ।
होइ सुखी हरि तौ त्रक तैं किम, नांहि डरैं इक कांन फुकायौ।
सेव करी मन लाइ हरी मति, जैंन-समाज सबैहि रिझायौ।
सौंपि दयौ सबलैं अब क्यूं करि, भेद सिलावट पैं भल पायौ ॥४४१
भीतर मांम भनेज स ऊपरि, भौंर कली कल साह फिरायौ।
मूरति बांधत खैंचि लई उन, दूसर बेर उहू चढ़ि आयौ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

फूलि गयौ तन छेद रह्यौ फसि, होइ खुसी अति बैंन सुनायौ।
लै सिर काटि जु स्वांगन निंदत, कांम भयौ सिधि यौं समझायौ।।४४२
काटि लयो सिर ज्यौं प्रभु भावत, जीवत नैं परिचाहि पगी है।
देह तजौं मम आस न पूजत, जात उहां हरि नीव लगी है।
सोच भयौ लखि और बनावत, देखि लयो वह चित भगी है।
दोउ मिले हरि धाम करावत, हौत सुखी भल बुधि जगी है।।४४३

## हंस प्रसंग की टीका

कोट भयो नृप कै नहि जावत, काहु कह्यौ तुम हंस मंगावौ।
वेगि बुलाइ बधिक्कन सूं कहि, होइ जहां फिरि ढूंढ र ल्यावौ।
ल्यांवहि क्यूं करि मान-सरौवर, छूटहूगे जब च्यारि खिनावौ।
जाति पिछांनत देखि उड़ै उह, साधन धीजत भेष बनावौ।।४४४
स्वांग बनाइ गये जित हंसहि, देखि बंधे नृप पासिहु आये।
सार लख्यौ मत बैद भये हरि, पूछत रै नृप कै ढिग ल्याये।
पंखिन कूं[1] पकड़ाइ लये हम, दूरि करैं दुख छोड़ि[2] मंगाये।
वोषदि पीसि लगाइ दई तन, कौढ़ गुमाय र हंस छुडाये।।४४५
लौ[3] तुम भूंमि र गांव दयाल जु, भाग बड़े उनके घर आवौ।
पाइ लयो सब संतन सेवहु, दे[ह]धरी नर रांम रिझावौ।
मांनि लई पुर देस भगत्ति सु. लै बिसतारत हंस प्रभावौं।
भेष भलौ प्रभु पंखिहु मांनत, नांहि उतारत नाच[4] नचावौ।।४४६

## माहाजन सदाव्रती स्यार[5] सेठ की टीका

इंदव छंद
सेठ सदाव्रति भक्तन कौ पन, सेव करौं मन लाइ बिचारी।
संत अनंत पधारत हैं जिम, आइ परै तिम लेत सुधारी।
साध रह्यौ घरि मांनि घणौं सुख, पुत्र सनेह सु संगि खिलारी।
ईस इच्छा मुखि लालच गौंनहु, मारि धर्‌यौ धरनी पछितारी।।४४७
मात निहारत पुत्र कहां मम, बीति गयो दिन भौंन न आयौ।
डौंडि दिवावत दंपति संत रु, ढेरि कहैं सुत कौ बिरमायौ।
देइ बताइ उनै सब आभ्रन, साध बध्यौ सु सन्यासि जनायौ।
देह दिखावत वाप करावत, पुत्र हत्यौ हम रोई न पायौ।।४४८

१ क्यों। २. ढूंढि। ३. ल्यौ। ४. नीच। ५. सार।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मैं स बताइ दयो न बिगारत[1], मोहि छुड़ावहु झूठ न भाख्यौ।
नांव न लै जन जौ सुख चाहत, जा अनतें भल छोड़ न दाख्यौ।
संत उदास बिचारत दंपति, दै पुतरी जन कौं घरि राख्यौ।
पाइ परचौ तिय कै पति बोलत, है पन मैं सुत कौ दुख नाख्यौ ॥४४९

साध बुलाइ कही तुम ल्यौ बरि, मोर सुता नहि साखत ब्याहै।
मैं हतियौ सुत रोइ कही जन, नांव न ल्यौ मम जीवन क्या है।
साध पनौं सुनि यौं धरि है सिर, नांहि रती मल मेर कह्यौ[2] है।
ब्याहि दई पुतरी उर दाहन, जीवत लौं घर मांहि रह्यौ[3] है ॥४५०

आत भये गुर है प्रचै सिध, संतन सेवइ नांहि बताई।
पुत्र कहां तव पाय गयौ सब, भांति किसी जग मींच लगाई।
पारस लै हरि मोहि कही खुलि[4], ले चलिये जित देह जराई।
ठौर गये उहि ध्यांन करचौं हरि, जीत भयो जग कीरति गाई ॥४५१

मूल

छपै छंद

**सर्ब जुग मांहीं रांमजी, संत-बचन साचौ करैं ॥**
**भवन काठ तरवारि, सारकी काढ़ि दिखाई।**
**बाल स्वेत हरि करे, दास देवो सरनाई।**
**काष्ट कंमधुज काज, च्यारि कपि चिता संवारी।**
**जैमल ह्वै जुध कीयौ, भक्त की बिपति निवारी।**
**भैंसि चतुरगुन घृत लीयें, संगि श्रीधर धनुधरैं।**
**सर्ब जुग मांहीं रांमजी, संत-बचन साचौ करैं ॥२९४**

मनहर छंद

**रानां जू कै कांन लागि काहू नै कही पुकारि,**
**भवन की कमरि देख्यौ खांडौ बांध्यौ कांठ कौ।**
**अब के बहानै सिरि मांगि लयो हाथि करि,**
**पलटि ह्वै गयौ सार रुपैया सै आठ कौ।**
**भवनन[5] पवन खैंचि अंतर आराध कीनौं,**
**रांम रांम रांम धुनि पार नहीं पाठ कौ।**
**राघौ कहै रांणं दौरि पाव गहे हाथ जोरि,**
**साचौ खांडौं तेरौ भवन औरि झूठ-माठ कौ ॥२९५**

---

१. बिगारस। २. कह्या। ३. रह्या। ४. पुलि। ५. मन।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

### भवन चौहान की टीका

इंदव छंद
बात सुनूं कलि के जन की, चहवांण भवन सु रांनहि कौ है।
लाख उभै सु पटा रुजगारहु, संतन सेत सिकार चढौ है।
लार लगे मिरगी हुत ग्याभनि, टूक[1] करे सु उदास वड़ौ है।
भक्त कहै मम कांम करौं यह, दारहु कौ करवात खंगौ है ॥४५२
भ्रात लख्यौ खग काठहि कौ चुगली, नृप पै करतौ न सकाई।
भूप न मानत सौंह करै वहु, जानत भक्तन बात चलाई।
बीति गयो ब्रख लागत नै कछु, मारि नख्यौ मम झूठ लखाई।
गोठि करी सरजाइ भलैं नृप, ले अपनी तरवार दिखाई ॥४५३
देखत देखत ल्याव भवन्न जु, दार कहै मुख सार कही है।
काढि दई बिजुरी सिखिई मनु, मारि नखौ इन झूठ नहीं[2] है।
भक्त बचावत[3] साच कह्यौ यह, दारहु की हरि पक्ष लही है।
दूंण पटा मुजरौ मति आवहु, मैं तन आवत मानि सही है ॥४५४

### रूप-चत्र्‌भुजजू कौ देवा पंडा की टीका

इंदव छंद
रूप चतुर्भुज रांनहुं आवत, पौटि रहे प्रभु माल सु सीसा।
काढ़ि दयौ नृप केस लख्यौ सित, आय गये कहि आवत ईसा।
झूठ कही डरप्यौ नृप मारहि, ध्यात भयौ पद सौ जगदीसा।
केस करौ सित हौ प्रभुजी मम, कारनि भक्त नहीं परिभेसा ॥४४५
भूपति त्रास समुद्र बुड्यौ जन, बैंन मिठास सुनैं फिरि जीयौ।
बार पिषे सित मांनि दया अति, नैंन भरे नहि साधन कीयौ।
भक्तन की प्रतिपाल करै निति, मैं स अभक्त सु कच्चत हीयो।
आप बिचारत नांम लजै मम, हैं हमरौ पुनि यौ सुख दीयौ ॥४४५
भूपति भोर निहारित है कच, सेत कही डरि पंडहि लाये।
खैंचि लयौ इक बारहु जाइ र, धार चली रत भूप भिजाये।
भूप[4] पर्‌यौ मुरछा तंन सुद्धि न, ऊठत भौ अपराध सुनाये।
बैठत राज इहां नहि आवहुं, दंड यहै अजहूं नहि आये ॥४५७

### कमधज की टीका

भ्रात सु च्यारि उदैपुर चाकर, है इक भक्त बसै बन मांही।
आइ प्रसाद करै उठि जावत, नैंक चलौ खरची तव आंहीं।

१. टेक। २. गही। ३. बतावत। ४. भूमि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चाकर हैं जिनके उन सेवत, जारत कौंन ब वौह् जरांही।
देह छुटी हनु रांम पठावत, दाहत धूंम सु भूत तिरांही ॥४५८

जैमलजी की टीका

जैमल मेरत पैल हुतौ नृप, पूजन सूं हित और न भावै।
है घटिका दस कौ वृत बोलन, आइ कहै कछु ठौर मरावै।
भ्रात मंडोवर कै यह भेद, लह्यौ चढ़ि आवत मात सुनावै।
स्यांम करै भल बाज चढ़े हरि, मारि दयौ दल सै सुख पावै ॥४५९
हाफि रह्यौ हय आय र देखत, वाहरि देखहि भ्रात पर्‌यौ है।
कौ तुम्हरै इक स्यांम सिरोमनि, मारि दयौ दल चित्त हर्‌यौ है।
तौहि मिल्ने हमतौ अति तरसत, जांनि लयो प्रभु आप ढर्‌यौ है।
बूझि खिनांवत वै पन धारत, कष्ट दयौ कहि सोच कर्‌यौ है ॥४६०

ग्वाल-भक्त की टीका

ग्वाल भयौ इक संतन सेवत, हाथि चढै सब साधन देवै।
आय गयौ पकवान धयो बन, ढील लगी इक भैंसि न लेवै।
जांनि लइ घरि मात कही फिरि, है घृत लै करि ब्राह्मन सेवै।
द्यौं स दिवारिहु हांस धरे गरि, जांम लये घर आतहु सेवै ॥४६१

श्रीधर-स्वांमी की टीका, अवसथा बरनन

टिप्पण भागवत करि है वह, जांनिहुं श्रीधर हे बिवहारी।
जात चले मग चौर लगे कहि, कौंन सहाइक, औधिबिहारी।
कोइ नहीं बन मारि डरौ इन, है कर आयुध भ्रात खरारो।
आय कही घर स्यांम स को हुत, हे प्रभू त्यागि दई बिधि सारी ॥४६२

मूल

छपै छंद

**भगवंत भक्त पोछैं फिरैं, ज्यौं बच्छा संग गाइ है॥**
**दरबि रहत इक भक्त, तास कै संत पधारे।**
**प्रभु बटाऊ होइ, खुसे हरिजन पैं हारे।**
**भरन साखि गोपाल, साथि खुरदहा सिधाये।**
**रांमदास कै धांम, द्वारिकानाथ लुभाये।**
**छेक सेल कौ अनुगतन, बलि बंधन बपु खाइ है।**
**भगवंत भक्त पीछै फिरै, ज्यूं बच्छा संगि गाइ है ॥२६४**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## निहकंचन की टीका

इंदव छंद
भक्तन लार[1] फिरै भगवंतहि, ज्यौं बछ संगि फिरै निति गाई।
है हरिपाल सु ब्रांह्मन नांमहि, संतन हेत सिरीस लगाई।
कैइ हजार बजार खुवावत, नांहि मिले जब चोर न जाई।
साखत ल्यात न दास दुखावत, आवत साध तिया बतलाई ॥४६३
कृष्ण रुक्मनि मंदिर हे जुग, सोच परचौ हरि साह वने हैं।
आप चले कित भक्त समो जित, मैं हूं चलूं कहि आव ठने हैं।
पूछत माग चलै उतपातहि, लै रुपया पहुचाय सने हैं।
साध जिमावहु संगि चल्यौ बन, देखि लये रुपया स घने हैं ॥४६४
स्वांग नहीं सदचार न देखत, है धनबौ इतनौं इत ल्यायो।
द्यौ रुपया गहनौ नहीं मारत, देत सबै छगुनी छल छायो।
काढि लयो छगुनि सु मरोरि र, दुष्ट बड़ौ जन जीमत पायौ।
रूप दिखावत जो अपनौं हुत, भक्त सराहि र कंठि लगायो ॥४६५

## साखीगोपाल जू की टीका

गौंडहु के दिज दोइ सुनौं गति, जाति बड़ौ बयहू इक छोटो।
धांम फिरे सब आये रहे बन, जैंमति आवत जांनहु मोटो।
सेव करी लबु [घु] रीझि कही बृध, दीन्ह सुता तव लेवत ओटो।
साखिगुपाल करै प्रतिपालहि, गाँव गयें तिय पूछत टोटो ॥४६६
बिप्र कही लघु द्यौं तुम्ह दीन्ही सु, पुत्र तिया पुतरी नहि देवै।
बृध कहै अब नांहि करौं किम, ही जु बिथा नहीं जानत भेवै।
होत पंचाइत साखि भरावहु, साखिगुपाल भरै बन जेवं।
ल्यौ लिखावइ जु साखि भरावहि, दै परनाई सुता मुख लेवै ॥४६७
आवन मैं सु'गुपाल जनांवत, साखि भरौ चलि कै जु लिखाई।
बीति गयो दिनि बोल कही हरि, मूरति चालत क्यूं स कहाई।
संगि चलै उठि भोग मंगावत, पाठ[2] चलैं छिम छिम्म कराई।
कांन सुनैं छिम पोछ न देखहु, देखत ही रहि हूँ उन ठाई ॥४६८
गांव निजोक रह्यौ फिरि देखत, होत खरै वहि ठौर हसे हैं।
ल्याव इहां कहि आत चलौ हरि, गाँव चल्यौ सुनि देखि लसे हैं।

---
१. संगि। २. पात।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पूछत साखि भरी सुख पावत, व्याहि दई उन गाँव बसे हैं।
मूरत राखि लई नृप ग्रात न, है अजहूं उत प्रीति फसे हैं ॥४६९

## रामदासजी की टीका

गांव डकोर बसै दुज[1] भक्त सु, रांम सु दास भगत्ति पियारी।
ग्यारसि जाग्रन ह्वै रणछोड़हि, जाइ सदा वृध देह निहारी।
आप कही इत आव मतैं घरि, चालि रहों रथ ल्यावउ चारी।
आनि धरौ खिरकी पिछवारहि, बाथ धरौ भरि हांकि सवारी ॥४७०
जाग्रन आत भयौ चढ़िकै रथ, जांनि सबै गति पाव थकी है।
बारसि रैंनि अरद्ध चल्यौ धरि, भूषन ले तन प्रीति पकी है।
मंदिर खोलिरू देखत नां प्रभु, गैल लगे चढि जाइ हकी है।
बाइ धरौ मम बेगि टरौं तुम, पौंचि र मारत चौंट जकी है ॥४७१
ढूंढ लयो रथ पाइ नहीं हरि, सोच करयौ जन भूमि[2] लगाई।
येक कही इन वोर पयोहुंत[3], बाइ निहारत हैं रकताई।
सेल दयो जन धारि लयो हम, नांहि चलौं बिज रूप बताई।
मो सम कंचन ल्यौ धरि तोलहु, नांह मरै तिय कान जिताई ॥४७२
तोलत बारिहु डारि पछै हरि, नांहि उठै पलरौ जित बारी।
हौइ उदास चले घर कौं सुख, होत किमे मन नांहि[4] मुरारी।
धाम बिराजत है दिज कै प्रभु, भक्ति करै सुख दैंन तयारी।
बांधि लयों बलि यौं बलि बंधन, आयुध कौ छिन चोट बिचारी ॥४७३

## मूल

छपै छंद

**अबं राजा परिजा थकित ह्वै, हरि-जस सुनि हरिदास कौं ॥**
**जसू-स्वांमि कौ जस बढ्यौ, बृषभ हरि आप बनाये।**
**ता पीछैं चलि चोर, लै गये सो पुनि ल्याये।**
**नंददास निज धेन, जिवाई नांमा पीछै।**
**श्रीरंगनाथजी सीस, नयो वेस्यां कै इछैं।**
**यम आसाजित आसू सुवन, जन राघो रटि गुन जास कौ।**
**अब राजा परिजा थकित ह्वै, हरि-जस सुनि हरिदास कौ ॥२९५**

---

१. हरि। २. भूलि। ३. गयो। ४. मनेजि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## जसू-स्वांमी की टीका

इंदव अंतरबेद रहै जसु स्वांमिन, संतन सेवन खेत बुहावै।
छंद बैल हरे इन कौं कछु ठीक न, स्यांम वसे हलकै जुतवावै।
आत भये बृज के नर पैठहि, देखि गयो[1] घरि जाइ र आवै।
बार फिरे छय ठीक भई उन, पूछि र आनि दये नहि पावै॥४७६
देखि प्रतापहि भाव भयौ उरि, बैल दये हरि पाय परे हैं।
दीन कहै मुख आय लही रुख, दीनदयालहि दास करे हैं।
छाडि दयो हर नो सुध होतस, संतन सेवन माग परे हैं।
धांन खिनांवहि दूध दही पुनि, आवहि साध लड़ात खरे हैं॥४७५

## नंददासजी वैष्णु की टीका

गांव बरेलि नजीक हवेलिहु, नंद सुदास दिजै जन सेवै।
दोष करै दिज लै बछिया सव, खेतहि डारत गारि न देवै।
साधन सूं लरि है स हत्यारहि, आवत हौ नहि जांनत भेवै।
जाइ जिवाई दई जन खेतहि, साखत भक्त भये पग लेवै॥४७६

## मूल

मनहर **राघो रँगनाथजी कौं सीस आयौ सनमुख,**
छंद **बारमुखी बारंबार लेत अति वाँरणां।**
**मैं हूं महा मधिम अछोप मन बच क्रम,**
**तुम प्रभू प्राणनाथ पतित उधारणां।**
**मुकट चढ़ावत मगन भई मातंग ज्यूं,**
**जै जै कार पुर महि गृह-गृह वारणां।**
**गनिका मुक्ति[2] भई भई च्यारयूं जुग मधि,**
**च्यारयूं जीति गई जन्म नांहीं जौग धारणा॥२६६**

## बारमुखी की टीका

इंदव बारमुखी अतिहास सुनौं घर, माल भरयौ नहि आवत कांमैं।
छंद संत बरे पुर धांम लख्यौ सुद्ध, खोलि दई कटि चाहि न दामैं।
वाहरि आइ निहारत हंसनि, भाग जगे नहि जांनत नांमैं।
थार भरयौ महुरैं धरि मुंतन, पाक करौ अरु भूषन स्यांमैं॥४७७

---

१. गये। २. मुक्त।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पूछत कौ तुम जाति बतावहु, मौंन करी सुनि चित्त धरी है।
साच कहौ मन संक धरौ मति, बारमुखी कहि पाय परी है।
कौस भरचौ धन ल्यौ किरपा करि नांहि करैं तब तौ संमरी है।
रंग सु नाथ मुवट्ट घराइ, इसौ लखि कै सुख पाई हरी है ॥४७८
विप्र न छूवत ले किम संग[1], जु दै हम बांह रहै इत कीजे।
द्रिव्य लगाइ सबै करवावत, लै कर चालत थाल धरीजै।
मंदर मांहि गई जन आइस, ससंकि फिरीस तिया भ्रम भीजै।
आपु बुलात हमैं पहरायहु, सीस नयौं पहराय र रीजै ॥४७६

मूल

छपै छंद
**यम भक्ति पैज कलिकाल मैं, तिहुं जुग सूं राखी अधिक ॥**
**ठग ठाकुर दै बीचि, भक्त सूं सौगंध कीन्ही।**
**बहुरि हत्यौ बन मांहि, लूटि गहि नारी लीन्ही।**
**घरनी करी पुकार, त्राहि बाबा बिसटारी[2]।**
**चोर न कीन्हौं जोर, रांमजी रजा तुम्हारी।**
**राघौ रांम रतीक मधि, भूति जिवाइ मारे बधिक।**
**यम भक्ति पैज कलिकाल मैं, तिहुं जुग सूं राखी अधिक ॥२६७**

बिप्र हरि भक्त की टीका

इंदव छंद
ब्रांह्मन लै मुकलाव[3] चल्यौ तिय, है भगती जुग वात जनावैं।
मारग मैं ठग भेटत पूछहि, जात कहां ज्यतही तुम जांवैं।
वाग छुडावत लै बन जावत, है अति सूधि हु चित्त न आवै।
रांम दये बिचि तौहु डरै मन, भांम कहै हरि नांम सुनावै ॥४८०
संग चले मन भीत[4] करौ अव, भक्ति सची पतनी मम जांनो।
जां बन मैं दिज क्षिप्रहि मारत, भाग चले सुं बधू बिलखांनी।
पीछहु देख तबै समुंवौ चलि, देखत हू बिचि सो वह प्रांनी।
आइ र राम सबै ठग मारत, ज्याय लयो जन रीति बखांनी ॥४८१

मूल

छपै छंद
**गाथ सुनत नृप भक्त की, हरिजी सूं हित होइ है ॥**
**स्वांग संत को धरै, तास जानैं गोबिंद गुर।**

---

१. रंग। २. बिसठारी। ३ मुकलाइ। ४. भात।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**दरसन षट को भाव, कदै नांहीं आवै उर।**
**साध रूप धरि भांड, राव पैं पाव दुहावै।**
**भूप भेट करि कही, भेष पलट्यां दुख पावै।**
**भक्त भांड साचौ भयो, जगत जाति नहीं जोइ है।**
**गाथ सुनत नृप भक्त की, हरिजी सौं हित होइ है॥२६८**

भक्त भूप की टीका

इंदव छंद
भूप भगत्त स भांड न पावत, है प्रभु कौं धन आंन न दीजै।
स्वांग धर्‌यौ जन को सु पुजावत, नाचत भूप कहै इम कीजै।
भौजन कौं करवाई धर्‌यौ बसु, जोरि कहै कर यौं सब लीजै।
भक्ति भई दिढ़वास न भावत, हाथ गहै कछु ल्यौ नहि छीजै॥४८२

मूल

छपै
**निष्ठां अंतर भूप कै, उतकष्ट-धर्म धुजता नहीं॥**
**स्यांम ध्यांन हरि भजन, और कौं नांहि लखावै।**
**निसि दिन असैं रहै, अधंगी[1] भेद न आवै।**
**सुपन मांहि नहीं सुद्धि, नांम आंनन तैं निकस्यौ।**
**वांम नांम सुनि प्रष्ण, दरबि बहु पति परि बकस्यौ।**
**कजी भई मो भक्ति मैं, सुनि रांनी बातैं महीं।**
**निष्टा अंतर भूप कै, उतकष्ट-धर्म धुजता नहीं॥२६६**

अंतरनेष्टो नृप की टीका

इंदव छंद
भक्त तिया कहि भक्त नहीं पति, यौं मुरझाइ र सोचत भारी।
भेद न जांनत रैंनि पिछानत, नांम रट्यौ मुखतैं सु बिहारी।
नांम सुन्यौं पतनी सुख पावत, भोर भयो पति पैं धन वारी।
पूछत है नृप देखि उत्साहहि, नांव कह्यौ जिव जात बिचारी॥४८३
भूप तज्यौ तन सोच तिया मन, प्रीति इसी उर भेद न पायो।
दीरघ सोक भयो सुधि नांहि न, नैंक लखीं न इसौ हित छायौ।
प्रेम अतित भयो तिय कै तन, देह तजी इन हीं यह भायो।
ह्वै जिनकै यह सो लहिहैं वह, दूरि करै सब साच दिखायो॥४८४

---

१. **अधंगी।**

Jain Educationa International　　For Personal and Private Use Only　　www.jainelibrary.org

मूल

छपै छंद
**माथुर बिठुलदास बर, मांन देत परमांन नैं॥**
**स्वांग संत सूं प्यार, साधु कौ गुणही लेवै।**
**उत्यम मानैं भक्त, धांम तन मन धन देवै।**
**संतोषी सुध हृदै, बहुत परमारथ कीन्हौं।**
**दुसह करम को करै, पुत्र उत्सव मै दीन्हौं।**
**जै जै गोव्यंद हरि नांम, पण राघो बांणी आंननैं।**
**माथुर बिठलदास बर, मान देत परमान नैं॥३००**

टीका

इंदव छंद
माथुर भ्रात उभै गुर रांनहि, आप मुये लरि त्यां इक जीयो।
जा सुत वीठलदास बड़ौ जन, वै लघु सेवन स्यांम सु लीयौ।
भूप कही दिज कौ सुत आत न, ल्यांन गये कहि चाह न बीयौ।
फेरि बुलात करौ इत जाग्रन, नाचत प्रेम सु कै इक दीयौ॥४८५
संग गये जन रंग रचे हरि, आदर दै उठिकैं सु बठाये।
तीन खणां परि नृत्य करावत, प्रेम छके गिरिये तरि आये।
स्वेत भयो नृप दुष्टन खीजत, बाथ भरें जन ता घरि ल्याये।
भेट करी बहु देह परी सब, सुद्धि भई दिन तीसर गाये॥४८६
मात जनांबत बात सबै निसि, कौनि कसे तजिये सुबिचारी।
आत छटी कर मैं गरुड़ेस्वर, सेवत है प्रतिमां अति प्यारी।
भूपति के चर हेरि थके, तिरिया अरु मातहु आइ पुकारी।
चालि कही बहु मांनत नांहि न, बैठि रही उतही कहि हारी॥४८७
कष्ट लख्यौ तब राति कहो हरि, जा मथुरा बर तीनक भाख्यौ।
जाति र पांति मिले पुर आवत, साध लख्यौ बढही अभिलाख्यौ।
गर्भवती जुवती धर खोदत, मूरति बोधन पावत दाख्यौ।
बौलि कह्यौ बढहीस न लै तब, वै सु कही तव रूपहि राख्यौ॥४८८
सेवत है हरि भक्ति गई भरि, सिष्य भये बहु है उर भावैं।
होत समाज बड़े अति आवत, राग बिबद्धि गुनी जन गावैं।
आत नटी गुन रूप जटी इक, गात इसी उर बांन लगावै।
देत भये पट भूखन भूखहु, दीखत औरन पुत्र गहावै॥४८९

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राय रंगि सिष भूप सुता दुख, देखि भयो जलहूं नहीं पीजै।
वाहि कह्यौ धन चाहि सु लै तव, दे हमरौ प्रभु तो तब जीजै।
द्रव्य न चाहत रीझि चहैं तन, दै धन फेरि समाज करीजै।
ओर गुनीजन कौं धन दे बहु, आप कर्‌यौ[1] नृति देत न लीजै ॥४६०

डोलहि मैं फिरि ल्याइ रंगी जन, कंत भई बरियां तव आई।
नृत्य कर्‌यौ अति बो धन वारत, अंक भरे फिरि दै हुलसाई।
मोहि दयो हरि की नवछावरि, ले मति नै सिष लेत रमांइ।
त्यागि दयो तन पात कहाँ वह, यौं बरनो जन को रसिकाई ॥४६१

मूल

छपै छंद **हरिरांम हठोलै भजन से ज[2], रांनां कौ[3] समझाइयौं ॥**
**बडे चतुर दातार, भक्ति प्रेमां जिन जांनीं।**
**रस-सागर गुन गंज, कंठ मैं गदगद बांनीं।**
**संतन कूं दुख देत, तास को यह फल भाख्यौ।**
**हरिनकस्यप हति नखन, दास प्रहलादहि राख्यौ।**
**स्फुटबक्ता सभा बिचि, काहू सौं न हराइयो।**
**हरिरांम हठीलै भजन से ज, रांनां कौ समझाइयो ॥३०१**

टीका

इंदव छंद रांनहि हेत खिलावत च्यौपरि, न्यासि इसौ जन भूमि छिनाई।
साथ[4] पुकारत झारि दयो उन, है बिमुखी बसि साच झुठाई।
सौ हरिरांमहि वात जनावत, चालि अगैं हम आबत भाई।
पैल गयौ हरिरांम पधारत, झारत भूपहि भूंमि दिवाई ॥४६२

मूल

छपै छंद **बादप येह जन जगत मैं, भक्ति सुमन निरबेद फल ॥**
**सीहा खोजी संत स्यांम, दल्हा पुनि रांका।**
**जती रांम रावल, मनोरथ द्यौगू वांका।**
**जीहा चाचा गरू, सवाई जाडा चांदा।**
**कीता नापा लोकनाथ, सब मेट्या दांदा।**
**धीधांगश्रम राघो निपुनि, मति सुंदर पीय रांम जल।**
**पादप यह जन जगत मैं, भक्ति सु मन निरबेद फल ॥३०२**

---

१. कह्यौ। २. तेज। ३. नें। ४. साध।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

श्री राकापति बांका जू को टीका

रांकपति पतनी पुनि बांकाहि, रैपुर पंडर रीति सु न्यारी।
ल्या लकरी गुदरांन करै उर, नांव धरै वह जांनि जिवारी।
नाम कहै प्रभुसौं इन द्यौ कछु, लेत नहीं कहि आप मुरारी।
घालि दिखांवहु तौ तव भांवहु, मारग मैं सलका हिम डारी ॥४६३
आगय है पति पीछय कौं तिय, आवत सो सलका सु निहारी।
जांनि तिया मन मांहि भयो भ्रम, धूरि पगां करि ता परि डारी।
बूझत भूमि निहारि कह्यौ[1] किम, कैत भये अजहूं लछिधारी।
रांक कहै मम बाका भई तुब, आप कही हरि साच हमारी ॥४६४

मूल

इंदव छंद
**एक समै रजनी जन जागत, चोरन आइ चहूं दिस ढूंढा।**
**माया नहीं सल री तप रेख, लगा रिदै बारह नीकसै मूढा।**
**आगै परचौ मुख ज्यूं भरचौ भंजन, खोलि र देखै तौ नाग फफूड़ा।**
**राघौ कहै खिज रांका कै डारत, सरप थै ह्वै गयौ सोनि को कूढा।**
**लागे मतौ करनें कहा कीजिये, धीजिये नैंक न माया बुरी है।**
**रांका कहै काहू रंकहि दीजिये, ताही के काज कौं आय जुरी है।**
**बांका कहै बवरे भये हो, देहुगे किसकौं विष काल छुरी है।**
**राघौं कहै तुछ जांनि गये तजि, रांकै रु बांका यौ टेक परी है ॥३०३†**

टीका

नांमहि सौं हरिदेव कहै उर, तौ चलिये लकरीहु सकेरौ।
आत भये जुग वीनन कौं जन, है इकठी कर सूं नहि छेरै।
हौइ चतुर्भुज ल्यात भये घरि, रे मुडफोर प्रभु बन फेरै।
दौउ कहै कर जोरि धरौं पट, भार पर्यौ इक चोरहि हेरै ॥४६५

मूल

इंदव छंद
**धुनि ध्यांन र प्रांन भये परचै, निहचै निराकार कै सेवग रांका।**
**कली-काल मैं चालह माइ ज्यूं, छाइ महाबितपन्न सबै बिधि बाका।**

---

**१. करचौ।**

---

**†यह इंदव छंद प्रति नं० १ और २ में नहीं है।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अन के कन बीन अहार कियौ जिन, पायौ है भेद भक्ति कौ नांका।
राघौ कहै गलतांन गरीबी सूं, यौं मिले जोति मैं जोति जहां का ॥३०४

मूल

इंदव छंद
अैसौ लग्यौ रंग रांम मन बीसरै, भूलि गयो दुख देह कौ द्योगू।
संतन के दल द्वार सदा रहै, भाव सूं भोजन देत अन्यौगू।
टेक यह उर जो ब कही गुर, लेनि बह्यौ निति धरम की तेगू।
राघो कहै धनि धीरज सूं पर, परचौ प्रचंड मिले हरि बेगू ॥३०५

मूल

छप्पै
यम हठ करि हरिजी कूं मिले, सोझा सोझी सदन तजि ॥
बालक उभै उजाडि, समझि करि सूते छाड़े।
इनकौं करता रांम, दीये परमेसुर आड़े।
महा मोह बसि कीयौ, लोभ कौ लसकर मार्‌यौ।
क्रोध बोध करि हयो, रांम भजि कांम संघार्‌यौ।
राघो इक टग राति दिन, भैं मेट्यौ भगवंत भजि।
यम हठ करि हरिजी कौं मिले, सोझा सोझी सदन तजि ॥३०६

इंदव छंद
चढ़ि खेत खड़्यौ न पड़्यौ पछवो पग, यौं जग जीति गयौ जन सोझौ।
कलप्यौ झलप्यौ नकल्यौ कलि मैं, मन मूठि भली द्रिढ ज्ञान कौ गोझौ।
मनसा मनि घेरि चढ़ाये सुमेरिहू, कांमदुधा करणी करि दोझौ।
राघो सुबास छिपै नहीं साध की, चंदन कै बन बीचि ज्यूं बोझौ ॥३०७
अैसी लगी टग नैंक टरै नहीं, रांम की कीरति गावत कीता।
आतम येक मुरै न दक्षा देहु, खाट तलैं ब्रष द्वादस बीता।
रांमजी आइ कही समझाइ करौ, सिष याहि ज्यूं होइ पुनीता।
राघौ कहै उपदेस दियो पंच, तत कौ सत ले आदि अद्वीता ॥३०

मूल

छपै
कांमधेनु कलिकाल मैं, येते जन परमारथी ॥
सूरज लक्षमन लडू, बिमानी खेम उदासी।
भावन कुंभनदास, संत लफरा गुन-रासी।
हरीदास हरि केस, लुटेरा भरतरु बिरही।
नफर अजोध्या चक्रपांनि, जाइ सरजू तटि परही।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**तिलोक त्यागी जोधपुर, उधव बिज्वली प्रारथी।**
**कांमधेनु कलिकाल मैं, येते जन परमारथी ॥३०६**

श्री लड्डू भक्त की टीका

इंदव छंद
साखत देस भगत्त लड्डू हुत, लेस भगत्ति न पापहि पागे।
तोषत है दुरगा नर मारि रु, ले सु गये इन मारन लागे।
मूरति तें निकसी धरि रूपहि, काटत हैं सबके सिर भागे।
नाचि रही जन के मुख आगर, राखि लये हरि यौं अनुरागे ।।४९६

श्री संत भक्त की टीका

संतन सेव लग्यौ मन संतहि, ल्यावत भीखहु गावन गावै।
साधु पधारि घरां तिय पूछत, संत कहां खिजि चूल्हहि आवैं।
साध चले उठि माग मिले जन, हे जु कहां बह बात सुनावै।
साचि कही तिय आंच वही हिय, ल्याइ घरां उन खूब जिमांवै ।।४९७

तिलोक सुनार की टीका

पूरब माहि सुनार तिलोक सु, संतन सेवन की उर धारी।
व्याहत है पुतरी नृप तेहरि, दी घरि बे करि ल्याव सुहारी।
साध पधारत है बहु सेवत, द्यौंस रहे जुग भूप चितारी।
बेगि बुलावत ताहि डरावत, ल्यावति हूं कलि नाहि उजारी ।।४९८
आप[1] गयो दिन नांहि घरी जन, भै उपज्यौ बन जाइ छिप्यौ है।
च्यारि रु पांचस आत भये चर, स्याम लयौ घरि भक्ति लिप्यौ है।
जाइ दई नृप देखि भयो चुप, धापत नैनन खूब दिप्यौ है।
मौज दई अति चूक तजी पति, राय लह्यौ हरि धांम थप्यौ है ।।४९९
प्रीत महौच्छव ठांनि जिमावत, संतन कं वहु भांति मिठाई।
साध सरूप धरयौ सिरनी करि, जाइ कही सु तिलौकहि पाई।
कौंन तिलोक नहीं हुत दूसर, होइ सुखो निसि कूं घर जाई।
देखि भरयौ घर है धन भोजन, जांनि लई हरि होत सहाई ।।५००

मूल

छपै छंद
**चिंतामनि सम दास ये, मन-बंछा-पूरन करन ॥**
**पुष्कर दी सोमनाथ, भीम बोकौ बो साखा।**

---
१. आइ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सोम मुकंद गनेस, महृदा रघु झाझू लाखा।
लक्षमन छीतर बालमीक, त्रिबिक्रम लाला।
बृद्ध ब्यास करपूर, बह बल हरिभूभाला।
बीठल राघो हरीदास, घूरी घाटम उधव जगन।
चिंतामनि सम दास ये, मन-बंछा-पूरन करन ॥३१०

ये सूर धीर थाणांपती, भक्ति करत दिग्गज भगत ॥टे०
छीतम देवानंद, द्वारिकादास महीपति।
माधव हरीयानंद, खेम बीदा बाजू सुत।
बिष्णनंद श्रीरंग, मुकंद माडन भल नरहर।
दामोदर भगवांन, बालरूपा केसो अरु कान्हर।
संतरांम तंबोरी प्रागदास गुपाल, लुहंग नागू सुगत।
ये सूर धीर थाणांपती, भक्ति करत दिग्गज भगत ॥३११

प्रचुर सुजस जगदीस कौ, करन भक्त संसार ये॥
प्रिय दयाल गोबिंद, विद्यापति बहुरन प्यारे।
चतुरबिहारी ब्रह्मदास, लाल बरसांना-वारे।
पूरन गंगा रांम नृपति, भीषम भगवत रत।
आसकरन परसरांम, भगत भाई खाटी बत।
जनदयाल केसौ कवित, बृजराज-कुवर की छाप दे।
प्रचुर सुजस जगदीस कौ, करन भक्त संसार ये॥३१२

श्रीगोविंदस्वामी की टीका

इंदव छंद
गोवरधन्न सुनाथ सखावत[1], खेलत संग सु गौबिद नामैं।
स्वांमि बिख्यात सुनों उन बात, उनैं मन[2] रीति भली अति रांमैं।
खेमत हे गिहि लाल गये भगि, दाव हुतौ सु गिली दइ स्यामैं।
संत लखी सुध का धरि काढ़त, जानत नैंमत है यह बामैं॥५०१
कुंड रहे लगि आवहिगो बन, लाइ दये फल सौ भुगतावैं।
सोच परयौ प्रभू जाइ अरयौ वह, भोग धरयौ सु परयौ नहि पावैं।
मोहि न भावत कैंत गुसाईन, चाहि खुवांवनं वाहि मनांवैं।
मो परि दाव हुतौ जन कौ उन, आइ दई नहि जांनत भावैं॥५०२

१. सखाहुत। २. नन।

मों बन मैं बिन खेल बनैं नहिं, काढ़त गारिन चोट हु देगौ।
चित भई मम ढूंढि र ल्यावहु, आत कनैं तब चैंन पगैगो।
भोजन भात न ताहि बिना कछु, वा रिस जातहि भोग फबैगो।
वेगि गये उन नीठि मनावत, ज्याइ कही अब कंठ लगैगो ॥५०३

बाहरि भूमि गयो हरि आवत, आकन डोडन मार मचाई।
देख उठे इनहूं वहि मारत, भाव सखा सुख सार कहाई।
बेर लगी बहु मातहु आवत, चालि घरां तजि ये अटपाई।
सौच करयौ सदचार धरयौ मन, प्रेम मढ्यौ सुबिचारि कराई ॥५०४

भोग लगांवन मंदिर ल्यावत, मांगत है पहिलें मम दीजै।
थारहि डारत जाइ पुकारत, कोप करयौ यह सेवन लीजै।
आइ कही जन कौंन बिचारत, खोलि सुनांवत कांन धरीजै।
जोम रु पैलहि जावत है बन, मोहि न पावत यौं सुनि भीजै ॥५०५

मूल

छपै छंद

**मधुपुरी देस जे जन भये, मम कृपा कटाक्ष ही राखियो ॥**
**रांमभद्र रघुनाथ मरहट, बीठल पुनि बेणी।**
**दासू स्वांमी चित उत्म, के सौं दंडोतां देणी।**
**गुंजामाली जदुनंद, रामानंद मुरली।**
**गोविंद गोपीनाथ मुकंद, भगवांना सु धुरली।**
**हरिदास मिश्र चत्रभुज चरित्र, रघुनाथ विष्ण-रस चाखियो।**
**मधुपुरी देस जे जन भये, मम कृपा कटाक्ष ही राखियो ॥३१३**

श्री गुंजामाली को टीका

इंदव छंद

संतन कौ परताप बडौ ब्रज, मैं बसि है उन सौभ अपारा।
गुंजनमाल धरी जिम नांम सु, बास करयौ सु लहौर मझारा।
पुत्रबधु बिधवाहि सुनावत, लै धन ग्रेकि गुपाल भ्रतारा।
द्यौ हरि सेवन मांगत है तिय, यां परि वारतहूं जगसारा ॥५०६

पूजन वाहि दयौ धन ग्रे तिय, बास करयौ व्रज रीति सुनीजे।
ठाकुर पैं सुत औरन के भरि, डारत खोरहि सौ अति खीजै।
तारि दयो वह भोग न पावत, क्यूंस सिग्रावहि तौ कछु जीजै।
कोपि कही भरि है तब प्रातहि, हा अब खावहु ल्यावत लीजै ॥५०७

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मूल

छपै छंद

ये त्रिया कठिन कलिकाल महि, भक्ति करी जग जांनि है ॥
सीता झाली कलाकृत, गढां सोभां लाखां।
प्रभुतां मांनमती सुमति, गोरां गंगा ये दाखां।
ऊमां उबिठा सतभामां, कुवरी गोपाली।
रामां जमनां देवकी, मृगां मग चाली।
कमलां होरा हरिचेरी, कोली कीकी जुग जेवां गनेसदे रानि है।
ये त्रिया कठिन कलि काल महि, भक्ति करी जग जांनि है ॥३१४

गनेसदे रांनी को टीका

इंदव छंद

भूप मधुक्करसाह सु ओड़छ, नारि गनेसदे खुब करी है।
साध पधारिहि सेवहिबो विधि, संत रह्यौ सुख देत खरी है।
देखि इकंत कही धन है कित, होइ बतावहु आंनि परी[1] है।
जांघ छुरी पहराय गयो भगि, सोचत है नृप जांनि बुरी है ॥५०८
बांधि रु सोइ रही न कही किन, आवत भूप कही तन मैंलौ।
तीन गये दिन राय लखी अनि, खोलि कहौ मम नां दुख दैलौ।
पूछत है नृप बोलि कही तिय, संभ्रम छाड़हु है कछु सैलौ।
दे परिदक्षरण भूमि परचौ नृप, भक्ति करी तजि दंपति गैलौ ॥५०६

मूल

छपै छंद

प्रभु कें संमत संत जे, तिनकैं मैं सेवक रहूं ॥
मयांनंद गोब्यंद, जयंत गंभीरे अरजन।
जापू नरबाहन गदा, ईस्वर सो गरजन।
अनभई धारा रूप, जनार्दन बरीस जीता।
जैमल वीदावत ऊदा, रावत सु बिनीता।
हेम दमोदर सांपलै, गुढलै तुलसी कौ कहूं।
प्रभु के संमत संत जे, तिनकैं मैं सेवक रहूं ॥३१५

नरबाहनजू की टीका

इंदव छंद

गांव रहै भय है नरबाहन, नाव लई लूटि रोकि स दीयो।
भोजन देवन आवत दासिहु, आइ दया सु उपायु जु कीयौ।

---

१. अरी है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

जै हरिबंसहि राधिहु बल्लभ, नांव कहौ सिष पूछत लीयौ।
देत भये सब बात कहौ मति, जाइ हुवो सिष छाड़त बीयो ॥५१०

मूल

छपै छंद
साधन की सेवा सरस, श्रीमुख आपन सौं कहै॥
बूंदी बनियां रांम, गांव रीदास विराजै।
भाऊ जटियां नैं, मंडौतै मेह[1] न छाजै।
मांडोठी जगदीस, दास पुनि दाऊ बारी।
लक्षमन चढि थावलि, गोपाल सलखांन उधारी।
मुनि पति मैं भगवानदास, जोबनेरि गोपाल रहे।
साधन की सेवा सरस, श्रीमुख आपन सौं कहै ॥३१६

गुपालभक्त की टीका

इंदव छंद
जोबहिनेरि गुपाल रहैं जन, संतन इष्ट निबाह करयौ है।
बृक्कत होइ गयो कुल मैं, परक्षा करनैं घर-द्वारि परयौ है।
आइ कही जन मांहि पधारहु, सुंदरि देखु न नेम धरयौ है।
दूरि करौं तिय जाइ छिपावत, नैंन लखी मुख कौं स जरयौ है ॥५११
येक दई इक मांनत है रिस, देहु कपोलहि दूसर प्यारी।
नैंन झरे सुनि जाइ लये पग, भक्तन की कछु रीति नियारी।
संतन इष्ट सुन्यौ चलि आवत, पारिख लेत भई सिष भारी।
आप कही जन भाव कहां हुत, संत सराहत सो मम ज्यारी ॥५१२

मूल

छपै छंद
जन राघौ रांमहि मिले, येते बिग भये बांदरा॥
इम गरीबदास गुर गोबिंद गायो, दीन भयो नहीं और सूं।
मानदास जोरयो मन-बच-क्रम, हित चित जुगलकिसौर सूं।
स्यांमदास कै हरिनारांइण, स्यांमदीन सबंगि भयौ।
खेम रिसकजन हरिया हरि भजि, सर्व संतन कौ मत लयौ।
तजि बृखलीपति कुल करतव्यता, कीयौ भगवत घरि सांदरा।
जन राघौ रांमहि मिले, येते बिग भये बांदरा ॥३१६

१. मोह।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

भगतन की पंकति बिषै, लाखै भाग बंटाइयौं ॥
बंस बानरै भयौ, देस मारू कौ बसिया।
नरपति आग्यां मांहि, संत-अंघ्री-रज-रसिया।
रांम नांम सूं मगन, सुमरनी अधिक बनाई।
नीलाचल जगनाथ, दंडौता करतौ जाई।
राघौ प्रभु प्रष्ण भये, हूंडी देरु चलाइयौ।
भक्तन की पंकत बिषै, लाखै भाग बटाइयौ ॥३१८

लाखा-भक्त को टीका

इंद्व छंद
बांनर बंस कह्यौ जन[1] लाखहि, डौंम भयौ सबकै सिर मौरा।
संतन सेव करै बिधि भोजन, पावत है सुख सांझ र भौरा।
काल परचौ धरि स्वांग न आवत, होइ निबाह न ताकत औरा।
राति कही हरि गोहुर भैंसिहु, ल्यावत हैं करिये जन गौरा ॥५१३
कोठि धरौ अन खूटत नाहि न, काढि पिसाइ र रोट बनावौ।
दूध जमाइ वीलोइ रि चौपरि, छाछि करौ फिरि यौ र जिमावौ।
नैंन गये खुलि सो तिय भाखत, आइ स देत भये प्रभु गावौ।
प्रातहि आवत गाड़ि र भैंसिहुं, रीति करी वह सन्त न भावौ ॥५१४
क्यूं करि आवत गेहुर भैंसिहि, प्रीति कहौं ऊनकी नर धारै।
गांव हुतौ ढिग होत सभा उत, टूटि गये भइया सु बिचारै।
भक्त कही इक दंड चुक्यौ ग्रह, ल्यौ खबरै जन लाखहि तारैं।
गेहु पचास दये मन भैंसिहु, संग चले सबही सिरदारै ॥५१५
मुरधर तैं चलियौ सुं दंडौतन, श्रीजगनाथ इसै पन जावै।
वारि दयो तन हेत घनौं मन, देह धरैं अनि तौ मुरझावै।
जाइ नर्जक लगे सुखपालहि, भेजि दई हरि लाखहि नांवै।
देत बताइ गह्यौ कर जाइ, चलौ प्रभु पाइ सु बेग बुलावै ॥५१६
नांहि चढौं सुखपाल लयो पन, यौं करिये इन भांति निहारौं।
स्यांम कही पहराइ सुमनिहि, ल्यात बनाइ गरै महि धारौं।
बैठि चले सुखपाल लखी मन, आप बढावत है जन तारौं।
जाइ निहारत श्रीजगनाथहि, जांनत सो द्रिग तैं नहि टारौं ॥५१७

---

१. अब।

Jain Educationa International  For Personal and Private Use Only  www.jainelibrary.org

व्याहत नांहि सुता सु कुवारिहु, है हरि सन्तन कौ धन भाई।
श्रीजगनाथ कही परनाइहु, मैं बसुदेवत नाम न आई।
होत बिदा नहि आत भरे द्रिग, भूप भगत्त लये अटकाई।
सुप्न दयो प्रभु नांहि करौ हठ, हूंडि लिखाइ दई सुखदाई ॥५१८
हुंडि हजार लिखे घर ल्यावत, सो क ल गाय र नाइ दई है।
साध बुलाइ खुवाइ दये सब, नेम सध्यौ सुख रासि भई है।
वाहि निमंत लई लक्षमी बहु, भक्तन कौं भुगतात नई है।
कीरति संत अपार अनंतहि, मैं बुधि मांहि बिचारि लई है ॥५१९

मूल

मनहर छंद
छाड़ि कैं निषध कुल नृगुण उपास्यौ नांव,
साधन की संगति भये[1] है बिग बांदरौ।
त्याग कैं जगत आस जाच्यौ है जगतपति,
सांई संमर्थ घरि जाइ कीन्हौं सांदरौ।
प्रानन कें नाथ आगें हाथ जोरि गाये गुन,
भक्ति भंडार उन दयो मंडि मांदरौ।
राघौ कहै नीच भये ऊंच रटि रांम नांम,
वैसे भये मोक्ष तौ काहै कौं कोई कांदरौ ॥३१९

मूल

छपै छंद
दिवदास दान दयो बंस कौ, हरि सूं हठ करि भक्ति कौ ॥
सुत उपज्यौ सिरदार, जसौधरि हरि उर गरजै।
पाटि बैठि पद कीये, धरचो रांमांइण नरजै।
ता सुत निज नंददास, निगमचारी कवि हारी।
टकसाली पद प्रिय सकल गावै नरनारी।
तीन साखि त्रियलोक मधि, जन राघौ मघ गह्यौ मुक्ति कौ।
दिवदास दांन दयो बंस कौ, हरि सूं हठ करि भक्ति कौ ॥३२०

माधो प्रेमी भूंमि परि, लोटत नीकै प्रेम करि ॥
जांनत सब को आहि, परचौ ऊंचै तैं हरिजन।
गांवगढ़ागड़ प्रचुर कीयो, साहिब साचौ पन।

---

१. भयो।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**वहि भक्ति की रीति, पुत्र पोतां चलि आई।**
**संतन सूं अत प्रीति, नीति कबहू नं घटांई।**
**सुधि सरीरहू ना रहै, नृति-करत है ध्यांन धरि।**
**माधौ प्रेमी भूमि परि, लौटत नीकै प्रेम करि ॥३२१**

माधौ[1] प्रेमी की टीका

इंदव छंद
माधव है पुर नांम गढ़ा गढ़, नृत्य करै बढ़ि प्रेम गिरै हैं।
साखत भूपति पारिख लैनहि, तीसर छाति नचात फिरै है।
घूघर सांजि दिखावत साचहि, आयक राह बिचैस परै हैं।
त्रास भयौ नृपदास बढ्यौ हित, प्रीति लखी हद भाव धरै है ॥५२०

मूल

छपै छंद
**इच्छा अंगद भक्त की, श्रीजगन्नाथ पूरी करी॥**
**हीरा आयौ हाथि, ताहि राजा मंगवावै।**
**सांम दांम दंड भेद कहै, मन मै नहि आवै।**
**चल्यौ चढांवन काज, आंनि मग मैं सो लीयौ।**
**नग नाराइन लेहु, डारि जल मांही दीयो।**
**कोस सात सत आइकैं, राघो धारि लीयौं हरी।**
**इच्छा अंगद भक्त की, श्रीजगन्नाथ पूरी करी॥३२२**

अंगद-भक्त की टीका

इंदव छंद
भूप सलाहिदि-जू गढराय सु, सेनक कारह अंगद पापी।
नारि भगत्त सुं संतन सेवत, आइ कहै गुर गाथ अद्यापी।
देखि इकंत न मौंन रही कहि है, जुवती इन क्यौं रति थापी।
ऊठि गये गुर नारि तज्यौ अन, आइ परचौ पग कांम कलापी ॥५२१
आंनन नाहि दिखावत है तिय, कौस करौं मुख नैंक दिखावौ।
मैं जु तज्यौ अन क्यूं करि खावहु, जीवन तौ कछु जौ तुम पावौ।
कैत तिया जिन बोलहु मो सन, प्रांन तज्यौ जब क्यूं न समावौ।
कौसु करौं जब जात रही बुधि, आइ दया कहि जां उन ल्यावौ ॥५२२
बेगि गयो परि कैं पग ल्यावत, कैत करौ गुर सिष्य भयो है।
माल धरी गर सीस तिलक्कहि, सीतल यो उर भाव नयो है।

---
1 माधौदास।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

फौज चढ़ी तब आप चढ्यौ पुर, लूटत हीरन टोप लयौ है।
सौ लघु बेचि दये यक राखत, श्रीजगनाथ अरप्पि दयौ है ।।५२३
बात भई पुर भूप लई सुनि, जौ इक दे अनि माफ करे है।
आइ सबै समझाइ न मानत, जाइ कही उन नां अदरे हैं।
अंगद की भगनी नृप कैवत, दे विषि तौ तब पाइ परे हैं।
भोजन मै बिष डारि दयो उन, भोग लगाई बुलाइ धरे हैं ।।५२४
ताहि सुता निति संगि जिमावत, वा कित जीमहु ऊठि गई है।
खाइ नहीं कछु बौत कही उन, रोइ लगी गरि कैस दई है।
रांड जिमाइ दये हरि काढ़त, पात भये जरि वोप नई है।
सोक रह्यौ वह काहि सुनांवत, भूप सुनि जिम होत भई है ।।५२५
आप चले जगनाथ चढांवन, आई लये नृप फौज चढ़ाई।
द्यौ हमकूं नग कै अब झेलहु, चाकर हैं नृप के न बसाई।
नांहि बिगारहु न्हांइ र देबत, डारि दयो जल मांहि दिखाई।
ल्यौ प्रभुजी यह है तुम्हरौ नग, भक्त गिरा सुनि धारत आई ।।५२६
ये ग्रह आव तवै जल थाहत, ढूंढ रहे कहु खोज न पायो।
भूप गयो सुनि नीर कढावत, पाइ नहीं उर बौ दुख छायो।
श्रीजगनाथ कही उन द्यौं सुधि, आइ कह्यौ जन देह भूलायो।
जाइ लख्यौ हरि कंठ लस्यौ अति, नैंन भयौं सुख जाइ न गायौ ।।५२७
भूप भयो दुख छोड़ि दयो अन, अंगद ल्यावन बिप्र पठाये।
दे धरनौं नृप वैंन कहे सब, आइ दया चलि कैं पुर आये।
सांमुहि आंनि परचौ नृप पांइन, लाइ लयो उर पेम समाये।
भूप दयो सब भक्त करी तब, जीवत लौं हरि के गुन गाये ।।५२८

मूल

**भूप चत्रभुज भक्ति की, कौ नृप करै बरोबरी ॥** छपै छंद
**सुनैं आवतैं संत कौस, चहूं साम्हैं जावत।**
**हरमि आंनि सुख देत, प्रभु सम जांनि लड़ावत।**
**धोवत दंपति चरन, वही चरनांमृत लेवत।**
**स्यंघासन पधराइ, नृत्य करि है यौं सेवत।**
**गात रहि करौलीनाथ की, तन माया आगैं धरी।**
**भूप चत्रभुज भक्ति की, को नृप करै बरोबरी ॥३३३**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## राजा चत्रभुज की टीका

इंदव छंद सैर चहुं दिसि जोजन चौकिहु, आत सुनै जन जाइ र ल्यावै ।
दास पधारत है जब धांमहि, रीति करै सु छपै मधि गावै ।
भूप सुनी इक बात अनूपम, खोलि खजांन सबैहि रिझावै ।
पात्र कुपात्र बिचार नहीं उर, यौं कहि कैं नृप सीस धुनावै ।।५२९
भागवती दिज भूप कनैं हुत, भक्त कही इम चित्त न धारौं ।
आसय पाइ सु कौं नय सौं पढि, हैं हिरिदै महि हेत अपारौ ।
पारष लेवन भाट पठावत, भेष करचौ कहि दास द्रवारौ ।
भूलि गयो कुल जाइ बखानत, जांनि लये जिन माहि पधारौ ।।५३०
मासक जात रह्यो चित आवत, दास खरौ दरि जाइ सुनावौ ।
जाहु निसंक गयौ नृप आवत, वै घर रीति करी उर भावौ ।
साध भगत्ति सुलक्षन नांहिन, पारिख लै न पठ्यौ कि नचावौ ।
कोस दिखाइ दयौ द्रबि निर्तंत, कौड़ि जरी लपटाइ चलावौ ।।५३१
आइ कही नृप पर्षत मैं सब, द्रब दिखाइ र वैं हु दिखायौ ।
खोलि जरी लखि है मधि कौड़िहु, भूप बिचारत नां चित आयौ ।
पंडित भागवती स महापट, रैंनि अलोकि र आइ सुनायौ ।
भेष भगत्ते जरी यह मांनहु, संपट मांहि सरीर लखायौ ।।५३२
पाव लये नृप आप पधारहु, आसय ल्याय भलैं समझावौ ।
जात भये दिज पाइ परचौ भुज, पेम भयौ अति ग्यांन सुनावौ ।
सीख मगै नहि चालन देवत, कोस खुलावत लैत न दावौ ।
सारहु कीर उभै इक द्यौ मम, देत लई दिज कै मन चावौ ।।५३३
आत सभा नृप बात चलै बहु, रांम कहै सब ही खग झारे ।
भूप सु बूझत बात कहौ सुनि, ल्यौ इन पंक्षिन हैं हरि प्यारे ।
कोटि जिभ्या सु बखांन करौं तउ, पार न भक्ति पगैं सिर धारे ।
ल्यौ खग कौं मन स्यांम रह्यौ लगि, रीति भली मिलि ये सु पधारे ।।५३४

### मूल

छपै **संतन कौ सनमांन बहु, भूपति-कुल मैं इन करचौ ।।**
**सूरजमल अरु रांमचंद, टोडै पूजे जन ।**
**साधु सेये मेरतै, जैमल साचै मन ।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**नीबौ नेमी अभैरांम, कांन्हर जनभक्ता।**
**ईस्वर बीरम करमसी, सुरतांन सुरक्ता।**
**भगवांन राइमल अखैराज, मधुकर संतन बसि परयौ।**
**साधन कौ सनमांन बहु, भूपति-कुल मैं इन करयौ ॥३३४**

जैमल की टीका

इंदव जैमल भूप रहै पुर मेरतै, जांनत भक्ति कथा कहि आये।
छंद संतन सेव करि अति प्रीतिहि, हेत सुनौं हरि फेरि लड़ाये।
मंदिर कौं तलि जांनि छतां परि, बंगलहुं चित रांम कराये।
सुंदर सेज पिछांवन वोढ़न, पांन जरी परदा लगवाये ॥५३५
नीसरनी धरि जाइ सुधारत, दूरि करै फिरि चौकस राखै।
यौं मन धारत स्यांम पधारत, पांन उगारत पौढन भाखै।
जांन तनै तिय जाय चढ़ी धरि, सोत किसौर लखे पति दाखै।
होत सुखी सुनि वाहि डरावत, भाग बड़े तिय के हम पाखै ॥५३६

मधुकर साह की टीका

इंदव साह मधुक्कर नांव करयौ सिधि, स्वांग गहै गुन छाड़ि असारैं।
छंद भूप भयौ सुख रूप सु औंड़छ, लेत बड़ौ पन नांहि बिसारैं।
माल धरै उनकें पग पीवत, भ्रात दुखी खरकै गरि डारैं।
धोइ पिये पग न्ह्याल करयौ मम, दुष्ट परे पग है द्रिग धारैं ॥५३७

मूल

छपै **भक्ति उजागर करन कौं, खैमाल रतन राठौर हुव ॥**
**निज दासन कौ दास, सरस सुत रांमट राजै।**
**सेवा सुमर्न ध्यांन, भक्ति दसधा धरि गाजै।**
**नांतो नृमलकिसोर, जेण जस नीकौ गायौ।**
**छाजन भोजन अरपि, समझि साधन सिर नायौ।**
**इम करी जैति जैतारण्यां, जन राघो जिम प्रहलाद ध्रुव।**
**भक्ति उजागर करन कौं, खेमाल रतन राठौर हुव ॥३३५**
**जक्त भक्ति बांकीक सीस, रांमरैंनि रजु करि दई ॥**
**दुसह कर्म उर धरयौ, जहर ज्यूं पर हित संकर।**
**का जांनै अनिराइ, भक्ति महिमां निंदाकर।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रगट गांध्रबी ब्याह सु, ताकौ कीयौ रास मैं।
सकुंतला दुसकंत, पुत्र भरतादि जास मैं।
आंन नृपति सुनि कुमन ह्वै, यह काहूपैं नां भई।
जक्त भक्ति बांकीक सीस, रांमरेंनि रजु करि दई ॥३३५

रांमरेंनि को टीका

इंदव पूनिव सर्द समाजहि निर्तत, रास-बिलास करचौ अति भारी।
छंद भीजि रहे जुग रांम कही तिय, दैंहि कहा दिज जो तुम प्यारी।
सोधि बिचारत है पुतरी प्रिय, रूपवती अनुरूप निहारी।
सोचि परे सब जांइ रु ल्यावत, कान्ह बने उन देत कुमारी ।।५३८

मूल

छपै गुर गोबिंद संतांन सूं, रांम बांम साचै मतै॥
साधां कह्यौ सु सबद, तांहि आछैं उर आंन्यौ।
नवमां प्रेमां प्यार, दूसरौ धरम न जांन्यौं।
यह पको पन आहि, गोत्र अच्युत प्रिय लागै।
खीर-नीर सुबिचार, आंन कहूं मनहुं न पागै।
भक्त सबै राजां कहैं, राघो नारांइन नतै।
गुर गोबिंद संतांन सूं, रांम बांम साचै मतै॥३३६

राजांबाई की टीका

इंदव राजां रु रांम मधुब्बन आवत, दांम रखे नहि संत जिमाये।
छंद मारग कौं खरची न उदार सु, हाथनि मांहि करा दिठ आये।
मोल हुते रुपया सत पांचक, नाभा गये तिन कौं पहराये।
बोलि कही पति कौं लखि रीझत, ब्याज लये घरि आइ खिनाये ।।५३९

मूल

छपै जुगल बात खेमाल की, ते किसौर आदर करी॥
पगनि घूघरू साजि बाजि, नग धरपैं निरत्यौ।
कृष्ण कलस धरि सीस, ल्याय आपन जल बरत्यौ।
नृमल गिरा उद्यौत, भक्ति की रीति उचारन।
सील सुद्ध रस रासि, साध पदरज सिर धारन।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**बय छोटी गुन हैं बड़े, जग मैं महिमा बिसतरी।**
**जुगल बात खेमाल की, ते किसौर आदर करी ॥३३७**

किसौर की टीका

इंदव छंद
छाड़त देह खिमाल भरे द्रिग, पूछत है सुत खोलि कहीजे।
देंन कह्यौ जु भरयौ घर संपति, बात रही जुग सो सुनि लीजे।
मांनि बड़ाइ समाइ रही बुधि, नांहि बनी मन पैं अब खीजे।
सीस धरयौ कलसा जल नावत, नूपर साजि न निर्तत भीजे ॥५४०
होत सबै चुप कांम सु डीलहि, नाति किसौर कह्यौ मम दीजे।
बात करौं जुग जोंलग जीवत, ऊठि मिलै निहचै यह कीजे।
धांम चले सुख पाइ लयो पन, साधत है निति भाव सु भीजे।
वै लघु भक्ति बड़ी बिसतारत, साधन सेवत है सब रीझे ॥५४१

मूल

छपै
**फलत बेलि खेमाल की, मधुर महा अति पोंन फल ॥**
**पग्यौ प्रेम परपक्क, पथक पंक्षी जन पावत।**
**हरीदास हद करी, हंस हरि-भक्त लड़ावत।**
**रांम रीति वह प्रीति, अनन्य मन बाचक कायक।**
**हरि प्यारे गुर रांम, तिनूं कूं पूजन लाइक।**
**राघो साध निहारि कैं, प्रफुलत ह्वै हिरदौ कवल।**
**फलत बेलि खेमाल की, मधुर महा अति पोंन फल ॥३३७**
**अति उदार कलिकाल मैं, निर्मल नीबा खेतसी ॥**
**निंति ह्वै कथा निकेत, दरस संतन को पावैं।**
**गगन मगन गलतांन, उभै भ्राता जस गावैं।**
**छाजन भोजन देइ, भक्ति दसधा के आगर।**
**रांमहि रटि राठौर भये, तिहुं लोक उजागर।**
**जन राघो बढ्यौ अंकूर उर, हाथि चढ़ी निधि हेतसी।**
**अति उदार कलिकाल मैं, निर्मल नीबा खेतसी ॥३३८**
**प्रेम मगन कात्याइनी, देत वारि तन के बसन ॥**
**गोपिन ज्यौं आवेस, हो गदगद सुर ग्रीवां।**
**जगत अजा परपंच, रहत बैरागहु सींवां।**

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चली जात मग आप, गात ऊंचै सुर भगवत।
झींझ मजीरा मृदंग, जांनि ये पादप बजवत।
राघो द्रुम-दल पात लगी, बोलत सुनि होवै प्रसन।
प्रेम मगन कात्यायनी, देत वारि तन के बसन ॥३३९
गोपाल बिरहि गोपी जरी, ज्युं मुरारि देही तजी ॥
मरुत देस मै गांव, बिलूंदा परगट होई।
साध सभा परमांण, महोछव उत्तम सोइ।
अंध्री नूंपर साजि, स्यांम-सुंदरहि रिझायौ।
प्रांन पयांनौं कीयो, देसी जगदीस दिखायौ।
राघो अैसी को करै, प्रीति मांहि नांहीं कजी।
गोपाल बिरही गोपी जरत, ज्यौं मुरारि देही तजी ॥३४०

मुरारिदासजी को टीका

इंदव छंद दास मुरारि जु भूपति के गुर, न्हाइ र आवत कांन परीजे।
पूजन येक चमार करै कहि, पात्र चर्नांमृत कौ जन लीजे।
जात भये घरि कांपि उठ्यौ वह, दै हमकौं अब पांन करीजे।
नींच कहै हम तैं अति ऊंचहि, जानत नैं तव यौं कहि भीजे ।।५४२
नैंन बहै जल मो बड़ है दुख, हौ तुम धीर सु मोहि न छाजै।
लेत भये हठ सौं जनता पट, जाति न ले हरिभक्तिहि काजै।
बात भई सब गांव स निंदत, भूप सुनी यह वान सुहाजै।
देखन आत भयौ प्रभु जी वह, भाव नहीं लखि यौं उन राजै ।।५४३
पूजन सू अति हेत गये तजि, भूप दुखी सुनिकै यह बातैं।
होत समाज समंत्सर मैं निति, दीखत नांहि लख्यौ उतपातै।
त्यांन चले जित दास मुरारिहु, दंडवतं करि है असु-पातैं।
देखत नां मुख फेरि दई पिठि, लोग कहै गुरहू सिष ख्यातै ।।५४४
जोरि खरौ कर दीन कहै अति, दंड करौ सिर यौं मुख भाखी।
नां घटती मम आप कही घटि, भांति करी बढती तुछ राखी।
होत खुसी सुनि दै दिसटांतहि, लै बलमींक कही बहु साखी।
आत भये सुनि संत पधारत, होत समाज उसौ सब दाखी ।।५४५
भौत गुनी जन नांचत गांवत, साधन कै चित स्वांमि न देखैं।
आप उठे पग घूंघरु साजि र, सप्त सुरैं त्रिय ग्रांम बसेखैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

आरन जान समैं रघुनाथहि, गात चले तन जीवन लेखैं।
होत सबै दुख दास मुरारि न, पासि गये हरि कै अबरेखैं ॥५४६

चतुरपंथ बिगति बरनन—मूल

छपै
वै च्यारि महंत ज्यूँ चतुर ब्यूह, त्युं चतुर महंत नृगुनी प्रगट ॥
सगुन रूप गुन नाम, ध्यांन उन बिबिधि बतायौ।
इन इक अगुन अरूप, अकल जग सकल जितायौ।
नूर तेज भरपूरि, जोति तहां बुद्धि समाई।
निराकार पद अमिल, अमित आत्मां लगाई।
निरलेप निरंजन भजन कौं, संप्रदाइ थापी सुघट।
वै च्यारि महंत ज्यूँ चतुर ब्यूं, त्यूं चतुर महंत त्रिगुनी प्रगट ॥३४१
नानक कबीर दादू जगन, राघो परमात्म जपे ॥
नानक सूरज रूप, भूप सारै परकासे।
मघवा दास कबीर, ऊसर सूसर बरखा-से।
दादू चंद सरूप, अमी करि सब कौं पोषे।
†बरन निरंजनी मनौं, त्रिषा हरि जीव संतोषे।
ये च्यारि महंत चहुं चक्क मैं, च्यारि पंथ निरगुन थपे।
नानक कबीर दादू जगन, राघो परमात्म जपे ॥३४२
इन च्यारि महंत त्रिगुनीन की, पधित सूं निरंजन मिली ॥
रांमांनुज की पधित, चली लक्ष्मी सूँ आई।
बिष्णुस्वांमि की पधित, सु तौ संकर तैं गाई।
मध्वाचार्य पधित, ग्यांन ब्रह्मा सुबिचारा।
नींबादित की पधित, च्यारि सनकादि कुमारा।
च्यारि संप्रदा की पधित, अवतारन सूं ह्वै चली।
इन च्यारि महंत त्रिगुनीन की, पधित निरंजन सूं मिली ॥३४३
जन नानक दादूदयाल, राघो रवि ससि ज्यूं दिपै ॥
मध्वाचार्य कै मत ब्रह्मा, बिष्णस्वांमि कै पति उंमा।
नीबादित कै सनकादिक मत, रांमांनुज कै मत रंमा।
कलपबृक्ष पुनि मध्वाचार्य, बिष्णस्वांमि पारस तक्ष।
नीबादित चिंतामनि चहुंदिस, रामानुज कलि कांमदुघा लक्ष।

†टिप्पणी—बूंद

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

ये च्यारि संप्रदा च्यारि मत, क्षत ऊपरि कतहुं न छिपैं।
जन नानक दादूदयाल, राघो रवि ससि ज्यूं दिपैं ॥३४४

श्री नानकजी कौ पंथ बरनन

उत्तर दिस उत्म भयो, नृगुन भक्त नानक गुरू ॥
क्षत्रीकुल उतपत्ति, ताहि सबही जग जांनैं।
मिले आइ प्रब्रह्म, चरावत पाडी तांनै।
कह्यौ पाइ रे दूध, कही ये छोटी पाडी।
दूहण कौ तौं बैठि, दूही तब आई आडी।
सीस हाथ धरि यौं कह्यौ, नृगुन भक्ति बिसतार कुरू।
उत्तर दिस उत्म भयौ, नृगुन भक्त नानक गुरू ॥३४५

इंदव चित की बृत्ति जोति करि हरि प्रीति सु,नांव सूं रत्त भयो असैं नानक।
ज्ञांन करैं मुख आंनन उच्चरैं, रांम भजै रस प्रेम कौ पांनक।
केवल येक अद्वीत अदभ्भत, उत्तर देस मैं ऊपजै मांनक।
राघो करारौ महाकरणी जित, काल करम्म कै दै गयौ चानक ॥३४६

छपै श्रीनानक गुरतैं ऊपजे, उभै भ्रात हरि भक्त ये ॥
लक्ष्मीदास ग्रह बास तास के साहिबजादा।
श्रीचंद कै बैराग, उदासी जा परसादा।
श्रीचंद कै चतुर सिष, चहुं दिसा पुजाये।
उत्तर पूरब दखिन पछिम, असथांन बनाये।
अलमस्त फूल साहिब भगत, भगवंत हसन बालू प्रिये।
श्रीनानक गुर तैं ऊपजै, उभै भ्रात हरि भक्त ये ॥३४७
श्रीनानक गुर पद्धित चली, ताकौ करौं बखांन जू ॥
निराकार निरलेप निरंजन, नानक मिलिया।
उनकै अंगद भये, रांम भजि रांमहि रलिया।
अनंद के पुनि अमरदास, अमरापद पायौ।
रांमदास ता पाटि, रांम कै अर्जुन भायौ।
हरि गोबिंद हरिराइ जन, हरि कृष्ण तजी हद आंन जू।
श्रीनानक गुर पद्धित चली, ताकौ करौं बखांन जू ॥३४८

इति नानक पंथ

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अथ श्रीकबीरजी साहिब कौ पंथ बरनन—मूल

छपै †पूरब महि प्रगट भये, जन कबीर निरगुन भगत ॥
कासी बाहरि निकसि, कहूं कौ जात जुलाहौ।
बृक्ष तरैं इक बाल परचौ, सो बोल-बुलाहौ।
ताकौ लै घर गयौ, सौंपि तिरिया कूं दीनौं।
ग्याती सकल बुलाइ, बहुत उछब तिन कीन्हौं।
बड़े भये रांमहि भजै, काहू सूं नांहीं सकत।
पूरब महि प्रगट भये, जन कबीर निरगुन भगत ॥३४९
जगत भगत षटदरस सूं, रहे कबीर निसंक मन ॥
परब्रह्म गुर धारि, भरम सब द्वैत त्यागियो।
पंडो जरत उबारि, राजगृह प्रेम पागियो।
बालिध द्वै बर पाइ, भक्त षटदरसन पोषे।
ब्राह्मण भूठहि न्यौत्या ये, वह महंत संतोषे।
स्याह सिकंदर जीतियौ, सभा बीचि नरस्यंघ बन।
जगत भगत षटदरस सूं, रहे कबीर निसंक मन ॥३५०
अथाह थाह पांऊं नहीं, क्यूं जस कहूं कबीर कौ ॥
श्री रांम निरंजन रूप, जाति जग कहै जुलाहौ।
कासी करि बिश्रांम, लीयौ हरि भक्ति सु लाहौ।
हींदू तुरक प्रमोधि, कीये अग्यांन तें ग्यांनी।
सबद रमैंणी साखि, सत्य सगला करि मांनी[1]।
प्रमांनंद प्रभु कारणैं, सुख सब तज्यौ सरी (र) कौ।
अथाह थाह पांऊं नहीं, क्यों जस कहूं कबीर कौ ॥३५१

---

१. जांनि।

---

†'स' प्रति का अतिरिक्त पद—

मोटो भगत कबीर, भगत सब मांहे सीरोमन।
जामन इमृत भाव, पीय रस भगत करौ मन।
इक रांम रांम रस रांम, जप मुख इम इमृत रस।
भगतिन हित वैराग, कथ नीत हरि जस।
कुल नीचौ करणी बडी, कब लग बात बखांनिये।
भगतन के सिर सेहरो, असैं कबीर जांनिये॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मनहर छंद

अजर जराइ कैं बजाइ कैं बिग्यांन तेग,
कलि मैं कबीर असे धीर भये धर्म के।
मारयौ मन मदन से सदन सरीर सुख,
काटे माया फंदन से बंधन भ्रम के।
निडर निसंक राव रंक सम तुल्य जाकै,
सुभ न असुभ मानै भै न काल-कर्म के।
जीति लीयो जनम जिहांन मैं न छाड़ी देह,
राघो कहै रांम मिलि कीन्है कांम मर्म के ॥३५२

मूल

छपै

ज्यूं नारांइन नव निरमये, त्यूं श्री कबीर कीये सिष नव ॥
प्रथमहि दास कमाल, दुतीय है दास कमाली।
पद्मनाभ पुनि त्रितीय, चतुरथय रांम कृपाली।
पंचम षष्ठम नीर खीर, सप्तम सुनि ग्यांनी।
अष्टम है धमदास, नवम हरदास प्रमांनी।
नवका नव नर तिरन कौं, जन राघो कह्यौ पयोध भव।
ज्यूं नारांइन नव निरमये, त्यूं श्री कबीर कीये सिष नव ॥३५३
कबीर कृपा तैं ऊपजी, भक्ति कमाली प्रेम पर ॥
सदा रही लैलीन, सील की अवधि अपारा।
क्षमां दया सतकार, झूठ जांन्यौं संसारा।
श्री गोरख मन भई, कमाली पारिख लीजै।
अलख जगायो आइ, हमारौ पत्र भरीजै।
राघौ डारयौ यैक बर, उमंगि पत्र परियौ सु घर।
कबीर कृपा तैं ऊपजी, भक्ति कमाली प्रेम पर ॥३५४
श्री कबीर साहिब्ब पैं, ज्ञांनी पायो ज्ञान कौं ॥
पछिम दिसि उपदेस, कीयौ परमारथ काजै।
भक्ति ज्ञांन बैराग, सहित अबोपर राजै।
कांम क्रोध मद मोह, लोभ मछर नहीं काई।
धर्म सील संतोष, दया दीनता सुहाई।

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

राघो रोस रती न उर, दूरि कीयौ अभिमांन कौं[1]।
श्री कबीर साहिब्ब पैं, ज्ञांनी पायौ ज्ञांन कौं ॥३५५
श्री कबीर कृपा करी, धर्मदास परि धर्म की ॥
करता सति साहिब्ब, और दूसर नहीं जानैं।
भक्ति धरी अति गूढ़, देखिकैं सब हैरांनैं।
चौकौ अरु आरती, पान परवानां दीजै।
बंदी छोड़िहि संत, सेव मन बच क्रम कीजै।
गढ़ै मंडलै धांम भल, राघो कही सु मरम की।
श्री कबीर कृपा करी, धर्मदास परि धर्म की ॥३५६
गुर धर्मदास कौ धर्म धनि, नींकैं धारयौ सिष इन ॥
चूड़ामनि चित चतुर, पुत्र कुलपती बंस के।
सर्बंगि साहिबदास, मूल दल्हंण अंस के।
जाग[2] जग सूं तरक, भक्ति भगता कौं प्यारी।
मुर्ति[3] गुपाल श्रुति सांधि, सकल सत-संगति प्यारी।
सिष पांच प्रसिध या कबित मैं, राघो नाती द्वै कहिन।
गुर धरमदास कौ धर्म धनि, नींकैं धारयौ सिष इन ॥३५८

इति कबीर साहिब कौ पंथ

## अथ श्री दादूदयालजी कौ पंथ बरनन

छपै दादू दीनदयाल के, जन राघो हरि कारिज करे ॥टे०
दल भये सांभरि सात, सबनि के भोजन पायौ।
अकबर्स्या सूं मिले, तेजमय तखत दिखायौ।
काजी कौ कर गल्यौ, रूई की रासि जराई।
चौरी पलटे अंक, समद मैं भ्याज तिराई।
साहिपुरै साहज मिले, हरि प्रताप हाथी डरे।
दादू दीनदयाल के, जन राघो हरि कारिज करे ॥३५९
दादू जन दिनकर दुती, बिमल बृष्टि बांणी करी ॥
ज्ञांन भक्ति बैराग, भाग भल सबद बतायौ।
कोड़ि गृंथ को मंथ, पंथ संखेप लखायौ।

---
१. कूं। २. जागू। ३. सुर्ति।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**बिसुद्ध बुद्ध अबिरुद्ध, सुद्ध सर्बग्य उजागर।**
**प्रमांनंद परकास, नास निगड़ांध महाधर।**
**बरन बूंद साखी सलिल, पद सरिता सागर[1] हरी।**
**दादू जन दिनकर दुती, बिमल बृष्टि बांणीं करी ॥३६०**

टीका

मनहर छंद

सागर मैं टापू तामैं तीन सिध ध्यांन करैं,
येक कूं जु आग्या भई जीव निसतारिये।
नभबांनीं भये ऐक सिध सो गुपत भये,
पीछैं दोइ रहे उन प्रभु उर धारिये।
धरा गुजरात तहां नदी बही जात येक,
ब्राह्मण सु न्हात सौंज पूजा की संवारिये।
पुत्र की चाहि अति बैठौ साग्रवंती जिति,
पींजरा आयौ तिरत याकौं तौ संभारिये ॥५४७

देख्यौ खोलि ताहि खेलै लरिका सो मांहि उन,
लयो गरिबांहि यह प्रभु मोहि दयो है।
भई नभबांनी केइ उधरैंगे प्रानी या सौं,
सति[2] सुनि जांनीं मन अचंभा जु भयो है।
लोदीरांम नाम नागर ब्राह्मण जांम,
लछि जाकैं धांम बहु लैकैं घर गयो है।
बांटत बधाई पुत्र हौ ज नहीं भाई मेरे,
माया यौं लुटाई धूरि जांनि कैं रुपैयो है ॥५४८

बड़े भये दादूजू बालकनि मांहि खेलैं,
बृद्ध रूप धारि हरि पीसा आंनि मांग्यौ है।
देखि बिकराल रूप बांल सब भाजि गये,
रहे येक दादूजु मांथै भाग जाग्यौ है।
कहै मैं जु ल्यांऊं पीसा ठाढ़े रहौ इहां ईसा,
बेगि जाइ देख्यौ खीसा पीसा हाथ लाग्यौ है।
दौरि कैं सताब आयौ प्रभु लेहु पीसा ल्यायौ,
कीजिये जु मन भायो मेरौ डर भाग्यौ है ॥५४९

१. सागुर। २. संति।

सूधौ कर कीयौ जब प्रभु जांनि लीयौ तब,
नग्र मैं तू जाहु अब याके पांन लाइये।
सुनित सिताब गये तंबोली तैं पांन लये,
आंनि कैं हजूरि भये हाथ ले चबाइये।
रीझि कैं त्रिलोकनाथ सीस पैं जु धरयौ हाथ,
ऊमंगि चूंनां पांन काथ दादू कौं खवाइये।
अंतरध्यांन भये हरि दादूजू गये घरि,
मन मैं बिचारी फिरि ध्यांन लै धराइये।।५५०
मिष्टबांनी करी तामैं गायो हरी प्रेम ते जु,
प्रगटे सांभरी दादू स्वांग नहीं धरयौ है।
दिवालै पद गावै असुरन कूं न भावै,
कोउ आइकैं संतावै तासूं रोसहु न करयौ है।
काजी आइ दीन्ही थाप मनमैं न ल्यायो आप,
ताही समैं चढ़ी ताप भुजा दूखि मरयौ है।
येक दिनां फिरि गाये पांच सात सुनि आये,
पकरि उठाये लै कैं भाखसी मैं जरयौ है।।५५१
दिवालै भाकसी दोऊ जगां बैठे खुसि सब,
काजी रहे खसी कछु पार नहीं पायो है।
सुनी सिकदार सब दुनी की पुकार अति,
दादू डारौ मारि हाथी मत्वारौ झुकायो है।
नीरै हू न जाइ पीछे पीछे धरै पाइ बैठौ,
स्यंघ गरराइ देखि दूरि तैं नसायौ है।
छींत मंडवाई कोऊ दादू कै जु जाई दैगौ,
सौं रुपैया भाई अैसौ बांचिकैं सुनायो है।।५५२
येक साहूकार पनधारी द्रसन कौं गयो जब,
दादू अैसैं कह्यौ दंड छीत बांचि दीजिये।
पकरि लै जाई अंक छींत पलटाई कोऊ,
दादू कै न जाई दंड ताकै पासि लीजिये।
येक दिनां सात नौंते येकठे ही आये होते,
बुलाबे कौं आये जेते चालि करि जींजिये।

प्रभु सात देह धरि सबही कैं जैयें[1] घरि,
हरि येक रूप पीछै हूं रहीजिये ॥५५३
काजी फिरि कही दादू मारौंगो सही अब,
रूई घर महीं बहु बिनां आगि बरी है।
बैल बिन जारे उन सबही उधारे अजु,
पद सुनि धारे उर बासनां सु जरी है।
साहिपुरै[2] आये तहां रूप द्वै दिखाये हम,
भूले फैंटा छरी धरि भांवनां सु फरी है।
खादू[3] मैं झुकायौ हाथी दादू कै है साथी प्रभु,
चरन छवाइ सूंडि सीस परि धरी है ॥५५४
सातसै ही साह तामैं सात कोरि माल भरयौ,
गरयौ हैं गरब झ्याज सागर मैं अरी है।
अपने जो इष्टदेव सबही संभारे अजु,
पचि पचि हारे बहु बूड़ै ते जु खरी है।
देसहु ढूंढार तहां मांनस्यंघ राज करै,
सहर आंवेर जहां गावै दादू हरी है।
ऊपर लेखन पैं जु चढ़ि येक साहूकार,
दादू दादू कह्यौ टेरि फेरि झ्याज तरी है ॥५५५
सागर के तटि देव नर्गनिकटि जहां,
सातसै ही साह सेठ नंद आदि आये हैं।
दादू गुर आये जल बूडत जिवाये बहु,
कपरा बटाये अर्ध माल लै खुवाये हैं।
नांनां पकवांन गिरि मेवा मिष्टांन जामैं,
दिज अरु साध षट-दरसन जिमाये हैं।
राघो कहै संन्यासी हिंगोल जु कपिल मुनि,
आंबांवती आइ गुनी बचन सुनाये हैं ॥५५६
अकबर महिमां सुनि दादू जु बुलाइ लये,
गये बेगि गैल मांहि ढील नां लगाई है।

१. मैंयें। २. साहिबपुरैं। ३. खाट।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अकबर बीरबल बुधि के आगर दोऊ,
दादू अनभय के घर चरचा चलाई है।
गोष्टि समझायौ गैबी तखत दिखायौ ताहि,
जाहि तेजवंत देखि करत बड़ाई है।
गऊ छुड़वाई कोउ जीव न संताई अरु,
सौगन कढाई अजू साहिब दुहाई है॥५५७

जुगम[1]-मूल

छपै दादूजी के पंथ मैं, ये बावन द्रिग सु महंत॥
प्रथम ग्रीब मसकीन, बाई द्वै सुन्दरदासा।
रज्जब दयालदास, मोहन च्यारचूं प्रकाशा।
जगजीवन जगनाथ, तीन गोपाल बखांनूं।
गरीबजन दूजन, घड़सी जैमल द्वै जांनूं।
सादा तेजानंद, पुनि प्रमांनंद बनवारि द्वै।
साधूजन हरदासहू, कपिल चतुरभुज पार ह्वै॥३६१
चत्रदास द्वै चरण, प्राग द्वै चैंन प्रहलादा।
बखनौं जग्गोलाल, माखू टीला अरु चांदा।
हिंगोलगिर[2] हरिस्यंघ, निरांइण जसौ संकर।
झांझू बांझू संतदास, टीकूं स्यांम हि बर।
माधव सुदास नागर निजांम, जन राघो बरणि कहंत।
दादूजी के पंथ मैं, ये बावन द्रिग सु महंत॥३६२

श्री स्वांमी गरीबदासजी कौ बरनन

छपै दादू दीनदयाल की, गरीबदास गादी तपे॥
भजन सील की अवधि, सेस सिंभू सुत जांनूं।
बींन गांन परबीन, दूसरे अज सुत मांनौं।
रविसुत सम दातार, संत पर्षत मिथलेसं[3]।
सिंध-सुता कर चढ़ी[4], सु तौ संची नहीं लेसं।
दिल्लीपति झ्यांगीर दत, देत ताहि नांहि न लिपे।
दादू दीनदयाल की, गरीबदास गादी तपे॥३६३

---

१. जगम। २. हिंगोपालगिर। ३. मथलेस। ४. लगी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मनहर

दादूजी कै पाटि तप्यौ गाइये गरीबदास,
जाकै पासि रिधि सिधि अनबंघी आवई।
गोबिंद गुनांनबाद आदि ऊंकार-नाद,
छबिसौं छतीस राग गंध्रब ज्यूं गावई।
नारद ज्यूं बींनकार जग मधि जै-जै-कार,
गुपत गुनचास तांन प्रगट बजावई।
राघो जांणी रांम रीति हरिदै हरिजी सूं प्रीति,
भगति को पुंज भगवंत जी कौं भावई ॥३६४

दादूजी सुवन सूरबीर धीर सापुरस,
गरीबनिवाज यौं गरीबदास गाइये।
जाकौ जस कहत सुनत सुधि बुधि बढै,
रिजक फराक होत ग्यांन ध्यांन पाइये।
हिकमति हुंनर हकीम लुकमांन के से,
अति ग्यांनी गाजी अद नितिही मनाइये।
तन मन धन अर्पि रांमजी रिझायो जिन,
राघो सोचै राति दिन सो' व क्यूं[1] रिझाइये ॥३६५

दादूजी कै पाटि दीप गाइये गरीबदास,
जाकै पासि रिधि सिधि दै-दै-कार देखिये।
बक्ता जैसे व्यास मुनि भजन प्रहलाद पुनि,
नरन मैं नारद ज्यूं गुनकौं बसेखिये।
भक्ति कौ पुंज भगवंत रच्यौ भुव परि,
रहै तिकौ सारौ सनकादिक मैं लेखिये।
राघो धोरी ध्रम धुज प्रसिधि प्रवीण पुंज[2],
गुरकै पछोपै गरवाई अति पेखिये ॥३६६

दादूजी कै पाट परि गाइये गरीबदास,
जाकै पासि दिल्लीपति द्रसन कौं आवई।
ग्रीषम की समैं महा तृषा जु तरल लगी,
सब ही की चित भगी घटा बरखावई।

---

१. सोबकूं। २. पूज।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अजमेरि सांभरी सहेत कछु द्रब्य लेहु,
साहिब के नांइ तुम देहु अर खावई।
राघो कहे गैब के तुरंग दिखलाइ दीये,
झांगीर पाव लीये ग्रीब मन भावई ॥३६७
स्याह जहांगीर जब चले अजमेर पीर,
सुने हैं गरीबदास द्रसंन कौं आयो है।
कूवा अरु बावरी तलाब सब सूके परे,
ग्रीषम की रुति सब कटक तिसायौ है।
गायो है मलार मेघ बीनां झुनकार करि,
सांवन की घटा जैसें घन बरखायो है।
दोऊ कर जोड़ि लीये सांभरि अजमेरि दीये,
स्वांमीं न कबूल कीये स्याम न भायो है ॥३६८
चेतन चिराक बंदा दादूजी दयाल नंदा,
प्रगट प्रचंड देग तेग दोऊ चढतौ।
तेजसी त्रिकाल-द्रंसि[1] प्रचाधारी गुर प्रसि,
नांवकौ लिहारी भारी रांम रांम रटतौ।
सीलहू संतोष ध्यांन ग्यांनवांन भागवांन,
क्षमां दया ध्रम जांन गुरबांणी पढ़तौ।
रघवा दैदीपमांन ब्रह्म मैं समाइ प्रांन,
लोक परलोक जस रह्यौ बोल बढ़तौ ॥३६९

अन्यत

मनहर छंद
भूपनि मैं महा भूप रूप तौ अनूप जाकौ,
चतुरन मै चतुर सु तौ गुनीयन मैं गुनी है।
बुधि कौ बाख्यांन ज्ञांन जांनिये बासिष्ट जैसौ,
संक्र सौ ध्यांन अटल सेस धुंनि सुनीं है।
भक्ति तौ नारदा सी, सारदा सौ शबद जाकौ,
जोग जुगति गोरख सौ मुनियनि मैं मुनी है।
गांऊं तौ गरीबदास और की न करौं आस,
कहत नरस्यंघ ऐसौ दूसरौ न दुनीं है ॥३७०

1. द्रसि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## सुन्दरदासजो बड़ा कौ बरनन

इंदव छंद
दादू दयाल की साल सिरोमनि, असे घड़े घटवोपमां लाइक।
नारद ज्यौं निश्चै निरभै भये, ग्यांन परापरी बेहद बाइक।
भौंव ज्यूं भ्रम उड़ायौ अकासकौं, अैसौ बली सिध साध सहाइक।
राघो कहै पुनि बृद्धि पछोपा की, येक सूं येक अनूप महाइक ॥३७१

इम रांम रजा रजबंसी बड़ौ, सति सुन्दरदासजी पंथ मैं पूरौ।
गौपि रह्यौ पसरयौ न पसारे मैं, न्यारे मैं ऊपज्यौ ग्यांन अंकूरौ।
निरबोध निरोध[1] कीयौ निश्चै, उतरयौ पट[2] मैं पट ह्वै गयौ दूरौ।
राघो कहै गुर दादू की दौलति, मोखि भयौ करि मंगल तूरौ ॥३७२

उत्तर देस नरेस कौ बालक, आइ मिल्यौ पतिसाहि कै तांई।
पेलि दयो मजबूत मवासै मैं, जात ही रारि परी परचौ घांई।
चाकर लोग चम्मकि गये भजि, ठाकुर खेत रह्यौ उहि ठांई।
राघो कहैं सति सुंदरदासजि के रक्षपाल भये तहां सांई ॥३७३

देस कौ लोग मिल्यो मथुरा मधि, आइ कहे समचार सती के।
अब तो गृह जांऊं नहीं बृह उपज्यौ, जाइ परौं काहू पाइ जती के।
त्यागे हथ्यार तुरी चढ़िबौ सब, आयुध छाड़ि दीये गृहसती के।
राघो कहै सति सुंदरदासजि, चालि गये गुरज्ञांन पती के ॥३७४

परका ले मिठाई धरी जब आगैं, सु नागै कही सुनि बात रे भाई।
सांभरि मैं प्रगटैं सुगुरू करि, दादू कै पाइ परौ तुम जाई।
मांनि प्रतीति चले अति आतुर, प्रांन की प्रीति मिले सुखदाई।
राघो कहै सति सुंदरदासजि, मिले ब्रष द्यौस हि मैं सुधि पाई ॥३७५

भगवौं करि भेष रहे ब्रष येकहू, जैसें रहै मनि-हींन भुजंगा।
काहू नैं आइ पढे पद स्वांमी के, मांनौ सुमेर तैं ऊतरी गंगा।
ज्यू धर सूं सनकादिक अंबर, अैसें चले जैसैं हंस बिहंगा।
राघो कहै सति सुंदरदासजी, दादूदयाल के सोभित संगा ॥३७६

मनहर छंद
बीकानेरि राजा लघु भ्राता नांम सुंदर हौ,
बड़ौ सूर बीर महा धर्म तेग सारी है।
पातिसाहि फौज दई काबिल की महुमि भई,
सत्रुन सौं लरे आप घांऊं परे भारी है।

---
१. निजबोध नरोध। २. घट।

Jain Educationa International                For Personal and Private Use Only                www.jainelibrary.org

खेत मैं न पाये सोऊ लै गयो उठाइ कोऊ,
आयौ पुर मथुरा मैं सती सुनी नारो[1] है।
राजा मनि आंनी सब छाड़ी रजधानी कीजे,
गुर ब्रह्मग्यांनी मिले दादू मनि-धारी है ॥३७७

रजबजी कौ बरनन

छपै दादू कौ सिष सावधांन, रज्जब अज्जब कांम कौ ॥
निराकार निरलेप, निरंजन नृगुन भायौ।
सबंगी तत कथ्यौ, काबि सर्ब ही को ल्यायौ।
साखि सबद अर कबित, बिनां दिष्टांत न कोई।
जितने जग प्रसताव, रहे कर जोड़ें दोई।
दिन प्रति दूल्है ही रह्यौ, त्यागी सही सु बांम कौ।
दादू कौ सिष सावधांन, रज्जब अज्जब कांम कौ ॥३७८

मनहर दादूजी के पंथ मैं महंत संत सूरबीर,
रजब अजब सोहै उनकै पटंतरे।
नारद कै धू प्रहलाद रांमचंद्र कै हनवंत,
कासिब-सुवन जैसें अरक उगंत रे।
गोरख कै भर्थरी, रांमानंद के कबीर,
पीपा कै परस भयौ धर्म-धारी संत रे।
राघो कहै दत कै दिगंबर संकर सिष,
जासूं भये दस नांम बोयमां अनंत रे ॥३७९
रज्जब अजब राजथांन आंबानेरि आये,
गुर कै सबद त्रिया ब्याह संग त्यागयौ है।
पायो नर देह प्रभु सेवा काज साज येह,
तांकौं भूलि गयौ सठ बिषै रस लाग्यौ है।
मौड़ खोलि डारचौ तन मन धन वारचौ सत,
सीलब्रत धारचौ मन मारचौं कांम भाग्यौ है।
भक्ति मौज दीनी गुर दादू दया कीन्ही उर,
लाइ प्रीति लीनी माथै बड़ौ भाग जाग्यौ है ॥३८०

१. भारो।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

स्या भयांगीर पै लिखाइ परवांनौं ल्यायो,
कंचन को अंकुस घड़ायो मद पीजिये।
हारै कोऊ चरचा मैं पालकी कहार करौं,
जीतै सु तौ पंडित है ताकौं यह दीजिये।
बांवन अक्षर सुर सप्त छतीस भाषा,
यासूं उपरांति कथै कबि सो कहीजिये।
रजब सौं प्रष्ण करी है कबि चारण नें,
दुरसा है नांव ताकौ उत्तर भनीजिये ॥३८१
मुख सूं अक्षर अरु मुख सूं सप्त सुर,
मुख सूं छतीस भाषा जग मैं बखांनियें।
ब्यापक पूरण उर बचन रहत सोई,
सिव अर ब्रह्मा जस लोकन मैं गांनियें।
दुरसा कौ भर्म भाग्यौ कहै मेरौ भाग जाग्यौ,
गुर उपदेस यही सिष मोहि जांनिये।
पालकी आंकुस भलैं भेट कीये रजबकी,
मन बच काय सेवा प्रीति सौंज मांनिये ॥३८२

अन्यात

दंडक कड़खा छंद

तुरकां सिरताज पतिसाही दिलो तणौ,
हिंदवां सीस सिरताज रांणौं।
राज सिरताज अधपत्ति जु आंबेर रो,
यौ पंथ दादू तणें रजब जांणौं।
अष्ट-कुल प्रबतां मेर सबरै[1] सिरै,
नवकुली नाग सिर सेस आंणौं।
नव[2] लखा तार मैं चंद सबरै सिरै,
यौं पंथ दादू तणों[3] रज्जब मांणौ ॥[३८३]
हींदवां हद भई साखि गीता कही,
तुरक मुसफरां राड़ि मूंकी।
अनभै आतम जिती, भगत भाखा तिती,
तठै रजब रा सबद सौं आंट चूकी।

---

१. सर्बरं। २. नव लख। ३. तणें।

पाव पतिसाहि रा परसि चाकर थक्यौ,
अलि थक्यौ परसि परजात[1] फल चाड़ ।
आन रौ ग्यांन सुनि थिर न आत्म भई,
यौं रजब री कथा सुनि परी अनि आड़ ।
भूख भागी जबै भेटि अन सूं भई,
प्यास भागी तबै नीर पीयौ ।
रजब री रहम सूं फहम लाधो सबै,
यौं अटल रटि मोह नीर कजीयौ ॥३८४

साखी

रज्जब दोऊ राह बिच, करड़ी तुभभ्क कांण ।
मनमथ राख्यौ मुरड़ि कैं, जुरड़ि न दीधो जांण ॥[३८५]

इंदव छंद ज्यूं बसि मंत्रक आवत बीर, जहां जस योग तहां तस मूके ।
ज्यूं धर्मराजक काज करै सब, दूत अनेक रहै ढिग ढूके ।
ज्यूं नृप के तप तेजत कंपत, पास रहैं नर आइ कहूं के ।
अैसहि भांति सबै द्रसटंत सु, आग खड़े रहि रज्जबजू के ॥३८६
संझ समैं जु सबै सु रही घरि, आत चली जस बछक रागैं ।
भूपति कौ भय मांनि दुनी जु, अनीति बिसारी सुनीति सु लागैं ।
मोहन ज्यूं बसि मंत्र क बीर, प्रभाति चटा-चट सार कु जागैं ।
यौंहि कथाक समैं दिसटंतस, आइ रहै घिरि रज्जब आगैं ॥३८७

मोहनदास मेवाड़ा कौ बरनन

छपै दादू दीनदयाल कै, मोहन मेवाड़ौ भलौ ॥
कीयौ स्वरोदय ज्ञांन, सूर ससि कला बताई ।
नाड़ी त्रिय तत पंच, रंग अंगुल मपबाई ।
रोगी गरभ प्रदेस, जुद्ध पग बार गणाये ।
लगन काल अकाल, असुभ सुभ काज लखायें ।
हठ जोग निपुन राघो कहै, समाधिवंत गुण कौ गलौ ।
दादू दीनदयाल कै, मोहन मेवाड़ौ भलौ ॥३८८

१. परिजात=कल्पवृक्ष ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मनहर छंद

दादूजी कै पंथ मैं दलेल जाकै आंठौं जांम,
अति ही उदार मन मोहन मेवारे कौं।
छाजन भोजन[1] पांणी वांणी प्रवाह जाकैं,
श्रवकौ संतोष दे जितावै मनहारे कौं।
विद्या कौ वनारस पारस जैसें बेधै प्रांन,
अति मन ऊजलौ उजागर अखारे कौं।
राघो कहै जोग की जुगति करि गाये हरि,
पलटि सरीर तन रूप भरे बारे कौं ॥३८९

भांनगढ़ नगर मैं ब्राह्मण कौ बाल इक,
मृति पाइ गयो सोग भयो उर भारी ये।
मोहन कहत यह हम कौं चढाइ देहु,
सर्ब ही कह्यौ जु लेहु अब या जिवारिये।
बालक मैं स्वास भरि बेगिहि उठाइ लीयो,
जोग की जुगति तन नौतम बिचारिये।
मात पिता भईया र कुटंब मन और भयो,
कहै सब देहु अजु हमहि कु मारिये ॥३९०

जगजीवनदासजी कौ बरनन

दादू कौ सिष सरल चित, जगजीवन जन हरि भज्यौ ॥
महा पंडित परबीन, ग्यांन गुन कहत[2] न आवै।
बांणी बहु बिसतरी, साखि दृष्टांत सुहावै।
सबद कबित मैं रांम रांम, हरि हरि यौं करणां।
गुर गोबिंद जस गाइ, मिटायौ जामण मरणां।
दिवसा मैं दिल लाइ प्रभु, बर्णाश्रम कुल बल तज्यौ।
दादू कौं सिष सरल चित, जगजीवन जन हरि भज्यौ ॥३९१

इंदव छंद

दादू कै[3] पंथ दिप्यौ दिवसा जग, मैं जगजीवन यौं हरि गायौं।
कीयो बुद्धि बिवेक सूं ब्रह्म निरूपन, ऐसें अहोनिसि रांम रिझायौ।
प्रेम प्रवाह कथा उर अंमृत, आप पीयो रस औरन पायौ।
राघो कहै रसनां रणजीति ज्यूं, नांव निसांन निसंक बजायौ ॥३९२

---

१. मोजन। २. कहन। ३. को।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मनहर छंद

टहलड़ी सुथांन तहां मानसिंघ नृप आयौ,
थार भरि ल्यायौ पाक भोजन जिमाइये।
कोऊ भाव धारी ल्यायो रोटी तरकारी वह,
लागी अति प्यारी मन भारी सुख पाइये।
रजों गुनीं दांनीं मन राज सब ठानीं होइ,
बुद्धि ही कौ हांनीं ग्यांन ध्यांन जु गमाइये।
दोऊ मूंठी भर रुध्र दुगध की झरी नृप,
देखि चुप करी जगजीवन न खाइये ॥३९३

बाबा बनवारी हरदास कौ बरनन

छपै

बाबौ बनवारी हरदास धनि, जिन गुरद्वारै सबंस दीयौ ॥
दादू गुर दिगपाल, तेज तिहूं लोक उजागर।
सिष चहुं दिसा चिराक, भजन सुमरन के सागर।
तिन मधि बरनौं दोइ, उत्म उतराधा भ्राता।
सब दिन अर सब रैंनि, रहैं हरि सुमरन माता।
राघो बलि बलि रहणि की, भजि भगवंत लाहौ लीयौ।
बाबौ बनवारी हरदास धनि, जिन गुर द्वारै सबंस दीयौ ॥३९४

मनहर छंद

दादूजी के पंथ मैं मगन मन माया जीति,
बाबौ बनवारी भारी सबं ही कौ भावतौ।
प्रमोध्यौ उत्तरदेस धर्म कीन्हौ परवेस,
निरंजन निराकारजी कौ जस गावतौ।
रिधि सिधि लीयें लार भजन रदै दैकार,
दरसन कै कारनैं गुरू कै द्वारै आवतौ।
राघो बिधि सहित बिसेख पूजि गुर पाट,
छाजन भोजन सबं संतौं कौं चढावतौ ॥३९५
गुर चेला रांमति कौं निकसे सहस[1] भाइ,
दिन कै अस्ति[2] भये निसा सैंन कीयौ है।
निरभै निसंक बनवारी सिष प्रमांनंद,
आंनि कें उसीसा रैंनि प्रिथी मात दीयौ है।

---

१. सहज। २. अस्त।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रिथी अपतेज बाइ रक्षा करै आग्या पाइ,
तन मन धन अर्पि नांव जिन लीयो है।
राघो कहै अवनि प्रष्ण भई संत देखि,
पुलकत बदन सु हरखत हीयो है॥३९६

चतुरभुजजी कौ बरनन

छपै दादू दीनदयाल कौ, पूरब परसिधि चतुरभुज॥
कीयौ रांम पुर धांम, भक्ति निरगुन बिसतारी।
गुरभक्ता हरि भक्त, संत भक्ता उपगारी।
तुलसीदास हुलास, तास भुज च्यारि दिखाई।
बटक बृक्ष के पात, रांम रटनां रटवाई।
राघो द्वादस सिष सरस, द्वारै दीसत सोम कुज।
दादू दीनदयाल कौ, पूरब परसिधि चतुर भुज॥३९७

मनहर छंद दादूजी के पंथ मैं बड़ौ चिराक चतुरभुज,
भगति भजन पन कौ कीयौ प्रकास है।
भये हैं चिराक सूं चिराक सिख सूरबीर,
सदगति कीट भृंग सम ताकी त्रास है।
प्रखाधारी प्रसिद्धि प्रगट भयौ पूरब मैं,
जीव कौ जीवनि जगदीस जाकै पास है।
राघो कहै रांम जपि पायो है सुहाग भाग,
सोभा तीनें लोक जौ लौं धरनि अकास है॥३९८
पोथी करि ल्याये तुलसीदासजी कै आये,
चत्रभुज कह्यौ भाये ब्रह्म चरचा कराइये।
गंगाजी कैं तीर चलैं चत्रभुज कही भलैं,
ग्यांन गली सोधैं वार पार कौं लैं जाइये।
चत्रभुज नांम तुम काहे सूं कहाये अजु,
चत्रभुज रूप प्रभु जग मैं कहाइये।
धारा मधि पैठि च्यारि भुजाहू दिखाइ दीन्हीं,
ऐसैं मन भई तुलसीदास समझाइये॥३९९
बृक्ष येक बट कौ लगायौ निज हाथ सौं,
मेला कै समय पूजा करैं संत चाइ कैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अचिरज की बात सुनी जात बहु संतन पैं,
पात पात होत धुनि रांम रांम बाइ कैं।
सिषहू बसंतदास संतदास रांमदास,
द्वादस महंत पुनि भये हरि गाइ कैं।
रांमपुरा ग्रांम जहां साधन कौ धांम तहां,
लहै विश्रांम जन बहु सुखदाइकैं ॥४००

प्रागदास बिहांणी कौ बरनन

छपै दादू दीनदयाल कै, सिष बिहांणीं प्राग जन ॥
कुल कलि करचौ बिख्यात, डीडपुर कीयौ उजागर।
सिष उपजे सिरदार, सील सुमरण के आगर।
सांभरि सर जल अधर, चले पद अंबुज नांईं।
नांव लेण की माल, रही उर देह जरांईं।
परमारथ हित भजन पन, राघव जीते प्रांन मन।
दादू दीनदयाल के, सिष बिहांणीं प्राग जन ॥४०१

मनहर छंद दादूजी के पंथ मै अतीत अरि इंद्रीजित,
बीहै न बिहांणीं प्रागदास परमारथी।
सांगोपांग संत सूरबीर धीर धारे तेग,
रांमजी के बैठो रथ ग्यांन जाकै सारथी।
कांम क्रोध लोभ मोह मारिया बजाइ लोह,
भरम करम जीतै भीम जेम भारथी।
राघो कहै रांम कांम सारे जिन आठौं जांम,
भजन की माला रही दगध कीयां रथी ॥४०२

दोऊ जैमलजी कौ बरनन

छपै दादू दीनदयाल के, भजन जुगत जैमल जुगल ॥
सूर धीर उदार, सार ग्राहक सतवादी।
दिढ़ गुर इष्ट उपास, भक्त हरि के मरजादी।
पदसाखी निरबांन, कथे निरगुन सनबंधी।
भक्ति ग्यांन बैराग, त्याग संतन श्रुति संधी।
रजबंसी राघो उभै, कूरम पुनि चौहांण कुल।
दादू दीनदयाल के, भजन जुगत जैमल जुगल ॥४०३

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मनहर छंद

दादूजी के पंथ मैं प्रचंड जती जोगेस्वर,
जैमलजु हलाहल भजन पन कौ भलौ।
खालिक सूं खेल्यौ र भरम करम डारे पेलि,
च्यारचौं पन राख्यौ है चौहांण ऊजलौ पलौ।
कहणि रहणि धुनि ध्यांन ध्रम धारचौ नीकें,
भजन भंडारे मैंधि राख्यौ भरि कें गलौ।
राघो कीन्हीं रासि गुर गोबिंद उपासि करि,
बिधि सुं निपायौ नीकें रिधि सिधि कौ खलौं ॥४०४

जैमल चौहांण संत रहै बौंली गांम जहां,
बसै भेषधारी इक अगनि चलाई है।
भरचौ है अग्यांन मूढ समझै न ग्यांन गूढ,
प्रभु भजै ताकै परि मूंठ अजमाई है।
जैसें प्रहलाद आप राखे करतार करी,
सासना अपार मारचौ दुष्ट नख ताई है।
भये है सहाई गुर मंत्र उचराई रांम,
रक्षा जु कराई हरि सदा ही सहाई है ॥४०५

दादूजी के पंथ मधि बड़ौ रजबंसी येक,
कछ्यौ कछू हावौ जोगी जैमल जुगति सुं।
अनभै कै आगर उजागर गिरा को पुंज,
छाजू रुचि आतर बिख्यात र भगति सूं।
तास कै पछोपै सिष पूरण प्रसधि भयो,
निश्चैं निज नांव लीयौ लीयौ पांचू राखे पति सूं।
राघो वहै रांम भणि सदा रह्यो येक पणि,
मन वच क्रम करतार गायौ सत्य सूं ॥४०६

आदि कुल कूरम कछ्यौ है जोगी जुगति सूं,
जैमल की माता धनि दाता सुत जायौ है।
म्हारि के पहार रहै भारथी मुकंद नांम,
कीयौ परनांम दक्षा देहु सुत आयौ है।
सिष नहीं करौं मात प्रगटे सुनांऊं बात,
दादूजी दयाल गुर याकौ यौं बतायौ है।

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

साढ़ा तीन कोड़ि जीव उधरैंगे ताकै लार,
अैसौ परसंग ताहि बरनि सुनायौ है ॥४०७

अहमदाबाद छाड़ि आये जब सांभरि मैं,
परचे भये हैं तब माता सुधि पाई है।
जैमल कौ ल्याई गाथा आदि सो सुनाई सुत,
दिक्षा लै दिवाई सब संतन कौ[1] भाई है।
सुधि न रहाई प्रेम उमंगि चलाई आंखि,
नीर भरि आई श्रुति सुख मैं समाई है।
जैमल रमाई जाकी भगति लैकैं गाई जैसैं,
सुनी सो सुनाई सीखैं भनैं सुखदाई है ॥४०८

जनगोपालजी को बर्नन

छपै जनगोपाल दादू तणैं, हरि भगतन जस बिसतर्‌यौ ॥
धू पहलाद जड़भरथ, दत्त चौवीसौं गुर कौ।
मोह बबेक दल बर्णि, दूरि भ्रम कीयौ उर कौ।
गुर की महिमा करी, जनम गुन परचे गाये।
टकसाली पद ग्रंथ, दयाल की छाप सुहाई[2]।
प्रेम भगति दुबिध्या रहत, करी बैसि-कुल निसतर्‌यौ।
जनगोपाल दादू तणैं, हरि भक्तन जस बिसतर्‌यौ ॥४०९

मनहर छंद दादूजी के पंथ मैं चतुर बुधि बातन कौं,
जांनिये जनगोपाल सबंही कौ भावतौ।
नींकौं बांणी नृमल मिठास तुक तांनन मैं,
कांनन मैं होत सुख अर्थ सूं सुनावतौ।
मन बच क्रम हरि हारल की लाकरी ज्यूं,
कहनां सहित करुणा-निधांन गावतौ।
राघो भणि रांम नांम आदि ऊंकार करि,
सीस जगदीसजी कौं बारंबार नावतौ ॥४१०
सन्यासी सरूप धारे फिरत जगत मांहि,
बिन ग्यांन पायें नहीं उर मैं प्रकास जू।

१ कूं। २. सुभाये।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सीकरी सहर मांहि मिले हैं जनगोपाल,
भये किरपाल गुरदेव दादू दास जू।
सीस परि हाथ दयौ दया परसाद नयौ,
देखि कैं मुदित भयौ नांव मैं निवास जू।
प्रहलाद चरित्र यथा ध्रुव जड़भर्थ कथा,
करुणां सूं गाये हरि भक्तन हुल्हास जू ॥४११

बखनांजी कौ बरनन

छपै दादू दीनदयाल कै, है बखनौं बानैत बड़ ॥
गुर-भक्ता जनदास, सील सुठ सुमरन सारौ।
बिरहै लपेटे सबद लगत, तिन करत सुमारौ।
हरिरस-मद पीय मत्त, रैंनि दिन रहै खुमारौ।
परचै बांणी बिसद, सुनत प्रभु बहुत पियारौ।
माया ममता मांन मद, राघो मन तन मारि छड़।
दादू दीनदयाल कै, है बखनौ बानैत बड़ ॥४१२

मनहर छंद दादूजी कै पंथ मै है बखनौं बरैत कबि,
अतिहि चुटावो[1] ततबेता तुक तांन कौ।
जाकी बरल बांणी कौ बखांण बणि आवत न,
भारथ मैं बल जैसें पारथ के वांन कौ।
जाके पद साखी हद बेहद प्रवेस भये,
जहां लग आवा गछ होत ससि भांन कौं।
राघो कैहै राति-दिन रांमजी रिझायौ जिन,
गावत न मांनी हारि गंधर्ब हो गांन कौ ॥४१३
बखनौं महंत हरि रातौ रस मातौ प्रेम,
बोलत सुहातौ मन मोहै जाकी बांनी है।
गंध्रव ज्यूं गावै टरि नैंन नीर आवै प्रभु,
प्रीति सूं लड़ावै सबंही कौं सुखदांनी है।
सुमरन सासो सास येक नांव कौ अभ्यास,
रहै जगसूं उदास असौ गलतांनी है।

१. चुटाहै।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

दिलीपति आये तब काजी समझाये सब,
पंडित नवाये और संसै स्याह भांनी है ॥४१४

जगाजी कौ बरनन

छपै दादू दीनदयाल कै, जगो जोति जगदीस की ॥
भक्ति-भाव परपक्क, साध गुर सेवा बरती।
सहर सीकरी श्री र, बधायो जानि सु धरती।
गये सलेमाबाद, परस जु लई परक्षा।
भये रसोई खांन, सीरनी कीन्ही भक्षा।
राघो धाये दक्षन[1] दिस, भक्ति बधाई ईस की।
दादू दीनदयाल कै, जगो जोति जगदीस की ॥४१५

मनहर छंद दादूजी के पंथ माहि जगा जोति लागि रही,
जग सूं उदास जगो कहूं न लुभायो है।
परसरांम संप्रदाई खेचरी चलाई बहु,
सीरनी जीमाई तऊ खात न अंघायौ है।
कहै मुख सेती सर्ब दूंणी बरत जेती यह,
होइ मन तेतौ कछु आपौ नहीं आयौ है।
कीयौ डील कौ बधाव गुर-सेवा माहै[2] चाव भलौ,
राघौ पायौ डाव करतार यूं रझायौ है ॥४१६

जगंनाथदासजी कौ बर्नन

छपै दादू कौ सिष जगन्नाथ, जुगति जतन जग मै रह्यौ ॥
प्रेमां भक्ति बसेख ग्यांन, गुन बुद्धि समझि अति।
सास्त्रग्य अरु तज्ञ, सील सतवादी मति गति।
गुण-गंज नांमौ कीयौ, काबिता सर्ब कीता मधि।
गीता बसिष्टसार ग्रंथ, बहु अवर साध सिधि।
चित्रगुपत कुल मैं प्रगट, जो देख्यौ सोई कह्यौ।
दादू कौ सिष जगन्नाथ, जुगति जतन जग मै रह्यौ ॥४१७

मनहर छंद दादूजी कौ मिले हैं कायस्थ कुल निकसि कैं,
जगमग-जोति जगनाथ देखी गुर की।

---

१. भड़ौंच। २. मै है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

नख सख सकल पवित्र भयो तन मन,
मिटि गई तरंग तलाव की सी उर की।
सम दम सुरति सबद स्वासा पांचूं तत,
सुध कीन्हीं भूमिका सकल प्रांण पुर की।
राघो यौं रिझायौ रांम जासूं सिधि होत कांम,
आरति सौं पीवत पीऊख-धारा धुर की ॥४१८

†सुंदरदासजी बूसर कौ बरनन

छपै संक्राचारय दूसरौ, दादू कै सुंदर भयौ ॥
द्वैत-भाव करि दूरि, येक अद्वैत ही गायौ।
जगत भगत षट-दरस, सबनि कै चांणिक लायौ।
अपणौ मत मजबूत थप्यौ, अरु गुर पक्ष भारी।
आंन-धर्म करि खंड, प्रजा घट तैं निर वारी।
भक्ति ग्यांन हट सांखि लौं, सर्ब सास्त्र पारहि गयौ।
संक्राचारय दूसरौ, दादू कै सुंदर भयौ ॥४१९

मनहर छंद दादूजी के पंथ मैं सुंदर सुखदाई संत,
खोजत न आवै अंत ग्यांनी गलतांन है।
चतुर निगम षट् षोडस अठार नव,
सर्ब कौ बिचार मार धारचौ सुनि कांन है।
सांखिजोग क्रमजोग भगति भजन पन,
प्रख जांनै सकल अकलि कौ निधांन है।

---

†सी० प्रति का अतिरिक्त छंद है :

माधौदास बरनन

दादू कौ सिष गुन माधौ देव महामुनि,
द्विजबंस छाडि कुल संतन में आयो है।
अवर समै सहर सीकरी मैं आयो है,
अर्योबाद मुर्ति कौ छोड़ि दूध-भात कौं पवायो है।
साहा अरु नृप देखें और लोक दुनी पेखैं,
सिध के समीप बैठो भेद न जनायो है।
तुरसी है सुसर जाकै राघौ ठहै दास ताकै,
सभा मधि कह्यौ इन पूरो गुर पायो है॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

बैसिकुल जनम बिचित्र बिग बांणी जाकी,
राघो कहे ग्रंथन के अर्थन कौ भांन है ॥४२०
दिवसाहै नग्र चोखा बूसर है साहूकार,
सुंदर जनम लीयौ ताही घरी आइ कैं।
पुत्र की चाहि पति दई है जनाइ तृया,
कह्यौ समझाइ स्वांमी कहौ सुखदाइ कैं।
स्वांमी मुख कही सुत जनमैगो सही पै,
बैराग लेगो वही घर रहै नहीं माइ कैं।
ऐकादस बरष मै त्याग्यौ घर माल सब,
बेदांत पुरांन सुने बांनरसी जाइ कैं ॥४२१
आयौ है नबाब फतेपुर मै लग्यौ है पाइ,
अजमति देहु तुम गुसंई (यां) रिझायौ है।
पलौ जौ दुलीचा कौ उठाइ करि देख्यौ तब,
फतैपुर बसै नीचै प्रगट दिखायौ है।
येक नीचै सर येक नीचै लसकर बड़,
येक नीचै गैर बन देखि भय आयौ है।
राघो घोरे रथि[1] लीये दबते नबाब केर[2],
सुंदर ग्यांनी कौ कोई पार नहीं पायो है ॥४२२

अन्यात

छपै सतगुर सुंदरदास, जगत मै पर उपगारी।
धन्नि धन्नि अवतार, धन्नि सब कला तुम्हारी।
सदा येक रस रहे, दुख्य द्वंद-र को नांहीं।
उत्म गुन सो आहि, सकल दीसै तन मांहीं।
सांखिजोग अरु भक्ति, पुनि सबद ब्रह्म संजुक्ति है।
कहि बालकरांम बबेक, निधि देखे जीवन मुक्ति है ॥४२३
जल सुत प्रीतम जांनि, तास सम प्रम प्रकासा।
अहि रिप स्वांमी मध्य, कीयौ जिनि निश्चल बासा।
गिरजापति ता तिलक, तास सम सीतल जांनूं।
हंस भखन तिस पिता, तेम गंभीर सु मांनूं।

---
१. राखि। २. के न।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उदधितनय बाहन सुनौं, तास सम तुल्य बखांनिये।
यौं सुंदर सदगुर गुण अकथ, कथत पार नहीं जांनिये ॥४२४

बुधि बिबेक चातुरी, ग्यांन गुरगमि गरवाई।
क्षमां सील सत्य, सुहृद संतन सुखदाई।
गाहा गीत कबित, छंद पिंगुल प्रवांनें।
सुंदर सौं सब सुगम, काब्य कोइ कला न छांनें।
बिद्या सु चतुरदस नाद निधि, भक्तिवंत भगवंत रत।
संयम जु समर गुणगण अमर, राज-रिद्धि नव-निद्धि यत ॥४२५

देवन मैं ज्यु बिष्ण, कृष्ण अवतारन कहये।
जंग मांहि गंग[1]-सुत्र, गंग मैं तीरथ मैं लहिये।
रिखन मांहि नारद, जखिन कुमेर भंडारी।
जती कपी हनुमंत, सती हरिचंद बिचारी।
नागन मैं श्रीसेसजी, बागन सारद मांनियौ।
दादूजी के सिषन मै, यौं सुंदर बूसर जांनियौं ॥४२६

तारन मै ज्यूं चंद, इंद देवन मैं सोहै।
नरन मांहि नरपत्ति, सत्ति हरिचंद स जोहै।
भगतन मै ध्रुवदास, तास सम और स थोरे।
दांनिन मै बलि बरनि, सरनि सम सिवर न औरे।
जगत भगत बिक्षात वै, चातुरजन असें कही।
सब कबियन सिरताज है, दादू सिष सुंदर मही ॥४२७

टीका

मनहर छंद

स्वांमी श्रीसुंदरजी बांणी यह रसाल करी,
भगत जगत बांचै सुणै सब प्रीति सौं।
साखी अर सबद सवइया श्रबांग जोग,
ग्यांन कौ सुमुद्र पंच इंद्रिया उ जीति सौं।
सुखहु समाधि स्वप्न बोध बेद कौ बिचार,
उकत अनूप अदभुत ग्रंथ नीति सौं।
पंच परभाव गुर संप्रदाइ उतिपति,
निसांनी गुरू की महिमां बांवनी सु रीति सौं ।।५४८

१. शिव।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

षटपदो भरम-बिध्वंसन गुरू कृपा स गुर,
दया गुर मैमां सतोतर आंनिये।
रांमजी नामाष्टक आत्मा अचल भाखा,
पंजाबी सतोत्र ब्रह्म पीर औदु जानिये।
अष्टक अजब ख्याल ग्यांन भूलनां है आठ,
सैजानंद-ग्रे बैराग बोध परमांनिये।
हरि बोल तरक बिबेक चितवनि त्रिय,
पम-गम अडिल मडिल सुभ गांनिये ॥५४९
बारामासौ आयु भेद आत्मां बिचार येही,
त्रिबिधि अंतःकरण-भेद उर धारिये।
बरवै पूरबी भाषा चौबोला गूढ़ा अरथ,
छपै छंद गण अरु अगन बिचारिये।
नव-निधि अष्ट-सिधि सात बारहू के नांम,
बारामास हो कै बारै रासि सो उचारिये।
छत्रबंध कमल मध्यक्षरा कंकण-बंध,
चौकी-बंध जोनपोस बंधऊ संभारिये ॥५५०
चौपड़ि बिरक्ष-बंध दोहा आदि अक्षरीस,
आदि-अंत-अक्षरी गोमुत्रि काज कीये हैं।
अंतर-बहरलापिका निमात हार-बंध,
जुगल निगड़-बंध नाग-बंध भी ये हैं।
सिघा-अवलोकनी स प्रतिलोम अनुलोम,
दीरघ अक्षर पंच बिधांनी सुनीये हैं।
गजल सलोक और बिबिधि प्रकार भेद,
पंडित कबीर सुरनि मांनि सुख लीये हैं ॥५५१

बाजीदजी कौ मूल

मनहर छंद

**छाड़ि कै पठांण कुल रांम नांम कीनौ पाठ[1],**
**भजन प्रताप सौं बाजीद बाजो जीत्यौ है।**
**हिरणी हतत उर डर भयौ भय करि,**
**सील भाव उपज्यौ दुसील भाव बीत्यौ है।**

---

१. पठ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

तोरे हैं कुबांण तीर चांणक दीयौं सरीर,
दादूजी दयाल गुर अंतर उदीत्यौं है।
राघो रत राति-दिन देह दिल मालिक सूं,
खालिक सूं खेल्यौ जैसैं खेलण सी रीत्यौ है ॥४२८

अथ निरंजनी पंथ बरनन

छपै अब राखहि भाव कबीर कौ, इम येते महंत निरंजनी ॥
लपट्यौ जू १जगनाथ २स्यांम ३कान्हड़ ४अनरागी।
५ध्यांनदास अरु ६खेमनाथ, ७जगजीवन त्यागी।
८तुरसी पायौं तत, ९आंन सो भयो उदासा।
१०पूरण ११मोहनदास, जांनि १२हरिदास निरासा।
राघो संम्रथ रांम भजि, माया अंजन भंजनीं।
अब राखहि भाव कबीर कौ, इम येते महंत निरंजनी ॥४२९

मनहर छंद लपट्यौ जगनाथदास स्यांमदास कान्हड़दास,
भये भजनीक अति भिक्षा मांगी पाई है।
पूरण प्र[ि]सि[द्]धि भयो हरिदास हरि रत,
तुरसीदास पायौं तत नीकी बनि आई है।
ध्यांनदास-नाथ[1] अरु आनंदास रांम कह्यौं,
जग सूं उदास ह्वै कैं स्वासोस्वास लाई है।
जगजीवन खेमदास मोहन ह्रिदे प्रकास,
नृगुण निराट बृति राघो मनि भाई है ॥४३०

जगनाथजी लपट्या की टीका

इंदव छंद नेम निरंतर नांव सुंनि ग्रह, यौं तरली तन मांझ उठी है।
झाड़ौ दियौं भक्ति आतम कौं गह्रि, पांनी मैं चून ले घेरचौ मुठी है।
स्वाद न साल न दूध न पाल न, संजम कूं सिरदार हठी है।
राघो सगाई सिरोमनि ब्रह्म सौं[2], यौं जग मैं जगनाथ सठी है ॥५५२

छपै राघो रहणि सराहिये, सुबित सिरोमनि दिपत वै।
आनंदास सत सूर, सदन तजि कैं हरि परसे।
मन बच क्रम भजनीक, दास मोहन सिष सरसे।

---

१. ध्यांनदास। २. सूं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

स्यांमदास की मूंठि, मंडो निरगुण सूं न्यारी।
सिष उपजे सिरदार, भक्ति रसि आई भारी।
ये पचवारै प्रसिधि भये, बड़े महंत द्रिगपाल द्वै[1]।
राघो रहणि सराहिये, सुबित सिरोमनि दिपत वै ॥४३१

मनहर छंद
आनंदास अनन्य अतीत अरि इंद्रीजित,
पायौ बित प्रगट प्रकास्यौं हिरदा मैं हरि।
पांच-तत तीन-गुण येक रस कीये जिन[2],
नृगुन उपास्यौ निराकार निहि क्रम करि।
निरबृति सूं नेह धरि देह अैसें पारी टेक,
नृबाह्यौ बैराग ब्रत जीवत जनम भरि।
राघो कहै भयौ बर उर ऊंकार करि,
त्रिगुणी गयौ है तिरि आदि अबिगति घरि ॥४३२

स्यांमदास को मूल

मनहर छंद
सूरबीर महाधीर दिपत हिदा -मैं हीर,
त्रिकत बैराग मैं सुभाव स्यांमदास कौ।
ऊंचो दिसा रहणि कहणि ऊंची ऊंचौ मन,
गह्यौ मत मगन ह्वै अगम अकास कौ।
रटत रंकार बारंबार रत रोम रोम,
धारचौ जगि जोग यौं निरोध सासै-सास कौ।
राघो कहै रांम कांम स्यौंप्यौ तन धन धांम,
हरि हरि करत हजूरी भयौ पास कौ ॥४३३

कान्हड़दास को मूल

इंदव छंद
कान्हड़दास कला लीयें औतरचौ, पंथ निरंजन कै पग धारे।
मांगि भिक्षा र कीयौ भक्ष भोजन, अैसें अतीत ह्वै स्वाद निवारे।
मांनि घणी पै मढी न बधाई जू, जांनि तजे क्रम बंधन सारे।
राघो कहै भजि रांम भली बिधि, संगति के सबही निसतारे ॥४३४

पूरणदासजी को मूल

मनहर छंद
पूरण प्रसिधि भयौ पिंड ब्रह्मंड खोजि,
कलि मै कबीर धीर धारचौ गुरम सत कौ।

---

१. है। २. उन।

गहत अरुढ़ मत आतमा परूढ़ भई,
जोती पर कीरति प्रकास भयौ बस्त कौं।
मन तज्यौ गवन पवन अस्थिर भयो,
भरम करम भाजे दै कैं हाथ दस्त कौ।
राघो कहै रांम आठौं जांम जपि जीति गयौ,
होतौ अंस आगिलौ दधीच मुनि अस्त कौ ॥४३५

## हरीदास को मूल

मनहर छंद
जत सत रहिणि कहिणि करतूति बड़ौ,
हर ज्यूं-क हर हरिदास हरि गायौ है।
बिकत बैरागी अनरागी लिव लागी रहै,
अरस परस चित चेतन सूं लायौ है।
नृमल नृबांणी निराकार कौ उपासवांन
नृगुण उपासि कै निरंजनी कहायौ है।
राघो कहै रांम जपि गगन मगन भयौ,
मन बच क्रम करतार यौं रिझायौ है ॥४३६†

## तुरसीदासजी को मूल

इंदव छंद
सीतल नैंन चवै बिग बैंन, महा मन जीत अतीत करारौ।
माया कौ त्याग नहीं अन राग, भिक्षा भिक्ष भोजन सांझ सवारौ।
ब्रह्म जग्यासी अभ्यासी है नांव कौ, जोग जुगत्ति सबै बुधि सारौ।
राघो कहै करणी जित सोभित, देखौ हो दास तुरसी कौ अखारौ ॥४३७

---

†'सी' प्रति का अतिरिक्त छप्पै—

प्रथम पीपली प्रसिद्धि, सिला नागौर बिसेखो।
नयो गयद अजमेर फुनिग, टोडै परिण पेखौ।
गिर सूं गागरि गिरी, नीर राख्यौ घट सारौ।
देवी कौं सिष करी, ज्यायौ बिष बिप्र उधारौ।
सिष प्रचो आंबेर, राव राजा सब जांणें।
अगंग बिप्र पंथ चल्यौ, साह सुत जीयौ सिधांणें।
सिर परि कर प्रियागदास कौ, गोरखनाथ कौ मत लयौ।
जन हरीदास निरंजनी, ठौर ठौर परचौ दीयौ ॥४२९

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मोहनदास को मूल

है हिरदै सुध हेत सबनि सूं, मोहनदास महा सुखदाई।
जो सुख कासी कबीर कथ्यौ मुख, सो अनभै निति नेम सूं गाई।
आये कौं आदर आप मिलै उठि, ह्वै तन सीतल सोभ सवाई।
राघो करै हठ चालन दे नहीं, नांम कबीर की देत दुहाई ॥४३८

रांमदासजी ध्यांनदासजी को मूल

छपै रांमदास अरु ध्यांन की, म्हारि मध्य महिमां भई॥
ग्यांन भक्ति बैराग, त्याग जिन नीकौं कीन्हौं।
भिक्षा खाई मांगि, जागि मन ईश्वर दीन्हौ।
बांणी नृगुण कथी, आंन की आस उठाई।
साखि कबित पद ग्रंथ, मांहि परब्रह्म सगाई।
अंजन छाड़ि निरंजनी, राघो ज्यौं की त्यूं कही।
रांमदास अरु ध्यांन की, म्हारि मध्य महिमां भई ॥४३९

खेमदासजी को मूल

इंदव खेम खुस्याल भयौ कुल छाड़ि र, येक निरंजन सूं लिव लाई।
छंद हींदू तुरक्क र ब्राह्मण अंतिज, साखत भक्तिहि नाव रटाई।
त्याग समागम संत सु राखत, चाखत प्रेम भगत्ति मिठाई।
राघवदास उपासि निरंजन, मांगि भिक्षा निति नेम सूं पाई ॥४४०

नाथजू को मूल

नाथ भज्यौ इन नाथ निरंजन, और न दूसर देवहि मांन्यौ।
ग्यांन र ध्यांन भगत्ति अखंडित, मन्न मगन्न बिरागहि सांन्यौ।
मांगि भिक्षा गुजरांन करयौ निति, कांम र क्रोध अहंकृत भान्यौ।
राघवदास उदास रह्यौ तजि, यौं जग-जाल निराल पिछांन्यौ ॥४४१

जगजीवनदासजी को मूल

भादव के जगजीवन दासहु, पंचम बर्न तज्यौ हरि गायौ।
सील संतोष सुभाव दया उर, ता हित ईश्वर[1] कै मन भायौ।
त्यांग बिराग रु ग्यांन भलैं मत, तात भयौ गुर तें जु सवायौ।
राघव सोलहि ग्यांन गुरू करि, असौ भयौ फिर पंथ चलायौ ॥४४२

---

१. यीश्वर।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सोभावती को मूल

छपै मन वच क्रम सोभावती, संतन कौं सर्वस दयौ ॥
गुपत कसोटी करी, कहि न काहू सूं भाखी।
हरि जांणराइ जगदीस, पैज परमेस्वर राखी।
अन-पांणी बस्त्रादि, बस्त जो चहै जरेरचौ।
इक रांणीं कै घटि प्रगटि, रांमजी रिजक परेरचौ।
जन राघो रुचि अंतक समैं, जो बांछित ही सो भयौ।
मन बच क्रम सोभावती, संतन कौं सर्बस दयौ ॥४४३

मनहर छंद थरोली मैं जगनाथ स्यांमदास दत्त वास,
कान्हड़जु चाटसू मैं नीकैं हरि ध्याये हैं।
आंनदास दास-लिवाली मोहन देवपुर,
सेरपुर तुरसीजु बांणी नीकैं ल्याये हैं।
पूरण भंभोर रहे खेमदास सिव-हाड़,
टोडा मधि[1] आदिनाथजू परम पद पाये हैं।
ध्यांनदास म्हारि भये डीडवाणैं हरिदास,
दास जगजीवन सु भादवैं लुभाये हैं ॥४४४
द्वादश निरंजन्यां के नांम गांम गाये हैं।

इति निरंजनी पंथ

माधौ कांणी को मूल

छपै माधौ कांणी मगन ह्वै, मन बच क्रम हरि ध्याइयौ ॥
पांवन कीयौ टौंक, प्रभु की भक्ति बधाई।
आसा बंध सु डरत, तहां इक बाई आई।
देवा कौं आस्वास, हमारौ नांव कहीज्यौ।
प्रभ न जांई होइ, भजन मैं गारक[2] रहीज्यौ।
राघो खर चढ़ि पुर गयो, परचौ परगट दिखाइयौ।
माधौ कांणी मगन ह्वै, मन बच क्रम हरि ध्याइयौ ॥४४५
ततबेता तिहूंलोक कौ, ततसार संग्रह कीयौ ॥
पंडित प्रम प्रबीण, स्रुति सुम्रित पौरांनन।
भारतादि पुनि और ग्रंथ, सब कथत सु आंनन।

1. मधिनाथ। 2. गरक।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कीये कबित षटपदी, बहुत की संख्या ल्याही।
प्रिथी कोड़ी पचास, जीव चौरासी गांही।
उत्म मध्य कनिष्ट द्रुम, राघो मधुमखि ज्यूं लीयौ।
ततबेता तिहूंलोक कौ, ततसार संग्रह कीयौ ॥४४६
ततबेता के सिषन नैं, दोऊ देस चिताइयौ॥
रांम दमोदरदास, धांम[१] थौलाई कीन्हौं।
आंबावति के भूप, तास कौं परचौ दीन्हौं।
रांमदास बड़ महंत, जैतारणि मुरधरं मांहीं।
ऊदावत सिष करे, दुनी सुभ मारग लांहीं।
राघो भक्ति करी इसी, तातैं हरि मन भाइया।
ततबेता के सिषन नैं, दोऊ देस चिताइया ॥४४७
जगंनाथ जगदीस की, अनन्य भक्ति राखी ह्रिदै ॥१०
निरबेद ग्यांन मैं निपुन, नांब सर्बोपर जांण्यौ।
जप तप साधन सकल, भजन बिन तुछ बखांण्यौं।
छपै कबित सूं हेत, तिना मैं संख्या आंणी।
मनुख देह के स्वास, गणे अक्षर पौरांणी।
अवर चीज नौखां घणी, राघो हरी भाखे त्रिदै।
जगंनाथ जगदीस की, अनन्य भक्ति राखी ह्रिदै ॥४४८
राघो सिरजनहार सौं, कीयौ मलूक सलूक सति॥
क्षत्रीकुल उतपत्ति, बसे माणिकपुर मांहीं।
अगुनी निरगुनी भक्त, काहू सूं अंतर नांहीं।
हींदू तुरक समांन, येक ही आतम देखैं।
तन मन धन सबंस, भक्त भगवत कै लेखैं।
साहिब सांई रांम हरि, नहीं विषमता नांम प्रति।
राघो सिरजनहार सूं, कीयौ मलूक सलूक सति ॥४४९
राघव जो रत रांम सूं, सो मम मस्तक-मंडनं॥
इम मांनदास मो मगन, कीयौ अति कृतनयौ है।
जपि नेंन्हादास निसि-दिवस, गिरा कौ पुंज भयौ है।

---

१. संतधाम।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चव चतुरदास अहवास-रु मोहन-जू मड़े।
ये च्यारचौ चतुर महंत, डांग मधि मुखि बड़े।
बरनत हूं जो मैं सुनें, अवर कहूं नहीं खंडनं।
राघव जो रत रांम सूं, सों मम मस्तक मंडनं ॥४५०

ये चारण घरि घरि काबि, घणां इतना तौ हरि कबि हूवा ॥
१कर्मनंद अरु २अलू ३चौरा, ४चंड ५ईस्वर ६केसौ।
७दूदौ ८जीवद ९नरो, १०नरांइण ११मांडण बिसौ।
१२कौल्ह र १३माधौदास, बहुत जिन बांणी सोहन।
१४अचलदास चौमुख १५अचल सीवां हरि १६मोहन।
जन राघो उधारे रांम भणि, गुर प्रसाद जग सूं जुवा।
ये चारण घरि घरि कबि, घणां इतनां तौ हरि कबि हुवा ॥४५१

### करमांनंद की टीका

इंदव छंद
चारन सो करमानंद की गिर, दारन हूं हिरदौ पघलावै।
छाड़ि दयो घर पूजन सौं हित, कंठ रहै छरियां पधरावै।
गाड़ि दई कित ऊार राखत, भूलि चले उर ल्यात न पावै।
चाहि भई तब स्याम सुनावत, ल्याइ दये जब प्रेम भिजावै ॥५५३

### कौल्ह अलूजी की टीका

भ्रात रहै जुग कौल्ह अलू बड़, गाथ सुनौं मद मास न खाई।
गावत है प्रभु के गुन रूपहि, भक्ति करै उन बात जनाई।
हौ लघु दूसर खात सबै कछु, भूप बखांनि कबै हरि गाई।
ईस्वर मांनत है बड़ भ्रातहि, कै सु करै अपनैं लघुताई ॥५५४
कौल्ह कही पुर द्वारिक चालहि, भोग मिथ्या जग आव गमैये।
ठीक कही चलिकै पुर जावत, चोजन ये सुनि कांन चितैये।
कौल्ह सुनावत छंद अनेकन, पीछ अलू भणिये सु कचैये।
हूं करि कैं प्रभु हार खिनांवत, लै पहिरावत देहु बडैये ॥५५५
नांहि दयौ बड़ कै अपमांनहि, जाइ परचौ दरियाव दुखी ह्वै।
डूबत भूमि लखी हित चालत, भूलत नांहि अनीति रुखी ह्वै।
भ्रात भये जन ल्यावन सांम्हन, जाइ मिले पुनि कृष्ण सुखि ह्वै।
जोमन बैठत पातरि दै जुग, दूसर कौंन स भ्रात मुखी ह्वै ॥५५६

Jain Educationa International                For Personal and Private Use Only                www.jainelibrary.org

भैर भयौं सुनि है परमोधत, भक्त भलौ वह गाथ सुनीजै।
है तव भ्रात लघू सुखदाइक, बात कहै तिनकी मन धीजै।
भूपति पुत्र हुतौ वह पूरब, छाड़ि दयौ सब मो चित भीजै।
आइ परयौ बन में नृप औरहि, रूप लखे तन दे सुख लीजै ।।५५७
अंन र नीर तज्यौ तुमरै हित, जीत नहीं सुधि वेगिहि लीजै।
देत भये परसाद चल्यौ फिरि, आइ भलै लघू सूं हित कीजे।
संग चल्यौ हरि के पुर कौ चलि, पैलहि आंनि मिल्यौ वह दीजे।
बात कही सब धांम तज्यौ प्रभु, जाइ बसे बन मैं जुग भीजे ।।५५८

नाराइनदासजी की टीका

बंस अलू महि जांनहु हूंसहि, और बड़े सु नरांइन छोटा।
आंन कुमावत येह उड़ावत, भाभि दयौ करि सीतल रोटा।
दै करि तातहु रीसि करै वहु, येहु हुकार भरावहि मोटा।
छोड़ि गयो घर जाइ भज्यौ हरि, भक्ति भये बसि बोलत घोटा ।।५५९

मूल

छपै **यह बड़ी रहणि राठौड़ की, पृथी परि पृथीराज कबि ।।९०**
**अपणौ इष्ट बखांणि, मनो क्रम बचन रिझायौ।**
**बरणि बेलि बिसतार, गिरा रुचि गोबिंद गायौ।**
**सरस सवइया गीत, कबित छंद गूढ़ा गाहा।**
**बरन्यौ रूप सिंगार, भक्ति करि लीन्हौं लाहा।**
**जन राघो स्यांम प्रताप तें, यम आगम जांन्यौं भूत भबि।**
**इह बड़ी रहणि राठौर की, पृथी परि पृथीराज कबि ।।४५२**

टीका

इंदव बीकहि नेरि नरेस बड़ौ कबि, पिथियराज सु भक्त भलौ है।
छंद पूजन सौं हित नांहि बिषै चित, नारि पिछांनन नांहि तलौ है।
देस गयो अनि सेत मनौ मय, रूप हिदै महि नांहि भलौ है।
तीन भये दिन मुंदरि[1] नै हरि, पीछहु देखत चैन रलौ है ।।५६०
कागद देस दयो प्रभु देवल, में नहि देखत सो दिन तीनां।
भेजि दयौ उलटौ उर का लिखि, राज लगे हरि बाहरि लीनां।

---

१. मंदरि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

और सुनौं इक नेम लयौ, मथुरा तन त्याग करूं कहि दीनां।
काबिल मौम दई पितस्या[1] लखि, जोर हरि मृति कै न अधोनां ॥५६१
आयु रही तुछ आइ लगे दिन, जांम घरी जुग की सम लागै।
प्रेरि दयौ कबि दै अध दोहर, साच करै पन यौं बड़ भागै।
सांडि चढ़े मथुरापुर आवत, न्हाइ तज्यौ तन हौ अनुरागै।
जै-जयकार भयौ दसहुं दिसि, फैलि गयौ जस जागहि जागै ॥५६२

## द्वारिकापति को मूल

छप्पै दुखदारन द्वारावती, जोइसी वैं कीकी अभै ॥९०
जिवन अजीज अभीज, अनल प्रभु पुर मै वीधी[2]।
साद संभलि[3] रणछोड़, सहाय सांगण सुव कीधी।
धन धरनी गढ़ काज, जुद्ध बीजाहू साजै।
झटकै कुटका थयौ, भक्त भगवत रै काजै।
कटक बाढ़ कीधी बढ़ेल, चांद नांम चाढ्यौ नभै।
दुखदारन द्वारावती, जोइसी वैं कोवी अभै ॥४५३

## टीका

इंदव छंद सांगन कौ सुत काबन कौ पति, द्वारिकानाथ कही करि रक्षा।
स्यांम सदाहि सहाइ करै जन, तू हमरी करिये नृप दक्षा।
तुर्क अजीज सु धांम जरावत, बाज न बाग लई सुनि सिक्षा।
पापिन मारि दये हरि राखत, चोज नये र नई यह पक्षा ॥५६३

## मूल

छप्पै माधौस्यंघ कूरम त्रिया, भक्त भली रतनावती ॥
संतन कै समूह सहत, बृजनंद रिझावत।
भक्ति नारदी कथा, प्रेम उछ्व करवावत।
भगवत[4] पद मन लीन, भक्ति की टेक न छोड़ी।
नृप सौं नेह निवारि, बचन सुन तैं भई मोड़ी।
सुनखा अखी अब प्रगट करे, भांन गढ़ आंबावती।
माधौस्यंघ कूरम त्रिया, भक्त भली रतनावती ॥४५४

१. पतिस्या-पतास्या। २. दीधी। ३ सांभलि। ४. भागवत।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

## रतनावतीजु की टीका

इंदव छंद मांनहु कौ लघु-भ्रात सु माधव, तास तिया तिन गाथ सुहांनी।
पासि खवासनि नांम रटै हरि, प्रेम जटै उर आंनत रांनी।
नंदकिसोर कबै बृजचंदहि, बोलि उठै द्रिग तैं वहि पांनी।
कांन सुनि तब तौ तिय ब्याकुल, चाहि भई कछु प्रीति पिछांनी ।।५६४
पूछत तू किम कैत गहै चित, नैंन झरै तन भूलि रही है।
चैंन करौ कछु बूझहू नांहि न, गात सहै मम संत कही है।
प्रीति लखी अति कैत भई गति, प्रेमनि कीरति कैत सही है।
कांम छुड़ाइ बठाइ सिरै उन, मांनि लई गुर पाइ लही है ।।५६५
अै-निसि गाथ सुनैं मन देखन, क्यूं[1] करि देखहु नैंन भरे हैं।
स्यांम दिखाइ उपाइ बताइ सु, जीवन तौ हिय आइ अरे हैं।
देखन दूरि मिलै तन धूर स भोग तजै बसि प्रीति करे हैं।
सेव करौ उर भाव भरौ, पकवांन रु मेवन अर्पि खरे हैं ।।५६६
नीलमनी सु सरूप लयो धरि, सेवत भाव सु भाव चली है।
राग र भोग बिबिद्धि लड़ावत, बीजत[2] जांमहि रंग रली है।
भूषन बष्ण अपार बनांवत, स्यांम छिबी अति देखि पली है।
जोग र जज्ञ अनेक उपाइन, नांहि लहै यह प्रेम गली है ।।५६७
देखन चाहि उपाइ कहा अब, बात अहौ कहि कौंन सुनें ये।
ठौर करावहु म्हैलन कै ढिग, चौकस चौं-दिसि राखि जनै ये।
साध पधार हिवै कहि ल्यावहि, राखहु जागहि पाव धुनै ये।
भोग छतीस धरौ उन आगय, डारि चिगें द्रिग स्यांम लखै ये ।।५६८
संत पधारत सेव करै बहु, आत भये जिन कौं बृज प्यारी।
गात किसोरजुगल्ल बहै द्रिग, आप अधीर भई सु निहारी।
को मम अंग सु रांनिय या तन, है परदा सत-संगति टारी।
ऊठि चली कहि हाथ गह्यौ उन, लाज बड़ी यह लेहु बिचारी ।।५६९
येह बिचारि सु स्यांम निहारन, सार हरी कछु लाज न कांनी।
ऊठि गई कहि साधन कै ढिग, पाय लगी बिनती करि रांनी।
हाथि जिमांवन की मनमैं जन, लाखन भांति कही नहि मांनी।
आइ स देहु करौं सुख है यह, प्रीति लखी करि तौ तव जांनी ।।५७०

---

१. क्यूं। २. बीतत।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कंचन थार चली कर लै करि, प्रेम सु संत परूसि जिमाये।
देखि सनेह सु भीजि गये जन, नैंन निमेख लगै न लगाये।
पांन चबाइ र चंदन लेपत, स्यांम कथा परसंग चलाये।
सैर सुनी सब देखन आवत, पेखि लिख्यौ नृप लोग पठाये ॥५७१
रांनिय लाज तजी परदा घर, आइ र बैठत मोडन मांहीं।
मांनस कागद भेजि दिवांनहि, भूपति बांचत आगि जरांहीं।
आइ गयौ सुत प्रेम सु ताछिन, भाल तिलक्क सुमाल गरांहीं।
भूपहि जाइ सलांम करि चलि, मोड़िय के सुनि सोच परांहीं ॥५७२
रोस भरचौ नृप भींतरि जावत, पूछत सो नर बात बखांनी।
तौ हम मोडिय मांनि कह्यौ सुख, भाव र भक्ति तबै उर आंनीं।
मातहि कागद देत भयौ करि, यो हरि भक्ति तजौ मति मांनीं।
मोडिय कौ नृप कैत सभा मधि, ह्वै अब मोडिय जौ मुम ठांनीं ॥५७३
यौं लिखि भेजत मांनस हाथिहि, मातहि जाइ दयो उनि बांच्यौ।
रंग चढ्यौं सुत के परसंगहि, बार मुडाइ र भावहि सांच्यौ।
सेवन पाक करें निसि जावत, आंनि प्रभूतरि गांव न जाच्यौं।
भूपति अन्नि तजे लिखि देवत, स्यांम निपुत्र भई हित राच्यौ ॥५७४
मांनस आइ दयो उर का सुत, बांचि खुसी हुत देत बधाई।
बाज बजाइ बटावत है धन, काहूक जाइ र भूप सुनाई।
भूपति पूछत लोग कही सब, मोडिय मात भई सुत भाई।
भूप सुनी दुख पाइ चढ्यौ खिजि, बैर भयौ उत होत चढाई ॥५७५
राखि लियो नृप कौं समझाइ र, लोग भलां सुत जाइ लखाई।
कैत भयौ तन खोत बिषै लगि, स्यांमहि कांम लगै सुखदाई।
मांगि लई परि पाइ दई तुम, भूप चल्यौ निसि कौं मन आई।
पासि गयौ गढ़ आइ मिले नर, बात कही सब चित उपाई ॥५७६
म्हैलहि बैठि बुलावत मंत्रिन, नांक कट्यौ अब लोहु निवारैं।
वाहु मरै र कलंक न आंवहि, को मतिवंत बिचारि उचारैं।
पिंजर सीह छुड़ावहु मारहि, दावहि बात नहीं यह सारैं।
होत खुसी सब छोड़त दौरत, कैत खवासि नृस्यंघ निहारैं ॥५७७
सेवत ही प्रभु नैंन लगे छबि, बोल सुन्यौं उत कौं द्रिग ढारे।
ऊठि करचौ सनमांन भलैं मन, भाग बड़े नृस्यंघ पधारे।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

फूलन माल गरैं पहिरावत, देत तिलक्क लगे अति प्यारे।
धांमहु तें निकसे मनु खंचहि[1], साखत लोगन मारि पछारे ।।५७८
रांनिय की सुधि लेत भयौ नृप, है जु भलें भ्रम होइ गयो है।
राय करै परनांम परचौ धर, आय दया उन बैंन दयो है।
भूप करै परनांम कही प्रभु, देखहु नैक कलाल लयौ है।
भूप कही द्रिबिराज तुम्हारहि, लोभ नहीं पति स्यांम थयौ है ।।५७९
मांन र माधव नांव चढ़े नृप, सोच भयो जुग डूबन लागी।
भ्रात कहै बड़ कौंन उपाइ स, छोटहु कैत तिया बड़भागी।
ध्यांन करचौ तब लेत किराड़हि, जेठहि देखन चाहि सु लागी।
आइ करचौ दरसन्न भयौ खुसि, गाथ अनूप हिये मध पागी ।।५८०

मूल

छपै करत कीरतन मगन मन, मथुरादास न मंगियौ ॥
हिरदै हरि बेसास, सील संतोष सु आसै।
धर्म सनातन सुह्रिद, ग्यांन रवि करत उजासै।
नंदकुवर सौं नेह, कुंभ धरि मस्तक ल्यावै।
पर्चर्या नैंबेदि, आचमन दे जल प्यावै।
श्रीबर्द्धमांन गुर की दया, रिसकराय रंग रंगियौ।
करत कीरतन मगन मन, मथुरादास न मंगियौ ॥४५५

टीका

इंद्व छंद बासति जारहि भक्ति करी रसि, बात करी इक तेउ सुनांवै।
स्वांग धरें चलि आवत सालग-रांम सिघासन मांहि डुलावै।
स्वांमिन के सिष जाइ र देखत, भाव भयौ कहि है परभावै।
आप चलौ वह रीति बिलोकहु, कैं सरबज्ञ चलें दुख पावै ।।५८१
लै करि जात भये परि पाइन, फेरि फिरावत नांहि फिरै है।
जांनि लयौ इन कौ परतापहि, मारि चलौ मन मांहि धरै है।
मूंठि चलावत भक्ति फिरावत, वाहि जरावत दुष्ट मरे हैं।
होइ दयालहि जाइ जिवावत, लै समझावत हाथ धरे हैं ।।५८२

---

१. खंबहि।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

मूल

छपै प्रेम बधायौ पुंग सन, नृतक नरायनदास अति ॥
सबद उचारचौ येह, प्रीति कौ नातौ साचौ ।
गावत पद मैं गरक, मदन मोहन रंग राचौ ।
नृत्य और ऊ करै, यह गति कोऊ न ल्यावै ।
देसी त्रिभंग बताइ, लिख्यौ चित्रांम लखावै ।
प्रगट भई हंडिया-सराइ, राघो मिलिया प्रांनपति ।
प्रेम बधायौ पुंग सन, नृतक नरांइनदास अति ॥४५५

टीका

इंदव नृत्य करै हरि के मुख आगय, देसन मैं रमि है जन भीरै ।
छंद जाइ रहे हडियाह सरायहु, नांव सुन्यौ सु मलेछहु मीरै ।
साध महाजन बोलि पठावत, आत गुनी इन ल्यावहु पीरै ।
आइ वही तुम बेगि बुलावत, सोच भयौ वह नीच अधीरै ।।५८३
नृत्य करौं न बिनां प्रभु नेमहि, सेवन वा ढिग क्यूं बिसतारै ।
ऊंच सिहासन दाम धरी, तुलसी सन देखि रु गांन उचारै ।
मीरहु बैठि लखै नहि झांकत, स्यांम लगें द्रिग रूप निहारैं ।
वार न चाहत है कछु औरन, प्रांन चढ़े कर देत न डारै ।।५८४

मूल

छपै लक्षन उज्जल स्यांम के, येते जन बहु देत हैं ॥
१छीत स्यांम २गोपाल, ३गदाधर ४नारद ५कन्ह र ।
६बछ्पतल ७हरिनाभ, ८अनंतानंद ६कुवर बर ।
१०स्यांमदास ११जसवंत, १२कृष्णजीवन १३स्यामबिहारी ।
१४बोहिथरांम १५दीनदास, मिश्र १६भगवांन जनभारी ।
१७हरिनारांइन गोसू, १८रांमदास १६गोबिंद मांडल हेत है ।
लक्षन उजल स्यांम के, येते जन बहु देत है ॥४५६
जगमग सूं न्यारे भये, जे जे भजबा जोगि है ॥
१रांमरैंन २जैदेव, ३बिदुर ४उधव ५रघुनाथी ।
६दांमोदर ७सोढ़ा, ८दयाल ६गंगा मथुरा थी ।
कुंडा १०किंकर ११परसरांम, १२परमानंद १३मोहन ।

Jain Educationa International          For Personal and Private Use Only          www.jainelibrary.org

राघो १४गोपानंद, १५खेम १६चतुरो नागोहन।
१७द्वै-कृष्णदास १८बिश्रांम सुनि, सेससाई आरोगि है।
जगनग सूं न्यारे भये, जे जे भजिबा जोगि है ॥४५७

बिदुर बैष्णु की टीका

इंदव छंद
है बिदुरं जयतारनि गांव स, संतन सेवन मै बुद्धि पागी।
मेह भयौ नहीं सूकत साखहि, स्यांम कही जन कौं बड़भागी।
साख कटाइ गहाइ उड़ाइहु, दोइ हजार मनं अनुरागी।
बात करी वह लोग न मांनत, रासि भये हरि सौं लिव लागी ॥५८५

मूल

छपै
साधन की सेवा करै, मधुकर बृति करि ये भगत ॥
१प्रमांनंद मधुपुरी, द्वारिका २गोमां आंहीं।
सांगावति ३भागवांन, दूसरौ काल ४खमांहीं।
५स्यांमसैन कै बंस, ६बीठल टोडै टकटारैं।
७पीपाहड़ चौंथड़, ८खेम पंडा गोनारैं।
केवल कूबा ९भींथड़े, जैतारणि १०गोपाल रत।
साधन की सेवा करें, मधुकर बृति करि ये भगत ॥४५८
मथुरा महि उछव कीयौ, कांन्ह र बहुत उदार मन ॥
बर्णाश्रम षट-दरसन, भूप कंगाल जिमाये।
संतन कौं सर्बस, देहु असे हुलसाये।
चंदन अंबर पांन, कीरतन करतां दीन्हे।
गहणे दीये उतारि, प्रभु के यौं रंग भींने।
सुत बीठल कौ सर्ब सिरै, असौ नांहीं आंन जन।
मथुरा महि उछव कीयौ, कांन्ह र बहुत उदार मन ॥४५९
चीर बध्यौ दुरपद-सुता, त्यूं रिधि तूंवर भगवांन की ॥
अद्भुत असौ भयौ, खांड मैदा घृत बढ़िया।
हाटोक[1] रूपा ढेर, देखि परसन मन पढ़िया।
जीमन लीला रास, कांन की कीरति गाई।
संतन को सनमांन, बहुत संपति सब पाई।

१. सोनौ हाटक।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

**भीव-पुत्र महिमां करी, नहीं मथुरा नृप आंन की।**
